आश्विन शुक्ल पक्ष सप्तमी 12:32 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 10 अक्टूबर 2024
वर्ष 5, अंक 197, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये


# अमृत विचार


मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





5 अरब वर्ष बाद भी जीवित रहेगी हमारी पृथ्वी 16

250 करोड़ के क्लब में शामिल हुई देवरा-पार्ट 1 15


## सीओ हत्याकांड : सभी दोषियों को उम्रकैद

### जुर्माना भी लगाया गया, सीबीआई कोर्ट ने सुनाया फैसला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- जुर्माने की आधी धनराशि डिप्टी एसपी की पत्नी को मिलेगी

**अमृत विचार :** प्रतापगढ़ जिले की कुंडा सर्किल के तत्कालीन डिप्टी एसपी (सीओ) जिलाउल हक हत्याकांड में 11 साल बाद फूलचंद यादव समेत दोषी सभी 10 आरोपियों को उम्र कैद की सजा सुनाई गई है। सीबीआई कोर्ट के विशेष न्यायाधीश धीरेंद्र कुमार ने साथ ही प्रत्येक पर 19,500 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। सीबीआई कोर्ट ने फैसले में कहा है कि जुर्माने की आधी धनराशि मृतक डिप्टी एसपी जियाउल हक की पत्नी परवीन आजाद को दी जाएगी।

कोर्ट ने बीते 5 अक्टूबर को आरोपी फूलचंद यादव, पवन यादव, मंजीत यादव, घनश्याम सरोज, राम लखन गौतम, छोटे लाल यादव, राम आसरे, मुन्ना पटेल, शिवराम पासी और जगत बहादुर पाल उर्फ बुल्ले पाल को हत्या के आरोप में दोषी ठहराया था। सभी दोष सिद्ध आरोपियों को बुधवार को सीबीआई कोर्ट ने सजा के प्रश्न पर सुनने के लिए जेल से तलब किया था। सुनवाई के बाद अदालत ने उम्र कैद की सजा के साथ-साथ जुर्माने से उन्हें दंडित किया। अदालत ने एक अन्य आरोपी सुधीर यादव को साक्ष्य के अभाव में दोष मुक्त कर दिया है।

**2013 में प्रतापगढ़ जिले के कुंडा में हुई थी घटना**

सीबीआई के विशेष अधिवक्ता केपी सिंह के अनुसार, 2 मार्च 2013 की शाम करीब 7 :30 बजे एक जमीन विवाद के चलते प्रतापगढ़ के कुंडा स्थित बलीपुर गांव के प्रधान नन्हे यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना के बाद भीड़ ने कामता पाल के घर को आग लगा दी। जानकारी पर तत्कालीन सीओ कुंडा जियाउल हक फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। जहां भीड़ ने पुलिस को घेर लिया। इसी दौरान गोली मारकर सीओ की हत्या कर दी गई।

## दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा का निधन



**मुंबई।** देश के उद्योग जगत के सबसे नायाब 'रतन' यानी रतन टाटा नहीं रहे। उम्र से जुड़ी बीमारी के बाद 86 वर्ष की उम्र में उन्होंने मुंबई में अंतिम सांस ली। सोमवार को वे स्वास्थ्य जांच के लिए अस्पताल में भर्ती हुए थे। बाद में उन्होंने ही आईसीयू में भर्ती होने के दावों का खंडन कर दिया था। हालांकि, बुधवार को उन्हें एक बार फिर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मीडिया रिपोर्ट में बताया गया था कि उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। तमाम कोशिशों के बाद भी उन्हें नहीं बचाया जा सका।

## रेपो दर यथावत, नीतिगत दर में कटौती के संकेत

मुंबई, एजेंसी

**मौद्रिक नीति की समीक्षा**



- आरबीआई ने 10वीं बार रेपो दर 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा

भारतीय रिजर्व बैंक ने बुधवार को चालू वित्त वर्ष की चौथी द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में लगातार 10वीं बार नीतिगत दर रेपो को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा। हालांकि, केंद्रीय बैंक ने अपेक्षाकृत आक्रामक रुख को बदलकर तटस्थ कर दिया।

रुख में बदलाव का मतलब है कि आरबीआई मुद्रास्फीति और आर्थिक वृद्धि पर नजर रखते हुए जरूरत के हिसाब नीतिगत दर को बढ़ा या घटा सकता है। यह एक संकेत है कि मौद्रिक नीति समिति की अगली बैठक में नीतिगत दर में कटौती को लेकर संभवतः कदम उठाया जा सकता है।

आरबीआई के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने पुनर्गठित मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सोमवार को शुरू हुई पहली बैठक में लिए गए निर्णय की जानकारी देते हुए कहा कि एमपीसी ने नीतिगत दर को यथावत रखने का निर्णय किया है। समिति के छह सदस्यों में से पांच ने नीतिगत दर को यथावत रखने के पक्ष में मतदान किया। रेपो वह ब्याज दर है, जिसपर वाणिज्यिक बैंक अपनी तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने के लिये केंद्रीय बैंक से कर्ज लेते हैं। आरबीआई मुद्रास्फीति को काबू में रखने के लिए इसका उपयोग करता है। इस दर के यथावत रहने का मतलब है कि मकान, वाहन समेत विभिन्न कर्जों पर मासिक किस्त (ईएमआई) में बदलाव की संभावना कम है।

**समीक्षा की मुख्य बातें**

- फरवरी 2023 से रेपो दर में बदलाव नहीं।
- मौद्रिक नीति रुख को बदलकर तटस्थ किया गया।
- चालू वित्त वर्ष के लिए जीडीपी की वृद्धि का अनुमान 7 .2% पर बरकरार।
- दूसरी तिमाही के लिए जीडीपी वृद्धि का अनुमान 7%, तीसरी तिमाही के लिए 7 .4% और चौथी तिमाही के लिए 7 .4%
- चालू वित्त वर्ष के लिए मुद्रास्फीति का अनुमान 4 .5% पर कायम।

**अब यूपीआई वॉलेट की सीमा 5 हजार रुपये**

आरबीआई ने यूपीआई 123 पे (फीचर फोन) में प्रति लेनदेन सीमा 5,000 रुपये से बढ़ाकर 10,000 रुपये करने का प्रस्ताव किया है। साथ ही यूपीआई लाइट वॉलेट की सीमा को 2,000 रुपये से बढ़ाकर 5,000 रुपये करने तथा प्रति लेनदेन सीमा को दोगुना कर 1,000 रुपये करने की घोषणा की है।

## एक नजर

### झारखंड में वज्रपात से चार लोगों की मौत

**लातेहार।** झारखंड के लातेहार जिले में बुधवार को वज्रपात से चार लोगों की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह घटना राज्य की राजधानी रांची से लगभग 180 किलोमीटर दूर महुआडांर थाना क्षेत्र के ओरसापाठ गांव में दोपहर में हुई। करीब 13 लोग गांव में एक बगीचे की बाड़ लगा रहे थे और जब बारिश शुरू हुई तो वे एक पुलिया के नीचे शरण ले रहे थे, तभी पास में ही वज्रपात हुआ। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ. रवि भगत ने बताया कि घायलों को महुआडांर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां चार को मृत घोषित कर दिया गया। दो अन्य गंभीर रूप से घायल हैं।

### असम में 24 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ जब्त

**गुवाहाटी।** असम के करीमगंज जिले में करीब 24 करोड़ रुपये मूल्य की याबा गोलियां जब्त की गयीं। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि यह जब्त की गई अब तक की सबसे बड़ी खेप में से एक है। त्रिपुरा के रहने वाले दो मादक पदार्थ तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है। करीमगंज के पुलिस अधीक्षक पार्थ प्रोतिम दास ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए सुरक्षा बलों ने त्रिपुरा सीमा पर स्थित चुरईबारी जांच चौकी पर एक ट्रक को रोका। वाहन की गहन तलाशी लेने पर पुलिस ने 80,000 याबा गोलियां बरामद कीं। दो लोगों को भी गिरफ्तार किया है।

## गरीबों को दिसंबर 2028 तक मिलेगा मुफ्त पौष्टिक चावल

### कैबिनेट बैठक : केंद्रीय मंत्रिमंडल ने लिया कल्याणकारी योजना को जारी रखने का निर्णय

नई दिल्ली, एजेंसी

- योजना पर व्यय होगी 17,082 करोड़ रुपये की धनराशि



केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पौष्टिक तत्वों से भरपूर चावल की मुफ्त आपूर्ति खाद्य कानून और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के तहत 17,082 करोड़ रुपये के परिव्यय से वर्ष 2028 तक जारी रखने का बुधवार को फैसला किया। पौष्टिक तत्वों से भरपूर यानी फोर्टिफाइड चावल लोगों में खून की कमी (एनीमिया) के समाधान और सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी दूर करने के लिए अहम माना जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया।

चावल को पोषक तत्वों से भरपूर बनाने की प्रक्रिया में भारतीय खाद्य सुरक्षा मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार सूक्ष्म पोषक तत्वों (लौह, फोलिक एसिड, विटामिन बी12) से भरपूर 'फोर्टिफाइड' चावल कर्नेल (एफआरके) को नियमित चावल (कस्टम मिल्ड चावल) में मिलाया जाता है। आधिकारिक बयान के अनुसार, मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के तहत जुलाई, 2024 से दिसंबर, 2028 तक फोर्टिफाइड चावल की मुफ्त आपूर्ति जारी रखने को मंजूरी दे दी है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल में लिए गए फैसले की जानकारी देते हुए कहा कि मुफ्त फोर्टिफाइड चावल की आपूर्ति के लिए कुल वित्तीय योजना 17,082 करोड़ रुपये की होगी। इस व्यय का पूरा वित्तपोषण केंद्र सरकार करेगी। बयान के अनुसार, चावल को पोषक तत्वों से भरपूर बनाने की पहल केंद्रीय क्षेत्र की पहल के रूप में जारी रहेगी। इसका 100 प्रतिशत वित्तपोषण पीएमजीकेएवाई (खाद्य सब्सिडी) के हिस्से के रूप में केंद्र सरकार द्वारा किया जाएगा, जिससे कार्यान्वयन के लिए एक एकीकृत संस्थागत तंत्र उपलब्ध होगा।

**2022 से 2024 तक लागू की गई थी योजना**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 75वें स्वतंत्रता दिवस पर अपने संबोधन में पोषण सुरक्षा की जरूरत बताई थी। सरकार ने कहा है कि लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (टीपीडीएस), अन्य कल्याणकारी योजनाओं, एकीकृत बाल विकास सेवा (आईसीडीएस), पीएम पोषण (पूर्ववर्ती एमडीएम) के माध्यम से सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) में फोर्टिफाइड चावल की आपूर्ति की पहल की गई है। अप्रैल, 2022 में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने मार्च, 2024 तक चरणबद्ध तरीके से पूरे देश में चावल पौष्टीकरण पहल को लागू करने का निर्णय लिया था। तीनों चरण सफलतापूर्वक पूरे हो चुके हैं और मार्च, 2024 तक सभी सरकारी योजनाओं में पोषक तत्वों से भरपूर चावल देने का लक्ष्य हासिल कर लिया गया है।

**लोथल में राष्ट्रीय समुद्री धरोहर परिसर के विकास को मंजूरी**

सरकार ने बुधवार को गुजरात के लोथल में राष्ट्रीय समुद्री धरोहर परिसर (एनएमएचसी) के विकास के प्रस्ताव को मंजूरी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। एनएमएचसी परियोजना के विकास में लगभग 22,000 नौकरियों के सृजन की उम्मीद है। इसमें 15,000 प्रत्यक्ष रोजगार और 7,000 अप्रत्यक्ष रोजगार होंगे। एनएमएचसी से आर्थिक वृद्धि को समर्थन मिलेगा और स्थानीय समुदायों, पर्यटकों, शोधकर्ताओं, सरकारी निकायों, शैक्षणिक संस्थानों, सांस्कृतिक संगठनों, पर्यावरण और संरक्षण समूहों तथा व्यवसायों को काफी मदद मिलेगी।

## भाजपा विधायक को पुलिस के सामने पीटा, कपड़े फाड़े

### अर्बन कोऑपरेटिव बैंक चुनाव के नामांकन के दौरान विवाद

- डीएम ने चुनाव फिलहाल स्थगित किया, आईजी लखीमपुर पहुंचे

कार्यालय संवाददाता, खीरी



भाजपा विधायक से मारपीट करते लोगों को हटाती पुलिस। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** अर्बन कोऑपरेटिव बैंक प्रबंध समिति चुनाव के लिए नामांकन के दौरान सदर विधायक योगेश वर्मा और बैंक की निवर्तमान अध्यक्ष के पति बार संघ अध्यक्ष अवधेश सिंह में कहासुनी हुई।

गुस्साए अवधेश सिंह ने विधायक को थप्पड़ जड़ दिया। इसके बाद उनके समर्थकों ने विधायक को लात-घूंसों से पीटा। इस दौरान विधायक का कुर्ता भी फट गया। जिलाधिकारी ने चुनाव स्थगित कर दिया है। शाम को आईजी लखीमपुर पहुंचे और जानकारी ली। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मामले में ट्वीट कर चुटकी ली है। बुधवार को अर्बन कोआपरेटिव बैंक की प्रबंध समिति के लिए नामांकन हो रहे थे। निवर्तमान चेयरमैन पुष्पा सिंह और पूर्व अध्यक्ष मनोज अग्रवाल का खेमा मैदान में है। दोनों डेलिगेट्स के साथ बैंक पहुंचे। थोड़ी देर बाद सदर विधायक योगेश वर्मा भी पहुंच गए। उन्होंने नामांकन पर सवाल उठाते हुए कहा कि चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष नहीं हो रही है। इसी पर पुष्पा सिंह के पति बार संघ के अध्यक्ष अवधेश सिंह भड़क गए, गुस्से से तमतमाए वे तेजी से विधायक के पास पहुंचे और थप्पड़ जड़ दिया। पीछे से उनके समर्थक भी आ गए और विधायक को पीटने लगे। मारपीट में उनका कुर्ता भी फट गया। इंस्पेक्टर सदर और पुलिसकर्मी रोकते रहे लेकिन स्थिति काफी खराब हो गई। एसपी गणेश प्रसाद साहा मौके पर पहुंचे और लोगों को शांत किया। देर शाम आईजी लखनऊ जोन प्रशांत कुमार लखीमपुर पहुंचे। इधर विधायक के समर्थकों ने कार्रवाई की मांग को लेकर जमकर हंगामा किया।

> विधायक से मारपीट मामले में जांच की जा रही है, जो भी तथ्य पाए जाएंगे, उसके आधार पर दोषियों पर उचित कार्रवाई की जाएगी।
> **-प्रशांत कुमार**, आईजी लखनऊ परिक्षेत्र

> विधायक शराब पीकर घूम रहे थे। महिलाओं के साथ पर्चा लेने गईं मेरी पत्नी ने विरोध किया। जानकारी पर मैं पहुंचा तो विधायक अभद्रता पर उतारू हो गए।
> **-अवधेश सिंह**, अध्यक्ष बार संघ

> पहले व्यापार मंडल अध्यक्ष राजू अग्रवाल के साथ मारपीट हुई। चुनाव निष्पक्ष नहीं हो रहा था, विरोध करने पर मेरा कुर्ता फाड़ दिया गया। एक विधायक के ऊपर हाथ उठाया है। अवधेश वकील हैं, उन्हें इसका खामियाजा भुगतान पड़ेगा।
> **-योगेश वर्मा**, विधायक सदर

## दिल्ली मुख्यमंत्री आवास को जबरन खाली कराया

नई दिल्ली, एजेंसी



दिल्ली मुख्यमंत्री आवास से सामान लेकर बाहर निकलता एक पिकअप ट्रक।

- मुख्यमंत्री कार्यालय ने कहा-भाजपा के इशारे पर की गई यह कार्रवाई
- एलजी आफिस का दावा-मुख्यमंत्री को आवंटित नहीं किया गया बंगला

दिल्ली में मुख्यमंत्री आवास को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने बुधवार को आरोप लगाया कि सिविल लाइंस में 6, फ्लैगस्टाफ रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के इशारे पर जबरन खाली कराया गया, क्योंकि उपराज्यपाल वीके सक्सेना इसे भाजपा के एक नेता को आवंटित करना चाहते हैं। इस आरोप ने आप सरकार और उपराज्यपाल कार्यालय के बीच टकराव के एक और दौर का मंच तैयार कर दिया है।

उपराज्यपाल कार्यालय के सूत्रों ने दावा किया कि 6, फ्लैगस्टाफ रोड बंगला मुख्यमंत्री का आधिकारिक आवास नहीं है और इसे अब तक मुख्यमंत्री आतिशी को आवंटित नहीं किया गया है। सूत्रों ने बताया कि आतिशी ने बिना आवंटन के अपना सामान वहां रखा और बाद में खुद ही उसे वहां से हटा दिया। बंगले का मालिकाना हक लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के पास है और खाली होने के बाद वह बंगले पर कब्जा कर लेता है। बंगले का आवंटन वहां रखे सामान की उचित सूची बनाने के बाद किया जाता है। उपराज्यपाल कार्यालय के सूत्रों ने बताया कि सूची तैयार करने के बाद यह बंगला तुरंत मुख्यमंत्री को आवंटित कर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री आतिशी सोमवार को अपने सामान के साथ उत्तरी दिल्ली के सिविल लाइंस इलाके में स्थित बंगले में चली गईं। यह बंगला नौ साल से अधिक समय तक अरविंद केजरीवाल के पास था, जिन्होंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद इसे खाली कर दिया था। मुख्यमंत्री कार्यालय ने बयान में आरोप लगाया देश के इतिहास में पहली बार मुख्यमंत्री आवास खाली कराया गया। बंगले से कार्डबोर्ड के डिब्बे लेकर एक पिकअप वैन निकलती देखी गई।

## इस बार तीन वैज्ञानिकों को रसायन का नोबेल

- प्रोटीन संरचना पर काम करने के लिए मिला सम्मान

**स्टॉकहोम।** रसायन विज्ञान का नोबेल पुरस्कार इस साल डेविड बेकर, डेमिस हस्साबिस और जॉन जंपर को प्रोटीन की संरचना का पूर्वानुमान लगाने और डिजाइन करने संबंधी कार्य के लिए प्रदान किया जाएगा। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेस के महासचिव हैंस एलेग्रेन ने बुधवार को उनके नाम की घोषणा की। रसायन विज्ञान के लिए नोबेल समिति के अध्यक्ष हीनर लिन्के ने कहा कि इस पुरस्कार से उस अनुसंधान को सम्मानित किया जाएगा जिसने अमीनो एसिड की श्रृंखला और प्रोटीन संरचना के बीच कड़ी जोड़ी है। उन्होंने कहा कि रसायन विज्ञान में इसे दरअसल एक बड़ी चुनौती कहा जा रहा था और खासतौर पर जैव रसायन में दशकों से यह चुनौती बना हुआ था। इसलिए इस उपलब्धि को सम्मान के लिए चुना गया है। बेकर सिएटल में यूनिवर्सिटी ऑफ वाशिंगटन में जबकि हस्साबिस और जंपर लंदन में गूगल डीपमाइंड संस्थान में काम करते हैं।

## जम्मू-कश्मीर में गोलियों से छलनी मिला जवान का शव

श्रीनगर, एजेंसी



- अनंतनाग में आतंकियों के खिलाफ अभियान में हुआ था लापता

सेना के मंगलवार से लापता जवान का गोलियों से छलनी शव बुधवार सुबह अनंतनाग जिले में बरामद हुआ। अधिकारियों ने बताया कि प्रादेशिक सेना (टीए) की 162 यूनिट का एक जवान मंगलवार को होरनाग शंगुस वन क्षेत्र में संयुक्त आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान लापता हो गया था। आतंकियों ने उसकी गोली मारकर हत्या कर दी। बुधवार सुबह सैनिक का गोलियों से छलनी शव बरामद हुआ।

दिन में सेना की श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने कहा था कि एक खुफिया जानकारी के आधार पर शुरू किए गए संयुक्त आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान सैनिक लापता हो गया था। चिनार कोर ने एक्स पर कहा था कि सेना ने 8 अक्टूबर को जम्मू-कश्मीर पुलिस और अन्य एजेंसियों के समन्वय से काज़वान वन, कोकेरनाग में संयुक्त आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू किया था। इस दौरान प्रादेशिक सेना के दो जवान कुछ जानकारी की पुष्टि के लिए वन क्षेत्र में गए थे जहां उनका आतंकवादियों से आमना-सामना हुआ। दो टीए सैनिकों में से एक भागने में सफल रहा और पहाड़ी से नीचे गिरकर घायल हो गया।

## विधानसभा उप चुनाव के लिए सपा ने की छह प्रत्याशियों की घोषणा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कांग्रेस से समझौते के पहले ही जारी की नामों की सूची
- 6 में से 5 सीटों पर नेताओं के बेटे-बेटी, पत्नी व रिश्तेदार

**अमृत विचार :** हरियाणा विधानसभा चुनाव परिणाम आने के 24 घंटे के भीतर ही समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने उप्र. में 10 सीटों के लिए होने वाले विधानसभा उपचुनाव के लिए 6 सीटों पर अपने प्रत्याशी घोषित कर दिए। कांग्रेस से सीट बंटवारे पर समझौता किए बगैर अखिलेश यादव ने पहल करते हुए टिकट वितरण में परिवार पर भरोसा जताया है। हालांकि, सपा ने बुधवार को जो सूची जारी की है, उसमें ऊपर लिखा है- होगा पीडीए के नाम-एकजुट मतदान।

सपा की सूची में अखिलेश यादव के भतीजे, पूर्व सांसद की बेटी, पूर्व विधायक की पत्नी, वर्तमान सांसद की पत्नी, वर्तमान सांसद के पुत्र को प्रत्याशी बनाया गया है। सबसे ज्यादा चर्चित अयोध्या की मिल्कीपुर सीट पर अजित प्रसाद को उतारा गया है। अजीत प्रसाद सपा सांसद अवधेश प्रसाद के बेटे हैं। अखिलेश ने अपनी सीट करहल से चचेरे भाई तेज प्रताप यादव को टिकट दिया है। तेज प्रताप बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के दामाद भी हैं। कानपुर की सीसामऊ सीट से नसीम सोलंकी को उतारा गया है। नसीम यहीं से पूर्व विधायक इरफान सोलंकी की पत्नी हैं। अंबेडकरनगर की कटेहरी सीट से शोभावती वर्मा को टिकट दिया गया है। शोभावती वर्मा अम्बेडकरनगर के सांसद लालजी वर्मा की पत्नी हैं। मिर्जापुर की मझवां से ज्योति बिंद को उतारा गया है। ज्योति बिंद पूर्व सांसद रमेश बिंद की बेटी हैं। केवल प्रयागराज की फुलपुर सीट पर अलग हटकर पूर्व विधायक मुज्जतफा सिद्दीकी को टिकट दिया गया है।

## योगियों की अदालत में दंडाधिकारी होंगे आदित्यनाथ

### विजयादशमी पर गोरक्षपीठ में नाथपंथ की अवधूत भेष 12 पंथ योगियों की पात्र पूजा के बाद विवादों पर देंगे निर्णय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** गोरक्षपीठ में विजयादशमी का दिन एक और मायने में भी विशेष होता है। इस दिन यहां नाथपंथ की अवधूत भेष 12 पंथ योगियों की पात्र पूजा के बाद लगने वाली अदालत में गोरक्षपीठाधीश्वर के रूप में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संत योगियों के विवादों पर सुनवाई करेंगे और दोषियों को दंड देंगे।

नाथपंथ की परंपरा के अनुसार प्रत्येक वर्ष विजयादशमी के अवसर पर गोरखनाथ मंदिर में पीठाधीश्वर द्वारा संतों के विवादों का निस्तारण किया जाता है। मुख्यमंत्री नाथपंथ की शीर्ष संस्था अखिल भारतवर्षीय अवधूत भेष 12 पंथ योगी महासभा के अध्यक्ष भी हैं। इस पद पर वह दंडाधिकारी की भूमिका में होते हैं। गोरखनाथ मंदिर में विजयादशमी को पात्र पूजा का कार्यक्रम होता है। इसमें गोरक्षपीठाधीश्वर संतों के आपसी विवाद सुलझाते हैं।

विवादों के निस्तारण से पूर्व संतगण पात्र देव के रूप में योगी आदित्यनाथ का पूजन करते हैं। पात्र देवता के सामने सुनवाई में कोई भी झूठ नहीं बोलता है। पात्र पूजा संत समाज में अनुशासन के लिए भी जाना जाता है। यदि किसी संत के विरुद्ध कोई शिकायत सही पाई जाती है या नाथ परंपरा के विरुद्ध किसी गतिविधि में संलिप्त मिलता है तो गोरक्षपीठाधीश्वर संबंधित संत पर कार्रवाई का निर्णय लेते हैं। सजा व माफी दोनों का अधिकार पात्र देवता को होता है। पात्र पूजा के दौरान संतों की अदालत करीब तीन घंटे लगती है। इस दौरान किसी को भी पूजा परिसर से बाहर जाने की अनुमति नहीं होती। पूजा में केवल वही संत व पुजारी हिस्सा लेते हैं, जिन्होंने नाथ पंथ के किसी योगी से दीक्षा ग्रहण की है। पूजा के दौरान सभी को अपने गुरु का नाम बताना पड़ता है।

**आज से तीन दिन विशिष्ट आराधना में लीन रहेंगे मुख्यमंत्री योगी**

शिवावतार गुरु गोरखनाथ की तपस्थली गोरक्षपीठ गोरखपुर में शारदीय नवरात्र में गुरुवार से गोरक्षपीठाधीश्वर व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अनवरत तीन दिन अनुष्ठान और आराधना में लीन रहेंगे। अष्टमी की शाम गोरक्षपीठ के पारंपरिक निशा पूजा में सम्मिलित होंगे। जबकि शुक्रवार को नवमी तिथि पर उनके द्वारा कन्या पूजन का अनुष्ठान किया जाएगा। नौ दुर्गा स्वरूपा नौ कुंवारी कन्याओं का पूजन करेंगे। शनिवार को गुरु गोरक्षनाथ के विशिष्ट पूजन व गोरक्षपीठाधीश्वर के तिलकोत्सव के बाद सायंकाल विजयादशमी की शोभायात्रा निकाली जाएगी।

**आज का मौसम**

मौसम साफ रहेगा।

32.0° अधिकतम तापमान | 20.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06:13 | सूर्यास्त 05:51



# शहर में आज



☞ प्राचीन श्रीरामलीला कमेटी पुराना दसवां घाट की रामलीला में हनुमान जी का लंका में प्रसंग रात 9:00 बजे।

☞ सपा के जिला कार्यालय पर पार्टी के संस्थापक पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि मनाई जाएगी सुबह 10:00 बजे।

☞ कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र में संविधान सम्मान सम्मेलन को लेकर कांग्रेस की सर्किट हाउस में तैयारी बैठक दोपहर 1:00 बजे।

☞ लाजपत नगर की रामलीला में शबरी मिलन, सुग्रीव मित्रता, बाली वध का मंचन रात 9:00 बजे।

☞ लाइनपार की रामलीला में लक्ष्मण शक्ति, कुंभकर्ण वध का मंचन रात 8:30 बजे।

# एक नजर

## उद्यान विभाग में खतौनी से कराएं आलू का बीज आरक्षित

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** किसानों को वितरित करने के लिए उद्यान विभाग के पास निदेशालय ने आलू की आठ प्रजातियों का बीज भेजा है। इच्छुक किसान जिला उद्यान अधिकारी के कार्यालय में अपनी जमीन की खतौनी, फर्द, आधार कार्ड की फोटोकॉपी ले जा कर बीज आरक्षित करा लें। ताकि किसान समय से आलू की बोआई कर सकें।

## परिवहन विभाग ने किए चालान, जुर्माना वसूला

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ के निर्देश पर 16 अक्टूबर तक सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत जनपद में एआरटीओ प्रवर्तन दल आनंद निर्मल, यात्री एवं मालकर अधिकारी योगेंद्र कुमार यादव ने बुधवार को विभिन्न मार्गों पर वाहनों में किए गए मोडिफिकेशन, मॉडिफाई साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की। चंद्र होटल रामपुर रोड के पास वाहन प्रदूषण जांच की गई। वहीं पाचं बड़े डंपर के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए जुर्माना भी वसूला गया।

## त्योहारों पर आपसी सौहार्द बनाए रखें

**अगवानपुर, अमृत विचार :** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अगवानपुर पुलिस चौकी में बुधवार को आगामी त्योहारों में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर बैठक हुई। बैठक में सीओ अर्पित कपूर ने कहा कि अफवाहों पर ध्यान न दे। विरोध प्रदर्शन करते समय असामाजिक तत्वों पर निगाह रखें। उन्होंने कहा कि किसी को भी सुरक्षा से खिलवाड़ करने नहीं दिया जाएगा। सीओ ने कहा कि आने वाले त्योहारों को आपसी सौहार्द से मनाएं। बैठक में बब्बू ठेकेदार, जुनैद आलम, फैजी नकवी, सलीम, अशरफ, मौलाना शहंशाह आदि उपस्थित रहे।



रात में गश्त करते डीआईजी मुनिराज जी, साथ में एसएसपी सतपाल अंतिल व अन्य।

# सड़क पर उतरे डीआईजी एसएसपी, पूछी समस्याएं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** आगामी त्योहारों के मद्देनजर बुधवार रात डीआईजी मुनिराज जी और एसएसपी सतपाल अंतिल ने पुलिस-पीएसी और अर्द्धसैनिक बलों के साथ महानगर की सड़कों पर फ्लैग मार्च किया। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने लोगों से उनकी समस्याएं भी सुनीं।

डीआईजी व एसएसपी ने लोगों से पुलिसिंग को लेकर फीडबैक भी लिया। डीआईजी मुनिराज जी ने बताया कि सोशल साइट पर अनवेरीफाइड पोस्ट को आगे बढ़ाने वालों पर भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसएसपी सतपाल अंतिल ने कहा कि सोशल मीडिया पर निगरानी के लिए सोशल मीडिया टीम लगातार काम कर रही है। इस दौरान एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह, सीओ सिटी सुनीता दहिया, थाना सिविल लाइंस प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना समेत पुलिस बल शामिल रहा।

## महानगर के लाजपत नगर, लाइनपार, दसवां घाट और दीनदयाल नगर में रामलीला का मंचन

# सीता की खोज में वन-वन भटके श्रीराम व लक्ष्मण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** श्रीराम कथा मंचन समिति लाजपत नगर द्वारा आयोजित रामलीला में कलाकारों ने सीता हरण व राम-लक्ष्मण द्वारा वनों में उनकी खोज का मंचन किया।

मंचन में वृंदावन ने दिखाया कि राम-लक्ष्मण सीता की खोज में वन-वन भटक रहे हैं। वह पशु-पक्षियों से सीता के बारे में पूछते हैं। वन में घूमते हुए पक्षीराज जटायु से भेंट होती है। जो उन्हें रावण द्वारा सीता के हरण की जानकारी देता है। आगे चल कर भक्त शबरी से राम की भेंट होती है। जो उन्हें वानर राज सुग्रीव से मिलने की सलाह देती है। सुग्रीव के आदेश पर हनुमान जी राम-लक्ष्मण को उनसे मिलाने लाते हैं। बाद में सुग्रीव की मदद को श्रीराम बाली का वध कर देते हैं।



नेहरू युवा केंद्र में चल रही रामलीला में मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार



पुराना दसवां घाट में रामलीला का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

हनुमान जी सीता जी की खोज में लंका पहुंच जाते हैं। इस दौरान लंका दहन का मंचन किया जाता है। इस मौके पर विनोद बाबू सक्सेना, श्याम कृष्ण रस्तौगी, मुकुल बंसल, शरद अग्रवाल, रामकुमार गुप्ता, विवेक शर्मा, शम्मी रस्तोगी, राजेन्द्र खन्ना, पारस सैनी आदि मौजूद रहे।

### बाली वध का किया मंचन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** प्राचीन श्री रामलीला कमेटी पुराना दसवां घाट में श्रीराम और सुग्रीव मित्रता एवं बाली वध प्रसंग का मंचन किया गया। मंचन से पूर्व शिक्षाविद प्रधानाचार्य अनुज अग्रवाल ने भगवान गणेश व श्री रामदरबार की आरती उतारी। इस दौरान यथार्थ किशोर, आदित्यवीर शास्त्री, धर्मेंद्र यादव, राजेश वाल्मीकि, इन्द्रजीत शर्मा, नरेंद्र सुमन आदि मौजूद रहे।

### लंका दहन देख मंत्रमुग्ध हुए दर्शक

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** दीनदयाल नगर स्थित साईं मंदिर रोड के पास नेहरू युवा केंद्र में पात्रों द्वारा पंचवटी में सूर्पनखा का आना, खरदूषण वध, मारीच का सोने का मृग बनना, सीता हरण और लंका दहन का प्रसंग प्रस्तुत किया गया। इस दौरान शिशिर गुप्ता, डॉ. संजीव राजन, जयविन्दर प्रधान, अध्यक्ष सुरेंद्र प्रकाश गुप्ता, पीयूष गुप्ता, निर्वेश भटनागर, सुनील गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# मां कालरात्रि की पूजा-अर्चना कर मांगा आशीर्वाद

## सुबह से ही काली माता मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, शाम को महिला श्रद्धालुओं ने किया भजन-कीर्तन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** बुधवार को शारदीय नवरात्र के सातवें दिन मां कालरात्रि की आराधना की गई। वहीं काली माता मंदिर में भी मां के सप्तम स्वरूप मां कालरात्रि का पूजन किया गया।

बुधवार को काली माता मंदिर में तड़के से ही श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो गया था। भक्तों ने माता के जयकारों के साथ उनकी आराधना की। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए 6 से 7 स्थानों पर बैरिकेडिंग लगाई गई थी। निकासी भी रामगंगा वाले रास्ते से कराई गई। महंत सज्जन गिरि ने बताया कि सायं में शयन आरती के बाद तक श्रद्धालु आते रहे। प्राचीन सिद्ध पीठ नौ देवी काली माता मंदिर में भी तड़के से ही भीड़ रही। महंत रामगिरि ने बताया कि भीड़ के कारण प्रवेश और निकासी अलग-अलग द्वार से की गई। प्राचीन कामधेनु रति देवी मंदिर में भी भीड़ रही। महंत छोटे लाल ने बताया कि यहां श्रद्धालुओं ने रति देवी के दर्शन कर मन्नतें मांगी। इसके अलावा कोर्ट रोड स्थित दुर्गा मंदिर में पुजारी राहुल भारद्वाज ने पूजन कराया। रेलवे कालोनी स्थित मनोकामना श्री हनुमान मंदिर में पुजारी हरि दत्त शास्त्री ने हवन कराया। खुशहालपुर रोड स्थित ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर में पुजारी राम कुमार उपाध्याय ने बताया कि बुधवार को मंदिर में दोपहर तक श्रद्धालुओं की भीड़ रही। माता मंदिर लाइनपार में श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर माता की आराधना की।



मनोरंजन सदन में दुर्गा पूजा में उपस्थित श्रद्धालु। ● अमृत विचार



साईं सेलिब्रेशन लाइन पार में आयोजित दुर्गा पूजा में शामिल महिलाएं।

**प्रतिमा विसर्जन के लिए घाटों पर तैयारी तेज :** दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए घाटों पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। नगर निगम प्रशासन की ओर से घाटों पर सुरक्षा घेरा लगाने के साथ ही लोगों के लिए पेयजल आदि का भी प्रबंध कराया जा रहा है। नगर आयुक्त के निर्देश पर अपर नगर आयुक्त आदि रामगंगा व गागन नदी के घाटों पर व्यवस्था बनवाने में लगे हैं। घाटों पर सफाई भी कराई जा रही है।

### विधि-विधान से पूजा कर भक्तों ने मांगी मन्नतें

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सर्वोदय विकास समिति की ओर से लाइनपार में दुर्गा पूजा में भक्तों की भीड़ उमड़ी। संस्था के महासचिव डॉ. प्रदीप विश्वास ने विधि-विधान से संकल्प पूजन कर षष्ठी पूजा का आरंभ किया। समिति के संस्थापक व महासचिव डॉ. प्रदीप कुमार विश्वास आशियाना, अध्यक्ष असीम कुमार विश्वास, दिवाकर विश्वास, डॉ. तुषार विश्वास, सहदेव मंडल, प्रदीप विश्वास, सुपति विश्वास, प्रणव विश्वास, प्रकाश विश्वास, दीपू सिकदार, राम कर्मकार, शुब्रतो विश्वास, पुरोहित प. शर्वाशीष भट्टाचार्य, अनिरुद्ध मलिक, अमित मल्लिक, अनिल चंद्र दास, डॉ. अभिनिव बरुआ, रोबिन सिंह, अजय ठाकुर, देवाशीष विश्वास, प्रिंस विश्वास, आर्यन भटनागर आदि मौजूद रहे।

### पूजा-अर्चना के साथ श्रीश्री दुर्गा पूजन महोत्सव की शुरूआत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बंगाली समाज का दुर्गा पूजन बुधवार से शुरू हो गया। जिसमें बंगाली समाज के लोगों ने पूजा-अर्चना करके श्रीश्री दुर्गा पूजन महोत्सव की शुरूआत की। महानगर के रेलवे कालोनी स्थित मंनोरजन सदन में सर्वजनिन बंगाली एसोसिएशन के तत्वाधान में श्रीश्री दुर्गा पूजन महोत्सव की शुरूआत विधिवत पूजा-अर्चना से की गई। दुर्गा पूजन महोत्सव में सर्वप्रथम पूजा स्थल पर मां दुर्गा की प्रतिमा विराजमान की गई। जिसके बाद भक्तों ने मां दुर्गा की प्रतिमा को स्नान कराकर नई व सुंदर पोशाक पहनाई। महिला भक्तों ने मां का श्रृंगार किया। जिसके बाद पुरोहित बोनोमाली चक्रवर्ती ने मंत्रोचारण के साथ कलश स्थापित कराया। महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर असित बनर्जी, सुदीप बनर्जी, अभिजीत राय, अलोकश बोस, सौरभ चक्रवर्ती, आदित्य बनर्जी, डॉ. अंजना दास और अतुल जौहरी आदि शामिल रहे।

### कृष्ण आश्रम में हुआ मां का गुणगान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बुधवार को ताड़ीखाना चौक स्थित कृष्ण आश्रम में नवरात्रों में सामूहिक रूप से महिलाओं ने मां का गुणगान किया।

पाकबड़ा से आए भजन गायकों ने अपनी प्रस्तुतियां देकर माहौल मां की भक्तिमय कर दिया। इस दौरान नितिन चतुर्वेदी ने विधि से पूजा-अर्चना कराई। मुख्य यजमान आहूजा व अरोरा परिवार रहा। इस मौके पर अतुल जौहरी, राजकुमार आहुजा, आशीष अरोरा, सनी अरोरा, अनिल कुमार द्विवेदी समेत अन्य लोग शामिल रहे। वहीं दूसरी ओर कोर्ट रोड स्थित दुर्गा मंदिर, खुशहालपुर रोड स्थित ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर व रेलवे कालोनी स्थित मनोकामना श्री हनुमान मंदिर में महिलाओं ने कीर्तन किया। इस दौरान माहौल भक्तिमय रहा। वहीं सागर सराय स्थित श्री शिव मंदिर में बेदवाला गुप्ता, माधुरी भटनागर, नीलम गुप्ता, रेखा सक्सेना, सुधा सक्सेना, ललता पाल, कविता व अनिता आदि महिलाओं ने कीर्तन किया।

# घरेलू बिजली कनेक्शन पर न हो व्यावसायिक गतिविधियां

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- वसूली की प्रगति खराब होने पर सभी तहसीलदारों को नोटिस जारी करने का निर्देश

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को कर-करेत्तर व राजस्व संग्रह को लेकर समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने वसूली की प्रगति खराब होने पर सभी तहसीलदारों को नोटिस जारी करने का निर्देश अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चंद्र को दिया। कहा कि महानगर में घरेलू बिजली कनेक्शन से व्यवसायिक गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए अधिकारी गंभीरता दिखाएं।

जिलाधिकारी ने आबकारी अधिकारी को निर्देश दिया कि जिले में अवैध शराब के मामलों पर सख्त कार्रवाई करें। राजस्व संग्रह में तेजी लाने की जरूरत पर बल दिया। बिजली के देयकों की समीक्षा में जिलाधिकारी ने कहा कि महानगर में घरेलू बिजली कनेक्शन के व्यवसायिक उपयोग पर रोक लगाने के लिए अभियान चलाकर कार्रवाई करें। क्योंकि इससे राजस्व की हानि होती है। व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को चिह्नित कर उनके कनेक्शन की जांच कराएं। धर्मकांटों के सत्यापन के लिए बाट माप अधिकारी को निर्देश दिया। अब तक जारी आरसी की वसूली की प्रगति खराब होने पर जिलाधिकारी ने सभी तहसीलदारों को स्पष्टीकरण नोटिस जारी करने के लिए अपर जिलाधिकारी प्रशासन को निर्देश दिया। बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक शशि भूषण, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट राममोहन मीना सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### भगवान राम की शरण में पहुंचे विभीषण

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** नगर पंचायत पाकबड़ा के बड़ा मंदिर पर चल रहे रामलीला मंचन में नौवे दिन कलाकारों द्वारा दिखाया गया कि रावण और विभीषण का संवाद होता है। रावण विभीषण को लात मार कर लंका से बाहर निकाल देता है। उसके बाद विभीषण राम जी की शरण में पहुंच जाते हैं। अंगद को लंका में भेजा जाता है। अंगद एवं रावण का संवाद होता है। राम जी अपनी पूरी सेना को तैयार कर सेतु बांध के जरिए लंका पर युद्ध के लिए चढ़ाई कर देते हैं। लंका की सेना एवं राम जी की सेना में युद्ध शुरू हो जाता है। इस अवसर पर पुरुषोत्तम शरण गुप्ता, राकेश सिंह, रामबाबू भटनागर, नरेश सक्सेना, सीताराम रूहेला, सुनील गुप्ता, सुनील गुप्ता ठेकेदार, जयप्रकाश मंत्री, ओमकार सिंह, सतपाल हुड्डा, देवेंद्र कुमार, बुलाकी सैनी, तोताराम सैनी, कमल सैनी आदि लोग मौजूद रहे।

# गुलाबबाड़ी में निगम की टीम ने हटाया अतिक्रमण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** नगर निगम की टीम ने बुधवार को रामगंगा नदी के किनारे गुलाबबाड़ी क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाया। उप नगर आयुक्त राजकिशोर प्रसाद के नेतृत्व में टीम ने अतिक्रमण हटवाकर दोबारा न करने की चेतावनी लोगों को दी। वहीं वार्ड नंबर 36 में दुकानों के बाहर गंदगी फैलाने वालों का चालान कर 15,310 रुपये का जुर्माना वसूला। 22 छुट्टा गोवंश को टीम ने पकड़कर कान्हा गोशाला पहुंचाया।

महानगर के सार्वजनिक स्थानों पर विचरण कर रहे निराश्रित गोवंश को पकड़ने के लिए नगर निगम की कैटल कैचर टीम ने लाइनपार रामलीला मैदान, पीतलनगरी, बंगला गांव आदि क्षेत्र में अभियान चलाया। सड़क पर घूम रहे 22 छुट्टा गोवंश को टीम ने कान्हा गोशाला में पहुंचाया। वहीं संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान के अंतर्गत माइक्रो प्लान के अनुसार पर्यवेक्षणीय अधिकारियों ने जोनवार सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। एंटी-लार्वा का स्प्रे कराने के अलावा नालियों की सफाई में लापरवाही न करने की चेतावनी दी। उप नगर आयुक्त राजकिशोर प्रसाद व प्रभारी प्रवर्तन दल एसके शाही के नेतृत्व में टीम ने गुलाबबाड़ी स्थित रामगंगा पुल के पास अतिक्रमण हटाने को अभियान चलाया। सड़क पर अवैध तरीके से बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान चलाने वालों का अतिक्रमण जेसीबी से हटवाया। सड़क के फुटपाथ पर रखे सामान को जब्त कर लिया। वहीं बस स्टैंड या सड़क के दोनों ओर स्थायी-अस्थायी अतिक्रमण फिर करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी।



अतिक्रमण हटाती नगर निगम की टीम। ● अमृत विचार



छुट्टा गोवंश को गोशाला ले जाती टीम।

- वार्ड नंबर 36 में दुकानों के बाहर गंदगी फैलाने पर वसूला 15,310 रुपये जुर्माना

इसी क्रम में टीम ने वार्ड नंबर 36 में निरीक्षण किया। दुकानों के बाहर गंदगी फैलाने पर उप नगर आयुक्त ने दंडात्मक कार्रवाई करते हुए 15,310 रुपये का जुर्माना वसूला। भविष्य में ऐसा न करने की चेतावनी दी। कहा कि अपने घरों और प्रतिष्ठानों से निकलने वाले कूड़ा कचरा को इधर-उधर सार्वजनिक स्थलों पर न फेकें। नगर निगम की ओर से अनुबंधित कंपनी की गाड़ियों के आने पर कूड़ा उसमें ही डालें। महानगर को साफ रखने में सहयोग करने की लोगों से अपील की।

**मनमानी** दुकानों के आगे किए गए अतिक्रमण को नगर आयुक्त के आदेश के बाद भी दुकानदारों ने नहीं हटाया

# बुध बाजार के सौंदर्यीकरण कार्य में अतिक्रमण बाधा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- 127 करोड़ रुपये का स्मार्ट रोड नेटवर्क व 69.04 करोड़ रुपये की लागत से रेट्रोफिटिंग ऑफ ओल्ड मार्केट एरिया का काम अधर में
- जीएमडी रोड, इम्पीरियल तिराहा व टाउनहाल क्षेत्र में चल रहा है स्मार्ट रोड नेटवर्क का कार्य, कई बार बढ़ चुकी डेडलाइन

**अमृत विचार :** महानगर को स्मार्ट बनाने में अतिक्रमण अड़चन बना है। स्मार्ट सिटी लिमिटेड की ओर से महानगर की हृदयस्थली बुध बाजार, जीएमडी रोड क्षेत्र में कराए जा रहे सौंदर्यीकरण कार्य में अतिक्रमण के चलते काम अधर में है। नगर आयुक्त के निर्देश के बाद भी दुकानों के आगे अतिक्रमण है। जिसे हटवाने में नगर निगम प्रशासन की ओर से सख्ती न होने से काम प्रभावित है। जबकि डेडलाइन कई बार बढ़ चुकी है।

महानगर में स्मार्ट सिटी मिशन की ओर से बुध बाजार, इम्पीरियल तिराहा, जीएमडी रोड आदि क्षेत्रों में 127 करोड़ रुपये की लागत से स्मार्ट रोड नेटवर्क और 69.04 करोड़ रुपये की लागत से रेट्रोफिटिंग ऑफ ओल्ड मार्केट एरिया का कार्य चल रहा है। इसके माध्यम से इस क्षेत्र में सौंदर्यीकरण कराकर दुकानों के आगे फुटपाथ की रेलिंग, शेड, डिवाइडर आदि का कार्य कराने के साथ ही हाईमास्ट लाइट लगाए जा रहे हैं। लेकिन, कार्य में अतिक्रमण अड़चन बना है। अधिकारियों ने इस दिशा में कार्य को आगे बढ़ाने का निर्देश दिया था। नगर आयुक्त व स्मार्ट सिटी के सीईओ दिव्यांशु पटेल ने इस क्षेत्र में स्मार्ट सिटी की टीम के साथ निरीक्षण में अतिक्रमण हटवाने का निर्देश दिया था, व्यापारियों से जल्द अतिक्रमण हटाने के लिए कहा था लेकिन, अभी तक अतिक्रमण न हटने से काम पूरा नहीं हो पाया। यही नहीं मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह भी स्मार्ट सिटी लिमिटेड की बैठक में काम में तेजी लाने का निर्देश दे चुके हैं। फिर भी अभी बुध बाजार के कुछ क्षेत्रों के अलावा जीएमडी रोड पर अतिक्रमण नासूर बना है। अधिकारी भी कई बार व्यापारियों से मिलकर अतिक्रमण हटाकर काम में सहयोग करने की अपील कर चुके हैं। इसके लिए व्यापारियों के साथ कई दौर की बातचीत भी की गई। मगर कोई नतीजा नहीं निकला। कार्यदायी संस्था राजकीय निर्माण निगम की ओर से भी कार्य में अपेक्षित तेजी नहीं होने से स्थिति में बदलाव नहीं हुआ। जबकि काम पूरा करने की डेडलाइन कई बार बढ़ चुकी है। अब दिसंबर तक स्मार्ट सिटी लिमिटेड के लंबित कार्य को पूरा कराने की बात अधिकारी कर रहे हैं। मगर हालात को देखते हुए इस तय समय में भी कार्य पूरा होता नहीं दिख रहा है। वहीं जिम्मेदार अधिकारी इसके लिए प्रयासरत हैं। अपर नगर आयुक्त व स्मार्ट सिटी मिशन के एसीईओ अतुल कुमार का कहना है कि बुध बाजार में दोनों परियोजनाओं का काम तेजी से चल रहा है। जीएमडी रोड क्षेत्र में अतिक्रमण के चलते काम प्रभावित है। व्यापारियों से संपर्क कर अतिक्रमण हटाने के लिए कहा गया है। दिसंबर तक काम पूरा कराया लिया जाएगा।

### विद्यालय में स्टैंडर्ड वॉक का आयोजन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** क्वालिटी वॉकथॉन-2024 ग्रामीण भारत में गुणवत्ता पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करने के क्रम में जिले के दो विद्यालयों में स्टैंडर्ड वॉक का आयोजन हुआ। इसमें भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) गाजियाबाद शाखा के शाखा प्रमुख कुमार अमितेश, एसपीओ आयुष राज व रिसोर्स पर्सन कमल जुगलान शामिल हुए। राजकीय हाईस्कूल हुसैनपुर छिरावली व राजकीय हाईस्कूल सेहल में स्टैंडर्ड वॉक का कार्यक्रम किया। ग्रामीणों को पानी की बोतल, हेलमेट, एलपीजी सिलेंडर के स्टैंडर्ड के बारे में बीआईएस केयर हेल्प की सहायता से समझाया। रिसोर्स पर्सन कमल जुगलान ने छात्रों को जानकारी दी। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्य बृजबाला व जिला नोडल प्रभारी बबीता मेहरोत्रा ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस मौके पर लोकेश कुमार, पूजा शुक्ला व रवि कुमार, तानिया अलवीरा आदि मौजूद रहीं।

# छात्राओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** महिला समन्वय (मेरठ प्रांत) ने स्वतंत्रता सेनानी भवन में बुधवार को प्रशिक्षण शिविर लगाया। इसमें शारीरिक-मानसिक रूप से सशक्त बनाने के लिए बालिकाओं को प्रशिक्षित किया गया। इस मौके पर मिशन शक्ति प्रभारी सविता तोमर भी टीम के साथ प्रशिक्षण में शामिल हुईं। इन्होंने भी आत्मरक्षा के प्रति बालिकाओं को जागरूक किया।

बालिकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। वैष्णवी, सोनम, रिमझिम, काव्या, अरवा ने मां दुर्गा की स्तुति प्रस्तुत की। इन्हें ममता सक्सेना, सुमन व सलोनी रस्तोगी ने प्रेरित किया था। प्रशिक्षण में प्रताप सिंह गर्ल्स इंटर कॉलेज एवं हिंदू कॉलेज की छात्राएं भी शामिल हुईं। इस अवसर पर संगठन के विभाग कार्यवाह सुरेंद्र पाल ने कहा कि राष्ट्र की महिलाएं इतनी सशक्त और मजबूत रही हैं, जिनके बूते न केवल देश आजाद हुआ बल्कि सर्वांगीण विकास की वाहक हैं। मेजर डॉ. मीनू मेहरोत्रा ने कहा कि सरकारी स्तर पर भी महिला सशक्तिकरण के लिए जागरूकता कार्यक्रम चल रहे हैं। महिला समन्वय की विभाग सह संयोजिका डॉ. सीमा शर्मा ने छात्राओं को जागरूकता और सचेत होने के टिप्स दिए। डॉ. प्रीति ने जोश पूर्ण कविता सुनाकर छात्राओं में जोश भरा। स्वतंत्रता सेनानी भवन के संयोजक धवल दीक्षित ने भी बालिकाओं को उत्साह बढ़ाया। इस मौके पर रुचि रस्तोगी, मुस्कान, सलोनी, रजनी, संपदा, चंद्रिका, अनीता, पलक, सोनल एवं मानसी शर्मा भी थीं। कार्यक्रम का संचालन मेजर डॉ. मीनू मेहरोत्रा ने किया।



महिला समन्वय द्वारा आयोजित कार्यक्रम में आत्मरक्षा के गुर सीखतीं युवतियां।

- महिला समन्वय की ओर से स्वतंत्रता सेनानी भवन में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



हिन्दू पर्सनल लॉ बोर्ड
के तत्वावधान में
बालाजी मंदिर और खाटूश्याम के भव्य मंदिर निर्माण के लिए
सभी भक्त रेत, ईंट, बजरी, सरिया में अपनी श्रद्धा के अनुसार सहयोग करें।
SCAN & PAY
GOOGLE PAY | Paytm | पे | Razorpay
9412383710
Bank Details:
Account No. 40240342601
IFSC CODE: SBIN0016880



हिन्दू पर्सनल लॉ बोर्ड की ओर से जल्द ही रामपुर में बालाजी मन्दिर और खाटूश्याम जी के मन्दिर का निर्माण होने जा रहा है। आप सभी लोगों से सहयोग की अपील है।

## अष्टम महागौरी



मां दुर्गा की आठवीं शक्ति का नाम महागौरी है। दुर्गापूजा के आठवें दिन महागौरी की उपासना का विधान है। इनकी शक्ति अमोघ और सद्यः फलदायिनी है। इनकी उपासना से भक्तों के सभी कल्मष धुल जाते हैं। पूर्वसंचित पाप भी विनष्ट हो जाते हैं। भविष्य में पाप, संताप, दैन्य - दु:ख उसके पास कभी नहीं जाते। वह सभी प्रकार से पवित्र और अक्षय पुण्यों का अधिकारी हो जाता है। देवी महागौरी की पूजा से राहु का बुरा प्रभाव खत्म होता है।

बीज मंत्र- श्री क्लीं ह्रीं वरदायै नमः।

एक कदम सनातन की ओर
हमारे यहाँ श्रीमदभागवत कथा, श्रीराम कथा एवं समस्त धार्मिक प्रोग्रामों को संगीतमय कराने हेतु सम्पर्क करें।



भागवत आचार्य:- श्री शिव कुमार जी
मो.- 9410478735
पता- गोविन्द नगर, ब्लॉक-बी, मुरादाबाद-244001

# मतदाता सूची में गड़बड़ी के झूठे आरोपों पर रिपोर्ट दर्ज

## सपा के पूर्व विधायक हाजी रिजवान के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने 24 सितंबर को कलेक्ट्रेट पर किया था प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** कुंदरकी विधानसभा उपचुनाव को लेकर तैयार की गई मतदाता सूची में गड़बड़ी का आरोप लगाकर जिला मुख्यालय पर सपा के पूर्व विधायक हाजी रिजवान समेत तमाम सपा नेताओं की अगुवाई में प्रदर्शन करने के मामले में कुंदरकी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कुंदरकी पुलिस ने बुधवार को इस मामले में ग्रामीण की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

सपा के पूर्व विधायक हाजी रिजवान की अगुवाई में सैकड़ों लोगों ने कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में हजारों लोगों के नाम काटे जाने का आरोप लगाते हुए कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया था। प्रदर्शनकारी हाथों में तख्तियां लिये थे जिनमें लिखा था कि मैं जीवित हूं, मेरा वोट काटा जा रहा है। मैं अविवाहित हूं, मेरा वोट काटा जा रहा है। इस मामले में मूंढापांडे के




मतदाता सूची में गड़बड़ी का आरोप लगाकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते सपाई। ● फाइल फोटो

- विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण ने लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए दर्ज कराई रिपोर्ट

खाईखेड़ा निवासी शमशाद की शिकायत पर कुंदरकी थाने में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

इसमें कहा गया कि कुछ दिन पहले हाथों में तख्ती लेकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करने वाले लोग बीएलओ समेत प्रशासनिक कर्मचारियों पर झूठे आरोप लगाकर दबाव बना रहे हैं। मतदाता सूची में नाम काटने का आरोप लगाने वाले मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में अंकित हैं। पुनरीक्षण के दौरान पता चला कि एक फोटो पर अलग-अलग नामों से वोट बनवाए गए हैं। बीएलओ ने गहनता से जांच की तो सपा नेताओं ने बीएलओ को धमकाया कि सपा सरकार आएगी तो आपकी खैर नहीं होगी। आरोप लगाया कि सिर्फ मुस्लिम समाज के लोगों में भ्रम फैलाकर भड़काया व गुमराह किया जा रहा है और जातीय व धार्मिक उन्माद फैलाने का कूटरचित प्रयास किया जा रहा है। इसमें पूर्व विधायक हाजी रिजवान और अन्य पारिवारिक लोग शामिल हैं। इनके द्वारा सरकार व प्रशासन को बदनाम करने, समाज में वैमनस्य पैदा करने का प्रयास किया जा रहा है। थाना कुंदरकी प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। इसके बाद मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### जिला प्रशासन ने आरोपों को कर दिया था खारिज

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक हाजी रिजवान के नेतृत्व में सपाइयों के प्रदर्शन में मतदाता सूची में नाम काटने के आरोपों पर जिलाधिकारी ने जांच कराने की बात कही थी। जिसके अगले दिन अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चंद्र ने मामले में एसडीएम बिलारी की जांच रिपोर्ट के आधार पर सपाइयों के आरोपों को निराधार बताकर खारिज कर दिया था। अपर जिलाधिकारी ने जिला प्रशासन का पक्ष रखा था, जिसमें उन्होंने बताया था कि एसडीएम बिलारी की रिपोर्ट में सपा के पूर्व विधायक के सभी आरोप निराधार पाए गए थे। वोटर लिस्ट में पूर्व विधायक हाजी रिजवान के परिवार के 3 सदस्यों के नाम काटने का आरोप लगाते हुए समाजवादी पार्टी के लोगों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया था। लेकिन मामले की जांच में स्पष्ट हुआ था कि पूर्व विधायक के 3 पुत्र हैं। मोहम्मद जुबैर का वोटर लिस्ट में क्रम संख्या 155 पर नाम है। फैजान क्र.सं 158 और मो. उबैश का क्रम संख्या 159 पर नाम दर्ज है। इसके अलावा क्रमांक संख्या 156 पर दर्ज मो. नासिर पुत्र मो.रिजवान और क्रम संख्या 159 पर दर्ज मो. उबैश की फोटो एक ही है। निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य में हाउस-टू-हाउस भौतिक सत्यापन के समय पूर्व विधायक के परिवार के एक मतदाता के डबल प्रविष्टि होने के कारण मो उबैश ने क्रम संख्या 156 की प्रविष्टि को अपनी बताते हुए काटने की अनुमति देकर फॉर्म 7 भरा था। जिससे साफ था कि सपा नेताओं के लगाए आरोप पूरी तरह निराधार थे।

# भाजपा समर्थक को धमकी, कमल पर वोट दिया तो मार दूंगा गोली

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पीड़ित ने सपा समर्थक पिता-पुत्र के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार :** कुंदरकी थाना क्षेत्र में होने वाले उपचुनाव से पहले भाजपा समर्थक को सपा समर्थक पिता-पुत्र ने गोली मारने की धमकी दे डाली। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस आरोपी पिता-पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

कुंदरकी विधानसभा उपचुनाव होने से पहले समर्थकों में विवाद हो रहे हैं। कुंदरकी थाना क्षेत्र गांव नानपुर निवासी अब्बास भारतीय जनता पार्टी के समर्थक हैं। पुलिस को दी गई तहरीर में अब्बास ने बताया कि वह मौजूदा समय में भाजपा नेता रामवीर सिंह का प्रचार कर रहे हैं। अब्बास का आरोप है कि बीती छह अक्टूबर को वह अपने घर के बाहर बैठा था, इसी बीच समाजवादी पार्टी के समर्थक मटरू और उसका बेटा मुनाजिर आए और गाली देते हुए देशी तमंचा दिखाते हुए बोले कि अब्बास तुझे साइकिल पर वोट डालना है। मुनाजिर ने कहा कि अगर तुमने कमल के फूल पर वोट डाला तो अपनी लाइसेंसी राइफल से इतनी गोली मारूंगा कि सूरत पहचानने में नहीं आएगी। विरोध करने पर मुनाजिर ने तमंचा निकालकर उसको गोली मारने की कोशिश की। इसी बीच मौके पर मौजूद महमूद ठेकेदार व मोबीन अहमद ने किसी तरह उसको बचाया। इस बीच मटरू व उसका बेटा मुनाजिर धमकी देते हुए भाग गए कि अगर तुमने साइकिल पर वोट नहीं डाला तो तुझे जान से मार देंगे। पुलिस ने आरोपी मटरू व उसके बेटे मुनाजिर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। एसपी देहात कुंवर आकाश ने बताया कि पीड़ित अब्बास भाजपा के कार्यकर्ता हैं। अब्बास का आरोप है कि उसे कुछ लोग वोट न डालने को लेकर धमकी दे रहे हैं। पीड़ित की शिकायत पर दो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच कराई जा रही है।

## एक नजर

### कुंदरकी में प्रत्याशी घोषित नहीं, दावेदारों में उत्सुकता

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** प्रदेश में 10 सीटों पर होने वाले विधानसभा उपचुनाव के लिए सपा ने बुधवार को 6 सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा कर दी। लेकिन, जिले की कुंदरकी विधानसभा सीट पर प्रत्याशी घोषित न किए जाने से दावेदारों में उत्सुकता है। उनकी टकटकी टिकट घोषित होने पर लगी है। कुंदरकी सीट से दावेदारी करने वाले नेताओं की बेचैनी बढ़ गई है। सपा नेतृत्व ने उप चुनाव के लिए अपने 6 प्रत्याशियों ने नाम घोषित किए हैं। इनमें करहल से तेज प्रताप यादव, सीसामऊ से नसीम सोलंकी, फूलपुर से मुस्तफा सिद्दीकी, मिल्कीपुर से अजीत प्रसाद, कटेहरी से शोभावती वर्मा, मझंवा से डॉ .ज्योति बिंद का नाम शामिल है। हालांकि जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव का कहना है कि पार्टी नेतृत्व ही टिकट की घोषणा करेगा। कुंदरकी विधानसभा के उप चुनाव को लेकर मंथन चल रहा है। जल्द ही यहां भी प्रत्याशी की घोषणा होने की उम्मीद है।

# गला दबाकर मजदूर की हत्या, प्लॉट में मिला शव

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद/भोजपुर

- पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर शुरू की जांच, परिजनों में कोहराम

**अमृत विचार :** जनपद के भोजपुर थाना क्षेत्र के खानपुर गांव में एक युवक की गला दबाकर हत्या कर दी गई। बुधवार सुबह उसका शव प्लाट में पड़ा मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और फॉरेंसिक टीम बुलाकर जांच कराई। मृतक की पहचान पड़ोसी गांव बीजना निवासी सत्येंद्र कुमार के रूप में हुई। सतेंद्र मंगलवार रात से गायब था। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना भोजपुर के बीजना निवासी सत्येंद्र कुमार मजदूरी करता था। उसका बड़ा भाई राजवीर फैक्टरी में काम करता है। बताया गया कि मंगलवार की सुबह सत्येंद्र रोज की तरह मजदूरी करने गया था। शाम को वह घर वापस आ गया। कुछ देर घर में रुकने के बाद वह दोबारा पड़ोसी गांव खानपुर चला गया था। वहां से शराब खरीदने के बाद वह गांव आ गया था। मंगलवार रात लगभग 10:00 बजे तक उसे गांव में ही देखा गया था। बुधवार की सुबह लगभग 6:30 बजे खानपुर स्थित एक प्लाट में उसका शव पड़ा मिला। उसके सिर, हाथ, पैर पर चोटों के निशान थे, जबकि मुंह से खून बह रहा था। इसके अलावा उसके गले पर भी चोटों के निशान थे। इसकी जानकारी मिलने पर मां फूलवती, भाई राजवीर, बहन कमलेश, प्रवेश एवं उपासना भी मौके पर पहुंचे। पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी शरद मलिक ने बताया कि मृतक के तहेरे भाई वीरू यादव की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# व्यापारी ने लगाया कार से कुचलने का आरोप

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** किराना सामान का होलसेल का काम करने वाले व्यापारी ने ऋषिकेश के व्यापारी पर पैसे न देने और रास्ते में रोकने पर कार से कुचलने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है।

महानगर के मंडी चौक में किराना सामान का होलसेल का कारोबार करने वाले सचिन मालिक के अनुसार उसने ऋषिकेश निवासी अंकित गुप्ता को एक साल पहले तीन लाख 32 हजार रुपये का किराना का सामान दिया था, लेकिन अंकित गुप्ता ने उसके पैसे वापस नहीं दिए। सचिन का आरोप है कि गुरुवार को व्यापारी अंकित गुप्ता अपनी कार से महानगर के गंज बाजार स्थित अपनी बहन की दुकान पर आया था। इसकी जानकारी सचिन को हुई तो वो भी वहां पहुंचा, लेकिन अंकित वहां से अपनी बहन को लेकर स्टेशन के लिए निकल चुका था। सचिन का आरोप है कि बुध बाजार में उसने कार को रोकने का प्रयास किया तो आरोपी अंकित ने उसे कार से कुचलने की कोशिश की।

# अवैध क्लीनिक में प्रसव, एसएनसीयू में शिशु

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद/पाकबड़ा/ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** झोलाछाप के विरुद्ध अभियान के क्रम में बुधवार को डिप्टी सीएमओ ने पाकबड़ा और ठाकुरद्वारा सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षक ने भोजपुर क्षेत्र में छापेमारी की है। डिप्टी सीएमओ डॉ.संजीव बेलवाल ने पाकबड़ा में उजाला क्लीनिक पर छापेमारी की। यहां ओपीडी में रोगी देखे जा रहे थे। रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण करने वाला युवक ने अपना नाम डॉ. सलीम बताया। यह क्लीनिक सीएमओ कार्यालय में डॉ. नफासत के नाम से पंजीकृत है। क्लीनिक में छह-सात रोगी भी भर्ती मिले। सलीम ने डिप्टी सीएमओ को बताया भी कि उसका क्लीनिक डॉ. नफासत के नाम से पंजीकृत है। जिस पर डिप्टी सीएमओ ने फोन कर डॉ. नफासत को भी बुलाया। डॉ. नफासत ने कहा कि उन्होंने ओपीडी के रोगी नहीं देखे हैं। ओपीडी में रोगियों से संबंधित रजिस्टर भी सलीम नहीं दिखा पाया। ऐसे में इस क्लीनिक को



पीपलसाना में एसएनसीयू में भर्ती मिले बच्चे को देखते चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजपाल सिंह।

- झोलाछाप के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग का चल रहा अभियान

सील किया गया है।

वहीं ठाकुरद्वारा सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजपाल सिंह ने भी टीम के साथ मिलकर कई अवैध क्लीनिक में छापेमारी की है। भोजपुर के पीपलसाना में डॉक्टर जाने आलम के क्लीनिक में पांच बच्चे भर्ती पाए गए। इसमें एक शिशु 12 दिन का है, उसे जिला महिला अस्पताल के एसएनसीयू में शिफ्ट कराया गया है। कमालपुरी में डॉ. दीपक के एक क्लीनिक पर छापेमारी हुई है। इनके भी क्लीनिक को सील कर दिया गया है। सत्तीपुरा भोजपुर में संचालित क्लिनिक सिटी केयर हेल्थ को भी सील किया गया है। यह क्लीनिक नासिर संचालित कर रहे थे। चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि क्लीनिक के स्टाफ में एक महिला मिली थी, जो मौका पाकर कार्रवाई के बीच में ही भाग गई थी। इसके अलावा एक युवक मिला था, जो अपने को डॉ. नासिर बता रहा था।

# मायके वालों के साथ मिलकर पति को पीटा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कटघर थाना क्षेत्र में प्रापर्टी पत्नी के नाम न करवाना एक पति को महंगा पड़ गया। पत्नी ने मायके वालों के साथ मिलकर पति की पिटाई कर दी। घायल पति को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित की शिकायत पर पत्नी समेत चार के खिलाफ कटघर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

थाना कटघर क्षेत्र के कबीर नगर निवासी समद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका पत्नी अनजा से प्रापर्टी को लेकर विवाद चल रहा है। समद ने बताया कि 6 अक्टूबर को वह घर पर नहीं था। इसी बीच पत्नी ने माता-पिता व भाई से विवाद किया। इसके बाद वह जेवरात, नकदी व बेटे को लेकर चली गई। पत्नी को लेने रहमतनगर करूला गया। पत्नी ने मायके वालों के साथ मिलकर उससे मारपीट की। स्थानीय लोगों की मदद से किसी तरह जिला अस्पताल पहुंचा। समद की तहरीर पर ससुर मकसूद, सास यासमीन, पत्नी अनजा, साला साद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# मोबाइल में ऐप डाउनलोड कराकर चार लाख की ठगी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- कोर्ट के आदेश पर दो के खिलाफ पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार :** शातिर साइबर ठगों ने मोबाइल में एव्वल डेस्क ऐप डाउनलोड कराकर युवक के बैंक खाते से चार लाख निकाल लिए। पुलिस में सुनवाई न होने पर पीड़ित ने दो नामजद आरोपियों के खिलाफ कोर्ट के माध्यम से रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

थाना मझोला क्षेत्र के गांव फाजलपुर निवासी प्रमोद सैनी ने बताया कि 9 मई को उसने फ्लिपकार्ट से ऑनलाइन मोबाइल बुक किया था। लेकिन मोबाइल नहीं आया। जिसके बाद प्रमोद ने 14 मई को फ्लिपकार्ट के कस्टमर केयर नंबर पर कॉल की। कॉल पर खुद को कस्टमर केयर अधिकारी बताने वाले युवक ने प्रमोद सैनी से कहा कि वह अपने मोबाइल में एव्वल डेस्क ऐप डाउनलोड कर ले। जिसके बाद भारतीय स्टेट बैंक का योनो लाइट एप खोलने को कहा। ऐप खोलने के बाद कॉल करने वाले युवक ने कहा कि जो मोबाइल के लिए आपने पेमेंट किया था, वह आपके खाते में ऑनलाइन वापस चला गया है। इसलिए आप दोबारा से मोबाइल की धनराशि डालें। प्रमोद ने अपना यूपीआई पिन डालकर पेमेंट की तो उसके खाते से सात किस्तों में 2,99,985 रुपये केनरा बैंक के खाता धारक शुभम कुमार में डेबिट हो गए। जबकि 2,00,000 रुपये यस बैंक के खाता धारक राजकुमार में डेबिट हो गए। पीड़ित ने साइबर सेल और बाद में मझोला थाने में भी इसकी शिकायत की, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। बाद में कोर्ट के आदेश पर मझोला थाना पुलिस में शुभम कुमार और राजकुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

आयोजन | फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन व डीजीएफटी के तत्वाधान में हुआ कार्यक्रम

# एक्सपोर्ट कॉनक्लेव ओपन हाउस मीट में रखी समस्याएं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन व डीजीएफटी के तत्वावधान में बुधवार को दिल्ली रोड स्थित एक होटल में एक्सपोर्ट कॉनक्लेव ओपन हाउस मीट का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि एडिशनल डायरेक्टर जनरल फॉरेन ट्रेड गंगाधर पांडा रहे। जबकि ईपीसीएच के पूर्व चेयरमैन राजकुमार मल्होत्रा, वाइस चेयरमैन डॉ. नीरज विनोद खन्ना व संयुक्त आयुक्त उद्योग योगेश कुमार विशिष्ट अतिथि रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित करके की। एक्सपोर्ट कॉनक्लेव ओपन हाउस मीट में निर्यातकों ने खुलकर अपनी समस्याओं को एडीजी व डीजीएफटी के सक्षम रखा। जिस पर एडीजी




दिल्ली रोड स्थित होटल में ओपन हॉउस मीट में अतिथि का स्वागत करते निर्यातक।

व डीजीएफटी ने निर्यातकों की समस्याओं को विस्तार से सुना और जल्द ही समाधान और हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। इस मौके पर मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन के महासचिव अवधेश अग्रवाल, बीएए के जनरल सेक्रेटरी तानिया भाटिया, ईपीसीएच के एडिशनल एग्जीक्युटिव डायरेक्टर राजेश रावत, यस के एग्जीक्युटिव डायरेक्टर रोहित ढल, यस के चेयरमैन जेपी सिंह, महासचिव पुनीत आर्य, विकास अरोड़ा, राजीव जैन, राज यादव, रजत सिंघल, नरेंद्र सिंह, गगन दुग्गल, डॉ. रविंद्र, पुनीत चौधरी समेत भारी संख्या में निर्यातक शामिल रहे।

### एडिशनल कमिश्नर ग्रेड वन को बताई दिक्कतें

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बुधवार को ईपीसीएच की प्रशासनिक समिति के सदस्य एवं मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट्स एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन के महासचिव अवधेश अग्रवाल ने निर्यातकों से स्टॉक रजिस्टर मांगे जाने, निर्यातकों को एलयूटी में निर्यात करने के लिए बाध्य करने, सप्लाई चेन में निर्यातकों से वसूली का दबाव बनाने संबंधी दिक्कतों को उठाया। राज्य कर के एडिशनल कमिश्नर ग्रेड वन आरएस द्विवेदी ने निर्यातकों को कोई समस्या नहीं आने देने का आश्वासन दिया। एडिशनल कमिश्नर ग्रेड द्वितीय आरए सेठ समेत कई अधिकारी शामिल रहे।

# पॉक्सो कोर्ट प्रथम में होगी दुष्कर्म मामले की सुनवाई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- महिला ने ललित कौशिक के खिलाफ दर्ज कराई थी नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म की रिपोर्ट

**अमृत विचार :** पूर्व ब्लाक प्रमुख ललित कौशिक के खिलाफ दर्ज नाबालिग से दुष्कर्म के मामले की सुनवाई अब विशेष न्यायाधीश पॉक्सो कोर्ट प्रथम में होगी। ललित कौशिक के अधिवक्ता ने जनपद न्यायाधीश की अदालत में प्रार्थना पत्र पेश मुकदमे की सुनवाई किसी अन्य कोर्ट से कराने की मांग की थी।

थाना सिविल लाइंस में एक महिला ने पूर्व ब्लॉक प्रमुख ललित कौशिक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराकर आरोप लगाया था कि ललित कौशिक ने उसकी नाबालिग बेटी की नौकरी लगवाने का झांसा देकर दुष्कर्म किया है। आरोप है कि शिकायत करने पर उसे जान से मारने की धमकी दी थी। इस मामले में की सुनवाई विशेष न्यायाधीश पॉस्को कोर्ट संख्या दो में विचाराधीन थी। जिसमें पीड़िता की मां अपने बयानों से मुकर गई थी। इस मामले में पुनः बयान दर्ज कराने के लिए अदालत से अनुमति मांगी थी, जबकि अदालत की कार्यवाही लगभग पूर्ण हो चुकी थी। आरोपी को अपने साक्ष्य प्रस्तुत करने थे। ऐसी दशा में अदालत ने पीड़िता की मां का प्रार्थना पत्र खारिज करते हुए आरोपी को शीघ्र ही अपने साक्ष्य प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। इसी बीच स्थानांतरण प्रार्थना पत्र जनपद न्यायाधीश की अदालत में पेश किया गया। जिसे स्वीकार करते हुए पत्रावली विशेष न्यायाधीश पॉक्सो कोर्ट संख्या एक में स्थानांतरित कर दी गई है । अब इस मामले में 16 अक्तूबर को सुनवाई होगी।

## एक नजर

### आपसी विवाद में पति ने ट्रेन से कटकर दी जान

**अगवानपुर, अमृत विचार :** पति-पत्नी के विवाद में पति ने ट्रेन से कटकर जान दे दी। मौके पर पहुंची जीआरपी ने शव को को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के ग्राम महलकपुर निजामपुर निवासी करन सिंह पुत्र जय सिंह का किसी बात को लेकर अपनी पत्नी से विवाद हो गया। क्रोध में आकर करन ने बुधवार को अगवानपुर रेलवे लाइन पर जाकर ट्रेन से कटकर जान दे दी। मौके पर पहुंची जीआरपी ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के चार बच्चे हैं। दो बच्चों की शादी हो चुकी है। घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।

### सपा छात्र सभा के महानगर अध्यक्ष का जोरदार स्वागत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** समाजवादी छात्र सभा के नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष हर्ष चौधरी का हिंदू कालेज में छात्र-छात्राओं ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। महानगर अध्यक्ष ने पूर्व में भी हिंदू कॉलेज में समाजवादी छात्र सभा के इकाई अध्यक्ष व छात्र सभा में जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी को निभाया है। इस मौके पर मुख्य रूप से छात्र सभा के जिलाध्यक्ष असलम चौधरी, अनुज चौधरी, विशाल गबरू, नदीम अहमद, अरबाज,अभिनय ठाकुर,रितिक रस्तोगी, दिशांत धनकड़, ऋषभ चौधरी आदि मौजूद रहे।

### दुर्घटना में युवक घायल

**बिलारी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के स्योंडारा गांव में तेज रफ्तार बाइक ने सामने से आ रही बाइक को टक्कर मार दी। क्षेत्र के गौरा शाहगढ़ गांव निवासी रामकिशन ने बताया कि उसके बेटे का इलाज स्योंडारा में एक निजी अस्पताल में चल रहा है। उसे देखकर वह वापस गांव जा रहा था। तभी जसरथपुर मोड पर सामने से आ रही बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उसकी बाइक खंदी में गिर गई और उसके सिर और मुंह में काफ़ी चोंटे आई हैं।

### युवक ने की मारपीट

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** भगवती जागरण में शराब के नशे में धुत दबंग ने मलखान सिंह से मारपीट की। बीच बचाव करने में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। कोतवाली क्षेत्र के गांव खाजपुर धनतला निवासी सुमन देवी पत्नी प्रदीप ने दी तहरीर में बताया कि 8 अक्टूबर को उनके देवर ने मां भगवती जागरण कराया था। आरोप है कि गांव के कमल सिंह शराब के नशे में वहां आया और उसने वहां बैठे मलखान सिंह के साथ गाली गलौज कर मारपीट शुरू कर दी। बीचबचाव के बाद आरोपी ने छत से पथराव कर दिया। जिसमें सुमन देवी घायल हो गई। जिसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया।

## नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी ने की छापेमारी, मचा हड़कंप

# 15 लाख का सामान जब्त, 11 दुकानें सील

संवाददाता, पाकबड़ा


पाकबड़ा में छापेमारी के दौरान ईओ पवित्रा त्रिपाठी व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** नगर पंचायत की ओर से लगातार प्लास्टिक एवं पॉलीथिन को बंद करने को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को नगर पंचायत की ईओ ने एक गोदाम पर छापा मारा। जहां से भारी संख्या में थर्मोकोल एवं प्लास्टिक मिली। टीम द्वारा गोदाम को सील कर दिया गया है।

बुधवार को सूचना पर पहुंची ईओ पवित्रा त्रिपाठी ने टीम के साथ नंदन मार्केट में छापा मारा। इस दौरान भारी संख्या में थर्माकोल एवं प्लास्टिक का सामान मिला। जिसको जब्त कर ट्रैक्टर-ट्रालियों से भरकर नगर निगम पहुंचा दिया गया। जब्त किए गए सामान की कीमत लगभग 15 लाख रुपये बताई जा रही है। ईओ ने बताया कि सूचना पर छापा मारा गया है। वहीं 11 दुकानों को सील कर दिया गया है। यह दुकान बागड़पुर निवासी चरन सिंह की है। उन्हीं का यहां पर माल रखा हुआ था। छापेमारी की कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मचा रहा।

### पाकबड़ा में वाणिज्य कर का छापा, दुकानदारों में हड़कंप

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** पाकबड़ा में वाणिज्य कर की टीम टीम ने एक दुकान पर छापा मारा। छापे की सूचना से दुकानदारों में हड़कंप मच गया। छापेमारी की कार्रवाई देर शाम तक चलती रही। बुधवार को पाकबड़ा के कैलसा रोड पर स्थित केजीएन एग्रीकल्चर के नाम से टाइल्स की दुकान पर वाणिज्य कर विभाग की टीम ने छापा मारा। छापे की सूचना से आसपास के दुकानदार अपनी दुकानों के शटर गिरा कर भाग निकले। टीम ने दुकान से सभी रजिस्टर जब्त कर लिए। सुबह से लेकर देर शाम तक टीम ने डेरा डाले रखा।

# भाकियू एकता शक्ति के प्रदेश सचिव समेत चार गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- बीते मंगलवार की सुबह आरोपियों ने टोल प्लाजा पर तोड़फोड़ व कर्मियों के साथ की थी मारपीट

**अमृत विचार :** रामपुर हाईवे के नियामतपुर इकरौटिया टोल प्लाजा पर मंगलवार सुबह कर्मचारियों पर हमला कर लूटपाट के मामले में पुलिस ने भाकियू एकता शक्ति के प्रदेश सचिव समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर किया है।

थाना मूंढापांडे क्षेत्र के रहने वाले सुरेश कुमार ने मंगलवार रात मूंढापांडे थाने में रिपोर्ट दर्ज कराकर बताया कि वह टोल प्लाजा पर सुरक्षा इंचार्ज है। मंगलवार सुबह 11:00 बजे टोल प्लाजा पर 20 से 25 कारों का काफिला आ गया। इन वाहनों पर भाकियू एकता शक्ति के स्टीकर लगे थे। उन्होंने वाहनों को बिना टोल टैक्स दिए ही निकालने की कोशिश की। बूम न हटाने पर कार्यकर्ता कार से नीचे उतर आए और उन्होंने सबसे पहले बूम के पास सफाई कर रहे कर्मी ऋषिपाल को पीटना शुरू कर दिया। जिसके बाद छह बूम तोड़ डाले। इस दौरान बिना टोल दिए 70 से 80 वाहन निकल गए। इस दौरान कर्मचारी राजीव कुमार से टोल कलेक्शन का कैश लूटने की कोशिश की। सुरक्षा इंचार्ज सुरेश कुमार ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो उनके साथ मारपीट की और जेब में रखे 1300 रुपये छीन लिए। सीओ हाईवे कुलदीप कुमार ने बताया कि इस मामले में अनवर, फरदीन निवासी पंडित नगला थाना कटघर, पाकबड़ा के मोहल्ला होली का चौक निवासी इब्ले हसन, पाकबड़ा के मोहल्ला नर सिंह निवासी अकबर को गिरफ्तार को किया गया है। वहीं मूंढापांडे थाना प्रभारी निरीक्षक आरपी शर्मा ने बताया कि पकड़ा गया अकबर अली भाकियू एकता शक्ति का प्रदेश सचिव है।

# आदर्श शिक्षक बनने के दिये टिप्स

## कार्यशाला में मंडलायुक्त ने विश्वामित्र की तरह आदर्श गुरु बनने का किया आह्वान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


मंडलीय कार्यशाला को संबोधित करते मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** समग्र शिक्षा के अंतर्गत राज्य परियोजना कार्यालय की ओर से समावेशी शिक्षा के उन्नयन के लिए पंचायत भवन सभागार में बुधवार को एक दिवसीय मंडलीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें बीईओ, विशेष शिक्षकों के साथ ही नोडल शिक्षकों को दिव्यांग बच्चों को सामान्य बच्चों के साथ हर गतिविधियों में समायोजित करने के गुर सिखाए गए।

कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक बुद्धप्रिय सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार ने किया। कार्यशाला में स्वास्थ्य विभाग, मनोवैज्ञानिक विभाग के अलावा शिक्षा विभाग के वरिष्ठ विशेषज्ञों ने समावेशी शिक्षा को लेकर अपने अनुभव साझा किए। विद्यालयों के बच्चों ने सरस्वती वंदना के साथ स्वागत गीत गाया।

मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने अध्यात्म से लेकर आज तक के समावेशन का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए गुरु विश्वामित्र की तरह आदर्श गुरु बनने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि दिव्यांग बच्चों की जिंदगी में रंग भरना हम सभी का लक्ष्य होना चाहिए। कार्यशाला में शिक्षकों को आदर्श गुरु बनने के गुर सिखाते हुए दिव्यांग बच्चों और महिला शक्ति पर अपने विचारों को केंद्रित रखा।

मुख्य विकास अधिकारी ने कह कि दिव्यांग बच्चों को सामान्य बच्चों के संग जीवन जीने की कला सिखाकर उन्हें सक्षम बनाना हम सभी की जिम्मेदारी है। मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक बुद्धप्रिय सिंह एवं समग्र शिक्षा के वरिष्ठ विशेषज्ञ नंद कुमार व अरविंद कुमार अस्थाना ने कार्यशाला के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। स्वास्थ्य विभाग से डॉ प्रवीन श्रीवास्तव, मनोवैज्ञानिक डॉ रीना तोमर के अलावा दिव्यांगजन के विशेषज्ञ वक्ताओं ने दिव्यांग बच्चों के समावेशन की बात पर जोर दिया गया। कार्यशाला में जिला बेसिक शिक्षाधिकारी मुरादाबाद विमलेश कुमार, बीएसए अमरोहा मोनिका, बीएसए रामपुर राघवेंद्र सिंह के अलावा मंडल के पांचों जिलों के खंड शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक, विशेष शिक्षक, फिजियोथेरेपिस्ट, नोडल शिक्षक व बच्चों ने प्रतिभाग किया। समापन सत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नोडल शिक्षकों को सम्मानित किया गया। दिव्यांग बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बेहतर प्रस्तुति देकर सबको प्रभावित किया। जिला समन्वयक डॉ. तारा सिंह ने आभार जताया। जबकि संचालन नोडल शिक्षक डॉ. हर नन्दन प्रसाद ने किया। कार्यशाला की सफलता में बीईओ राजेश कुमार चतुर्वेदी, बेगीश गोयल,मनोज बोस, त्रिलोकी नाथ गंगवार, मोहित कुमार, भूपेश दिनकर,विकास कुमार के साथ ही रिसोर्स शिक्षक राजकुमार का विशेष योगदान रहा।

## सोलर पंप बुकिंग में सतर्कता बरतें किसान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में जनपद में सोलर पंप की बुकिंग के लिए कृषक अंश जमा कराने वाले किसानों के लिए 14 अक्टूबर तक समय बढ़ा दिया गया है। योजना में अनुदान लेने के लिए जिन कृषकों ने सोलर पंप व कृषि यंत्रों के लिए बुकिंग कराई है उन्हें टोकन जनरेट किए जा रहे हैं। वहीं कुछ फर्जी संस्थाएं व असामाजिक तत्वों द्वारा कृषकों को फोन कर अवशेष कृषक अंश जमा कराने के लिए खाता संख्या एवं आईएफसी कोड दिए जा रहे हैं। ऐसे फोन कॉल से सावधान रहने की सलाह दी गई है।

मंगलवार को उप निदेशक कृषि संतोष कुमार द्विवेदी ने बताया कि सोलर पंप की बुकिंग के लिए शेष कृषक अंश जमा कराने को कुछ फर्जी संस्थाएं किसानों को ठगने का काम कर रही हैं। कुछ किसानों ने कृषक अंश जमा नहीं किया। वह किसान 14 अक्टूबर कृषक अंश जमा कर योजना में शामिल हो जाए। इसके लिए दर्शन पोर्टल पर लिंक कर और विभाग की वेबसाइट www.upagriculture.up.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## सार संक्षेप



कांशीराम जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते जिला अध्यक्ष जयवीर सिंह यादव व अन्य।

### परिनिर्वाण दिवस पर कांशीराम को दी श्रद्धांजलि

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर समाजवादी पार्टी के कार्यालय पर कुंदरकी विधानसभा चुनाव के प्रभारी व नगीना विधायक ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। वहीं कांशीराम के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। बुधवार को सिविल लाइन स्थित सपा कार्यालय पर कांशीराम की पुण्यतिथि मनाई गई। कुंदरकी विधानसभा चुनाव के प्रभारी व नगीना विधायक मनोज पारस कहा कि हमें कांशीराम के बताए रास्ते पर चलकर पार्टी को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि पिछड़ों व दलितों के उत्थान के लिए कांशीराम ने अपना जीवन समर्पित कर दिया। जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने कहा कि समाज में एकरूपता लाकर ही हम कांशीराम को सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं। इस दौरान पूर्व मंत्री जुगल किशोर वाल्मीकि, लाखन सिंह सैनी, बृजलाल जाटव, धर्मेंद्र यादव, जयपाल सैनी, मनीष जाटव, डॉ नवरत्न सिंह, सरताज आलम अंसारी, बीके सैनी, लुकमान खान, वेद प्रकाश सैनी, विजय वीर सिंह, आदित्य चौधरी, प्रदीप यादव आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।


हिंदू कॉलेज में विद्यार्थी परिषद की नवगठित इकाई के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### हिंदू कॉलेज में गठित हुई अभाविप की इकाई

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने बुधवार को हिंदू कॉलेज में संगठन की इकाई गठित कर दी है। बुधवार को लाइब्रेरी में आयोजित बैठक में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और मंत्री आदि पद के लिए छात्रों का चयन किया गया। इसमें कॉलेज इकाई अध्यक्ष का दायित्व अनमोल शर्मा और इकाई मंत्री का दायित्व निशांत चौहान को दिया गया है। उपाध्यक्ष आयुष चौधरी को बनाया गया है। इसी तरह छात्र राजा शर्मा, मनीष सैनी, साक्षी सिंह व अंजलि सिंह को भी कॉलेज इकाई में शामिल किया गया है। सहमंत्री का दायित्व कृतिका सिंह, अंकुश, लकी दिवाकर, राज गुप्ता व सोनिया चौधरी को मिला है। इकाई गठन के बाद कार्यकर्ताओं ने पदाधिकारियों का फूल-माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान विद्यार्थी परिषद के विभाग प्रमुख योगेंद्र कुमार, महानगर मंत्री गौरव क्षत्रीय आदि मौजूद रहे।


केजीके में एलएलबी के नवागत छात्रों के दीक्षारंभ कार्यक्रम में बोलते वक्ता।

### केजीके में एलएलबी के छात्रों का दीक्षारंभ कार्यक्रम

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** केजीके कॉलेज के एलएलबी प्रथम सेमेस्टर के छात्रों का दीक्षारंभ कार्यक्रम हुआ। जिसमें विधि के छात्रों के सामने आने वाली चुनौती व समाधान पर वरिष्ठों ने चर्चा की। कार्यक्रम में वक्ताओं ने विधि क्षेत्र में आने वाली चुनौतियों तथा उनका सामना कैसे किया जाए, भविष्य में क्या-क्या अवसर मिल सकते हैं, विधि के अध्ययन के तरीके आदि विषयों पर चर्चा की। विधि विभाग से सत्र 2023-24 में एलएलबी उत्तीर्ण और विश्वविद्यालय गोल्ड मेडलिस्ट छात्रा मोनिका तिवारी को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. सुनील चौधरी व संचालन प्रो. शिवपूजन सिंह यादव ने किया। मुख्य वक्ता महात्मा ज्योतिबा फूले रोहिलखंड विश्वविद्यालय बरेली के विधिक अध्ययन संस्थान के विभागाध्यक्ष डॉ. अमित सिंह, विशिष्ट वक्ता अपर निदेशक अभियोजन मुरादाबाद जोन अवधेश पांडेय मौजूद रहे। कार्यक्रम में आईएफटीएम विवि के विधि विभाग के निदेशक प्रो. एसबी मिश्र मुख्य अतिथि रहे। इस अवसर पर प्रोफेसर अजय कुमार सिंह, प्रोफेसर गुरमीत सिंह, प्रोफेसर राजकुमार सोनकर, डॉ. राज देव सिंह, डॉ. मोहम्मद राशिद आदि मौजूद रहे।

### औरंगजेब के 4 गोल से मॉडर्न पब्लिक स्कूल बना विजेता

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अबुल हसन मेमोरियल इंटर स्कूल जूनियर फुटबॉल टूर्नामेंट में 10वीं के छात्र औरंगजेब के 4 गोल से मॉडर्न पब्लिक स्कूल विजेता बना। औरंगजेब को सर्वश्रेष्ठ स्कोर मैन का खिताब मिला, जबकि सर्वश्रेष्ठ स्ट्राइकर का सम्मान आसिम को मिला। बेस्ट गोल-कीपर संस्कार सैनी को चुना गया। सीएल गुप्ता वर्ल्ड स्कूल के मोहम्मद अरहान को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का बुधवार को मॉडर्न पब्लिक स्कूल में समापन हो गया। फाइनल मैच मॉडर्न पब्लिक स्कूल व सीएल गुप्ता वर्ल्ड स्कूल के बीच हुआ। पहले हॉफ में मॉडर्न पब्लिक स्कूल ने 2-0 का स्कोर बनाया व दूसरे हॉफ में फाइनल स्कोर 5-1 से चैंपियन ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। प्रशिक्षक सऊद आलम ने बताया कि टूर्नामेंट में 16 टीमों ने हिस्सेदारी की थी। निर्णायक मंडल में वसीम, फरमान, सरताज, राजकुमारी, कीर्ति शामिल रहे। विजेता टीम के कोच फरमान व उपविजेता टीम कोच सागर गुरंग, जगदीश सिंह को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला फुटबॉल संघ के सचिव नासिर कमल, माधुरी, प्रधानाचार्य शकील अहमद, सुशील कुमार ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं व सभी का उत्साहवर्धन किया।

# ईंट भट्ठों से कारोबार पर रोक से भवन निर्माण में होगी परेशानी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- जिले में जिलाधिकारी के निर्देश पर 64 भट्ठों से कारोबार पर लगी रोक
- किसी भी विभाग में निर्माण के लिए इन भट्ठों से नहीं की जाएगी खरीदारी

> जिलाधिकारी के आदेश के बाद जिले के सभी विभागों को 64 ईंट भट्ठों से किसी प्रकार के निर्माण कार्य के लिए ईंट के क्रय विक्रय न करने के लिए लिखित में निर्देश जारी कर दिए है।
>
> **- सुमित यादव, मुख्य विकास अधिकारी**

**अमृत विचार :** जिले में 64 ईंट भट्ठों से कारोबार न करने के जिलाधिकारी के आदेश के बाद भवन निर्माण व अन्य कार्यों में संकट खड़ा हो सकता है। जिले में पहले 12 भट्ठे प्रदूषण विभाग की एनओसी के बिना संचालित होते पाए गए। जांच में 64 भट्ठे की प्रदूषण विभाग की ओर भेजी गई एनजीटी की रिपोर्ट में बंद होना दर्शाया गया था। लेकिन जिलाधिकारी की जांच में इनसे कारोबार करने की जानकारी मिलने पर उन्होंने जीएसटी पंजीयन निरस्त कराने का निर्देश दिया था।

उपायुक्त स्वतः रोजगार राजनाथ प्रसाद भगत ने बताया जिले भर में मनरेगा में किए कार्य के लिए ली गई 64 ईंट भट्ठों से सामग्री के भुगतान पर रोक लगा दी है। पंचायत राज विभाग में डीपीआरओ ने सभी विकास खंडों पर इन सभी भट्ठों से ईंट लेने पर रोक लाग दी है। जिले में होने वाले किसी कार्य के लिए भट्ठों कोई कार्यदायी संस्था भी कोई कारोबार नहीं करेगी। जिलाधिकारी के निर्देश पर 64 ईंट भट्ठों से सरकारी विभागों व उनके साथ कार्य कर रही कार्यदायी संस्थाओं को क्रय-विक्रय करने और बिलों के भुगतान पर भी रोक लगा दी गई है।

## स्लोगन में अतूफा, निबंध में शारफा ने मारी बाजी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज में हुई स्लोगन-निबंध प्रतियोगिता के परिणाम बुधवार को घोषित किए गए। छात्रा अतूफा जफर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जबकि छात्रा अनफा ने द्वितीय और इकरा तृतीय स्थान पाया है।

निबंध प्रतियोगिता में शारफा अनवर प्रथम व आलिया आशिफ दूसरे तथा आसमां तीसरे स्थान पर रहीं। यह प्रतियोगिताएं कॉलेज में विज्ञान परिषद की तरफ से वन्य जीव संरक्षण सप्ताह के तहत आयोजित हुई थीं। निबंध प्रतियोगिता का निर्णय प्रो. सीमा अग्रवाल एवम डॉ. इंदू सिंह राजपूत द्वारा किया गया। इस मौके पर कॉलेज की प्राचार्य प्रो. चारु मेहरोत्रा ने छात्राओं से कहा कि राष्ट्रीय वन्यजीव सप्ताह का विषय हमारी प्राकृतिक विरासत की सुरक्षा रहा है। इस मौके पर प्रो. मीनाक्षी शर्मा, प्रो. अपर्णा जोशी, प्रो. सीमा अग्रवाल, डॉ. इंदू सिंह राजपूत, जंतु विज्ञान प्रवक्ता गुलबहार का विशेष योगदान रहा।

# 5000 मीटर दौड़ में मुकेश प्रथम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


पारकर इंटर कॉलेज में दौड़ में भाग लेते खिलाड़ी।

- आज क्रासकंट्री रेस व रिले दौड़ के साथ जिला रैली का होगा समापन

**अमृत विचार :** तीन दिवसीय 75वां जनपदीय शैक्षिक युवा क्रीड़ा प्रतियोगिता-2024 के दूसरे दिन बुधवार को 5000 मीटर, 3000 मीटर दौड़, भाला फेंक, 200 मीटर हीट्स, ऊंची कूद के खेल हुए। इसमें जूनियर व सीनियर वर्ग से बालक-बालिकाओं ने प्रतिभाग किया है।

बुधवार को दूसरे दिन के खेल संयोजक विमलेश कुमारी और नन्हे सिंह के निर्देशन में हुए। डीआईओएस डॉ. अरुण कुमार दुबे ने बताया कि प्रतियोगिता का समापन गुरुवार को होगा। आयोजन में शिक्षक विशाल वर्मा, डॉ. एसके नेथन, शशि आर्य, अजय कुमार, सुरेंद्र सिंह, डॉ. विजेंद्र सिंह, समरपाल सिंह, राजीव सिंह का योगदान रहा।

**प्रतियोगिता के दूसरे दिन के परिणाम:** बालक सीनियर वर्ग की 5000 मीटर दौड़ में मुकेश कुमार प्रथम, प्रदीप कुमार द्वितीय व शिवम कुमार तृतीय स्थान पर रहे। 1500 मीटर दौड़ में विशाल यादव पहले, मुकेश दूसरे व नीरज कुमार तीसरे, 200 मीटर दौड़ में सन्नी सागर प्रथम, मोहम्मद उवैद द्वितीय व मोहित कुमार तृतीय स्थान पर रहे। लांग जंप में विशेष प्रथम, मोहम्मद समीर द्वितीय तथा रेहान तृतीय स्थान, ट्रिपल जंप में कार्तिक पहले, अजीम रजा दूसरे व विशाल तीसरे, जैवलिन थ्रो में निशांत पहले, शनि कुमार दूसरे व अमित तीसरे स्थान पर रहे। बालक जूनियर वर्ग की 1500 मीटर दौड़ में अंकुश कुमार प्रथम, प्रियांश चौधरी द्वितीय व निगम कुमार तृतीय, 200 मीटर दौड़ में कपिल प्रथम, सुशील सैनी द्वितीय, हर्ष तोमर तृतीय स्थान पर रहे। बालिका सीनियर वर्ग की 3000 मीटर दौड़ में अंजू प्रथम, शिवानी यादव द्वितीय व अंजली तृतीय, 1500 मीटर दौड़ में आशी प्रथम, अंजू द्वितीय स्थान पर रहीं।

**अनदेखी** जिलाधिकारी अनुज सिंह की नाराजगी के बाद जागे सीएमओ, अधीनस्थों को ठहराया जिम्मेदार

# झोलाछाप अयोग्य तो पंजीकृत अस्पतालों में भी बड़े झोल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जिले में झोलाछाप अवैध तरीके से चिकित्सा कार्य करते हैं ये तो सर्वविदित है। लेकिन, यहां तो पंजीकृत अस्पतालों के संचालन में भी झोल है। अस्पताल का पंजीयन किसी के नाम पर है लेकिन, उसमें रोगियों को उपचार देने वाले अन्य लोग होते हैं जिन्हें चिकित्सीय कार्य का क,ख,ग...तक नहीं मालूम होता। ऐसे कई मामले भी अभी सामने आए हैं। फिलहाल, इस मामले में जिलाधिकारी अनुज सिंह ने सख्ती दिखाई है और सीएमओ से नाराजगी जाहिर की है।

जिलाधिकारी ने सीएमओ से कहा है कि जिले में अनेक ऐसे हॉस्पिटल/क्लीनिक चल रहे हैं, जो स्वास्थ्य विभाग में पंजीकृत नहीं हैं और कुछ हॉस्पिटल/क्लीनिक जो पंजीकृत हैं, उनमें जिनके नाम पर पंजीयन है, वह डॉक्टर्स रोगी का इलाज करते नहीं पाए जा रहे हैं। ऐसे अस्पतालों में अप्रशिक्षित व्यक्तियों द्वारा ऑपरेशन किए जा रहे हैं एवं अन्य बीमारियों का इलाज हो रहा है। इस मामले में डीएम ने चिंता जाहिर कर सीएमओ को कड़ा पत्र लिखा है। डीएम की नाराजगी के जागे सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह ने सीएचसी चिकित्सा अधीक्षकों, डिप्टी सीएमओ (अर्बन क्षेत्र) एवं नोडल अधिकारी (निजी चिकित्सा प्रतिष्ठान पंजीयन) को जिम्मेदार किया है।

### डॉ. शिल्पा की जगह मिले लक्ष्मण

**केस-1**

पाकबड़ा में मंदिर चौराहा पर स्थित आयुष्मान हॉस्पिटल का पंजीयन डॉ. शिल्पा मुरकुटे भानुदास के नाम पर था और संचालन लक्ष्मण सिंह करता मिला था। हॉस्पिटल के अभिलेखों में डॉ. शिल्पा के दर्शाए गए पते पर वह खोजे नहीं मिलीं। हॉस्पिटल के लेटर हेड पर दर्शाए गए चिकित्सक डॉ. मनीष सिंह ने डिप्टी सीएमओ से कह दिया था उनका नाम हॉस्पिटल संचालक ने गलत तरह से दुरुपयोग किया है। रोगियों ने डिप्टी सीएमओ को बताया था कि ओटी में उन्होंने डॉ.लक्ष्मण को ही देखा। 25 सितंबर को छापेमारी के दौरान डॉ. लक्ष्मण सिंह ने टीम से अभद्रता भी की थी।

### डॉक्टर का रोगी तक को पता नहीं

**केस-1**

कांठ में बेगमपुर रोड पर मिश्रीपुर में संचालित मेडिकेयर नर्सिंग होम का संचालन इरशाद अली करते मिले थे। इसमें डिप्टी सीएमओ डॉ. संजीव बेलवाल ने 24 सितंबर को छापेमारी की थी। यहां उन्हें 12वीं पास 18 साल का जाकिर हुसैन स्टाफ नर्स का काम करते मिला था। नर्सिंग होम में 8 रोगी भर्ती मिले थे। ऑपरेशन किसने किया और बेहोशी किसने दी, यह उसकी फाइल में अंकित नहीं था। रोगी नीलम व शगुफ्ता का एलएससीएस सर्जरी भी की गई थी, किसने की इसका डिप्टी सीएमओ को कोई विवरण नहीं मिला था।


जिविनि कार्यालय पर धरना देते शिक्षणेत्तर संघ के पदाधिकारी।

## मांगों को लेकर शिक्षणेत्तर संघ का डीआईओएस कार्यालय पर धरना

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** उप्र माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ के नेताओं ने बुधवार को डीआईओएस कार्यालय पर धरना दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री व अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा को संबोधित 11 सूत्रीय मांग पत्र डीआईओएस द्वितीय सर्वेश कुमार सिंह को सौंपा। प्रदेश उपाध्यक्ष पवन तिवारी ने कहा कि शिक्षक हित में उनके संगठन की 11 मांगे हैं, जिनके लिए शिक्षकों को धरना-प्रदर्शन का सहारा लेना पड़ रहा है।इस मौके पर मंडल अध्यक्ष दिलेश्वर सिंह, मंडल मंत्री शुक्लेश शर्मा, जिलाध्यक्ष जमशेद अनवर, संगठन संजीव चौधरी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुमित शर्मा, जिला मंत्री राहुल यादव, कोषाध्यक्ष पवन कुमार ने भी अपने विचार रखे।



## एक नजर

### खंड विकास अधिकारी ने किया स्कूलों का निरीक्षण

**बिलारी, अमृत विचार :** खंड विकास अधिकारी चैतन्य कुमार पाठक ने ब्लॉक के रुस्तमपुर खास और मल्हपुर जननू के प्राथमिक विद्यालयों का निरीक्षण किया। खंड विकास अधिकारी ने बताया कि दोनों स्कूलों में एमडीएम की क्वालिटी ठीक थी। बच्चों की उपस्थिति भी सही पाई गई है। साफ सफाई आदि और ज्यादा दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं।

### शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस ने किया पैदल मार्च

**बिलारी, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने नगर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पैदल मार्च किया। बुधवार को कोतवाली प्रभारी लखपत सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स ने नगर में पैदल मार्च किया। मार्च कोतवाली से शुरू होकर नई सड़क, होली चौक, सराफा बाजार, रैली चौक, झंडा चौक, मोहल्ला बाजार, पैंठ बाजार आदि इलाकों में होता हुआ वापस कोतवाली पहुंचा। इस दौरान कोतवाली प्रभारी लखपत सिंह ने लोगों को बताया कि किसी भी तरह की गलत और झूठी अफवाह पर ध्यान नहीं देना है। त्योहारों के मद्देनजर सभी को शांति व्यवस्था बना बनाए रखनी है।

### प्रतिबंधित पॉलीथिन बेच रहे दुकानदारों पर जुर्माना

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर पालिका द्वारा प्रतिबंधित पॉलीथिन बेच रहे दुकानदारों पर जुर्माना लगाया गया। बुधवार को नायब तहसीलदार पीयूष कुमार ने नगर पालिका की टीम के साथ नगर में पॉलीथिन को लेकर अभियान चलाया। नायब तहसीलदार ने बताया कि इस दौरान दुकानदारों से 50 किलो की प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त की गई है साथ ही दुकानदारों पर जुर्माना भी लगाया गया है।

### आरोपी बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**कुंदरकी, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम चिड़ियाठेर निवासी मोहम्मद रजा ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि बीती 23 अगस्त की शाम उसके पिता इस्माइल बाइक से उसकी बीमार मां हदीस बेगम के साथ दवा लेने कुंदरकी जा रहे थे। जैसे ही दोनों मुरादाबाद अलीगढ़ नेशनल हाईवे पर ग्राम जैतपुर पट्टी के पास पहुंचे तो मुरादाबाद की ओर से आ रही बाइक के चालक ने पिताजी की बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उसके माता-पिता गंभीर रूप से घायल हो गए जिनको सरकारी अस्पताल ले जाया गया। जहां से दोनों की गंभीर हालत को देखते हुए मुरादाबाद रेफर कर दिया गया।

# परिनिर्वाण दिवस पर याद किए गए कांशीराम

## विभिन्न संगठनों और राजनीतिक दलों ने दलित नेता को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** मुरादाबाद रोड स्थित आंबेडकर पार्क में अखिल भारतीय आंबेडकर युवक संघ की बैठक हुई। जिसमें कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद किया।

बैठक में सबसे पहले डॉ. चरण सिंह ने बुद्ध वंदना की। जिसके बाद स्व. कांशीराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने कहा कि कांशीराम ने बहुजन समाज पार्टी का गठन किया। उन्होंने जीवन भर दलित, पीड़ित एवं पिछड़े समाज के उत्थान के लिए कार्य किया। उन्होंने डॉ. आंबेडकर के मिशन को आगे बढ़ने का काम किया। बैठक में डॉ. जगतपाल सिंह, डॉ कुंवर सिंह, अवधेश शर्मा, एडवोकेट राम अवतार, विजयपाल सिंह, रघुपत सिंह, हरिशंकर बौद्ध ,अशोक कुमार, डॉ. शिवनारायण, ब्रह्मपाल सिंह, डालचंद, तेजभान, मनोज सागर, प्रभांक सिंघम, कुलदीप सिंह, रन सिंह भारती, डॉ. चरण सिंह, जयपाल सिंह, उमेश कुमार, अमित कुमार, राम सिंह आर्य, बादाम सिंह, चेतन सिंह आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता डॉ. जगतपाल सिंह व संचालन डॉ. कुंवर सिंह ने किया ।



बिलारी में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान।

### सपाइयों ने मनाई कांशीराम की पुण्यतिथि

**बिलारी, अमृत विचार :** बुधवार को क्षेत्र के ग्राम गौरा शाहगढ़ में सपा कार्यकर्ताओं ने कांशीराम की पुण्यतिथि मनाई। इस दौरान वक्ताओं ने कांशीराम द्वारा किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने कहा कि कांशीराम ने अपना सारा जीवन दलितों, अल्पसंख्यकों, पिछड़ों और गरीबों की सेवा में समर्पित किया। कांशीराम द्वारा पिछड़ों को सम्मान और अधिकार दिलाने के लिए पूरा जीवन संघर्ष में बिताया। इस मौके पर हाजी मोहम्मद उस्मान, सौरभ यादव, रामबाबू यादव, कपिल राज यादव, वीर सिंह यादव, मनोज यादव, वीरेश यादव, शिशुपाल यादव, मुनेश, मनोज पंडित, भानू प्रताप सिंह, पिंकू सिंह, जेपी प्रधान, राजेश्वर सिंह, अतर सिंह यादव, धर्मवीर सिंह, अभय सिंह आदि मौजूद रहे।



ठाकुरद्वारा में स्व. कांशीराम के चित्र पर पुष्प अर्पित करते बसपा कार्यकर्ता।

### दलितों व पिछड़ों के लिए किया जीवनभर संघर्ष

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने आंबेडकर पार्क में पार्टी के संस्थापक कांशीराम का परिनिर्वाण दिवस मनाया। इसमें बसपा जिला सचिव डॉ. रामपाल सिंह गौतम ने कहा कि कांशीराम ने पूरा जीवन बहुजन समाज के लिए संघर्ष किया। उन्होंने दलित, शोषित व पिछड़े वर्ग के लिए भाईचारा बनाकर सर्वसमाज को जोड़ने का कार्य किया। कार्यकर्ताओं ने कांशीराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उमेश कुमार, शिवलाल सागर, अचल कुमार, ईश्वर सागर, रोहित सागर, रवि कुमार, अनुराग, राजकुमार, डॉ. विशंभर सिंह, संदीप गौतम, जयपाल सिंह, अजय कुमार आदि मौजूद रहे।

# डिलीवरी के दौरान प्रसूता और नवजात की मौत, हंगामा

- सूचना पर पुलिस क्षेत्राधिकारी ने ली घटना की जानकारी
- झोलाछाप के खिलाफ मृतका के पति ने दी तहरीर

संवाददाता, बिलारी



मृतका का फाइल फोटो।

**अमृत विचार :** क्षेत्र के स्योंडारा में महिला झोलाछाप के अस्पताल में डिलीवरी के दौरान प्रसूता और नवजात की मौत हो गई। इसके बाद महिला डॉक्टर मौके से फरार हो गई। परिजनों ने अस्पताल पर हंगामा किया। सूचना पर पुलिस क्षेत्राधिकारी ने पुलिस बल के साथ मृतका के घर पहुंच कर जानकारी की।

स्योंडारा गांव निवासी पुष्पेंद्र यादव की पत्नी रचना (25) गर्भवती थी। मंगलवार की रात को दर्द होने पर रचना को परिजन गांव में ही महिला झोलाछाप रीना के अस्पताल पर लेकर पहुंचे। जहां उसने रचना को भर्ती कर लिया। पुष्पेंद्र ने बताया कि बुधवार की तड़के 4:00 बजे रचना की डिलीवरी हुई। बताया कि तभी उसकी पत्नी और बच्चे की मौत हो गई थी। जिसके बाद महिला डॉक्टर अस्पताल छोड़कर फरार हो गई। इसके बाद वह दोनों को बिलारी के एक निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद वह दोनों के शव घर लेकर पहुंचे। जिसके बाद उन्होंने नवजात के शव को दफना दिया। सूचना पर बुधवार की शाम पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार तिवारी मय फोर्स के मृतका के घर पहुंचे और घटना के बारे में जानकारी की। बाद में शव को पोस्टमार्टम को भिजवा दिया।

पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि मृतक के पति की तहरीर पर झोलाछाप महिला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। पुष्पेंद्र ने बताया कि 3 साल पहले उसकी शादी दिल्ली से हुई थी। यह उसका पहला बच्चा था।



मौके पर जांच करते नायब तहसीलदार और पुलिस।

### छापेमारी के बाद भी झोलाछाप के हौसले बुलंद

**बिलारी, अमृत विचार :** मंडलायुक्त के निर्देश के बाद स्वास्थ्य विभाग लगातार झोलाछापों के खिलाफ कार्रवाई करने का दावा कर रहा है। इसके चलते क्षेत्र में छापेमारी की कार्रवाई की जा रही है। परंतु इसके बाद भी झोलाछाप खुलेआम मरीजों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। जिन्हें स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई का जरा भी खौफ नहीं है। वही ग्रामीणों ने भी अवैध रूप से संचालित अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर प्रदर्शन भी किया है।

### अवैध रूप से संचालित अस्पताल को किया सील

**कांठ, अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी ने छापा मारकर अवैध रूप से संचालित क्लीनिक को सील कर दिया है।

बुधवार को नोडल अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजीव सिंह, आरओ नबी हसन, बीपीएम चंद्रशेखर यादव, विवेक कुमार आदि ने शिकायत के आधार पर ग्राम सराय खजूर में डॉ. समरीन के क्लीनिक पर छापा मारा। टीम को जांच के दौरान स्टाफ न ही रजिस्ट्रेशन दिखा पाया और न ही उसका मुख्य चिकित्सा अधिकारी के यहां पंजीकरण है। जिस पर चिकित्सा अधीक्षक ने क्लीनिक को सील कर दिया। साथ ही संचालक के खिलाफ अभियोग पंजीकृत करने के लिए छजलैट थाना पुलिस को तहरीर दी है। चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि क्लीनिक पूरी तरह अवैध रूप से संचालित है। यहां तो मरीज दवा लेने आए थे, उन्हें वापस भेज दिया गया है।



एसडीएम विनय कुमार सिंह से वार्ता करते शुभम राठी व अन्य।

# 10 दिन में होगा बकाया गन्ना मूल्य का भुगतान

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** बुधवार को एसडीएम विनय कुमार सिंह ने भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों को वार्ता के लिए बुलाया। जिसमें उनकी मांगों को माने जाने का आश्वासन दिया।

भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पश्चिमी युवा प्रभारी शुभम राठी ने बताया कि एसडीएम विनय कुमार सिंह ने अपने कार्यालय बुलाया था। जहां उन्होंने बताया कि ज्ञापन की कुछ मांगों को पूरा कर दिया गया है। बताया कि एसडीएम ने दशहरे से पहले गन्ना मूल्य का बकाया 7 से 8 करोड़ का भुगतान करने का आश्वासन दिया है, वहीं गन्ना मिल चलने से पूर्व ही किसानों का संपूर्ण बकाया भुगतान करा दिया जाएगा। जर्जर विद्युत लाइनों को शीघ्र बदलवा दिया जाएगा। इस दौरान तहसील अध्यक्ष रनवीर सिंह, जितेंद्र चौधरी, जयवीर सिंह, प्रेमलाल सिंह व बब्लू खां मौजूद रहे।

### जान से मारने की नीयत से झोंका फायर, रिपोर्ट

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** घर में खाना खा रहे व्यक्ति की हत्या करने के इरादे से फायर करने के मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

ग्राम असालतपुर निवासी रवि कुमार पुत्र ओमवीर सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके पिता ओमवीर सिंह 7 अक्टूबर की शाम को घर पर खाना खा रहे थे। तभी गांव के ही राजेश सिंह, निपेन्द्र उर्फ निक्की, अजय कुमार, सुमित कुमार ने गाली-गलौज शुरू कर दी। जब पिता ने विरोध किया तो अजय वीर ने अंटी से तमंचा निकालकर पिता की हत्या करने के लिए फायर झोक दिया। जिसमें वह बाल-बाल बचे। इसी दौरान चारों लोगों ने लाठी डंडों से हमला कर उनके पिता को घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कलश यात्रा का पुष्प वर्षा से किया स्वागत

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** फरीदनगर रोड स्थित श्री चामुंडा कालरात्रि मंदिर पर हर्षोल्लास के साथ कलश यात्रा का आयोजन किया गया। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया।

बुधवार को श्री चामुंडा कालरात्रि मंदिर पर पुजारी जयप्रकाश द्वारा पूजा अर्चना कराकर कलश यात्रा का शुभारंभ किया गया। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प बरसा कर कलश यात्रा का स्वागत किया। कलश यात्रा अंबेडकर पार्क, वाल्मीकि बस्ती शिव मंदिर, दुर्गा मंदिर, प्राचीन माता मंदिर, काशीपुर रोड पर स्थित सागर कॉलोनी व अन्य स्थानों से होती हुई देर शाम मंदिर परिसर में पहुंची। वहां पर पुजारी ने कलश स्थापना व हवन किया। श्रद्धालुओं ने हवन में आहुति देकर घर परिवार की सुख समृद्धि की प्रार्थना की। कार्यक्रम में अचल कुमार, रोहित कुमार सोनू, अर्जुन ,सतीश, सुशील कुमार, हेमेंद्र प्रताप सिंह, ममता, मुनेश, सरिता देवी, भगवती देवी, रेखा आदि मौजूद रहीं।



श्रीरामदुर्गा मंदिर पर भजन-कीर्तन करतीं महिलाएं।

### मां कालरात्रि की पूजा अर्चना कर मांगी सुख समृद्धि

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** शारदीय नवरात्र में बुधवार को दुर्गा की सातवीं शक्ति मां कालरात्रि की उपासना कर श्रद्धालुओं ने घर परिवार की सुख समृद्धि की प्रार्थना की। बुधवार को शारदीय नवरात्र के सातवें दिन मां दुर्गा के सप्तम स्वरूप मां कालरात्रि की भक्तों ने विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर घर परिवार खुशी की प्रार्थना की। नगर के हरिहर मंदिर, पिपल टोला स्थित शिव धाम पंचशील मंदिर, होलिका मंदिर, खाकेश्वर मंदिर, श्री राम दुर्गा मंदिर, बाजार गंज स्थित दुर्गा मंदिर, शिव दुर्गा मंदिर, प्राचीन हनुमान मंदिर व ग्रामीण क्षेत्र में शरीफ नगर, सुरजन नगर, काले वाला, कमलापुरी ,काला झंडा आदि में भी विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई।

**आयोजन** रामलीला मैदान में चल रही रासलीला में कलाकारों ने किया गोवर्धन प्रसंग का मंचन

# डाकू गोवर्धन का चरित्र देख श्रोता हुए मंत्रमुग्ध

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** रामलीला मैदान में चल रही रासलीला के दौरान मथुरा वृंदावन से आए श्री राधा रसिक बिहारी मंडल के कलाकारों ने डाकू गोवर्धन के चरित्र का मंचन किया। मंचन में दिखाया कि गोवर्धन लुटेरा था। लूट के इरादे से वह एक गांव में पहुंच गया। वहां पर चल रही भगवान श्रीकृष्ण की कथा में बैठ गया। कथा में भगवान श्रीकृष्ण के श्रृंगार का वर्णन चल रहा था। जिसे सुनकर गोवर्धन ने सोचा कि जो व्यक्ति इतना सोना पहनता है उसे लूटने में फायदा होगा। इसी उद्देश्य से वह श्री कृष्ण की तलाश में वृंदावन की ओर चल पड़ा। रास्ते में उसे कथावाचक की बेटी भी मिली। वृंदावन में दोनों को भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन होते हैं तो कथावाचक की पुत्री उनके दर्शन मात्र से धन्य हो जाती है। वहीं जब डाकू गोवर्धन कृष्ण का सोना लूटने के उद्देश्य से उन्हें छूता है तो उसका भाव बदल जाता है। इस दौरान अवनीश शर्मा, कमलेश अग्रवाल, दिनेश पुठिया, अजय सक्सेना, रवि जौहरी, सुधांशु चटवाल, शरद पुठिया, विशाल पुठिया, गौरव चौहान आदि मौजूद रहे।



ठाकुरद्वारा में रामलीला मैदान में चल रही रासलीला में मंचन करते कलाकार।



बिलारी में श्रीराम-भरत मिलाप के प्रसंग का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

### श्रीराम-भरत मिलाप देखकर भावुक हुए श्रोता

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर के मंदिर पौडा खेड़ा में चल रही रामलीला में सूर्यवंश कला मंच मुरादाबाद के कलाकारों श्रीराम-भरत मिलाप का मंचन किया गया। मंचन में दिखाया गया कि भरत श्रीराम को अयोध्या वापस लाने के लिए वन में जाते हैं। भरत श्रीराम से अयोध्या वापस चलने की जिद करते हैं। जिस पर श्री राम मना कर देते हैं। जिसके बाद भरत श्रीराम के खड़ाऊ सिर पर रखकर अयोध्या की तरफ प्रस्थान करते हैं। इस दौरान ट्रस्ट के अध्यक्ष पंकज चौहान, छविराज चावला, सचिन चौहान, बंटी शर्मा, सचिन वर्मा, पंडित रामनिवास शर्मा आदि व्यवस्था में सहयोग किया।

# लक्ष्मण मूर्छा और कुंभकर्ण वध की लीला का मंचन

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** नगर में हो रही रामलीला में लक्ष्मण मूर्छा तथा कुंभकर्ण वध की लीला का मंचन किया गया।

बुधवार को सेंट पॉल के प्रबंधक जितेंद्र बिश्नोई ने श्रीरामलीला का फीता काटकर शुभारंभ किया। रामलीला के मंच पर लक्ष्मण शक्ति और कुंभकरण के वध की लीला का मंचन किया गया है। जिसमें रावण का पुत्र मेघनाथ रणभूमि में आकर अपनी शक्तियों से श्रीराम सेना पर आक्रमण करता है। मेघनाथ और लक्ष्मण के बीच घमासान युद्ध होता है। मेघनाथ वीर घातनी शक्ति का प्रयोग लक्ष्मण पर कर देता है और लक्ष्मण जी मूर्छित हो जाते हैं। सुषैन वैद्य के बताने पर हनुमान जी द्रोणागिरी पर्वत से संजीवनी बूटी लाने के लिए निकल पड़ते हैं। समस्त बाधाओं को पार करते हुए हनुमान जी संजीवनी बूटी लाते हैं। जिससे लक्ष्मण का उपचार किया जाता है। लक्ष्मण जी के स्वस्थ्य होते ही श्रीराम सेना में खुशी छा जाती है। इसके बाद रावण के भाई कुंभकरण का युद्ध में श्रीराम द्वारा वध कर दिया जाता है। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश माहेश्वरी, कुँवर सुरेन्द सिंह विश्नोई, प्रधानाचार्य मदन सिंह,धर्मपाल सिंह चौहान, राधेश्याम भुईयार, बीनू चौहान, सचिन कुमार, निपेंद्र चौहान, हरपाल सिंह चौहान, शनि कश्यप, ब्रह्मपाल सिंह, नीरज कुमार चौहान, प्रदीप कुमार चौहान, आकाश प्रभाकर,शिशुपाल चौहान, गौरव कुमार चौहान, दानवीर सिंह चौहान आदि उपस्थित रहे। संचालन मास्टर राजवीर सिंह विश्नोई ने किया।

## सार संक्षेप

### धान की फसल का निरीक्षण कर जानकारी दी

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कृषि विज्ञान केंद्र, ठाकुरद्वारा क्षेत्र के ग्राम रूपपुरटन्डोला में ग्राम प्रधान लेखराज के खेत का कृषि वैज्ञानिकों द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान फसल को रोगों से बचाने के लिए आवश्यक जानकारी दी गई। लेखराज के धान के खेत पर फील्ड डे का आयोजन किया गया। जिसमें केंद्र के पौध सुरक्षा के वैज्ञानिक दीपक कुमार द्वारा किसानों को धान में भूरा फुदका कीट से बचाव की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में योगराज सिंह, हारून, प्रवीण सिंह, गोपाल सिंह, उर्मिला, सोनम देवी, ओमकार आदि लगभग 32 कृषकों ने प्रतिभाग किया। डॉ. हसन तनवीर द्वारा 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में रबी फसलों की प्रजातियों एवं उनकी उत्पादन तकनीकी के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में 20 कृषकों ने प्रतिभाग किया।

### निबंध प्रतियोगिता में वर्षा ने पाया प्रथम स्थान

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** राजकीय महाविद्यालय की तरफ से विवेकानंद इंटर कालेज में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य ज्ञान प्रकाश चौहान ने कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन से की। प्रतियोगिता में प्रदूषण के प्रकार प्रभाव एवं समाधान पर छात्र-छात्राओं ने विचार प्रस्तुत किए। इसमें वर्षा प्रथम, अंशिका द्वितीय और रिमा सैफी तृतीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. जितेंद्र पाल सिंह मीणा, डॉ. रवींद्र कुमार, डॉ. इंद्रजीत सिंह, डॉ. कौशल, डॉ. गौरव दीक्षित, डॉ. तेजराम सिंह आदि मौजूद रहे।

### महिला को दी धमकी, चार पर रिपोर्ट दर्ज

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** अवैध संबंध बनाने का विरोध करने पर चार युवकों ने महिला को जान से मारने की धमकी दी। महिला ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली नगर के एक मोहल्ले की रहने वाली महिला ने दी तहरीर में बताया कि उसके पति विदेश में हैं। वह घर पर वह बच्चों के साथ रहती है। मोहल्ले के ही अरमान, शाहिल व मुरसलीम उस पर गलत निगाह रखते हैं। एक दिन वह उसके घर घुस आए और अवैध संबंध बनाने का दबाव बनाया। विरोध पर उसकी गर्दन पर चाकू रखकर जान से मारने की धमकी दी। शोर मचाने पर आरोपी भाग गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### युवती से छेड़छाड़, तीन पर रिपोर्ट दर्ज

**कांठ, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में अपने मौसेरे भाई के साथ जा रही युवती के साथ तीन लोगों ने छेड़छाड़ की। पुलिस ने तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। नगर की एक युवती मंगलवार की शाम को अपने मौसेरे भाई के साथ मार्केट से सामान लेने जा रही थी। तभी तीन युवक उसके पास पहुंचे और छेड़छाड़ करने लगे। इसके बाद युवती ने विरोध करते हुए एक आरोपी की जमकर धुनाई की और थाना कांठ पहुंच कर तीनों आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीनों आरोपियों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर लिया है।

### विवाद में घायल हुए व्यक्ति की मौत

**छजलैट, अमृत विचार :** महिला से झगड़े के बाद उपचार के दौरान युवक की मृत्यु हो गई। दर्ज रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। थाना क्षेत्र के ग्राम मथाना निवासी कल्लू सिंह पुत्र बलदेव सिंह के भतीजे राजवीर का झगड़ा बेबी पत्नी राजू उर्फ राजवीर से हो गया। जिसमें राजवीर गंभीर रूप से घायल हो गया था। उपचार के दौरान राजवीर की मौत हो गई। इस संबंध में कल्लू सिंह द्वारा लिखी गई रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने आरोपी बेबी को गिरफ्तार का न्यायालय भेज दिया है।

### 50 हजार व मोबाइल वापस कर दिया ईमानदारी का परिचय

**कांठ, अमृत विचार :** ग्राम अकबरपुर चौधरी निवासी एक व्यक्ति का थैला बाइक से गिर गया। जिसमें 50 हजार रुपये, मोबाइल व अन्य सामान था। जिसे नगर निवासी व्यक्ति ने सौंप कर ईमानदारी का परिचय दिया। मंगलवार शाम को भारतीय स्टेट बैंक से मौलाना खुर्शीद अहमद पुत्र हनीफ अहमद निवासी ग्राम अकबरपुर चैदरी ने पचास हजार रुपये निकाले थे। वह धनराशि, पासबुक, मोबाइल व अन्य सामान रखकर बाइक से जा रहे थे। जब वह स्योहारा रोड इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के पास पहुंचे तो देखा कि उनका थैला बाइक पर नहीं था। काफी तलाश के बाद भी पता नहीं चलने पर उन्होंने इसकी सूचना चौकी कांठ के प्रभारी सुरेंद्र सिंह को दी। जिस पर चौकी प्रभारी ने तुरंत नकदी व सामान की तलाश शुरू कर दी। मोबाइल पर कॉल करने पर उसे ओमप्रकाश पुत्र रामदयाल निवासी पट्टी मौढ़ा ने रिसीव किया। उसने बताया कि थैली उसके पास है। जिस पर चौकी प्रभारी तुरंत बताए गए स्थान पर पहुंचे। ओमप्रकाश ने बताया कि वह सड़क किनारे मिट्टी के बर्तन बेच रहा था। उसने थैला गिरते देखा तो बाइक सवार को आवाज दी, मगर उन्होंने सुना नहीं। उसने थैला उठाकर अपने पास रख लिया। थैले में सभी सामान व नकदी सुरक्षित मिली। खुर्शीद व पुलिसकर्मियों ने ओमप्रकाश की ईमानदारी की मुक्तकंठ से प्रशंसा की।

### ऊमरी कलां चौकी पर हुई शांति समिति की बैठक

**कांठ, अमृत विचार :** बुधवार को थाना कांठ के क्षेत्र पुलिस चौकी ऊमरी कलां में आगामी त्योहारों के मद्देनजर शांति व्यवस्था बनाए रखने को सीओ कांठ की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में पंचायत ऊमरी कलां चेयरमैन मोहम्मद उस्मान अली ने सीओ कांठ तथा थाना प्रभारी को विश्वास दिलाया कि क्षेत्र में अमन शांति बनी रही है। लोग इसमें शासन-प्रशासन का पूरा सहयोग करेंगे। इस अवसर पर चेयरमैन के अलावा अन्य लोग मौजूद रहे।



नगर के रामज्योति मंदिर पर भजन-कीर्तन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

### श्रद्धालुओं ने की मां कालरात्रि की आराधना

**कांठ, अमृत विचार :** शारदीय नवरात्रि पर बुधवार को देवी के मंदिरों में मां कालरात्रि की पूजा अर्चना की गई। कई स्थानों पर महिला श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन कर मां कालरात्रि की आराधना की। नगर के प्राचीन माता महाकाली मंदिर, मुख्य बाजार स्थित शिव मंदिर, बम बटक स्थित मां काली मंदिर, श्री राम ज्योति मंदिर, श्री चामुंडा मंदिर, महर्षि वाल्मीकि मंदिर, पट्टीवाला मंदिर, घोसीपुरा शिव मंदिर, बिशनपुरा शिव मंदिर, माहेश्वरी मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर आदि पर मां भगवती की पूजा अर्चना की गई। कई मंदिरों पर महिला भक्तों ने देवी की आराधना करते हुए भजन कीर्तन किया। वहीं माता महाकाली को प्रसन्न करने के लिए सुबह से ही चामुंडा स्थलों पर पूजा अर्चना के लिए महिलाओं की भीड़ लगी थी। छजलैट क्षेत्र के अनेक ग्रामों में भी मंदिरों में पूजा अर्चना एवं भजन कीर्तन किया गया। नगर के रामज्योति मंदिर पर सेवादारों में रजनी अग्रवाल, रीना अग्रवाल, प्रिया अग्रवाल, माया विश्नोई, सुनीता शर्मा, सुषमा अग्रवाल, निमेष कश्यप आदि उपस्थित रहीं।



किसानों से वार्ता करते जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन चौधरी विजय भान सिंह।

### निष्पक्ष चुनाव के आश्वासन पर किसानों का धरना स्थगित

**बिलारी, अमृत विचार :** लगातार 13 दिन से गन्ना समिति परिसर में चुनाव में धांधली, अबूपुरा गांव के डेलीगेट पद के नामांकन पत्र खारिज करने और निष्पक्ष चुनाव कराने को किसान धरना दे रहे थे। जिनका धरना उनकी मांगों के माने जाने के आश्वासन पर स्थगित कर दिया गया। बुधवार को किसानों के धरना प्रदर्शन में जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन चौधरी विजय भान सिंह गन्ना समिति पहुंचे। जहां उन्होंने किसानों से वार्ता की। चेयरमैन ने किसानों उनकी मांगे माने जाने का आश्वासन दिया। जिसके बाद धरना दे रहे डेलीगेट और धरना प्रदर्शन के अध्यक्ष अजय पाल सिंह, अरविंद मोहन ने निष्पक्ष चुनाव कराने के आश्वासन पर धरना समाप्त करने की घोषणा की। दूरभाष पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी से किसानों की बात भी कराई। इस दौरान गन्ना समिति के पूर्व अध्यक्ष अरविंद मोहन, अजय पाल सिंह, ललित चौधरी, सुनील लाठर, अभिनव चौधरी आदि मौजूद रहे।

# खेलों से विकसित होती है मैत्री की भावना : औलख

## अंडर-17 बालिका-बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में गुनगुन और विनीत रहे प्रथम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** महात्मा गांधी स्टेडियम में बुधवार को कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख और मुख्य विकास अधिकारी डॉ. नन्द किशोर कलान ने गुब्बारे उड़ाकर जनपदीय शैक्षिक युवा क्रीड़ा समारोह का आरंभ किया। इस दौरान राज्यमंत्री ने कहा कि खेलों से मैत्री, करुणा और भाईचारे की भावना विकसित होती है। यह भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है।

स्वार रोड स्थित महात्मा गांधी स्टेडियम में कन्या इंटर कॉलेज खारी कुआं की छात्राओं ने बैंड की धुन बजाई। इसके बाद राजकीय खुर्शीद कन्या इंटर कॉलेज, रामलीला पब्लिक इंटर कॉलेज एवं हरी इंटर कॉलेज की छात्राओं ने संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जनपदीय क्रीड़ा प्रभारी एवं शैक्षिक युवा क्रीड़ा समारोह के संयोजक अरविंद कुमार भास्कर ने प्रतियोगिता में होने वाले खेलों की रूपरेखा प्रस्तुत की। इसके बाद अंडर-17 बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में गुनगुन प्रथम, हादिया नूर द्वितीय, अनु तृतीय स्थान पर रहीं। अंडर-17 बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में विनीत प्रथम, इकराम अली द्वितीय, मोंटी तृतीय स्थान पर रहे। मुख्य अतिथि ने सभी प्रतिभागियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि महात्मा गांधी स्टेडियम में बालिकाओं के लिए शौचालय बनवाया जाएगा। बेटियों पर हमें नाज है, यह खिलाड़ी ही कल ओलंपिक में स्वर्ण और रजत पदक जीत कर लाएंगे। मंच संचालन तृप्ति माहोर, मनोज कुमार, रोशन सिंह यादव ने किया। निर्णायक मंडल में डॉ. अनूप कुमार सिंह, जिलेश कुमार, तुषार शर्मा, सलीम यूसुफ जैदी, प्रतेष श्रीवास्तव, प्रकाश किस्टवाल, हरपाल सिंह, प्रभुदायल, अमरपाल सिंह यादव, राजकुमार सोनकर आदि शामिल रहे। लक्ष्मी यादव, बलराम सिंह, डॉ. शालू कौशल ने भी भूमिका निभाई। इस दौरान सुभाष चंद, डॉ. अरविंद कुमार गौतम आदि मौजूद रहे।


कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख को स्मृति चिह्न देते संयोजक।


सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं।

### इन प्रतियोगिताओं में दिखाई प्रतिभा

सीनियर बालक वर्ग की 200 मीटर, जूनियर बालक वर्ग की 200 मीटर, सब जूनियर बालक वर्ग की 200 मीटर, बालिका वर्ग में 200 मीटर, सीनियर बालिका 200 मीटर, जूनियर बालिका 200 मीटर, सीनियर, जूनियर, सब जूनियर बालक शामिल रहे। बालिका वर्ग की लंबी कूद में सीनियर, जूनियर, सब जूनियर बालिका वर्ग की लंबी कूद कराई गई। 800 मीटर दौड़ कराई गई। इसमें सीनियर बालक, जूनियर बालक वर्ग दौड़, 800 मीटर दौड़, सीनियर, जूनियर, बालिका की दौड़, 600 मीटर, सब जूनियर बालक एवं बालिकाओं की दौड़, बालक-बालिका चक्का फेंका।

## एक नजर

### स्टालों पर गीला व सूखा कूड़ा के लिए डस्टबिन रखें

**रामपुर, अमृत विचार :** रेलवे में मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक राकेश कुमार एवं मुख्य टिकट निरीक्षक गोविंद सिंह ने स्टेशन पर खानपान स्टालों का निरीक्षण किया। उन्होंने वेंडरों के प्रमाण पत्र, फूड लाइसेंस, यूनिफॉर्म, व्यक्तिगत स्वच्छता, सफाई व्यवस्था की जानकारी ली। मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक ने वेंडरों को व्यक्तिगत स्वच्छता व खानपान स्टॉल की सफाई के लिए जागरूक किया। स्टालों पर गीला, सूखा कूड़ा के लिए डस्टबिन रखने के निर्देश दिए।

### झगड़ा करने के मामलों में 3 लोग किए गए गिरफ्तार

**केमरी, अमृत विचार :** गांव सुनारखेड़ा निवासी रामप्यारी के साथ पुरानी रंजिश को लेकर गांव का ही दुर्गेश गाली गलौज मारपीट करने लगा। इस मामले में पुलिस ने आरोपी दुर्गेश को गिरफ्तार किया। उधर, अहमदनगर निवासी मोहर सिंह और रवि कुमार सरकारी जमीन पर गेट लगाने को लेकर झगड़ा कर रहे थे। मौके से आरोपी मोहर सिंह को गिरफ्तार किया। अन्य मामले में मोहम्मद नगर नानकर निवासी मोतीराम, महावीर, लालता प्रसाद सरकारी जमीन पर शौचालय निर्माण को लेकर आपस में झगड़ रहे थे। आरोपी मोतीराम को पुलिस ने पकड़ लिया।

### दूध लेने जा रही महिला से चेन लूटने का प्रयास

**मिलक, अमृत विचार :** लुटेरों ने दूध लेने जा रही महिला से चैन छीनने की कोशिश की। महिला ने अज्ञात बाइक सवार लुटेरों के खिलाफ तहरीर दी है। नगर के मोहल्ला छोटा रौरा खुर्द निवासी सीमा देवी बुधवार सुबह 7 बजे दूध लेने हाईवे पर जा रही थीं। तभी पीछे से आए बाइक सवार लुटेरों ने उनके गले में पहनी सोने की चैन खींचने की कोशिश की। गले से चैन खिंचती देख उन्होंने दुप्टा कसकर पकड़ लिया और वह चिल्लाने लगीं। चीख पुकार सुनकर बाइक सवार लुटेरे भाग गए।

### बच्चों की तालीम पर ध्यान दें मुसलमानः मौलाना दाऊद

**सैदनगर, अमृत विचार :** दौंकपुरी टांडा स्थित किरन मिल में देर शाम इजलास ए आम कांफ्रेंस हुई। मेरठ से आए मुफ्ती मोहम्मद खालिद कासमी ने कहा मुसलमान को शैतान से बचकर अच्छे कामों की तरफ बढ़ना होगा। कहा अगर हमारा ईमान मजबूत होगा तो हमें कोई भी हिला नहीं सकता। लखनऊ से आए मौलाना दाऊद नदवी ने बच्चों की तालीम पर जोर दिया। मुरादाबाद से आए नाजिम ए जलसा मुफ्ती मोहम्मद रिजवान कासमी ने कुरआन और हदीस की रोशनी में अवाम को खिताब किया।

# सीज नहीं किए जाएं उद्योगों के खाते

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** आईआईए के राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर चेयरमैन श्रीष गुप्ता बुधवार को सूरज रोड स्थित वाणिज्य कर कार्यालय पहुंचे। जीएसटी के डिप्टी कमिश्नर संदेश जैन को ज्ञापन सौंपा। इसमें बताया कि 10 से 15 वर्ष पुराने मूल्य वर्धित कर (वैट) का बकाया निकाल कर उद्योगों के बैंक खाते सीज किए जा रहे हैं। जबकि यह कर 2017 से पहले लगता था। खाते सीज करने से पहले उद्यमियों को नोटिस नहीं दिया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि कुछ मामलों में उद्योगपति वैट की मांग राशि जमा कर चुके हैं। उनके पास बैंक की जमा रसीद है। उद्योगपति के चेक बाउंस हो रहे हैं। उसका माल नहीं आ पा रहा है, यह समय त्योहार का है। बाजार में मांग अधिक है। बताया कि 60 प्रतिशत कच्चा माल खरीदा जाता है। कुछ मामलों में उद्योगपति की मृत्यु हो चुकी है और मामले निस्तारित हो चुके हैं। फिर भी उसकी फर्म के खाते सीज हो रहे हैं। सरकार अधिकारियों को कर वसूली का बड़ा लक्ष्य देना बंद करें। जीएसटी विभाग की कार्य प्रणाली से उद्योगपतियों में रोष बढ़ रहा है। अगर उनका उत्पीड़न बंद नहीं किया गया तो इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) के पदाधिकारी बड़ा आंदोलन करेंगे। आईआईए के सुझाव है कि यदि कर बकाया है तो उतनी ही राशि अधिक से अधिक होल्ड करवा दी जाए। डीसी संदेश जैन ने उन्हें आश्वासन दिया कि रामपुर में ऐसी कोई समस्या आए तो उन्हें बताया जाए। प्रतिनिधि मंडल में पूर्व चेयरमैन एसके अग्रवाल, वाइस चेयरमैन मनोज गुप्ता, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल, प्रदीप गुप्ता, विपिन कुमार, अंकुर रस्तोगी शामिल रहे।


डीसी जीएसटी को ज्ञापन देते आईआईए के पदाधिकारी।

# खनन के लिए खेतों में रास्ता बनाने पर किसानों का हंगामा

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार :** भूबरा एहतमाली क्षेत्र में अवैध खनन करने के लिए धंधेबाजों ने किसानों के खेतों में रास्ता बना लिया। विरोध करने पर वे नहीं माने तो गुस्साए किसानों ने हंगामा किया। किसानों ने डीएम व एसडीएम से शिकायत कर रास्त नहीं बनने देने की मांग की है।

कोसी नदी पार से अवैध खनन करने के लिए जेसीबी से किसानों के खेतों में रास्ता बनाया जा रहा है। इसकी सूचना के बाद किसान मौके पर पहुंच गए और हंगामा किया। लेकिन खनन के धंधेबाजों ने जेसीबी नहीं रोकी। खेतों में अवैध रूप से रास्ता बनाते रहे। भूबरी निवासी किसान सोमपाल सिंह, राजकुमार, विक्रम समेत कई किसानों ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को फोन कॉल करके शिकायत की। मौके पर आने का आग्रह किया, लेकिन कोई भी अधिकारी या कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा। इससे गुस्साए किसानों ने हंगामा किया। खनन के धंधेबादों का कहना है कि उनका पट्टा स्वीकृत है। कुछ दिनों में कुछ खेतों से बालू उठाया जाएगा। किसानों ने इस मामले में जिलाधिकारी, एसडीएम से शिकायत की है। रास्ता बंद न होने पर किसानों ने तहसील मुख्यालय पर आंदोलन की चेतावनी दी है।


भूबरा एहतमाली क्षेत्र के खेतों में रास्ता बनाने के लिए जाती जेसीबी।

# भाजपा जिलाध्यक्ष के बेटे, सिपाही के बीच मारपीट के मामले में समझौता

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- मोबिल भरी हुई गाड़ी रोकने पर हुआ था विवाद, सिपाही को पीटने नेम प्लेट नोचने का था आरोप

**अमृत विचार :** वाणिज्य कर विभाग में तैनात सिपाही और भाजपा जिलाध्यक्ष के बेटे के बीच मारपीट के मामले में बुधवार देर शाम दोनों पक्षों में समझौता हो गया।

मंगलवार देर शाम वाणिज्य कर विभाग (जीएसटी) का सचल दल शाहबाद रोड पर चेकिंग कर रहा था। सचल दल ने भाजपा के जिलाध्यक्ष हंसराज पप्पू की मोबिल से भरी गाड़ी को पकड़ लिया था। कागजात दिखाने को लेकर पहले सचल दल के सदस्यों से जिलाध्यक्ष के बेटे आशु की कहासुनी हुई थी। आरोप है कि भाजपा जिलाध्यक्ष के बेटे ने कुछ साथियों के साथ मिलकर वाणिज्य कर कार्यालय में पहुंचकर हंगामा किया था। आरोप है कि जिलाध्यक्ष के बेटे ने सिपाही की पिटाई कर दी थी और उसकी नेम प्लेट नोच ली थी। इसके बाद राज्यकर सचल दल इकाई के सहायक आयुक्त प्रभारी मनोज कुमार मिश्र ने सिविल लाइन थाने में जिलाध्यक्ष के बेटे और 20 से 30 अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर दी थी। फ्रैंड्स कॉलोनी स्थित भाजपा के जिलाध्यक्ष के आवास पर बुधवार देर शाम दोनों पक्षों में समझौता हो गया। पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र का कहना है कि इस मामले में पटाक्षेप हो गया है। दूसरी ओर भाजपा के जिला अध्यक्ष हंसराज पप्पू ने बताया कि आपस में बैठकर दोनों पक्षों में मौखिक रूप से समझौता हो गया है। दूसरे पक्ष ने तहरीर वापस ले ली है।

## दुष्कर्म करने के दोषी को 7 वर्ष की सजा

**रामपुर, अमृत विचार:** किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने के मामले में कोर्ट ने दोषी को 7 वर्ष की सजा सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 13 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

पटवाई थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने आरोप लगाया था कि 23 जुलाई 2018 को गांव का ही रहने वाला अहमद अली उसकी बेटी को बहला फुसला कर ले गया था। जहां उसके साथ दुष्कर्म किया था। तहरीर पर पुलिस ने 3 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। बाद में पुलिस ने किशोरी को बरामद कर लिया था। जहां उसने बयानों में अहमद अली पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। इस मामले की सुनवाई एडीजे आठ की कोर्ट में हुई। विशेष लोक अभियोजक सुमित शर्मा ने बताया कि इस मामले में दोषी अहमद अली को 7 वर्ष का कारावास की सजा सुनाई गई है। शब्बन और नसरीन को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है।

# सत्यपाल ब्लॉक अध्यक्ष, सोमपाल मंत्री बने

संवाददाता, मिलक

- एससी-एसटी बेसिक टीचर्स वेलफेयर एसो. का हुआ चुनाव नए पदाधिकारियों का स्वागत

**अमृत विचार:** एससी-एसटी बेसिक टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से नगर स्थित एक पैलेस में मिलक ब्लॉक की कार्यकारिणी का चुनाव हुआ। इसमें सत्यपाल को एससी-एसटी एसोसिएशन का ब्लॉक अध्यक्ष चुना गया।

जिलाध्यक्ष राम बहादुर गौतम व पदाधिकारियों के नेतृत्व में जिला कार्यकारिणी के सदस्य, ब्लॉक मिलक के शिक्षक व शिक्षिकाएं चुनाव के लिए एकत्रित हुए। मतों के आधार पर प्रत्याशियों में विजयी शिक्षक, शिक्षिकाओं को फूलमालाएं एवं प्रमाण पत्र सौंपा। सोमपाल को संगठन मंत्री, भगवान दास, मालती देवी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, हरीश बाबू को सरंक्षक, टीकाराम को प्रवक्ता, पूनम प्रसाद, जगदीश सरन, संजीव कुमार, ज्ञानेश कुमार को उपाध्यक्ष, रमेश कुमार को कोषाध्यक्ष, लाल सिंह, पूनम को संगठन मंत्री चुना गया। प्रचार मंत्री राजाराम, पूनम को नियुक्त किया। ब्लॉक मीडिया प्रभारी अमित कुमार व प्रेमशंकर बने। लेखा जोखा के लिए कृष्णपाल को कार्यकारिणी में शामिल किया गया। इस दौरान विजय कुमार, रघुनाथ सिंह प्रभाकर, सुरेन्द्र सिंह, वीर सिंह, सुनील कुमार, रमेश पाल सिंह, प्रेमचंद, चमन सिंह गौतम, मंगलसेन, विपिन कुमार, सीमा रानी, प्रवीन कुमार, रविकांत भारती, विशाल कुमार आदि रहे।


ब्लॉक अध्यक्ष सत्यपाल का स्वागत करते शिक्षक।

**व्यापार** क्रय केंद्रों पर कम पहुंच रहे किसान, बाजार में धान का मूल्य सरकारी से अधिक

# जिले में अब तक 24 मीट्रिक टन धान की खरीद

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिले भर में 9 दिनों में बुधवार तक 24 मीट्रिक टन धान की खरीद हुई है। जबकि आढ़तों पर धान अधिक बेचा जा रहा है। क्योंकि आढ़तों पर किसानों को धान का मूल्य सरकारी मूल्य से अधिक मिल रहा है और नकद मिल जाता है। किसानों के नहीं पहुंचने से क्रय केंद्र सूने पड़े हैं। क्रय केंद्रों पर पूरे दिन किसानों का इंतजार होता रहा। वर्ष 2024-25 में धान खरीद के लिए 2.98 मीट्रिक टन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

धान खरीद के लिए जिले में 120 केंद्रों पर बुधवार को स्टाफ, बारदाना की व्यवस्था रही। लेकिन, 10 केंद्रों पर किसान धान लेकर नहीं पहुंचे। उधर, धान खरीद में घोटाला रोकने के लिए जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि पंजीकरण कराने वाले किसानों का शत-प्रतिशत सत्यापन कराया जाए।

धान खरीद में बिचौलियों का वर्चस्व खत्म करने के लिए प्रशासन ने व्यवस्था की है। धान के बोरों पर जियो टेगिंग का काम भी कराया जाएगा। इसका ऑनलाइन पंजीकरण होता रहेगा। इस वर्ष किसान जिलाधिकारी की सख्ती के चलते धान खरीद में बिचौलियों का वर्चस्व नहीं रहने की उम्मीद जता रहे हैं।


बिलासपुर मंडी में धान खरीद केंद्र पर जांच करते अधिकारी।

> जिले में 120 धान क्रय केंद्रों पर 9 दिन में 24 मीट्रिक टन धान खरीद हुई है। एक अक्टूबर को धान खरीद शुरू हो गई थी। किसान धन बेचने के लिए अपना पंजीकरण अवश्य करा लें। केंद्रों पर किसानों के लिए उचित व्यवस्थाएं हैं। **-कौशल देव,** खाद्य एवं विपणन अधिकारी

किसान राम प्रसाद मौर्या बताते हैं कि इस वर्ष पंजीकरण और उसका सत्यापन होने से गड़बड़ी होने की आशंका कम है। धान मूल्य 2300 रुपये और ग्रेड-ए का 2320 रुपये प्रति क्विंटल सरकार ने घोषित किया है। जबकि, बाजार में किसानों को धान का अधिक मूल्य मिल रहा है। बाजार में अधिक मूल्य मिलने पर किसान क्रय केंद्रों पर धान बेचने से बच रहे हैं।

# वाहन की टक्कर से महिला की मौत, पति-पुत्र घायल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** सड़क हादसे में बाइक सवार महिला की मौत हो गई। जबकि उसका पति और बच्चा घायल हो गया। अस्पताल में दोनों का उपचार कराया जा रहा है।

शहजादनगर थाना क्षेत्र निवासी मुलायम पत्नी प्रवेश और बच्चे के साथ बाइक से मंगलवार देर शाम मामा के यहां दीनपुर गांव जा रहे थे। तभी शंकरपुर गांव के पास पीछे से वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। इससे प्रवेश की मौत हो गई। जबकि मुलायम और उसका बेटा घायल हो गए। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने महिला के शव पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। बाद में पिता पुत्र भी घर चले गए। शहजादनगर प्रभारी हरेंद्र कुमार ने बताया कि हादसे में बाइक सवार महिला की मौत हो गई। जबकि पिता और पुत्र घायल हो गए थे।

### गड्ढे में घुसा ट्रक, चालक ने कूदकर बचाई जान

**मसवासी, अमृत विचार :** तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक गड्ढे में घुस गया। गनीमत रही की कोई ट्रक की चपेट में नहीं आया वरना एक बड़ा हादसा हो सकता था। ट्रक ड्राइवर ने कूद कर जान बचाई। मंगलवार रात सुल्तानपुर पट्टी की ओर से आ रहा तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक जैसे ही करीमपुर गांव में पहुंचा तभी रफ्तार तेज होने के कारण मोड पर ड्राइवर अपना नियंत्रण खो बैठा जिस दौरान ट्रक गहरे गड्ढे जाकर घुस गया। ट्रक को गड्ढे में जाता देख ड्राइवर ने कूद कर अपनी जान बचाई। ट्रक के गड्ढे में घुसने के बाद मौके पर तमाम लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। गनीमत रही की कोई ट्रक की चपेट में नहीं आया।

## सार संक्षेप

### पैरामेडिकल स्टाफ को समय से नहीं मिल रहा मानदेय

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला अस्पताल में आउटसोर्सिंग के पद पर कार्यरत पैरामेडिकल स्टॉफ को समय से मानदेय नहीं मिल रहा है। इससे उन्हें परेशानी हो रही है। जिला अस्पताल में तैनात वार्ड ब्वॉय रिजवान अली, चंद्रपाल और नवेद ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को पत्र दिया है। इसमें उन्होंने बताया कि अनमोल इंटरप्राइजेज की ओर से प्रत्येक माह का मानदेय समय से नहीं दिया जा रहा है। इससे उन पर किस्त, ईएमआई, जमा करने में बैंक प्रशासन शुल्क लगा रहा है। स्टाफ को वर्ष 2019 में रखा गया था। अभी तक न तो उनके खातों में ईपीएफ भेजा गया और न ही ईएसआई कार्ड बनवाए गए हैं। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एचके मित्रा का कहना है कि मानदेय को लेकर स्टाफ ने पत्र दिया है। मानदेय को लेकर संबंधित फर्म स्वामी को निर्देशित किया जाएगा कि स्टाफ को समय से मानदेय दिया जाए।

### बिजली घरों में टीजी टू अब करेंगे एसएसओ की ड्यूटी

**रामपुर, अमृत विचार :** जनपद के सभी बिजली घरों में तैनात टेक्निशियन ग्रेड टू के कर्मचारी अब एसएसओ की ड्यूटी करेंगे। निगम के अधिकारियों ने शहर के सभी बिजली घरों में तैनात टीजी टू को ड्यूटी के लिए कहा है। विद्युत निगम के मुख्य अभियंता आरके बंसल ने मंडल के सभी जनपदों के एसई को निर्देशित किया था कि सभी बिजली घरों में तैनात टीजी टू से एसएसओ की ड्यूटी कराई जाए। लेकिन जनपद के अधिकारी इस आदेश को दर किनार कर रहे थे। इस पर मुख्य अभियंता ने नाराजगी जताते हुए सभी जनपदों के एसई को अनुस्मारक जारी किया है। अधीक्षण अभियंता महफूज आलम ने जनपद के चारों एक्सईएन को नोटिस जारी किए हैं। इस पर एक्सईएन प्रथम इमरान खां ने शहर के 13 बिजली घरों में तैनात टीजी टू को निर्देश दिया है कि सभी बिजली घरों पर एसएसओ की ड्यूटी करें।

### पालिका अध्यक्ष ने 3 वार्डों का लिया जायजा

**रामपुर, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष सना मामून ने वार्ड नंबर 31, 32, 41 का निरीक्षण किया। सफाई कर्मियों का हाजिरी रजिस्टर देखा। उन्होंने सफाई व्यवस्था के संबंध में लोगों से बात की। उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था और बेहतर किया जाए। जिन लोगों के घर के सामने गड्ढे हैं, उन्हें भरा जाएगा। इस दौरान सैयद फैसल हसन, एजाज खान, रहमान अली अंसारी, शैजी सैफी, खान कमाल पाशा, सभासद शाहवेज अंसारी, सफाई नायक नीतीश चौहान आदि मौजूद रहे।

### पुलिस ने चौपाल लगाकर बालिकाओं को किया जागरूक

**सैदनगर, अमृत विचार :** अजीमनगर थाना क्षेत्र में महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के संबंध में महिला बीट अधिकारियों ने स्कूल एवं कॉलेज में जाकर बालिकाओं को महिला शक्ति के प्रति जागरूक किया। उप निरीक्षक अनीता के नेतृत्व में बुधवार को थाना क्षेत्र के देवरनिया शुमाली गांव में महिलाओं और छात्राओं को 'गुड-टच, और बैड-टच' की पहचान करने के साथ-साथ सुरक्षा हेल्पलाइनों की जानकारी दी गई। पुलिस टीम ने महिला हेल्प डेस्क, एंटी-रोमियो स्क्वाड, शक्ति दीदी अभियान, और आत्मरक्षा के विभिन्न उपायों की जानकारी भी दी।


पंचायत में किसानों को संबोधित करते मोहम्मद हनीफ वारसी।

### किसानों व व्यापारियों के उत्पीड़न का आरोप

**भोट, अमृत विचार :** मिलक बिचौला गांव में बुधवार को भाकियू भानु के पदाधिकारियों की पंचायत हुई। इसमें उन्होंने वाणिज्य कर विभाग की टीम पर छोटे व्यापारियों व किसानों के उत्पीड़न का आरोप लगाया। गुरुवार को अधिकारियों का घेराव करने की चेतावनी दी। पंचायत में किसानों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ वारसी ने कहा कि सरकार ने छोटे व्यापारियों व किसानों को 40 हजार रुपये तक सामान पर छूट दी है। लेकिन इसके वाणिज्य कर विभाग के अधिकारी व कर्मचारी कर ता दिखाकर उनका उत्पीड़न कर रहे हैं। विरोध करने पर अभद्रता करते हैं। गुरुवार सुबह 11 बजे मुरादाबाद टोल टैक्स प्लाजा पर अधिकारियों का घेराव किया जाएगा। पंचायत में फरहद खां, मुराद खान, आरिफ अली, शकील खान, शाहनवाज खान, शराफत खान, जमुना प्रसाद, गुफरान अली, रोशन लाल, देवी चंद, शरीफ अहमद आदि रहे।

### अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष बने आदेश

**मिलक, अमृत विचार :** लोहापट्टी भोलानाथ में बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय हिंदी परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल की बैठक हुई। इसमें राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री ईश्वरी प्रसाद ने कहा कि यह संगठन देशहित को सर्वोपरि मानकर हिंदू धर्म की रक्षा के लिए कार्य करता है। इसका उद्देश्य समृद्ध हिंदू, सुरक्षित हिंदू, सम्मान युक्त हिंदू की भावना है। देश में एक लाख गांवों में हनुमान चालीसा केंद्र बनाकर निरंतर कार्यक्रम आयोजित करने की योजना है। इस मौके नवनियुक्त जिलाध्यक्ष आदेश शंखधार ने कहा कि संगठन के निर्देशानुसार हिंदू समाज की रक्षा के लिए जिम्मेदार मिली है। इस दौरान गजराम सिंह, रामवीर सिंह, वीके शर्मा, राजेश मौर्य, बनारसी लाल मौर्य, शिव कुमार शर्मा, सतीश चन्द्र शर्मा, राकेश कुमार शर्मा, केशवदत्त शर्मा, प्रेमबहादुर, पवन कुमार, वीरपाल आदि रहे।

### नशे में धुत कार सवार युवकों ने बाइक सवार को पीटा

**मसवासी, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला भूबरा निवासी विशाल कुमार ने चौकी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मंगलवार रात वह बाजपुर से काम कर घर लौट रहा था। चाऊपुरा मोड़ पर नशे में धुत कार सवार युवकों ने बाइक रोक ली। जब इसने कार हटाने को कहा तो युवकों ने गाली गलौज कर मारपीट की। उसके बुजुर्ग पिता उसे बचाने आए तो कार सवार युवकों ने उन्हें भी मारापीटा। हंगामा देखकर लोगों ने बीच-बचाव कराया। पीड़ित विशाल ने बताया कि कार में सवार एक युवक खुद को पुलिसकर्मी बताकर रौब दिखा रहा था। चौकी प्रभारी मनोज कुमार मिश्रा ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### किसान की शिकायत पर आढ़ती का लाइसेंस निरस्त

**मिलक, अमृत विचार :** धान खरीद के दौरान किसान से कटौती करने की शिकायत पर एसडीएम राजेश कुमार ने आढ़ती का लाइसेंस का निरस्त कर दिया। क्षेत्र के किसान टीटू पांडेय ने एसडीएम से शिकायत की थी कि मिलक की कृषि मंडी में अमन एंटरप्राइजेज पर धान की नमी दिखाकर आढ़ती दो प्रतिशत की कटौती कर रहा है। एसडीएम ने किसान की शिकायत पर आढ़ती को नोटिस जारी कर दिया। लेकिन आढ़ती अपनी मनमानी पर उतारू रहा। बुधवार को पुन: निरीक्षण के दौरान किसानों की शिकायत की पुनरावृत्ति हुई तो एसडीएम ने आढ़ती का लाइसेंस निरस्त कर दिया।

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**मिलक, अमृत विचार :** नाबालिग के साथ छेड़खानी और दुष्कर्म के आरोप में फरार चल रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला के द्वारा कोतवाली में सोमवार को मुकदमा पंजीकृत कराया था। पुलिस को दी तहरीर में महिला ने आरोप लगाया था कि ज्योहरा का मझरा काशीपुरा निवासी राजेंद्र ने डेढ़ माह पूर्व उसकी नाबालिग नातिन के साथ दुष्कर्म किया। युवक उसकी नातिन को पकड़कर छेड़खानी करता था। पुलिस ने महिला की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ पॉस्को एक्ट सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया था। पुलिस ने बुधवार को आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### कार्यक्रम अधिकारी ने देखा फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट

**रामपुर, अमृत विचार :** नई दिल्ली सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट (सीएसई) के कार्यक्रम अधिकारी हर्ष यादव ने नगर पालिका परिषद का दौरा किया। प्रदेश सरकार के अमृत 2.0 (अटल मिशन फॉर रीजूवनेशन एंड अर्बन ट्रांसफॉर्मेशन) विभाग द्वारा आयोजित एक ऑनलाइन समीक्षा की। ईओ दुर्गेश्वर त्रिपाठी ने क्षेत्र में किए गए प्रयासों के बारे में जानकारी दी। इसके बाद वह जूनियर इंजीनियर मूलचंद के साथ फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट पहुंचे। शहर में सुधार के लिए आवश्यक सुझाव दिए गए।

### समिति के विस्तार पर ध्यान दें जिला सचिवः गिरीश

**बिलासपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति के प्रांतीय सचिव गिरीश कुमार पाठक ने जनपद में समिति के विस्तार पर चर्चा की। बुधवार दोपहर प्रांतीय सचिव मोहल्ला बाजार कलां स्थित राजेश शर्मा उर्फ काले के आवास पर पहुंचे और उन्होंने समिति से जुड़े व्यक्तियों के साथ बैठक की। इससे पहले समिति के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। जिला सचिव गजाली खां ने कहा कि समिति के विस्तार पर जोर दिया जाएगा। बैठक में आकाश शर्मा, राजपाल लोधी, रजा अली खां, हमजा अली खां आदि रहे।

## एक नजर

### ग्रामीण पर हमला करने के आरोपियों पर रिपोर्ट

**भोट, अमृत विचार :** रास्ते में घेरकर ग्रामीण को धारदार हथियार से हमला कर घायल करने के आरोप में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। मिलक मिर्जा गांव निवासी अशफाक अहमद ने पुलिस को बताया क मंगलवार को उसका भाई नवाब हुसैन ढक्का हाजीनगर से दूध लेकर आ रहा था। रास्ते में गांव निवासी मोहम्मद अहमद, तसलीम, शफी अहमद व नाहिद ने घेर लिया और धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में उसके भाई, भतीजा फैजान गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को गंभीर अवस्था में जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### ब्लॉक अध्यक्ष बने आकाश

**रामपुर, अमृत विचार :** जन शक्ति दल के प्रदेशाध्यक्ष शिव शंकर लोधी ने आकाश कुमार को ब्लॉक अध्यक्ष युवा मोर्चा ब्लाक स्वार, राजवती को ब्लाक उपाध्यक्ष महिला मोर्चा, प्रियंका को ब्लॉकाध्यक्ष, परम ज्योति को तहसील अध्यक्ष बनाया गया है।

### नवरात्र में माता का पाठ कर अपने अपराधों की मांग रहे माफी, प्रशासन ने कराई व्यवस्था

# जेल में बंद 153 पुरुष, 9 महिलाएं रख रहीं उपवास

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शारदीय नवरात्र में लोग दुर्गा माता के 9 स्वरूपों की आराधना कर रहे हैं। मंदिरों में सुबह-शाम माता की पूजा-अर्चना करने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। इस क्रम में जिला कारागार में भी भक्ति और आस्था का माहौल है। जेल में बंद महिला और पुरुष 9 दिन का उपवास रखकर अपने गुनाहों की माफी मांग रहे हैं। प्रशासन उपवास रखने वालों के लिए खाने पीने के सामान की व्यवस्थाएं कर रहा है। सुबह-शाम माता रानी के भजन कीर्तन किए जा रहे हैं। जेल में 153 पुरुष और 9 महिला बंदी उपवास रख रही हैं।

9 दिनों तक माता के अलग-अलग स्वरुपों की पूजा अर्चना की जाती है। मंदिर व घरों में माता की चौकियां सजाकर कलश स्थापना की गई है। जहां रोजाना माता की पूजा अर्चना की जाती है। इस समय जिला कारागार में भी माहौल भक्तिमय है। यहां इस समय करीब 907 लोग बंदी हैं। इनमें से 162 इस समय पूजा पाठ कर रहे हैं। डिप्टी जेलर विनय प्रताप सिंह ने बताया कि 162 महिलाएं और पुरुष बंदी नवरात्र में उपवास रख रहे हैं। इसमें 9 महिलाएं और 153 पुरुष शामिल हैं। ये लोग अपराधों की क्षमा मांग रहे हैं। जिला कारागार में बने मंदिर में सुबह शाम माता की आरती की जा रही है।

#### उपवास खोलने के लिए मिल रहा दूध, पकौड़ी

जेल प्रशासन उपवास रखने वालों के लिए पूजा सामग्री से लेकर उनके व्रत खोलने तक का सामान उपलब्ध करा रहा है। शाम को उपवास रखने वाले बंदियों को प्रशासन की ओर से केले, आलू, चीनी, दूध, कुट्टू के आटे की पकौड़ी भी दी जा रही है। शाम को सभी उपवास रखने वाले बंदी मंदिर में जाकर माता की आरती करते हैं। इसके बाद उपवास खोलते हैं।

#### भक्तों ने सातवें दिन की मां कालरात्रि की पूजा अर्चना

**रामपुर, अमृत विचार :** शारदीय नवरात्र के सातवें दिन भक्तों ने उपवास रखकर माता कालरात्रि की पूजा की। यज्ञ, दुर्गा चालीसा और दुर्गा सप्तशती का पाठ किया। दोपहर बाद महिलाओं ने मंदिरों में माता के भजन-कीर्तन किए। पंडित संदीप कौशिक ने बताया कि देवी भगवती का सातवां स्वरूप अनंत है। काल को जीतने वाली मां काली देवियों की केंद्रीय सत्ता हैं। माता ने चंड-मुंड, रक्तबीज समेत कई असुरों का नाश किया। मां कालरात्रि रुद्राणी बनकर भक्तों का कल्याण करने वाली देवी है।

#### महिलाओं ने गाए माता के छंद

**बिलासपुर, अमृत विचार :** शारदीय नवरात्र के सातवें दिन क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं ने माता कालरात्रि की आराधना की। श्रशाम को महिलाओं ने मंदिरों में माता के भजन और छंद गाए। बुधवार को श्रद्धालुओं ने माता कालरात्रि का गुणगान किया। इससे पहले माता का श्रृंगार किया गया। नगर के मोहल्ला डाम कॉलोनी स्थित मां दुर्गा पंचायती राज भवानी मंदिर, माता महाकाली मंदिर, श्री सनातन धर्म मंदिर, श्री पीतांबरा देवी मंदिर, मुहल्ला कायस्थान स्थित मढ़ी वाला मंदिर, माता मनोरमा मंदिर, श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, रामपुर रोड पर शिव मंदिर समेत अन्य मंदिरों में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की। मां दुर्गा पंचायती राज भवानी मंदिर के पुजारी सरोज मिश्रा ने दुर्गा सप्तशती का पाठ किया।

### डायट में शिक्षकों को दिया गणित का प्रशिक्षण

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में तीन दिवसीय गणित किट प्रशिक्षण का द्वितीय व तृतीय बैच संपन्न हो गया।

डायट की प्राचार्य नीलम रानी टम्टा ने शिक्षकों को और बेहतर करने के लिए प्रोत्साहित किया। सेवारत प्रशिक्षण प्रभारी शावेज लतीफ ने बताया कि मिलक, चमरौआ व बिलासपुर विकासखंड के यूपीएस के शिक्षकों को गणित किट का प्रशिक्षण दिया गया है। मास्टर ट्रेनर सचिन गौतम ने प्रशिक्षण दिया। सहायक अध्यापिका आलिया बी, विनोद कुमार, प्रणव कुमार और शिवानी मलिक ने सहयोग किया। वरिष्ठ प्रवक्ता अशोक कुमार ने शिक्षकों को जानकारी दी। प्रशिक्षण प्रभारी प्रवक्ता लता गंगवार ने सभी व्यवस्थाओं को पूर्ण किया। प्रशिक्षण व्यवस्था में मोहम्मद दानिश का सहयोग रहा।

# जिले में टीबी के 211 नए रोगी, सक्रिय मरीज 5239

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** एक्टिव केस फाइडिंग (एसीएफ) अभियान के तहत जनपद में टीबी के 211 नए रोगी मिले हैं। इनका इलाज किया जा रहा है। जिले में सक्रिय रोगियों की संख्या 5239 है।

9 से 20 सितंबर तक एक्टिव केस फाइडिंग अभियान संचालित किया गया। इसमें जनपद की आबादी के हिसाब से 5,84,000 लोगों की स्क्रीनिंग करने का लक्ष्य रखा गया था। 24 सुपरवाइजरों के साथ 143 टीमों ने घर-घर जाकर रोगियों की स्क्रीनिंग की। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जनपद में सुपरवाइजर और टीमों ने 9081 लोगों के बलगम के नमून लिए। इसमें टीबी के 211 नए रोगी मिले हैं। अब सक्रिय मरीजों की संख्या 5239 हो गई है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. सत्य प्रकाश ने बताया कि अगर किसी को दो सप्ताह से अधिक खांसी, अधिक बुखार, बलगम में खून, भूख न लगना, वजन कम होना, रात में पसीना आए तो स्वास्थ्य केंद्र में जांच अवश्य कराएं।

> जिले में एसीएफ अभियान के तहत 5 लाख 84 हजार लोगों की स्क्रीनिंग कराई गई है। इसके लिए 9 से 20 सितंबर तक अभियान चलाया गया। घर-घर जाकर लोगों के बलगम के नमून लिए गए। इसमें 211 नए रोगियों की पुष्टि हुई है। उनका इलजा निशुल्क कराया जा रहा है।
> –डॉ. एसपी सिंह
> मुख्य चिकित्सा अधिकारी

उधर, विकास खंड स्वार, बिलासपुर की 9 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त हो गई हैं। स्वार के गांव हरनगला, छतरपुर, बूढ़ी दढ़ियाल, पैगम्बरपुर, चक गजरौला, धर्मपुरा पश्चिम, गजरौला, टोडीपुरा, खेड़ा गजरौला और विकास खंड बिलासपुर की ग्राम पंचायत अलीपुर ठेका टीबी मुक्त है।

# लंका दहन और विभीषण शरणागति का हुआ मंचन

## कोसी मार्ग स्थित रामलीला मैदान पर सीता की खोज का भी किया गया मंचन, भाव विभोर हुए दर्शक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** कोसी मार्ग स्थित रामलीला मैदान पर चल रहे मंचन के दौरान बुधवार रात सीता की खोज में वीर हनुमान समुद्र को लांघ कर लंका की अशोक वाटिका पहुंचे। सीता को प्रभु राम की मुद्रिका दिखाई और एक अबोध बालक की भांति मां से फल खाने की इच्छा की। मां की आज्ञा मिलते ही हनुमान ने वाटिका को तहस-नहस कर दिया।

यह देख रावण का छोटा पुत्र अक्षय कुमार, हनुमान को पकड़ने आया और मारा गया। फिर मेघनाद, हनुमान जी को शक्तिपाश में बांधकर दरबार ले गया। यहां अहंकारी रावण उनकी पूंछ में आग लगाने का आदेश देता है। हनुमान जी जलती हुई पूंछ से लंका में आग लगा देते हैं। रामलीला मंचन का यह दृश्य देख दर्शक खुशी से तालियां बजाने लगे। रामलीला का आरंभ लक्ष्मी नारायण गुप्ता, एसके गुप्ता और शलभराज गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। रामलीला मंडल मथुरा के कलाकारों ने सीता जी की खोज, लंका दहन और विभीषण शरणागति का मंचन किया। इस दौरान कमेटी अध्यक्ष विष्णु शरण अग्रवाल, महामंत्री वीरेंद्र गर्ग, सुनील कुमार गोयल सोनी ताऊ, सुभाष चन्द्र अग्रवाल ठेकेदार, गौरव जैन, वेद प्रकाश वर्मा, निर्भय कुमार गर्ग, कमलेश कुमार श्रीराम अग्रवाल, डॉ. सुमित कुमार गोयल आदि मौजूद रहे।



रामलीला मंच पर सीता का हरण का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

### सीता हरण, गिद्धराज और शबरी कथा का मंचन देख लोग मंत्रमुग्ध

**बिलासपुर, अमृत विचार :** नगर में दो स्थानों पर हो रही रामलीला में बाहर से आए कलाकारों द्वारा सीता हरण आदि लीलाओं का सुंदर मंचन किया गया। नगर के मोहल्ला सोमवार की बाजार स्थित श्री रामलीला कमेटी के तत्वावधान में कलाकारों ने सूर्पनखा, नासिका भंग, खरदूषण वध, सूर्पनखा द्वारा रावण से फरियाद, मारीच प्रसंग, सीता हरण, राम-विलाप, जटायू मोक्ष, शबरी पर कृपा आदि लीलाओं का सुंदर मंचन किया। दूसरी ओर, उपजिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय, नायब तहसीलदार राजेश कुमार, नायब तहसीलदार मानवेंद्र सिंह और पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल ने आरती की। इस अवसर पर कमेटी के अध्यक्ष रवि गोयल, महामंत्री दुष्यंत अग्रवाल, संरक्षक धन्नूमल बंसल, सतपाल जिंदल, जोगपाल सिंह, तिलकराज जैन, विनोद जैन, अनिल मदान, वीरेंद्र अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, विनय शर्मा आदि मौजूद रहे। संचालन विनोद कुमार मिश्रा ने किया। दूसरी ओर नगर के मोहल्ला साहूकारा स्थित श्री सनातन रामलीला परिषद के तत्वावधान में कलाकारों ने सीता हरण, गिद्धराज कथा, शबरी कथा आदि लीलाओं का मंचन किया गया। इस मौके पर कमेटी के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, रामाधार अग्रवाल, ज्ञानेश कुमार एडवोकेट, डा. दिनेश चंद्रा, कमल अग्रवाल, प्रवेश अग्रवाल, सपन अग्रवाल, विशाल अग्रवाल आदि मौजूद रहे। संचालन गिरिराज किशोर अग्रवाल ने किया।

### स्कूल में छात्र-छात्राओं ने किया रामलीला का मंचन

**बिलासपुर, अमृत विचार :** आरएएन पब्लिक स्कूल में कक्षा पांच के छात्र-छात्राओं द्वारा रामलीला का मंचन किया गया। बुधवार को विद्यालय परिसर में विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा रामलीला का मंचन किया। सर्वप्रथम गणेश वंदना के बाद श्रीराम जन्म, विश्ववामित्र द्वारा शिक्षा, ताड़का वध, सीता स्वयंवर, मंथरा वचन, वन-गमन, केवट-संवाद, सीता-हरण, बाली-सुग्रीव युद्ध, जटायु प्रकरण, लंका-दहन, लक्ष्मण-शक्ति, संजीवनी-बूटी, मंदोदरी संवाद और रावण वध आदि लीला का मंचन किया। ताड़का वध, लंका-दहन व शबरी जैसे दृश्यो ने सभी अभिभावकों और अतिथियों का मनमोह लिया। इससे पहले कार्यक्रम की मुख्य अतिथि निवेदिता मित्तल, विद्यालय के चेयरमैन पूर्व विंग कमांडर एचके राय, प्रबंधक मोहित राय, प्रबंधिका निधि राय, प्रधानाचार्य ममता बिष्ट एवं मुख्यध्यापिका मेघना गुप्ता ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

## सार संक्षेप



टेंट बनाते छात्र-छात्राएं।

### युवराज, राधिका को मिला बेस्ट स्काउट-गाइड का खिताब

**रामपुर, अमृत विचार :** स्काउट गाइड का बेस्ट खिताब युवराज और राधिका को मिला। आखिरी दिन स्काउट में पेरीविंकल टीम प्रथम, लिली द्वितीय और सन फ्लॉवर टीम तृतीय स्थान पर रही। गाइड में वुलफ्स प्रथम, ब्लैक पैंथर द्वितीय स्थान पर रहे। व्हाइट हॉल पब्लिक स्कूल में चल रहे तीन दिवसीय स्काउट एंड गाइड शिविर का समापन बुधवार को हुआ। प्रधानाचार्य डॉ. बसंत गुप्ता ने शिविर का आरंभ किया। इसमें छात्र-छात्राओं को प्राथमिक उपचार, अनुशासन, देश भक्ति की भावना, समाज सेवा, स्काउट एवं गाइड के कर्तव्यों के बारे में बताया। आपातकालीन परिस्थितियों का सामना करना, लोगों की सहायता करना, जंगल में फंसने पर स्वयं को सुरक्षित किया जाए। टेंट लगाना, बिना आग के भोजन पकाने के लिए प्रशिक्षित किया। इस दौरान प्रेम पाल, नरवंत कौर, स्पोर्ट्स शिक्षक अजीत सिंह, सचिन, जुहेब अहमद, सत्येंद्र कुमार, विजय कुमार, सुखविंदर सिंहस हेड काउंसलर डॉ. श्रेया गुप्ता आदि रहे।




रक्तदान करते राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी सुनील यादव।

### कबड्डी खिलाड़ी की स्मृति में लगाया रक्तदान शिविर

**रामपुर, अमृत विचार :** कबड्डी खिलाड़ी स्वदेश यादव की स्मृति में उनके परिवार की ओर से वर्धमान ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर लगवाया गया। खंड विकास अधिकारी निहारिका जैन, राष्ट्रीय युवा क्रांति मोर्चा के अध्यक्ष नलिन सिंह ने पुष्पांजलि देकर आरंभ किया। रक्तदान करके कबड्डी खिलाड़ी के विचारों को जागरूक रखने का संदेश दिया। रक्तदान करने वालों में राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी सुनील यादव, शुभम कटारिया, राशि, जगदीश शर्मा, निशांत गुप्ता, कृष्ण पाल, पुष्पेन्द्र यादव, केवल राम, सौरभ यादव, हर्ष रस्तोगी, गौरव सैनी, सुनील राजपूत, राजकुमार यादव रहे।

### महिलाओं को अधिकारों के प्रति किया जागरूक

**रामपुर, अमृत विचार :** बिलासपुर क्षेत्र के गांव गजरौला में महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया गया। थाना प्रभारी निशा खटाना व उनकी टीम ने महिलाओं से हिंसा व शोषण के खिलाफ आवाज उठाने की बात कही। महिलाओं को उनके अधिकारों की जानकारी दी। कविता सिंह, महक आजमी ने चाइल्ड लाइन की कार्यप्रणाली बताई।

### नगर में मां की ज्योति की निकलेगी यात्रा

**बिलासपुर, अमृत विचार :** पंचायती दुर्गा भवानी मंदिर के महंत रविराज स्वरूप भटनागर ने कहा कि शुक्रवार को महानवमी पर नगर में मां की ज्योति की यात्रा निकाली जाएगी। मोहल्ला डाम कालोनी स्थित पंचायती दुर्गा भवानी मंदिर के महंत ने जानकारी दी।

### राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपकर समस्याएं बताईं

**मिलक, अमृत विचार :** राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा का नगर पालिका मिलक में आगमन पर बुधवार को भारतीय पटेल महासभा के प्रतिनिधि मंडल ने स्वागत किया। पिछड़ा वर्ग से जुड़ी समस्याओं के संबंध में ज्ञापन सौंपा। बताया कि 68500 शिक्षक भर्ती में चयन प्रक्रिया व सीटों के बंटवारे को लेकर अव्यवस्था रही है। जिला आवंटन एवं वरिष्ठता का निर्धारण अभी तक नहीं हो पाया है। शिक्षक भर्ती में संविधान के अनुसार, लागू आरक्षण व्यवस्था के तहत भर्ती नहीं हुई है। इससे पिछड़े वर्ग के 18000 बेरोजगार आवेदकों का चयन नहीं हो पाया है। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष अनुपम कुमार पटेल, नंदन प्रसाद पटेल, दिगपाल गंगवार, चूरामणि, भानु प्रताप, अरविंद, नगर पालिका अध्यक्ष दीक्षा गंगवार, ब्लॉक प्रमुख अर्चना गंगवार, भागीरथ गंगवार, टेकचंद गंगवार आदि रहे।



अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपते पदाधिकारी।



सीओ को ज्ञापन सौंपते डेमोक्रेटिक पार्टी के पदाधिकारी।

# नरसिंहानंद के खिलाफ कार्रवाई की मांग, ज्ञापन

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार:** पैगंबर मोहम्मद साहब पर महंत यति नरसिंहानंद की टिप्पणी के विरोध में माइनोरिटीज डेमोक्रेटिक पार्टी के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा। आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

प्रदेश अध्यक्ष अरशद वारसी के नेतृत्व में बुधवार को माइनोरिटीज डेमोक्रेटिक पार्टी के कार्यकर्ता नगर के मोहल्ला काशीपुर में एकत्र हुए। इसकी सूचना के बाद एसडीएम अमन देओल, सीओ अतुल कुमार पांडे व कोतवाल संदीप त्यागी मौके पर पहुंचे। मुस्लिम समाज के लोगों ने एसडीएम, सीओ को ज्ञापन सौंपा। इसमें बताया कि महंत यति नरसिंहानंद ने पैगंबर ए इस्लाम की शान में गुस्ताखी की है। इससे मुस्लिम समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। इस दौरान अयान अजहरी, मौलाना तौकीर रजा, जाहिद अली, मोहम्मद जरीफ, राशिद वारसी आदि मौजूद रहे।

**पुण्यतिथि** बसपा और जाटव महासभा के पदाधिकारियों ने कांशीराम को किया याद

# समाज सुधारक थे कांशीराम : प्रमोद

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** बसपा के जिलाध्यक्ष प्रमोद सागर निरंकारी ने कहा कि कांशीराम को बहुजन नायक के नाम से जाना जाता है। वह एक भारतीय राजनीतिक और समाज सुधारक थे। उन्होंने पिछड़ों, छोटी जाति के लोगों के उत्थान और राजनीतिक लामबंदी के लिए काम किया।

बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम की पुण्यतिथि बुधवार को बसपा कार्यालय बाबा दीप सिंह नगर में मनाई गई। यहां जिलाध्यक्ष ने कहा कि कांशीराम का जीवन त्याग और निष्ठा का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने सामाजिक परिवर्तन और आर्थिक मुक्ति को अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित किया। उनके विचारों को पुनर्जीवित कर अपने मिशन को भौगोलिक और सामाजिक विस्तार देने की योजना बनाई। इस दौरान ओंकार सिंह, ज्ञान प्रकाश बौद्ध, यूनुस अली, शाकिर रजा, महेंद्र सिंह सागर, हबीबुर रहमान, राजेश प्रकाश सैनी, रमेश श्रीवास्तव आदि रहे।

उधर, अखिल भारतीय जाटव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष महेश कुमार सागर ने कहा कि कांशीराम ने डॉ. भीमराव आंबेडकर के सपने को साकार करने के लिए अपना घर, परिवार त्याग कर दिया। पुराना गंज स्थित आवास पर कांशीराम श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान दिनेश कुमार सागर, मीना सिंह, विजय सागर, दिनेश कुमार, बबली, नरेश कुमार, शिवम सागर, चौधरी सुशील सागर, विनय सागर, आनंद सागर, गुच्छन सागर, अमित सिंह मौजूद रहे। उधर, मोहल्ला लक्ष्मी नगर स्थित शिविर कार्यालय में बुधवार को भीम आर्मी जय भीम संगठन के पदाधिकारियों ने कांशीराम की पुण्यतिथि पर विचार गोष्ठी आयोजित की। इसमें जिलाध्यक्ष राजेश खन्ना ने कहा कि कांशीराम ने गरीबों, दलितों, शोषण, वंचितों की तरक्की के लिए काम किया। इस दौरान राजेश खन्ना, प्रिय गौतम, दिनेश बाबू, सुरेश कुमार, सत्यपाल सिंह रहे।



पुण्यतिथि मनाते जाटव महासभा के दाधिकारी।


## कार्यालय– उप जिलाधिकारी, मुरादाबाद

संख्या :–रा0का0–मत्स्य पट्टा आवंटन /2024–25 दिनांक :

उ0प्र0 राजस्व संहिता नियमावली 2016 की धारा 61 नियम 57 के तहत 0.5 एकड़ से अधिक तथा 5 एकड़ से कम के तहसील मुरादाबाद के ग्रामों में उपलब्ध तालाब (सूची संलग्न) की नीलामी संलग्न सूची में अंकित तिथियों में तहसील मुख्यालय मुरादाबाद के सभाकक्ष में प्रातः 11.00 बजे से सांय 4.00 बजे तक विशेष शिविर के माध्यम से किया जायेगा। नीलामी में बोली बोलने की पात्रता व शर्त उ0प्र0 राजस्व संहिता नियमावली 2016 के नियम 57 (5) के अनुसार निम्नवत है–

(क) सम्बन्धित ग्राम पंचायत में निवास करने वाला करने वाला मछुआ समुदाय का व्यक्ति।

(ख)– ग्राम पंचायत में निवास करने वाला गरीबी रेखा से नीचे का अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछडा वर्ग अथवा सामान्य श्रेणी का व्यक्ति।

(ग)–सम्बन्धित न्याय पंचायत क्षेत्र में निवास करने वाला करने वाला महुआ समुदाय का व्यक्ति।

(घ)– सम्बन्धित विकास खण्ड में निवास करने वाला करने वाला महुआ समुदाय का व्यक्ति।

मछुआ समुदाय के व्यक्ति का अर्थ होगा केवट, मल्लाह, निषाद, बिन्द, धीमर, कश्यप, बाथम, रैकवार, माझी, गोडिया, कहार, तुरैहा अथवा समुदाय से सम्बन्धित ऐसा व्यक्ति जो परम्परागत रूप से मत्स्य पालन व्यवसाय में लगा हो।

प्रत्येक तालाब का आवंटन दस वर्ष की अवधि के लिए होगा, तथा उसका आगे न तो नवीनीकरण किया जायेगा और न ही उसकी समयावधि बढ़ाई जायेगी।

यदि आवंटन की अवधि में आवंटी, आवंटन की शर्तो का उल्लंघन करता है तो उप जिलाधिकारी आवंटी को कारण बताओ नोटिस जारी करके आवंटन निरस्त कर सकेगा।

आवंटन की अवधि के दौरान स्थानीय निवासियों के उस तालाब में कपड़े धोने, जानवरों को पानी पिलाने, मिट्टी के बर्तन बनाने के प्रयोजनार्थ मिट्टी निकालने या इस प्रकार के अधिकार बाधित नहीं रहेंगें।

नीलामी से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु तहसीलदार मुरादाबाद के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क कर सकते है, तथा राजस्व परिषद की बेबसाइड www.bor.up.nic.in से डाउनलोड कर सकते है।

**नीलाम अधिकारी श्री रामवीर सिंह**

**नीलामी की शर्ते**–1–नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति को धरोहर राशि के रूप में 2000 (दो हजार रु0) जमा कर नीलामी में भाग लेना होगा। 2. अधिकतम बोली लगाने वाले की धरोहर राशि समायोजित करते हुए बाकि बोली दाताओं की धनराशि वापस कर दी जायेगी। 3. अधिकतम बोलीदाता को नीलाम धनराशि का एक चौथाई भाग तुरन्त जमा करना होगा तथा शेष धनराशि 15 दिन के अन्दर जमा करना होगा। 4. नीलामी स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार उप जिलाधिकारी मुरादाबाद को होगा। सूची में अंकित निर्धारित तिथि पर नीलामी नहीं हो पाती है तो अगली तिथि उसी दिन नीलाम अधिकारी द्वारा तय कर दी जायेगी। उक्त पट्टा नीलामी से सम्बन्धित जानकारी किसी भी कार्य दिवस में रजिस्ट्रार कानूनगो अनिल कुमार सक्सेना मो0 नं0 9412512066 से प्राप्त की जा सकती है।

तहसीलदार मुरादाबाद। उप जिलाधिकारी मुरादाबाद।

वित्तीय वर्ष 24–25 में मत्स्य पालन आवंटन हेतु प्रस्तावित तालाब

तहसील मुरादाबाद।

| क0सं0 | राजस्व ग्राम का नाम | गाटा सं0 | क्षेत्रफल है0 में | आरक्षित बोली प्रति है0/वर्ष की दर से | जमानत धनराशि रू0 में | नीलामी तिथि | नीलाम अधिकारी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भानपुर गजरौला | 297 | 0.291 | रूपये 5000/– प्रति हैक्0 प्रतिवर्ष | 2000/– | 19.10. 2024 | तहसील दार मुरादाबाद। |
| 2. | हाशमपुर गोपाल | 221 | 0.352 | | | | |
| 3. | नरखेडा | 172 | 0.668 | | | | |
| 4. | मूण्ढापाण्डे | 332 | 0.328 | | | | |
| 5. | सिरसखेडा | 868 | 0.324 | | | | |
| 6. | सिरसखेडा | 95 | 0.769 | | | | |
| 7. | गोट | 234 | 0.401 | | | | |
| 8. | मेंदनीपुर | 80क<br>80ग<br>2 | 0.210<br>0.199<br>0.409 | | | | |
| 9. | अटरिया | 246 | 0.667 | | | | |
| 10. | रजौडा क न्नर देव | 322क | 1.623 | | | | |
| 11. | मातीपुर उर्फ मैनी | 409 | 0.316 | | | | |
| 12. | मातीपुर उर्फ मैनी | 126 | 0.514 | | | | |
| 13. | बिलावाला मु0 | 336 | 0.364 | | | | |
| 14. | बिलावाला मु0 | 159 | 0.660 | | | | |
| 15. | समाथल | 451 | 0.967 | | | | |
| 16. | कुकर झुन्डी | 37 | 0.807 | | | | |
| 17. | पांडली बाजे | 281मि | 0.510 | | | | |
| 18. | खाई खेडा | 424 | 0.295 | | | | |
| 19. | खाई खेडा | 429 | 0.356 | | | | |
| 20. | खाई खेडा | 236 | 0.522 | | | | |
| 21. | खाई खेडा | 1121ड | 0.732 | | | | |
| 22. | ताजपुर माफी | 704 | 0.236 | | | | |
| 23. | सिहाली मु0 | 276 | 0.296 | | | | |
| 24. | मछरिया | 643 | 0.340 | | | | |
| 25. | समदा चतुर्भुज | 99 | 1.542 | | | | |
| 26. | दौलरा | 128 | 0.300 | | | | |
| 27. | गुलडिया | 156ख | 1.886 | | | | |
| 28. | मूंढापाण्डे | 80 | 0.599 | | | | |
| 29. | मूंढापाण्डे | 89 | 1.433 | | | | |
| 30. | मूंढापाण्डे | 332 | 0.328 | | | | |
| 31. | सैजना | 75 | 0.934 | | | | |

UP-220523, DATE-08-10-2024
**विज्ञापन वेबसाइट** www.up.gov.in **पर उपलब्ध है।**

उप जिलाधिकारी
मुरादाबाद।

पुस्तकस्था तु या विद्या, परहस्तगतं च धनम्।
कार्यकाले समुत्पन्ने न सा विद्या न तद् धनम्॥

पुस्तक में रखी विद्या और दूसरे के हाथ में गया धन, ये दोनों ही समय आने पर किसी भी काम नहीं आया करते।

## संपादकीय

# अप्रत्याशित नतीजे

हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के नतीजे तमाम विश्लेषणों और सर्वेक्षणों के उलट साबित हुए। चुनाव बाद हुए सभी सर्वेक्षण हरियाणा में कांग्रेस की शानदार विजय और भाजपा की बुरी हार घोषित कर चुके थे। अब हर कोई चुनाव परिणामों से हैरान है। जम्मू-कश्मीर में त्रिशंकु विधानसभा का अनुमान लगाया जा रहा था, मगर वहां भी नतीजे सर्वेक्षण के विपरीत आए। जम्मू-कश्मीर में जनता ने जहां अलगाववादी ताकतों के हिमायती दलों को नकार दिया है, वहीं विकासवादी व शांति के हिमायती दलों को मौका दिया है। संविधान के अनुच्छेद-370 के अधिकांश प्रावधान के हटने के बाद यह पहला विधानसभा चुनाव था। चुनावी विश्लेषक यह उम्मीद कर रहे थे कि भाजपा को अच्छी बढ़त मिलेगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस ने मिलकर बहुमत से अधिक सीटें हासिल की हैं। हरियाणा चुनाव में जाट और गैर-जाट का मुद्दा निर्णायक साबित हुआ। जाट कांग्रेस की तरफ केंद्रित हो गए थे। यद्यपि कांग्रेस ने गैर-जाट को अपनी तरफ करने की भरपूर कोशिश की, पर उसमें कामयाब नहीं हो सकी। इस बार आम आदमी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी आदि दलों ने भी अपने उम्मीदवार मैदान में उतारे थे, लेकिन ये दल चार फीसद से अधिक वोट हासिल नहीं कर सके। भाजपा के प्रतिबद्ध मतदाता इधर से उधर नहीं हुए। छोटे दलों ने जो वोट अपने पाले में खींचे, वे अगर मिल जाते, तो कांग्रेस को बहुमत मिल सकता था, मगर भाजपा ने चुनाव से कुछ समय पहले मुख्यमंत्री बदलकर और गैर-जाट वोट को आकर्षित कर शानदार विजय सुनिश्चित कर ली।

हरियाणा ने अपनी स्थापना के 58 साल में पहली बार इतिहास रचा, जिसमें किसी पार्टी को लगातार तीसरी बार जनादेश मिला। यहां भाजपा ने सत्ता की हैट्रिक लगाकर एंटी इन्कम्बेंसी के फैक्टर को धराशायी किया ही साथ ही लगातार तीन बार सत्ता हासिल करने वाली पहली पार्टी बन गई है। भाजपा ने एक बार फिर नायब सैनी जैसे नए चेहरे के साथ दांव खेला और बेहतर परिणाम मिला। भाजपा हमेशा की तरह एकजुट होकर लड़ी और उसे संघ का पूरा साथ मिला। भाजपा की यह जीत उसके दस वर्ष के कामकाज की भी विजय है। जनता ने एक बार फिर भरोसा जताकर भाजपा की हरियाणा के प्रति जिम्मेदारी को बढ़ा दिया है। दोनों चुनावों में लोकतंत्र ने अपनी ताकत दिखाई है। हालांकि दोनों राज्यों में सरकारों के सामने चुनौतियां कठिन हैं। हरियाणा में भाजपा के लिए विश्वास जीतने की चुनौती है तो कश्मीर में केंद्र के साथ तालमेल बनाए रखने की।

# संविधान एक अंतहीन बहस और लचीला हथियार



कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

संविधान स्थितप्रज्ञ बुजुर्ग वांछनीयता में मुस्करा रहा है। यही हो रहा है। कहा जा रहा है देश में 'वन नेशन वन इलेक्शन' होगा। सभी निर्वाचित संस्थाओं संसद, विधानसभाओं और हो सके तो पंचायत और नगरीय संस्थाओं के चुनाव भी एकसाथ करा लिए जाएं।

वर्तमान में संविधान की पोथी राजनीतिक कशमकश के कारण हर नागरिक के हाथ में हथियार बनाकर पकड़ाए जाने का सियासी शगल चल रहा है। ज्यादातर नेताओं, सांसदों, विधायकों को संविधान की अंतर्धारा की बारीकियों की सही जानकारी नहीं होती। संविधान उनके लिए झुनझुना है जिसे बजाकर मतदाताओं को बाल बुद्धि का समझकर बहाला, फुसला उन्हें भूख से तड़पने के बदले चुप कराया जा सके। ज्ञान की धमनभट्ठी से संविधान निर्माताओं ने हड्डियां गलाकर रोशनी का पुंज संविधान पैदा किया, जो भारत के भविष्य को अज्ञात समय तक आलोकित कर सकता है। संविधान ही नहीं, पूरा भारत जिन कंधों पर टिका है, वह गांधी के शब्दों में आखिरी छोर पर खड़ा आदमी जीता जागता भारत है। पेड़, पत्ते, पहाड़, नदियां, खदानें, जंगल, पूरा आसमान, बल्कि पूरी कायनात संविधान की मुट्ठी में है।

वही संविधान अब कुलबुला रहा है। करवटें ले रहा है। उसे बहलाए, सहलाए जाने की कोशिशें हो रही हैं। उस पर अलग-अलग बल्कि पुश्तैनी दावा ठोका जा रहा है। उसका पेटेंट किया जा रहा है। उसकी अभिव्यक्तियों का कापीराइट दर्ज हो रहा है। जनता ही भारत है। उसे ही तमाशबीन बना दिया गया है। जनता के नुमाइंदे राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, मुख्य न्यायाधीश, सेना और संसद आदि कहलाते जनता के मालिक बन गए हैं, जो चाहे संविधान की मुश्कें बांधने कमर कसकर देश को अखाड़ा समझ रहा है।

संविधान स्थितप्रज्ञ बुजुर्ग वांछनीयता में मुस्करा रहा है। यही हो रहा है। कहा जा रहा है देश में 'वन नेशन वन इलेक्शन' होगा। सभी निर्वाचित संस्थाओं संसद, विधानसभाओं और हो सके तो पंचायत और नगरीय संस्थाओं के चुनाव भी एकसाथ करा लिए जाएं। इसके लिए कोई गंभीर रायशुमारी नहीं हुई है। संविधान की आंत में नीयतें और मशविरे दर्ज हैं। उनसे पूछा तक नहीं गया है। मौजूदा निजाम हर पूर्वज वचन और हिदायत को पचहत्तर पार के संरक्षक मंडल का आर्तनाद समझता है। वह कथित तौर पर समय, श्रम, धन और अनावश्यक परेशानियों

आंबेडकर की तरह शिब्बनलाल सक्सेना ने जोर देकर कहा था हमारे संविधान में यह शामिल नहीं किया गया है कि हर चार वर्ष के बाद अवश्य ही चुनाव होगा जैसा कि अमेरिका में होता है। भारत में शायद किसी न किसी प्रदेश में हमेशा चुनाव होते ही रहेंगे। भारत में देशी रियासतों के शामिल होने पर लगभग तीस प्रदेश हो जाएंगे।

को कम करना चाहता है। इसके लिए संविधान में संशोधन करने की तजवीज है। इक्कीसवीं सदी में आलिम फाजिल और वैश्विक संपर्क के हो रहे भारतीय नागरिकों को भी समझाया जा रहा है कि यह तो छोट-मोटा ऑपरेशन है। फिर तो पूरे देश में एक साथ हर तरह के चुनावों की जश्नेबहार होगी।

मन करता है सवाल पूछें, जो लोग इस इंतजाम से मुतमईन हैं और वे भी जिन्हें यह नागवार गुजरता है। उन्होंने अपने आईन की स्तरों को किस तरह उलट पलटकर देखा है। संसद संविधान सभा नहीं है, जो नया संविधान बनाए। शुरुआत तो वहां से हो जब संविधान तीन बरस की मशक्कत में तीन सौ निर्वाचित सदस्यों के साथ भविष्य के भारत का बीजक लिख रहा था। पुरखों ने ऐलानिया कहा देश के लिए एक संसद और सभी प्रदेशों के लिए विधानसभाएं होंगी और कहीं-कहीं विधान परिषदें भी।

सबसे जिम्मेदार वक्तव्य हुआ गांधी, नेहरू और पटेल की सहमति से चुने गए प्रारूप समिति के सभापति डा. भीमराव आंबेडकर का। उन्होंने साफ कहा भारत में प्रतिनिधि संस्थाओं के चुनाव स्थायी प्रकृति के होंगे। यह नहीं होगा कि चुनाव हो गए और फिर उनसे छोड़ छुट्टी या खामोशी या उनसे खुट्टी। आंबेडकर ने कहा था इसमें कोई शक नहीं कि शुरू में हमने सोचा कि हर पांच साल में चुनाव होंगे, लेकिन जानते हैं फिर लगातार उपचुनाव होंगे। हम जानते हैं विधानसभाएं भंग होंगी और फिर अलग-अलग चुनाव का इंतजाम करना होगा। इस वास्ते मतदाता सूचियां बार-बार तरोताजा की जाती रहेंगी तथा और भी कई काम होंगे। एक स्थायी चुनाव आयोग की जरूरत हम महसूस करते हैं, जो आंबेडकर ने कहा वैसा हुआ भी। ऐसी कद काठी के विचारक को तो प्रज्ञा पुरुष कहते हैं, भविष्यदर्शी भी। उनके पास सच्ची डिग्रियां थीं, इतनी ज्यादा जो संविधान सभा में किसी के पास नहीं थीं।

आंबेडकर की तरह शिब्बनलाल सक्सेना ने जोर देकर कहा था ''हमारे संविधान में यह शामिल नहीं किया गया है कि हर चार वर्ष के बाद अवश्य ही चुनाव होगा जैसा कि अमेरिका में होता है। भारत में शायद किसी न किसी प्रदेश में हमेशा चुनाव होते ही रहेंगे। भारत में देशी रियासतों के शामिल होने पर लगभग तीस प्रदेश हो जाएंगे। अविश्वास प्रस्ताव पारित होने पर भी विधान-मंडल का विघटन हो जाएगा। इसलिए मुमकिन है केंद्र तथा प्रदेशों के विधान मंडलों के चुनाव एक ही समय पर न हों। हर समय कहीं न कहीं चुनाव होता रहेगा। हो सकता है कि अभी शुरुआत में अथवा पांच या दस वर्षों तक ऐसा नहीं हो, लेकिन दस बारह वर्ष के बाद हर समय किसी न किसी प्रदेश में चुनाव होता रहेगा।"

पेचीदा प्रश्न आता था। तब आंबेडकर आत्मविश्वास के साथ संवैधानिक ज्ञान की वर्जिश करते दुनिया के चुनिंदा संविधानों के उन हिस्सों की तरफ सभा की बहस ले जाते थे, जिन्हें अन्यथा सदस्यों ने या तो पढ़ा नहीं होता था या उन्हें मालूम तक नहीं होता था। आंबेडकर नहीं चाहते थे कि ऐसा संविधान बन जाए, जिसका लोकतांत्रिक देशों की संविधान परंपरा से कोई समानांतर रिश्ता भी नहीं रहे। अन्यथा भविष्य में भारतीय संविधान व्याख्याओं को लेकर दुनिया से अलग-थलग पड़ा रह सकता था। ऐसा बौद्धिक चमत्कार वही कर सकता था, जिसने दुनिया के संविधानों को भारतीय संदर्भ में अपने सोच में जज्ब कर लिया हो। आंबेडकर के इस कहे को मिटाने की कोशिश वे लोग कर रहे हैं, जिन्हें संविधान का ककहरा व्यापारिक बहीखाता लगता है। आंबेडकर ने कभी इशारा तक नहीं किया था कि जम्हूरियत के कारवां को कभी लौटकर फिर इब्तदा करनी होगी। वे जानते थे जम्हूरियत का रास्ता वर्तुलाकार या गोल नहीं होता। वह आगे बढ़ता है। भारतीय लोकतंत्र को अमेरिका, इंग्लैंड, जर्मनी, फ्रांस, कनाडा, आयरलैंड, स्विटजरलैंड और दक्षिण अफ्रीका आदि कई देशों के संविधान के साथ लोक मर्यादाओं को लेकर भी कदमताल करना होगा। विश्व संविधानों की समझ का बहस घर एक तरह का संयुक्त राष्ट्र संघ ही तो है। उनकी नजर, नीयत और भारत की नियति में कोई खोट नहीं थी। आज जो सत्ता में हैं, वे दूर दृष्टि से बाधित हैं। उनकी निकट दृष्टि कहती है हर प्रदेश में भी जल्द से जल्द सत्ता पर काबिज हो जाओ। आगे जो होगा देखा जाएगा। हालिया महाराष्ट्र और झारखंड के चुनाव भी होना है। उन चुनावों को हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के चुनावों के साथ जो शामिल नहीं कर सके। वे हिन्दुतान में एक साथ चुनाव कराने का दिन में ख्वाब देख रहे हैं।

समझना फिर जरूरी है। आंबेडकर ने दो टूक कहा था कि अमूमन सभी विधायिकाओं का कार्यकाल पांच वर्ष के लिए ही होगा। सिवाय इसके कि कोई उपचुनाव हो जाएं या पांच वर्ष के पहले विधायिका को भंग कर दिया जाए। आंबेडकर ने ऐसा कतई इशारा या कथन नहीं किया था कि केन्द्र सरकार चाहे तो किसी विधानसभा का कार्यकाल घटा, बढ़ा दें। चुनाव लोकतंत्र की आत्मा और मतदाता का मौलिक अधिकार हैं। संविधान के अनुच्छेद 324 से 329 तक चुनाव संबंधी प्रावधानों का ब्यौरा है। गवर्नमेन्ट आफ इंडिया एक्ट, 1935 और अन्य ब्रिटिश कानूनों के तहत चुनाव कराने का जिम्मा कार्यपालिका अर्थात सरकार पर होने से केवल मजाक होता था। इसलिए संविधान सभा में शुरू से आम राय उभरी कि वोट देना नागरिक का मूल अधिकार बनाएंगे। चुनाव के लिए स्वतंत्र मशीनरी की स्थापना भी करना होगा। विख्यात संविधानविद् जस्टिस वीआर कृष्ण अय्यर के अनुसार प्रजातंत्र का अर्थ ही चुनाव के प्रजातंत्र से है। संविधान एक अंतहीन बहस और लचीला हथियार है। उसकी संवेदना और गरिमा की घोषणाएं नागरिक संस्कारों की कहानी हैं।

## प्रसंगवश

# समाजवादी राजनीति के पुरोधा धरतीपुत्र मुलायम

**पुण्यतिथि**

समाजवादी पुरोधा नेता जी के नाम से उत्तर प्रदेश में लोकप्रिय रहे मुलायम सिंह यादव की दूसरी पुण्यतिथि है। पांच दशकों तक समाजवादी धारा की राजनीति करते हुए मुलायम सिंह यादव एक जनाधार वाले नेता के रूप में स्थापित रहे। उनके प्रभावी सार्वजनिक/राजनैतिक जीवन के कारण ही मरणोपरांत उन्हें पद्म विभूषण सम्मान से सम्मानित किया गया।

भारतीय राजनीति के बदलते मूल्यों के दौर में मुलायम सिंह आजीवन खांटी भारतीय वेशभूषा कुर्ता-धोती पहनकर देश की सबसे बड़ी पंचायत में देशी भाषा की लड़ाई का सवाल, भारत-पाक-बांग्लादेश महासंघ की वकालत, चीन की सीमा विस्तार नीति की निंदा, देश की अर्थव्यवस्था किसान केन्द्रित बनाए रखे जाने के पक्ष में मजबूत आवाज उठाते रहे। मुलायम सिंह यादव नेताजी के नाम से राजनीति में लोकप्रिय रहे। उन्होंने लोहिया की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाया। एक कुशल वक्ता के रूप में उन्होंने विधानसभा और लोकसभा में अपनी प्रबल उपस्थिति दर्ज कराते हुए जनता की समस्याओं की मजबूत लड़ाई लड़ी। सक्रिय जनप्रतिनिधि के रूप में सदन में उन्होंने सदैव समाज के सभी वर्गों के हितों के लिए संघर्ष किया। इसी संघर्ष के फलस्वरुप वे तीन बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री तथा भारत सरकार में रक्षा मंत्री पद पर सुशोभित हुए। मुख्यमंत्री एवं रक्षामंत्री के रूप में उन्होंने कई ऐसे ऐतिहासिक कार्य किए जिनके निर्णयों की सराहना आज भी होती है।

एक छोटे से गांव में जन्म लेकर यूपी जैसे विशाल प्रदेश का मुख्यमंत्री बनने का सफर विषमताओं से भरा रहा, लेकिन चुनौतियों का सामना करते हुए कुशल नेतृत्व के रूप में उन्होंने स्वयं को स्थापित किया। मात्र 15 वर्ष की आयु में समाजवाद के शिखर पुरुष डॉक्टर राम मनोहर लोहिया के आह्वान पर किसानों की समस्याओं को लेकर पहली बार जेल गए मुलायम सिंह यादव 1954 में चर्चा में आए, जिसके बाद 1967 में सोशलिस्ट पार्टी के टिकट पर पहली बार में ही उत्तर प्रदेश विधानसभा के सदस्य चुने गए और 1974 से 2007 तक 10 बार विधानसभा सदस्य के रूप में निर्वाचित हुए। दो दशकों से अधिक की जमीनी राजनीति करते हुए मुलायम सिंह यादव ने लोहिया के समाजवादी सिद्धांत एवं चौधरी चरण सिंह की किसान हितैषी नीतियों को आधार बनाकर 5 नवंबर 1992 को लखनऊ में समाजवादी पार्टी की स्थापना किया। एक तरफ सदन में बुनियादी प्रश्नों पर समाजवादी दृष्टि के आधार पर बहसों को प्रभावित किया, वहीं दूसरी तरफ जनता की जरूरत पर सजग दृष्टि रखते रहे। अपने दायित्व को पूरा करने में उन्होंने कभी भी दलीय दायरों तथा जाति-धर्म की भाषा को स्वीकार नहीं किया।



मणेन्द्र मिश्रा 'मशाल'
पूर्व अतिथि प्रवक्ता
इलाहाबाद विश्वविद्यालय

आज जब राजनीति में व्यक्तिगत कटुता, आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है, सदन में असंसदीय भाषण का चलन जोरों पर है। बड़े-बुजुर्गों की उपेक्षा भी बेहिचक की जा रही है। ऐसे में राजनीति से जुड़े लोगों के लिए मुलायम सिंह यादव का राजनैतिक जीवन उदाहरण के रूप में देखा जा सकता है। मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने दलीय राजनीति से परे जाकर अपने धुर राजनैतिक विरोधियों की मदद करने में पूरी उदारता दिखाई। संघर्ष के दिनों के साथियों का उन्होंने बड़ा ख्याल रखा। राजनैतिक सहयोगी और जीवन के अंतिम समय तक कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाले छोटे लोहिया की स्मृति को संजोने के लिए लखनऊ में निर्मित जैव विविधता से परिपूर्ण जनेश्वर पार्क में उनकी आदमकद मूर्ति बनाने की प्रेरणा मुलायम सिंह की ही है। छोटे लोहिया के नाम से लोकप्रिय रहे जनेश्वर मिश्र को श्रद्धांजलि देने के इस अनूठे तरीके के राजनैतिक विरोधी भी कायल है।

जीवन के अंतिम समय में भी मुलायम सिंह यादव बेहद सक्रिय और राजनैतिक रूप से सचेत रहे। एक सामान्य ग्रामीण परिवार में जन्म लेकर देश के प्रथम पंक्ति के राजनीतिज्ञ बनने की उनकी यात्रा अनेक संघर्षों और जीवटता का प्रतीक है।

# हरियाणा में भाजपा के कुशल प्रबंधन की जीत



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

हरियाणा की राजनीति जटिल सामाजिक समीकरणों से भरी हुई है। अलग-अलग जातियों के प्रति भाजपा की अपील इस सफलता में महत्वपूर्ण रही है।

हरियाणा के नतीजों ने आज पूरे देश को हैरान कर दिया है और इसका कारण ये है कि हरियाणा के चुनावों को शुरुआत से ही कांग्रेस के पक्ष में माना जा रहा था। चुनावी एक्सपर्ट्स, राजनीतिक विश्लेषक, पत्रकार, मीडिया और यहां तक कि एग्जिट पोल भी इन चुनावों में बीजेपी की हार का अनुमान लगा रहे थे, लेकिन हरियाणा की जनता ने इन सबको एक्सपोज कर दिया और सारे एग्जिट पोल आज गलत साबित हो गए और बीजेपी ने तीसरी बार चुनाव जीतते हुए, पिछले दो विधानसभा चुनावों से भी अच्छा प्रदर्शन किया।

लोकसभा चुनावों की तरह बीजेपी ने इस बार अति आत्मविश्वास नहीं दिखाया, बल्कि बीजेपी हरियाणा में विनम्र बनी रही और उसके लाखों कार्यकर्ता दिन-रात चुपचाप जमीन पर काम करते रहे, जबकि बीजेपी की तुलना में इस बार कांग्रेस ज्यादा आक्रामक थी और अति आत्मविश्वास में थी। लोकसभा चुनावों के बाद से कांग्रेस और विपक्षी दल लगातार ये माहौल पैदा कर रहे थे कि अब प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता कम हो रही है और धीरे-धीरे बीजेपी ढलान की ओर जा रही है, लेकिन हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में बीजेपी के शानदार प्रदर्शन की वजह से ये माहौल रातों-रात बदल गया है। इस विधानसभा चुनाव में भाजपा 27 मौजूदा सीटें बचाने में कामयाब रही है तो 22 नई सीटें भी जीती हैं। इनमें से नौ नई सीटें जाटों के गढ़ से जीती हैं। इसी के साथ हरियाणा के 57 साल के इतिहास में भाजपा पहली पार्टी है, जो लगातार तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। हरियाणा चुनाव में भाजपा को 39.94 प्रतिशत, कांग्रेस को 39.09, आप को 1.79, जेजेपी को 0.90, आईएलडी को 4.14 प्रतिशत मिले हैं। साफ जाहिर है कि भाजपा और कांग्रेस के मतों में ज्यादा



का अंतर नहीं है, लेकिन सीटों में 11 का अंतर है। चुनाव के अंतिम मौके पर नायब सैनी को सीएम बनाना भी काम कर गया। दूसरी बात सैनी का सौम्य व्यक्तित्व भी काम कर गया। सैनी बड़बोले नहीं हैं। सैनी को समय बहुत कम मिला पर, उन्होंने ओबीसी अधिकारों के लिए कई कानून बनाए। कई ऐसी योजनाएं बनाईं जो सीधे आम जनता को फायदा पहुंचाने वाली हैं। ओबीसी वोटों का ध्रुवीकरण भी कराने में भी सैनी को सफलता मिली।

हरियाणा की राजनीति जटिल सामाजिक समीकरणों से भरी हुई है। अलग-अलग जातियों के प्रति भाजपा की अपील इस सफलता में महत्वपूर्ण रही है। पार्टी ने रणनीतिक रूप से गठबंधन बनाने और विभिन्न समुदायों के साथ जुड़ने का प्रयास किया है, जिससे एक व्यापक समर्थन आधार तैयार हुआ है। भाजपा की जीत का एक प्रमुख कारण प्रभावी स्थानीय लीडरशिप है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वोटर्स से जुड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका शासन शैली, स्थानीय मुद्दों और विकास पर केंद्रित, वोटर्स के साथ गूंज उठी। साथ ही भाजपा की बूथ मैनेजमेंट रणनीति अत्यंत प्रभावशाली साबित हुई। पार्टी ने अपने वर्कर्स को मतदाता टर्नआउट सुनिश्चित करने के लिए संगठित किया। खास करेक, उन क्षेत्रों और जनसांख्यिकी पर ध्यान केंद्रित किया, जहां उनकी उपस्थिति को मजबूत करने की आवश्यकता थी। यह सावधानीपूर्वक योजना पार्टी की चुनावी सफलता में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली रही। राष्ट्रीय स्तर पर शुरू की गई कल्याणकारी योजनाएं और अवसंरचना परियोजनाएं हरियाणा में प्रभावी ढंग से संप्रेषित की गईं, जिससे पार्टी की छवि को मजबूती मिली। हरियाणा की जीत बीजेपी के लिए आने वाले चुनावों में एक शुभ संकेत जैसा भी है, जिसकी शुरुआत महाराष्ट्र से होगी। हरियाणा ने बीजेपी को 2024 लोकसभा चुनावों के दौरान देखी गई गिरावट को उलटने का पहला वास्तविक मौका दिया है। यहां जीत से महाराष्ट्र, झारखंड और अंततः दिल्ली में बेहतर प्रदर्शन की नींव रखी जा सकती है। हरियाणा में हैट्रिक लगातार भाजपा के हौसले आने वाले आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर बुलंद हैं। अगला विधानसभा चुनाव महाराष्ट्र, झारखंड और दिल्ली में होना है, ऐसे में हरियाणा में पार्टी की जीत के कई मायने हैं। हरियाणा में भाजपा की जीत केवल एक चुनावी जीत नहीं है, यह प्रभावी लोकल लीडरशिप, मजबूत बूथ मैनेजमेंट और सेंट्रल लीडरशिप के रणनीतिक प्रभाव का एक मिश्रण है। यह जीत पार्टी के लिए आगामी चुनावी चुनौतियों के लिए आत्मविश्वास बढ़ाती है।

## सोशल फोरम

# लोकतंत्र में धनबल का प्रयोग

यह कैसी ग्राम सभा है, जहां नीलामी से सरपंच बना जाता हो। ग्राम सभा लोकतंत्र या स्वराज की बुनियाद है। स्थानीय ग्रामीण एवं शहरी निकायों की नींव पर ही लोकशाही के प्रासाद के अधिष्ठान की परिकल्पना की गई है। वह नींव जितनी ही पुख्ता, कारगर या ठोस रहेगी, लोकतंत्र की बृहत्तर होती जाती इकाइयां मंज़िल-दर-मंजिल यानी क्रमिक रूपेण उसके ऊपर उठती जाएंगी।



कृष्णस्वरूप आनन्दी
सेवानिवृत्त शिक्षक, प्रयागराज

पंजाब से एक निराशजनक समाचार सुनने को मिला है। गुरुदासपुर जनपद के हरदोवाल कलां ग्राम-सभा में सरपंच-पद के लिए नीलामी का आयोजन किया गया। स्थानीय ग्रामीणजनों ने यह तय किया है कि उस व्यक्ति को सरपंच पद के लिए चुना जाएगा, जो ग्राम सभा के विकास के लिए अधिकतम धनराशि देगा। लोगों की मतिभ्रष्टता या विपरीतबुद्धि को क्या कहा जाए? अब तो लगता है कि पूरे कुएं में ही भांग पड़ गई है।

गांव में सरपंच पद के लिए नीलामी आयोजित की गई। नीलामी की बोली 50 लाख रुपये से शुरू हुई। एक स्थानीय नेता ने 2 करोड़ रुपये की बोली लगाई। बठिंडा के गहरी बुट्टर गांव में सरपंच पद के लिए इसी तरह की नीलामी हुई थी। उल्लेखनीय है कि पंजाब में जल्द ही ग्राम पंचायत चुनाव होने हैं।

चुनावों में धनबल निर्णायक होता जा रहा है। चुनाव दलों के जरिए लड़े जाते हैं। दलीय उम्मीदवार भी अक्सर मोटी रकम का भुगतान करके ही टिकट खरीदते देखे जाते हैं। दलों की कॉरपोरेट-फंडिंग हो रही है। बड़े धन-कुबेर और कंपनी बहादुर अधिकांश चुनावबाज़ नेताओं और राजनीतिक दलों की नकेल थामते से नजर आ रहे हैं।

स्थानीय निकायों से लेकर केन्द्र या शीर्ष तक हुक्मरान अमूमन बड़े धनपशुओं से ही पोषण पा रहे हैं। भगवान वह दिन न दिखाए, जब जन-प्रतिनिधि सीधे तौर पर देशी-विदेशी यानी बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के द्वारा नामित या प्रायोजित किए जाते हों। हम भारत के लोग इस संकल्प के साथ सतत आगे बढ़ते रहें कि देश के लोकतांत्रिक ढांचे को स्वदेशीपरक, स्वराजोन्मुख, स्वतः स्फूर्त, उत्तरदायी-संवेदनशील तथा सार्थक प्रभावी बनाना है।

-फेसबुक वॉल से

# सकारात्मक दृष्टिकोण से सुदृढ़ होगा मानसिक स्वास्थ्य

हाल ही में एक कोचिंग इंस्टिट्यूट में अध्ययनरत छात्र ने एक छात्रा के बात न करने के कारण आत्महत्या कर ली। वहीं कोटा तथा अन्य शहरों में पढ़ाई के अत्यधिक दबाव या अन्य कारणों के चलते इस प्रकार की घटनाएं सामने आती रहती हैं। ध्यान देने योग्य बात यह है कि आत्महत्या करने वाला व्यक्ति सांकेतिक रूप से ऐसा प्रकट अवश्य करता है, परंतु बहुत बार इसे ड्रामा या नाटक का नाम दे दिया जाता है। यदि इन संकेतों को गंभीरता से लिया जाए तथा वक्त रहते उनके व्यवहार के पीछे के कारणों का पता लगा लिया जाए तो बहुत से लोगों को उनकी जीवनलीला समाप्त होने से बचाया जा सकता है।

अक्सर विषादग्रस्त व्यक्ति को पहली नजर में देखकर ये अंदाजा लगा पाना मुश्किल होता है कि वो डिप्रेशन से पीड़ित है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में अवसाद की परिभाषा भी थोड़ी बदल गई है। ऐसे व्यक्ति हमेशा शांत या गंभीर रहें ये आवश्यक नहीं है। अपने चेहरे पर खिलखिलाती मुस्कान रखने वाले और खुशियां बिखेरने वाले व्यक्ति भी दुःखी और निराश हो सकते हैं। मनोवैज्ञानिक भाषा में कहें तो ये मुस्कुराहट उस डिफेंस मैकेनिज्म की तरह काम करती है, जिसके पीछे वो अपने दुखों को छिपाने की कोशिश करते रहते हैं, जिन्हें हम जिंदगी में खुश और संतुष्ट समझने की भूलकर बैठते हैं। अक्सर ऐसे ही व्यक्ति डिप्रेशन से पीड़ित होते हैं, पर अब प्रश्न ये उठता है कि ऐसा क्यों है?

ऐसे व्यक्ति कई बार सबके साथ हंसते बोलते तो देखे जाते हैं, लेकिन वो अपने मन की बातें किसी के साथ शेयर नहीं कर पाते। वो लोगों पर जल्दी विश्वास नहीं कर पाते और ऐसे में वो डरते हैं कि लोग उन्हें क्रिटिसाइज करेंगें या मजाक बनाएंगे। उनका यही विश्वास और भी दृढ़ होता चला जाता है, जिससे वो अपनी समस्या किसी से शेयर नहीं कर पाते और मन ही मन घुटते रहते हैं। ऐसे में टॉकिंग थेरेपी डिप्रेस्ड व्यक्ति के जीवन को निराशा के अंधेरे से बाहर लाने में सहायता कर सकती है। ये उनके विचार और भावों की अभिव्यक्ति का माध्यम बनती है। याद रखें कि हताश और विषादी व्यक्ति चाहता है कि उसे कोई सुनें, जिससे उसकी आधी तकलीफ पहले ही कम हो सकती है। ऐसे व्यक्ति की मनोदशा को समझने का प्रयास किया जाना चाहिए। विषादी व्यक्ति को संवेदनशीलता, प्यार, सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार और सकारात्मक बातचीत करके ये भरोसा दिलाने की जरूरत होती है कि वो अकेले नहीं हैं। हमें ध्यान रखना चाहिए कि जैसे सागर की गहराई को केवल उसके सतह के आधार पर नहीं मापा जा सकता, उसकी गहराई में उतरना पड़ता है, वैसे ही किसी व्यक्ति के बाहरी व्यक्तित्व के आधार पर ये नहीं जाना जा सकता कि वे विषादग्रस्त है या नहीं। ये जानने के लिए उसके आतंरिक आत्म (इनर सेल्फ) को जानना भी आवश्यक होता है।



डॉ. तान्या दीक्षित
मनोवैज्ञानिक, लखनऊ

उन्हें सिर्फ ये यकीन दिलाने की दरकार होती है कि धैर्य और हिम्मत से हर समस्या का समाधान संभव है, जो मेंटल सपोर्ट और पॉजिटिविटी की पिल्स के द्वारा संभव है। विषादग्रस्त व्यक्ति को कभी भी अकेले नहीं छोड़ना चाहिए। साथ ही कोशिश ये भी करनी चाहिए कि चाकू, शीशे के सामान, पिस्टल, गन, ब्लेड जैसे सामान उस इंसान की पहुंच से बाहर रहें। उन्हें ये एहसास दिलाने की जरूरत होती है कि वे उनके अपनों के लिए कितने महत्वपूर्ण हैं। साथ ही नेवर गिव अप सिद्धांत को जीवन में आत्मसात करने के लिए प्रेरित करना होगा, जिससे वो अपने नकारात्मक आज को महज एक अतीत की तरह भुलाकर सकारात्मक दृष्टिकोण से एक सुनहरे कल में प्रवेश कर सकें।

# मिलावट का दौर

व्रत-त्योहारों का समय हर बार मिलावट के लिए चर्चा का विषय बना रहता है। तिरुपति के प्रसादम में मिलावट के बाद ऐसा लगता है आम खाने-पीने के समान, मिठाइयों और नमकीन में कुछ भी शुद्ध नहीं बचा है, पनीर, घी तेल, मावे, बेसन और कुटू के आटे से बनाई चीजों के खाने से लोगों के बीमार होने की खबरे लगातार प्रकाशित हो रही हैं।

स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी की हालिया रिसर्च के अनुसार देश के 17 शहरों से लिए गए फूड सैंपल बड़ी मात्रा में मेटल पाया गया है। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा हाल ही में एनसीआर में की गई छापेमारी में नोएडा में नकली घी और पनीर पकड़ा गया, जो दूध हम लोग पी रहे हैं, उसके बारे में भी नहीं पता कि वो दूध है भी या केमिकल पिलाया जा रहा है। व्यवसाय करने वाले खुद बताते हैं कि त्योहारी सीजन में जितने दूध-घी, पनीर और मावे की मांग होती है, उतनी सप्लाई वास्तव में संभव नहीं है। जो मिलावटी सामान हमारे स्वास्थ्य को खराब कर रहा है, उसके इलाज के लिए दी जाने वाली दवाएं भी नकली पाई गई हैं। हाल में गाजियाबाद के पास पिलखुवा में बिना लाइसेंस के चल रही दवाई फैक्ट्री में 25 लाख की दवाइयां पकड़ी गई हैं, जिन्हें नामचीन दवाइयों के रैपर में बेचा जा रहा था।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

ऐसे में जरूरत इस बात की है कि जनहित को ध्यान में रखकर मिलावट के खिलाफ एक बड़ी मुहिम चलाई जानी चाहिए। अन्यथा मिलावटखोर और मुनाफाखोर आम आदमी के साथ धोखा करते ही रहेंगे। इसके लिए हर लेवल पर जन सतर्कता ग्रुप बनाए जा सकते हैं, जो समय-समय पर कुछ दुकानों से नमूने ले सकें और सरकार को भी मिलावट के खिलाफ अभियान तेज करने और कड़े कानून बनाने की आवश्यकता है।

## एक नजर

### स्कूटी की टक्कर से दो युवतियों सहित तीन घायल

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर सराय निवासी गुड्डु की पुत्री सोनम व राजेंद्र की पुत्री नीलम बुधवार की सुबह साढ़े सात बजे पैदल गांव के अन्य मजदूरों के साथ कटी हुई धान फसल झाड़ने जा रही थीं। नीलम व सोनम जैसे ही थाना क्षेत्र में संभल हसनपुर मार्ग के किनारे गांव खग्गूपुरा व बादल गुंबद के बीच स्थित एमएम ग्लोबल स्कूल के पास पहुंचीं। स्कूटी ने सोनम व नीलम में टक्कर मार दी। इस हादसे में सोनम, नीलम और स्कूटी चालक घायल हो गया।

### अपराधों की रोकथाम और महिला सुरक्षा प्राथमिकता

**गुन्नौर, अमृत विचार :** कोतवाली के नवागत प्रभारी निरीक्षक ओपी गौतम ने कार्यभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने स्टाफ के साथ परिचयात्मक बैठक की। उन्होंने कहा कि जन सुनवाई, गंभीर अपराधों की रोकथाम व महिला सुरक्षा उनकी प्राथमिकता होगी। कानून व्यवस्था, महिला अपराध नियंत्रण, जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर जोर रहेगा। उन्होंने कहा कि कानून का उल्लंघन करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा।

### बुखार से मैकेनिक की मौत

**संभल/कैलादेवी, अमृत विचार :** कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव गंगहेटा निवासी मनोज ने बुधवार को बताया कि पिता रामनिवास 45 वर्ष नलकूप की मोटर रिपेयर करने का काम करते थे। सोमवार को नलकूप की मोटर बांधते समय रामनिवास को तेज बुखार आ गया था। मनोज ने रामनिवास को थाना क्षेत्र के एक गांव में झोलाछाप से दवा दिलाई थी, लेकिन दवा से फायदा नहीं हुआ। मंगलवार की दोपहर में रामनिवास की हालत और बिगड़ गई। जिसके बाद मनोज पिता रामनिवास को उपचार के लिए संभल निजी अस्पताल लेकर आ रहा था, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही हयातनगर में रामनिवास की मौत हो गई।

### आतिशबाजी की दुकानों पर हुई चेकिंग

**संभल, अमृत विचार :** एसडीएम विनय कुमार मिश्र और सीओ अनुज कुमार चौधरी ने दीपावली त्योहार के मद्देनजर बुधवार को नगर में आतिशबाजी की दुकानों पर चेकिंग की। अधिकारियों ने दुकानों पर आतिशबाजी के स्टाक के बारे में जानकारी ली। लाइसेंस देखने के साथ ही यह भी देखा कि सुरक्षा को लेकर इंतजाम कितने हैं। दुकान स्वामियों को सुरक्षा को लेकर जरूरी निर्देश दिए। अधिकारियों ने आतिशबाजी के गोदाम में भी चेकिंग की। कहा कि आतिशबाजी बेचने को लेकर सुरक्षा के कड़े प्रबंध होने चाहिए।

# वाहन खड़ा करने के विवाद में गोली मारी

## प्लांट के सामने पिकअप खड़ी कर सामान उतारने के दौरान युवक किया हमला

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचारः** सदर कोतवाली क्षेत्र में रास्ते में पिकअप ( चौपहिया वाहन ) खड़ा करने को लेकर हुई कहासुनी के बाद तमंचे से गोली मारकर युवक को घायल कर दिया। हालत गंभीर होने पर घायल को हायर सेंटर रेफर किया गया है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव गोविंदपुर निवासी फखरे आलम के मोहल्ला चौधरी सराय में जींस पेंट की धुलाई प्लांट पर फखरे आलम का भांजा असमोली थाना क्षेत्र के गांव राया बुजुर्ग निवासी जुहैब भी काम करता है। मंगलवार की देर शाम प्लांट के दरवाजे पर रास्ते में पिकअप खड़ी थी। इसी बात को लेकर सगे भाइयों का फखरे आलम व जुहैब के साथ विवाद हो गया था। उस समय मौके पर एकत्र आसपास के लोगों ने समझा-बुझाकर मामले को शांत करा दिया था। बुधवार की सुबह फखरे आलम व जुहैद प्लांट के सामने पिकअप खड़ी कर सामान उतार रहे थे। आरोप है कि इस दौरान सगे भाइयों ने गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों व किसी धारदार हथियार से फखरे आलम व जुहैब के ऊपर हमला कर दिया और जुहैब पर तमंचे से फायर कर दिया। गोली लगने से जुहैब घायल हो गया। सीओ संभल अनुज कुमार चौधरी व कोतवाली प्रभारी अनुज कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने जुहैब को हायर सेंटर रेफर कर दिया।


संभल में घटना के बाद मौके पर जांच करते सीओ अनुज कुमार चौधरी।

### हादसे में घायल दो लोगों की उपचार के दौरान मौत

**गुन्नौर, अमृत विचार :** आगरा-मुरादाबाद हाइवे पर सोमवार को कार व कैंटर की टक्कर में घायल हुए दो लोगों की उपचार के दौरान मौत हो गई। गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र में आगरा मुरादाबाद हाइवे पर सोमवार की शाम गुन्नौर की ओर से नरौरा की ओर जा रही कार में सामने से आ रहे कैंटर ने टक्कर मार दी थी। जिसमें कार में सवार गांव बिचपुरी सैलाब निवासी हरीश चंद्र पुत्र नत्थू और जय प्रकाश पुत्र सुदर्शन गंभीर रूप से घायल हो गए थे। शुक्रवार को जयप्रकाश व हरीश चंद की अलीगढ़ के अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजन दोनों के शवों को घर ले आए। नरौरा गंगा घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया। जयप्रकाश के बेटे सुभाष की पत्नी सुनीता गांव की प्रधान है।

### बाइकों की भिड़ंत में सगे भाइयों सहित चार घायल

**संभल, अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर बंसतपुर भूड़ निवासी सगे भाई अजय व विजय मंगलवार की देर शाम बाइक पर सवार होकर जुनावई व पाटकपुर मार्ग पर जा रहे थे। जुनावई थाना क्षेत्र के गांव पतरिया और ढढवारा के बीच सामने से आ रही बाइक ने सगे भाइयों की बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में अजय, विजय और जुनावई थाना क्षेत्र के गांव लोहामई निवासी हसनैन व रोहित घायल हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने अजय, विजय, हसनैन व रोहित को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर अजय, विजय को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## ग्रामीण की हत्या में तीन दोषियों को उम्र कैद की सजा

**संभल, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र में 2005 में हुई ग्रामीण की हत्या मामले में सुनवाई करते हुए विशेष न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट मुरादाबाद की अदालत ने तीन आरोपियों को आजीवन कारावास व अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड अदा न करने पर एक साल अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।

थाना क्षेत्र के गांव मबई ठाकरान में 8 नवंबर 2005 में घर में सो रहे सुरेश की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पास में उसका भाई अमर सिंह भी सो रहा था। इस मामले में सुरेश के बेटे पंचम ने सुगन पाल, सत्यवीर और सुखपाल सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट मुरादाबाद संदीप गुप्ता की अदालत में हुई। वादी पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक आनंद पाल सिंह ने अदालत में पक्ष रखा। मामले में विशेष न्यायाधीश ने दोषी पाते हुए सुखपाल सिंह को आजीवन कारावास, एक लाख रुपये का जुर्माना, सुगनपाल और सत्यवीर को आजीवन कारावास व 50-50 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

# अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोजर

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** संभल-बहजोई मार्ग पर चौधरी सराय में अधिकारियों ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। रेस्टोरेंट के बाहर अवैध अतिक्रमण को प्रशासन के बुलडोजर ने ध्वस्त किया। पास में नाले के ऊपर से जाल हटाते हुए काउंटर अंदर कराए। आसपास के लोगों को ठेले सड़क पर नहीं लगाने की हिदायत दी गई।

नगर पालिका परिषद की ओर से पूर्व में अतिक्रमण करने वालों को नोटिस देते हुए सूचित किया गया था। फिर भी गंभीरता का माहौल बन पाया। बुधवार को दोपहर के वक्त एसडीएम विनय कुमार मिश्र, सीओ अनुज कुमार चौधरी, ईओ नगर पालिका डॉ.मणिभूषण तिवारी टीम के साथ चौधरी सराय चौराहा पर पहुंचे। अधिकारियों ने अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू करने की तैयारी की तो आसपास के लोग भी जुट गए। जिसके बाद अधिकारियों के निर्देश पर 24 कैरेट रेस्टोरेंट के आगे हुए निर्माण को बुलडोजर ने तोड़ा, इसके बाद पास में ही बिरयानी बेचने के स्थान के आगे नाले पर जाल लगे थे, उन्हें भी हटाया गया। काउंटरों को अंदर कराया गया। अधिकारियों ने आसपास जो लोग ठेले लगाकर सामान और आइसक्रीम बेच रहे थे उन्हें भी हिदायत दी। कहा कि सड़क पर अतिक्रमण नहीं किया जाएगा। मार्ग के दोनों तरफ तमाम दुकानदारों ने कार्रवाई से बचने के लिए सामान को अंदर रख लिया। ईओ डॉ.मणिभूषण तिवारी ने कहा कि शहर के सौंदर्यीकरण और यातायात को सुचारू रखने के लिए खोमचे के ठेले वालों को अतिक्रमण नहीं करने की हिदायत दी है। लोग भी स्वयं अतिक्रमण को हटा रहे हैं। 24 कैरेट रेस्टोरेंट के आगे अतिक्रमण था। पूर्व में सूचना देने के साथ ही नोटिस भी दिया गया था।


संभल में अतिक्रमण को ध्वस्त करता बुलडोजर। ● अमृत विचार

- चौधरी सराय में एसडीएम और सीओ ने हटवाया अतिक्रमण

## ट्रैक्टर चलाते किसान और व्यायाम करते युवक की हार्ट अटैक से मौत

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचारः** ट्रैक्टर से खेत की जुताई कर घर लौट रहे किसान की ट्रैक्टर से उतरने से पहले ही हार्ट अटैक से मौत हो गई। वहीं सिरसी में युवक की दिल्ली में जिम में व्यायाम करते समय ह्रदय गति रुकने से जान चली गई।

संभल के अड़ौला माफी निवासी पूर्व प्रधान अनिल चौधरी उर्फ लड्डू बुधवार दोपहर ट्रैक्टर लेकर खेत जोतने गए थे। जुताई के बाद वह ट्रैक्टर लेकर घर लौटे। इस दौरान ट्रैक्टर से उतरने से पहले ही उनकी हार्ट अटैक से मौत हो गई। परिवारजन डाक्टर के पास लेकर गए वहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों का कहना है कि अनिल चौधरी स्वस्थ थे। अचानक ही अटैक से उनकी मौत हो गई।



अनिल व दानिश अब्बास ( फाइल फोटो )

### जिम में व्यायाम करने आया था दानिश

**संभल/सिरसी।** सिरसी में बिलारी मार्ग पर बहमन कालोनी निवासी चालक मुख्तार हुसैन का 22 वर्षीय पुत्र बदर उर्फ दानिश अब्बास दिल्ली में रहकर दुकान पर पार्लर का काम करता था। मंगलवार की शाम बदर जिम में व्यायाम करने गया था। व्यायाम करते समय वह जमीन पर गिर गया। साथी युवक उसे निजी अस्पताल लेकर आ गए। यहां डॉक्टर ने बदर को मृत घोषित कर दिया।


गुन्नौर में महिलाओं को जानकारी देतीं पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

# पुलिस ने महिलाओं को अपराध से बचाव करने की जानकारी दी

संवाददाता, गुन्नौर

**अमृत विचार :** मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस ने साप्ताहिक बुध बाजार में महिलाओं को नारी सुरक्षा, साइबर जागरूकता, बाल विवाह, पास्को एक्ट, गुड टच ,बैड टच जैसे मुद्दों पर जानकारी दी।

महिलाओं के साथ मारपीट, लड़कियों के साथ छेड़छाड़ से बचाव के लिए जागरूक किया और साइबर अपराध के बारे में बताया गया। मिशन शक्ति की नोडल ऑफिसर उपनिरीक्षक रेनू राठी के नेतृत्व में महिला पुलिस टीम ने साप्ताहिक बुध बाजार में महिलाओं को महिला हेल्पलाइन नंबर 181, वूमेन पावर लाइन नंबर 1090, आपातकालीन नंबर 112, स्वास्थ्य सेवा नंबर 102, एंबुलेंस नंबर 108, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में बताया।

महिला पुलिस कर्मियों ने महिलाओं और युवतियों को रोककर जागरूक किया। टीम में कांस्टेबल आकांक्षा, ज्योतिका आदि रहीं।

## करंट की चपेट में आकर दुकानदार की मौत

**संभल, अमृत विचारः** असमोली थाना क्षेत्र में गुमसानी टांडा कोठी मार्ग पर टायर पंचर की दुकान से निकालते समय दुकानदार से लोहे का सरिया ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन के तारों से छू गया। जिससे करंट की चपेट में आकर दुकानदार की मौत हो गई।

थाना क्षेत्र के गांव वेला निवासी मुस्तकीम का 18 वर्षीय बेटा मुस्लिम गांव में ही टांडा कोठी व गुमसानी मार्ग पर टायर पंचर की दुकान चलाता था। बुधवार की सुबह मुस्लिम दुकान से लोहे का सरिया निकाल रहा था। ऊपर हाईटेंशन लाइन गुजर रही है। मुस्लिम ने लोहे का सरिया जैसे ही सीधा किया। हाईटेंशन लाइन के तारों से टच होने की वजह से हाईटेंशन करंट की चपेट में आकर मुस्लिम गंभीर रुप से झुलस गया। परिजन उपचार के लिए उसे निजी डॉक्टर के पास लेकर आ गए। यहां डॉक्टर ने उसे को मृत घोषित कर दिया।

# पांच थाना प्रभारी हुए लाइन हाजिर, महिला निरीक्षक को चन्दौसी कोतवाली की कमान

कार्यालय, संभल

- दो निरीक्षकों व दो उप निरीक्षकों को थानों की जिम्मेदारी दी गई
- जनपद में तैनाती के बाद पुलिस अधीक्षक का पहला फेरबदल

**अमृत विचारः** जनपद में तैनाती के बाद पहला फेरबदल करते हुए पुलिस अधीक्षक ने हयातनगर व चंदौसी सहित पांच थाना प्रभारियों को लाइन हाजिर कर दिया। दो निरीक्षकों व दो उप निरीक्षकों को थानों की जिम्मेदारी दी गई है। इसके साथ ही मिशन शक्ति अभियान के तहत जनपद की महत्वपूर्ण कोतवाली चंदौसी की जिम्मेदारी महिला निरीक्षक को दी है।

पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने एसपी ने हयातनगर थाना प्रभारी संत कुमार,चन्दौसी कोतवाली प्रभारी अतर सिंह,जुनावई थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह,रजपुरा थाना प्रभारी अमरपाल सिंह व कुढ़फतेहगढ़ के थाना प्रभारी संदीप कुमार बालियान से थाने की जिम्मेदारी छीनकर लाइन हाजिर कर दिया।

ऐचोड़ा कंबोह थाना प्रभारी रेनू देवी को चन्दौसी का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। साइबर थाना प्रभारी मोहित कुमार को बनियाठेर थाना प्रभारी बनाया है। पुलिस लाइन से इंस्पेक्टर ओमप्रकाश गौतम को गुन्नौर जबकि सुनील कुमार सिंह को जुनावई थाने का प्रभारी नियुक्त किया गया है। चौधरी सराय चौकी प्रभारी चमन सिंह को हयातनगर थानाध्यक्ष जबकि सिरसी चौकी प्रभारी रुकमपाल सिंह को ऐचोड़ा कंबोह थाने का प्रभारी बनाया गया है। रजपुरा के निरीक्षक अपराध राधेश्याम शर्मा को कुढ़फतेहगढ़ थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है। योगेश कुमार को असमोली थाना प्रभारी बनाकर हजरतनगरगढ़ी थाना प्रभारी विनोद कुमार मिश्रा को बहजोई थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है।

निरीक्षक बाबूराम गौतम को धनारी थाना प्रभारी बनाने के साथ ही असमोली से हरीश कुमार को रजपुरा थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है। बनियाठेर थाना से मोहित काजला को हजरतनगर गढ़ी थाना प्रभारी नियुक्त किया है। अमरीश कुमार को साइबर क्राइम थाना प्रभारी जबकि पूनम राठी को महिला थाना प्रभारी बनाया गया है। वीरेंद्र कुमार को वाचक एसपी नियुक्त किया गया है।

**पड़ताल** संभल मंडी समिति में 9 दिनों में धान खरीद का आंकड़ा उम्मीद पर खरा नहीं उतरा

# सरकारी क्रय केंद्रों पर सिर्फ 905 क्विंटल धान खरीद

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** जिले में खोले गए सरकारी क्रय केंद्रों पर 9 दिनों में सिर्फ 905 क्विंटल धान खरीद हुई है। हालांकि यह आंकड़ा उम्मीद पूरी करता नहीं दिख रहा है क्योंकि आढ़तों पर हजारों क्विंटल धान बेचा जा चुका है। फिर भी जिम्मेदारों को आगामी दिनों में धान खरीद के रफ्तार पकड़ने की उम्मीद है।

जिला प्रशासन ने संभल जिले में धान खरीद के लिए एक अक्टूबर से 40 क्रय केंद्रों का संचालन शुरू कराया था। कॉमन धान प्रति क्विंटल 2300 रुपये और ग्रेड वन धान प्रति क्विंटल 2320 रुपये में खरीदा जाना है। शुरूआत से ही क्रय केंद्रों पर सन्नाटे का माहौल बना रहा। कुछ दिनों के बाद धान खरीद शुरू भी हुई। अमृत विचार टीम ने बुधवार को संभल मंडी समिति में धान खरीद को लेकर पड़ताल की तो खाद विभाग के क्रय केंद्र पर गांव पंसुखा मिलक का किसान आशक हुसैन 100 क्विंटल धान की तौल कराता मिला। केंद्र प्रभारी अजय कुमार वर्मा ने बताया कि इस केंद्र पर 138 क्विंटल धान खरीद पूर्व में हो चुकी है। दूसरे केंद्र पर 114 क्विंटल, तीसरे केंद्र पर 82 क्विंटल और भारतीय खाद्य निगम के चौथे केंद्र पर 30 क्विंटल धान खरीदा जा चुका है। वहीं डिप्टी आरएमओ संजीव कुमार राय के अनुसार, 805 क्विंटल धान क्रय केंद्रों पर खरीदा गया है। अब धान खरीद में तेजी आने की उम्मीद है। बहरहाल, सरकारी क्रय केंद्रों पर धान खरीद के रफ्तार नहीं पकड़ने की वजह यह भी है कि अभी मोटा धान कम आ रहा है। किसान बारीक धान लेकर आढ़तों पर पहुंच रहे हैं। वहीं किसानों के रजिस्ट्रेशन भी नहीं हो सके हैं।


संभल मंडी समिति परिसर में धान खरीद कराते कर्मचारी। ● अमृत विचार

### आधे चबूतरे पर आढ़तियों का कब्जा बरकरार

**संभल, अमृत विचार :** संभल मंडी समिति में जिस चबूतरे पर सरकारी क्रय केंद्र लगे हैं उसके आधे हिस्से पर अब भी आढ़तियों का कब्जा है। क्रय केंद्रों तक सरकारी खरीद के बाद धान रखा है जबकि आगे की तरफ आढ़तियों ने धान रखा हुआ है। केंद्र प्रभारी का कहना है कि अब किसानों को क्रय केंद्रों तक आने में कोई समस्या नहीं है।

# डीएम ने लाइब्रेरी का उद्घाटन कर बच्चों को बांटी किताबें

कार्यालय संवाददाता, संभल

- ब्लॉक कार्यालय परिसर के पीछे जमीन का किया निरीक्षण, वहां पार्क बनाने पर हुई चर्चा

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी ने संभल ब्लॉक कार्यालय में लाइब्रेरी का फीता काटकर उद्घाटन किया और ब्लॉक के पीछे जमीन देखकर पार्क बनाने पर चर्चा की। हल्लू सराय चामुंडा मंदिर में दर्शन पूजन कर बच्चों को राष्ट्र एवं चरित्र निर्माण से संबंधित किताबें बांटी। मंदिर के पास जमीन को देखा। यहां पार्क निर्माण और चौराहा के विकास को लेकर मंथन करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए।

जिलाधिकारी डॉ.राजेंद्र पैंसिया बुधवार को सुबह ब्लॉक कार्यालय पहुंचे। यहां 20 लाख रुपये की लागत से तैयार की गई लाइब्रेरी का फीता काटकर उदघाटन किया। यहां एडीएम प्रदीप वर्मा, एसडीएम विनय कुमार मिश्र, बीडीओ प्रेम पाल सिंह, ईओ नगर पालिका डॉ.मणिभूषण तिवारी, ब्लॉक प्रमुख पति कुलदीप चाहल आदि रहे। कहा गया कि लाइब्रेरी में तमाम तरह की किताबों की व्यवस्था है। यहां से जिलाधिकारी ब्लॉक कार्यालय के पीछे जमीन को देखने के लिए पहुंचे। जमीन पर पार्क बनाने को लेकर अधिकारियों से चर्चा की। जिलाधिकारी ने चामुंडा मंदिर हल्लू सराय में दर्शन पूजन किया। उन्होंने बच्चों को किताबें बांटी। जिलाधिकारी ने पास में खाली जमीन को देखा। चौराहा के विकास और पार्क निर्माण को लेकर निर्देश दिए। डीएम निरीक्षण के लिए जिला प्रोबेशन अधिकारी दफ्तर पहुंच गए। जहां उन्होंने सर्वप्रथम दस्तावेजों का निरीक्षण किया तो उन्होंने पाया कि जेम पोर्टल प्रक्रिया पूर्ण नहीं है। इसे लेकर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की।

## सार-संक्षेप

### सिपाही को धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार

**चन्दौसी, अमृत विचार :** सिपाही लाल पेट्रोल पंप के पास यातायात पुलिस के सिपाही देवेंद्र कुमार के साथ अभद्रता करने व जान से मारने की धमकी पर आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार में लेकर न्यायालय में पेश किया है। यातायात पुलिस में हेड कांस्टेबिल देवेंद्र कुमार ने कोतवाली में दी तहरीर में कहा है कि 8 अक्टूबर को वह यातायात सिपाही कुनाल के साथ सिपाही लाल पेट्रोल पंप पर विशेष चेकिंग अभियान में शामिल था। तभी दोपहर 12 .30 बजे बिना हेलमेट लगाए बाइक चालक आया। चालक रहीस अहमद की बाइक का चालान बिना हेलमेंट व बिना ड्राइविंग लाइसेंस के तहत किया गया। जिस पर बाइक के पीछे बैठे व्यक्ति ने उनके साथ अभद्रता कर छुरा घोंपकर जान से मारने की धमकी दी। घटना के समय किसी ने वीडियो बना लिया। इसे बाद में सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

### अभियान में 40 वाहनों के कटे चालान, किया जागरूक

**संभल, अमृत विचार :** सड़क सुरक्षा पखवाड़ा में एआरटीओ प्रवर्तन ने प्रदूषण जांच केंद्रों और मानक से अधिक प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया। प्रदूषण जांच केंद्र मैसर्स विनोद पर्यावरण सेवा समिति, मैसर्स केजजीएन, मैसर्स मां बंगलामुखी पर्यावरण सेवा समित पर चेकिंग की तो मानक के अनुरूप संचालित मिले। मानक से अधिक प्रदूषण फैलाने में 7, बिना वैध बीमा प्रमाण पत्र में 7, फिटनेस में फेल 3, चालक द्वारा लाइसेंस प्रस्तुत नहीं करने पर 2, वाहन संचालन के दौरान मोबाइल का प्रयोग करने पर 3, हेलमेट नहीं लगाने पर 7, सीट बेल्ट का प्रयोग नहीं करने पर 5, टैक्स नहीं देने पर 4, अनाधिकृत संचालन में 2 वाहनों का चालान किया। चंदौसी चौराहा पर वाहन चालकों और परिचालकों को नियमों के पालन के लिए जागरूक किया।


बहजोई महाविद्यालय में प्रतियोगिता में शामिल छात्राएं।

### पोस्टर से छात्र-छात्राओं ने दिया सड़क सुरक्षा का संदेश

**बहजोई, अमृत विचार :** बहजोई महाविद्यालय के सभागार में सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर बीकॉम तृतीय सेमेस्टर की छात्रा जया रानी, द्वितीय स्थान पर बीकॉम पंचम सेमेस्टर की छात्रा मुस्कान जारा तथा तृतीय स्थान पर बीए प्रथम सेमेस्टर की छात्रा अंशिका वार्ष्णेय रही। इसी के साथ ही निबन्ध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर बीए प्रथम सेमेस्टर की छात्रा अंशिका वार्ष्णेय, द्वितीय स्थान पर बीकॉम पंचम सेमेस्टर की छात्रा मुस्कान जारा तथा तृतीय स्थान पर बीए पंचम सेमेस्टर की छात्रा फूलजहां रही। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गीता सड़क सुरक्षा को लेकर छात्र-छात्राओं से यातायात नियमों का पालन करने का आह्वान किया। इस दौरान संजय कुमार, मनोज कुमार यादव, श्रीनिवास सिंह यादव, रामतीरथ, दीप्ति रानी, तृप्ति आर्य, सलोनी रस्तोगी आदि ने सहयोग किया।

### कुपोषित बच्चों में पोषण स्तर सुधार का मिलकर करें कार्य

**बहजोई, अमृत विचार :** राष्ट्रीय पोषण अभियान के तहत पोषण मा के समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें डीएम ने 6 वर्ष से कम आयु के बच्चों, गर्भवती महिलाओं, धात्री माता तथा किशोरियों बालिकाओं के पोषण स्तर में सुधार करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में डीएम राजेंद्र पैंसिया ने 6 वर्ष से कम आयु वाले बच्चों, गर्भवती महिलाओं, धात्री माता तथा किशोरियों बालिकाओं के पोषण स्तर के सुधार को लेकर जानकारी की। अधिकारियों को पोषण सुधार स्तर में सुधार करने के लिए कार्य करने के निर्देश दिए। वहीं जिला पंचायत अध्यक्ष डा. अनामिका यादव डीएम ने बच्चों को अन्नप्राशन कराया तो वहीं महिलाओं की गोद भराई की। अभिभावक नीलम देवी एवं निशा देवी को सम्मानित किया। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सीडीओ गोरखनाथ भट्ट, जिला कार्यक्रम अधिकारी महेश कुमार सहित आदि मौजूद रहे।

### डाक टिकट कागज का टुकड़ा नहीं बल्कि अहम दस्तावेज

**संभल , अमृत विचार :** विश्व डाक दिवस के मौके पर मदरसा इस्लामिया आजाद मुनव्वर उल कुरआन दीपा सराय में प्रबंधक मुहम्मद अब्दुल्ला ने डाक टिकट प्रदर्शनी का आयोजन कराया। डाक टिकटों को देखकर मदरसे के बच्चे चर्चा करते नजर आए। प्रदर्शनी में 1349 हिजरी की सरकारें आसिफ्या टिकट मध्य युगीन मूर्ति कला, भारत अंतरराष्ट्रीय डाक, सोमनाथ मंदिर शरणार्थी सहायता परिवार नियोजन, कलकत्ता बड़ा डाकघर भारत राजस्व पाकिस्तान लाहौर फोर्ट 1922, हुकूमते ईरान के शाही टिकट, महात्मा गांधी, जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, मदर टेरेसा, डॉ.भीमराव आंबेडकर,महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती पर जारी डाक टिकट व रामायण, महाभारत व अन्य नामों से जाने वाले डाक टिकट रहे। प्रबंधक ने कहा कि डाक टिकट कागज का सिर्फ टुकड़ा एक छोटा सा टुकड़ा नहीं बल्कि अहम दस्तावेज हैं। इस दौरान जैनब, उजमा, मुहम्मद अबान, लायबा, फरहा नाज, कादिर, फहीम अबुजर, नासिर, नजमी, फहद, हुदा, आबान, एडवोकेट बाबू आदि रहे।


दिव्यांग विमल को बैट्री चालित ट्राई साइकिल की चाबी देते डीएम राजेंद्र पैंसिया।

### डीएम ने दिव्यांग को सौंपी मोटराइज्ड ट्राई साइकिल

**संभल, अमृत विचार :** जिलाधिकारी डॉ.राजेंद्र पैंसिया बुधवार को सुबह अधिकारियों के साथ मोहल्ला हल्लू सराय में दिव्यांग विमल कुमार के घर पहुंचे। जिलाधिकारी ने दिव्यांग विमल कुमार को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल सौंपी तो उसका चेहरा खिल उठा। दिव्यांग ने जिलाधिकारी को खुद बनाई विभिन्न तस्वीरों का संग्रह भी दिखाया उन्होंने विमल की मेहनत को सराहा। बताते चलें कि पिछले दिनों आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में दिव्यांग ने जिलाधिकारी को उनकी तस्वीर भेंट करते हुए मोटराइज्ड ट्राई साइकिल दिलाने की मांग की थी। तब जिलाधिकारी ने एक सप्ताह में भी यह मांग पूरी करने की बात कही थी।


डांडिया में शामिल महिलाएं।

### महिलाओं ने डांडिया नृत्य कर मचाया धमाल

**बहजोई, अमृत विचार :** अखिल भारतीय वार्ष्णेय वेलफेयर एसोसिएशन महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में नवरात्र के उपलक्ष्य में मां को 56 भोग लगाया गया। वहीं महिलाओं ने डांडिया नृत्य से माता के गीतों पर जमकर धमाल मचाया। सरस्वती इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ माता की आरती के साथ किया। व्रत के 56 भोग के साथ माता का भोग लगाया। महिलाओं ने मां से संबंधित भक्ति गीतों से माहौल को भक्ति मय किया। इसके बाद महिलाओं ने भक्ति भजनों पर डांडिया नृत्य करते हुए जमकर धमाल मचाया। भक्ति गीतों पर एक से एक बढ़कर प्रस्तुति देकर सभी को तालियां बजाने पर मजबूर किया। डॉ. रश्मि वार्ष्णेय ने कहा कि मां से सुख समृद्धि की कामना की गई है। इस दौरान नूतन वार्ष्णेय, मीरा वार्ष्णेय, आशा वार्ष्णेय, नंदिनी वार्ष्णेय, शीतल वार्ष्णेय, अंजू वार्ष्णेय, अनुराधा वार्ष्णेय, आरती वार्ष्णेय, चांदनी वाष्र्णेय, कविता वार्ष्णेय आदि महिलाएं मौजूद रहीं।

## एक नजर

### आज 8 घंटे बंद रहेगी विद्युत आपूर्ति

**चन्दौसी, अमृत विचार :** विद्युत विभाग द्वारा गुरुवार को मौलागढ़, पॉवर हाउस, हनुमानगढ़ी, हाइडिल कॉलोनी उपकेंद्र पर कार्य किया जाएगा। जिससे सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। एसडीओ प्रथम अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि गुरुवार को संभल गेट, आंबेडकर नगर, घटलेश्वर गेट, बहेड़ी वाला ताल मार्ग, भवानीपुर, संस्कार वैली, आवास विकास, चन्दौसी ग्रीन सोसाइटी, प्रकृति ग्रीन कॉलोनी आदि में विद्युत आपूर्ति सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बंद रहेगी।

### छात्राओं को दी सुरक्षा की जानकारी

**संभल/मनोटा, अमृत विचार :** विकास खंड असमोली क्षेत्र के राजकीय इंटर कॉलेज शहबाजपुर कला में मिशन शक्ति के अंतर्गत चौकी इंचार्ज मंसूरपुर माफी संजय सिंह ने छात्राओं को सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के बारे में जानकारी दी। कांस्टेबिल आकांक्षा और रीनू ने छात्राओं को आत्मरक्षा के बारे में बताया। कॉलेज प्रधानाचार्य वेदप्रकाश यादव ने छात्र-छात्राओं को महिलाओं के सम्मान और उनके महत्व के बारे में जानकारी दी।

### शिकायत पर की गई भूमि की पैमाइश

**चंदौसी कार्यालय ,अमृत विचार :** तहसील अंतर्गत ग्राम कुढफतेहगढ़ में सरकारी अस्पताल के सामने गाटा संख्या 135 ग्राम सभा की भूमि पर गांव के ही हुकम सिंह व रघुवीर सिंह द्वारा अवैध कब्जे की शिकायत गांव के एक व्यक्ति की जिलाधिकारी से की गई थी। जिसमें बुधवार को राजस्व विभाग की टीम पहुंची और भूमि की पैमाइश की गई। लेखपाल संजीव सिंह ने बताया कि एसडीएम चंदौसी के निर्देशानुसार ग्राम सभा की भूमि की जांच की गई जिसमें भूमि पर पूर्व का अवैध कब्जा पाया गया है।

### न भड़काऊ बयान उचित न प्रतिक्रिया : प्रबोधानंद

**संभल, अमृत विचार :** जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी प्रबोधानंद गिरि ने कहा है कि स्वामी नरसिंहानंद के बयान जैसी बातों से समाज में तनाव बढ़ता है,ऐसी बातों से बचना चाहिए। वहीं उनके बयान पर मुस्लिम समुदाय की प्रतिक्रिया भी उचित नहीं है। कहा कि समाज में शांति और सद्भाव बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। प्रदर्शन और हिंसा हालत को बिगाड़ सकते हैं। मुस्लिम समुदाय द्वारा बिना सोच-समझे सड़कों पर प्रदर्शन उचित नहीं है।

स्व. कृष्ण मोहन शर्मा की स्मृति में रामलीला मंच पर हुआ कवि सम्मेलन

# यहां हंसता हुआ चेहरा बड़ी मुश्किल से...

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** ब्राह्मण शक्ति संघ एवं श्री राम सांस्कृतिक कला मंच के तत्वावधान में रामलीला मंच पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें कवियों ने काव्य पाठ कर श्रोताओं की तालियां बटोरी।

बुधवार को स्व. कृष्ण मोहन शर्मा की स्मृति में आयोजित कवि सम्मेलन में संचालन कर रहे कवि एसडी शर्मा ने सुनाया कि पहले इसको इक मोहब्बत की नजर से देखिए, जिंदगी को फिर किसी चश्मे हुनर से देखिए। एक जैसा ही नजर आएगा हर दम आपको, सच तो सच है आप सच चाहे जिधर से देखिए। कवयित्री आशा बिसारिया ने सुनाया कि फैली शरद की चांदनी, मन को लुभा गई, हल्की गुलाबी ठंड भी सिहरन जगा गई। कवि शैलेंद्र मिश्र ने सुनाया कि हमारे दिल में रहता है हमारे राम का डेरा, सहारा राम देते हैं मुसीबत ने कभी घेरा। कवि अमन मयंक शर्मा ने सुनाया कि




मंच पर काव्य पाठ करती कवयित्री। ● अमृत विचार

पश्चाताप किया जब मलाल आया, मां के चरणों में मैं खुद को डाल आया। कर दे पूरी मुरादें मेरी मां सभी, तेरे द्वारे पे तेरा यह लाल आया। कवि एसएन शर्मा ने सुनाया कि यहां हंसता हुआ चेहरा बड़ी मुश्किल से मिलता है। जिसे हम कह सके अपना बड़ी मुश्किल से मिलता है। कवि सुखपाल सिंह गौर ने सुनाया कि लगी है भीड़ दुनिया की जो संभलने नहीं देगी, समस्या तो समस्या है जो उभरने नहीं देगी। सुनील शर्मा ने सुनाया कि दिल में खुशी भरपूर हो यह अलग बात है, हर शख्स गम से दूर हो यह अलग बात है। इसके अलावा कवि माधव मिश्रा व सौरभ कांत मिश्रा ने अपनी-अपनी कविता पढ़ीं। इस अवसर पर अशोक शर्मा, लक्ष्मी नारायण शर्मा, अमूल शर्मा, सुभाष चंद्र वार्ष्णेय, बृजगोपाल, पद्मिनी शर्मा, विवेक मिश्रा, अभिनव शर्मा, मुकेश गौड़, सचिन शर्मा, शिवराम वत्स, मुनीश कुमार शर्मा, सचिन मिश्रा, अविरल शर्मा, विर्जेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# कालरात्रि की पूजा कर लगाए जयकारे

संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** शारदीय नवरात्र में बुधवार को संभल जिले के मंदिरों में मां दुर्गा के स्वरूप कालरात्रि की पूजा अर्चना हुई।

सुबह 4 बजे से ही मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ी। संभल में चामुंडा मंदिर हल्लू सराय, चामुंडा मंदिर हयातनगर और चामुंडा मंदिर घुंघावली में पहुंचे भक्तों ने विधि विधान से कालरात्रि की पूजा करके मनौती मांगी। शाम को भी मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ी। आरती में हिस्सा लेकर माता रानी का गुणगान किया। संभल के अलावा सिरसी, हजरतनगर गढ़ी, असमोली, सौंधन, पंवासा, बहजोई, धनारी, बबराला, गुन्नौर, जुनावई, रजपुरा और गवां क्षेत्र के मंदिरों में भी विधि विधान से कालरात्रि की पूजा अर्चना हुई।

### कालरात्रि की पूजा से भय का नाश होता है

**चन्दौसी, अमृत विचार :** नवरात्र के सातवें दिन मां कालरात्रि की पूजा-अर्चना की गई। भक्तों ने मंदिरों पर पहुंच पूजा-अर्चना की। माता कालरात्रि की पूजा करने से भक्तों के जीवन से भय का नाश होता है। भक्त पराक्रमी और साहसी बनते हैं। गुरुवार को भक्तों ने श्री सिद्धिदात्री नवदुर्गा मंदिर, श्रीदेवी गंगा मंदिर, प्राचीन देवी मंदिर, बगिया वाली देवी मंदिर व कंकाली देवी मंदिर पर पहुंच पूजा-अर्चना की।



संभल के चामुंडा मंदिर में आरती में शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### स्कूल के बच्चों ने मंदिर जाकर माता रानी की पूजा की

**चन्दौसी, अमृत विचार :** सिल्वर स्टोन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों को नवरात्र पर रामबाग धाम स्थित मां सिद्धिदात्री नवदुर्गा मंदिर का भ्रमण कराया। जिसमें कक्षा 1,2 व 3 के छात्र-छात्राएं शामिल रहे। इस भ्रमण का उद्देश्य बच्चों में भारतीय संस्कृति से अवगत कराना व उनमें धार्मिक भावना प्रेरित करना था। बुधवार की सुबह विद्यालय की शिक्षिका विद्यालय के 30 बच्चों को रामबाग धाम लेकर पहुंची। मंदिर में पहुंच बच्चों ने माता रानी की पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर शिक्षिका सोनी अग्रवाल, शिवांगी, शिक्षक हरगोविंद सिंह मौजूद रहे।

### कमरे में फंदे से लटका मिला युवक का शव

**बहजोई, अमृत विचार :** पति से विवाद के बाद पत्नी मायके चली गई तो 15 दिन के बाद युवक अपने घर में फंदे पर झूल गया। जिससे उसकी मौत हो गई। बहजोई के गांव खजरा खाकम निवासी चेतन का 15 दिन पहले अपनी पत्नी से विवाद हो गया था। विवाद के कारण पत्नी अपने मायके चली गई तो युवक भी अपने घर से बरेली काम करने चला गया। बुधवार की शाम वह बरेली से काम करके लौटा। वह देर रात्रि अपने घर के कमरे में गया और फंदे पर लटक गया। परिजनों ने जब उसे फंदे पर लटका देखा तो हड़कंप मच गया। परिजन युवक को फंदे से उतार कर उपचार के लिए बहजोई के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले आए। जहां पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### एसएम इंटर कॉलेज में छात्रों ने निकाली जागरूकता रैली

**चन्दौसी, अमृत विचार :** एसएम इंटर कॉलेज में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस क्वालिटी वॉक का आयोजन भारतीय मानव ब्यूरो गाजियाबाद शाखा द्वारा कराया गया। क्वालिटी वॉक में उत्तर प्रदेश के 7 जनपदों के 9 विद्यालयों के 2200 से अधिक छात्रों व शिक्षकों ने भाग लिया। रैली का आरंभ प्रधानाचार्य राजेश गुप्ता ने झंडी दिखाकर किया। जनपद में एसएम इंटर कॉलेज में किया गया। जिसमें एनसीसी के छात्रों सहित 400 बच्चों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रियांशु मौजूद रहे। जागरूकता रैली के माध्यम से मानकों के महत्व के बारे में जागरूक करना है। ऐसे मानक जो हमारे घरों, स्कूलों व कार्य स्थलों में उपयोग किए जाने वाले उत्पाद की गुणवत्ता व सुरक्षा के निर्देशों को पूरा करते हैं। उपभोक्ता वस्तुओं पर आवश्यक आईएसआई चिह्न देखकर ही खरीदारी करें। एसएम इंटर कॉलेज में मानव क्लब द्वारा अनेक प्रकार की जागरूकता गतिविधियां पूर्व में समय-समय से संपन्न कराई जा चुकी है। इस अवसर पर योगेश बाबू, रूपेश कुमार, चंद्रवीर, विपिन गुप्ता, अनूप सिंह, आकाश शर्मा, अभिषेक गौतम, मोहम्मद इमरान, अभिषेक त्यागी, कृष्ण अवतार आदि मौजूद रहे।



नलिन सिंह को सम्मानित करते व्यापार मंडल के पदाधिकारी।

### व्यापार मंडल ने किया नलिन सिंह को सम्मानित

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बुधवार को अखिल भारतीय युवा उधोग व्यापार मंडल ने राष्ट्रीय युवा क्रांति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजी. नलिन सिंह का स्वागत करते हुए सम्मानित किया। नलिन सिंह द्वारा रक्तदान के क्षेत्र में कार्य करने की प्रशंसा की। नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने बताया कि नलिन सिंह युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत बने है। समाज सेवा के क्षेत्र में भागेदारी को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में सम्मान भी किया था। नलिन सिंह ने रक्तदान मुहिम चलाकर अब तक 1 लाख से अधिक लोगों को रक्त मुहैया कराया है। उनके द्वारा गरीब कन्याओं के विवाह कराने के अलावा शहर व गांव में युवाओं में नशा न करने की अपील करते है। व्यापार मंडल ने नलिन सिंह को समाजसेवी सम्मान से नवाजा। इस दौरान कपिल गुप्ता ओएलएफ, निशान्त शर्मा, ऋ षभ रस्तोगी, मयंक वार्ष्णेय चिंकल आदि मौजूद रहे।



बैठक करतीं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अर्चना सिंह।

### 14 दिसंबर को होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**चन्दौसी, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जिला न्यायालय में 14 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत के प्रसार-प्रचार को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की प्रभारी सचिव व मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अर्चना सिंह ने जिला सूचना अधिकारी के साथ बैठक की। जिसमें लोक अदालत के व्यापक प्रसार-प्रचार व समय-समय पर होने वाली आगामी लोक अदालतों के विषय में बताया। बताया कि 17 अक्टूबर को लोक अदालत के लिए प्रचार वाहन रवाना होगा। इस संबंध में वादकारियों, बैंक अधिकारियों व अन्य अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की जाएगी। ताकि प्रस्तावित लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण कर उसे सफल बनाया जा सके।

### राम नाम जप करने से होती है ईश्वर की अनुभूति

**चन्दौसी, अमृत विचार :** अक्रूरजी पुरम स्थित श्री महाकालेश्वर मंदिर परिसर में श्रीराम कथा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कथा के समापन पर कथा वाचक आचार्य रामनिवास महाराज ने कहा कि ईश्वर की अनुभूति राम नाम जप तथा पूर्ण संत से आत्मिक प्रेम करके की जा सकती है। ईश्वर को देखा नहीं जा सकता। जिन संत जनों में ईश्वर की विराजता है। उन संतजनों का दंडवत प्रणाम व प्रेम आदि व्यवहार दया में ईश्वर को समर्पण किया जा सकता है। अंत में प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर नलिन चौधरी, श्वेता गुप्ता, अनिल वार्ष्णेय, अनमोल, शिखर, राम अग्रवाल, संजय अग्रवाल, सतीश आर्य, सौरभ कुमार, गौरव, रिंकू, अनिल अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# साधू बन रावण ने किया सीता का हरण

## रामबाग धाम के रंगमंच पर किया जा रहा रामलीला का मंचन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** श्री रामलीला नाट्य परिषद की ओर से बुधवार को रामबाग धाम के रंगमंच पर भरत मिलाप व सीता हरण की लीला का मंचन किया गया।

रामलीला का आरंभ किशन लाल व दीपक वार्ष्णेय ने फीता काटकर किया। रामलीला के पहला दृश्य में दिखाया गया है कि श्रीराम, सीता व लक्ष्मण के वन जाने के बाद भरत अपने भाई को वन से वापस जाने के लिए तीनों माताओं के साथ वन में जाते रहे। श्रीराम से भेंट होने पर भरत कहते हैं कि आप अयोध्या चलें। मगर श्रीराम अपने पिता के वचन देने की बात कहकर अवधि पूरी होने तक वन में रहने की बात कहते हैं। श्रीराम के इन्कार करने पर भरत उनकी चरण पादुका लेकर अयोध्या लौट आते हैं और सिंहासन पर चरण पादुका रखकर राजकाज चलाने लगते



मंच पर रामलीला में युद्ध के दृश्य का मंचन करते कलाकार।

● **किशन लाल व दीपक वार्ष्णेय ने फीता काटकर किया शुभारंभ**

हैं। दूसरे दृश्य में दिखाया गया है कि श्रीराम, लक्ष्मण व सीता वन में कुटिया में बैठे हैं। तभी रावण की बहन की सूपर्णखा सुंदरी की रूप रखकर पहुंचती है और श्रीराम से विवाह का प्रस्ताव रखती है। श्रीराम के कहते हैं मेरी धर्मपत्नी मेरे साथ है। सूपर्णखा लक्ष्मण के पास पहुंचती है, लक्ष्मण के इन्कार करने पर वह सीता पर हमला कर मारना चाहती है, तो लक्ष्मण सूपर्णखा के कान-काट काट लेते हैं। सूपर्णखा घायल अवस्था में भाई खर व दूषण व त्रिशरा के पास जाती है। बहन का अपमान का बदला लेने के लिए भड़काती है। तीनों भाई राम व लक्ष्मण से युद्ध करने पहुंचते हैं और मारे जाते हैं। फिर सूपर्णखा अपने बड़े भाई रावण के पास पहुंचती और बहन की बात सुनकर रावण क्रोधित हो जाता है और माता सीता के हरण की योजना बनाता है। रावण अपने मामा मारीच के पहुंचा है और उसे सोने का हिरण बनाकर श्रीराम की कुटिया के आगे से गुजरने को कहता है। श्रीराम हिरण के पीछे-पीछे काफी दूर निकल जाते हैं। श्रीराम के एक बाण से हिरण मर जाता है और मरते समय लक्ष्मण-लक्ष्मण की आवाज निकाल है। आवाज सुनकर सीता लक्ष्मण को भेजती हैं। जाते समय लक्ष्मण कुटिया के पास रेखा खींचकर चले जाते हैं। इसके बाद रावण साधू का वेश रख पहुंचा और सीता से कुटिया से बाहर आकर भिक्षा देने की मांग करता है। ऐसा करने पर रावण सीता का हरण कर लंका ले जाता है। इस अवसर पर गिरिराज किशोर, नवीन चौधरी, अमित अप्पू, कपिल राजा, कन्हैया वार्ष्णेय, ओमेंद्र वार्ष्णेय, प्रमोद गुरु, मदन गोपाल, रवि गोपाल, अमित श्याम, आर्यन, रीतिक, उमंग, गौरव, कृष्णा, मयंक, प्रवर आदि मौजूद रहे।

### स्कूल बस में तोड़फोड़ व मारपीट में 20 पर रिपोर्ट

**संभल, अमृत विचार:** ऐचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र में डंडे लेकर फिल्मी स्टाइल में स्कूली बस रुकवाकर तोड़फोड़ व मारपीट के मामले में तीन नामजद सहित बीस के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। कई युवक हिरासत में हैं लेकिन पुलिस ने अभी किसी की गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं की है।

भवालपुर बांसली के लिटिल फ्लावर एकेडमी की बस को लेकर चालक छात्र छात्राओं को छोड़ने जा रहा था। तभी हैदरपुर तिराहे पर हाथों में लाठी डंडे लेकर आये डेढ़ दर्जन से ज्यादा नकाबपोश युवकों ने बस चालक ईश्वरपाल व छात्र-छात्राओं के साथ मारपीट की थी। पुलिस ने चालक की तहरीर पर गांव मूढा मुकारी निवासी प्रतीक उर्फ अभि व रचित के साथ ही थाना क्षेत्र के गांव राजीखेड़ा निवासी प्रिंस कुमार को नामजद करते हुए ने 20 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। ईश्वरपाल ने बताया कि चालक ने बस नहीं रोकी तो प्रतीक, रचित, प्रिंस कुमार व अन्य ने डंडा मारकर बस का शीशा तोड़ दिया। विरोध पर छात्र छात्राओं से मारपीट की।

# बच्चों के मनमोहक नृत्य पर जमकर बजी तालियां

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** एबीसी किड्स मांटेसरी स्कूल में दो दिवसीय नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें पहले दिन प्री नर्सरी से यूकेजी तक के बच्चों ने नृत्य प्रतियोगिता में भाग लिया।

बच्चों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सभी को तालियां बजाने को मजबूर कर दिया। प्रतियोगिता का आरंभ दीप प्रज्वलित करके किया गया। बच्चों ने क्लासिकल डांस, डिस्को डांस, हिप हॉप आदि डांस प्रस्तुत किए। जिसमें नव्या, मायशा, क्रियांश, इवंशी, वान्या, वेदिका, निलंजना, आकर्ष, श्रीजा, विशारंश, कृद्धा, मिस्का ने प्रथम, प्रवजोत, खतविक, अनाविया, आइश चौधरी, एकनूर, अभीहा, दिशिता, ऐना, आराध्या, ख्याति, नादिका, शिवांश



एबीसी मांटेसरी स्कूल के कार्यक्रम में नृत्य प्रस्तुत करती छात्रा।

अग्रवाल, मंशवी चौहान, छवि, अंशी ने द्वितीय, मोहसिन, लेबिका, वाशु, शिवाय, नाविका, इंशा, अभिषा, जस्नूर, मिशा, आराध्या, श्रीस्ति, अर्जित, हिमांश, प्रव्या, अरनव सिंह, कर्णिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय संचालिका संगीता भार्गव, शुभिका, लक्षिता, मंशा, नीरज, संतोष, निशा, रुपाली, सिद्धि, ज्योति, दिया आदि मौजूद रहे।

### अच्छी शिक्षा देने के साथ व्यवस्थाओं को दुरुस्त करें

**बहजोई, अमृत विचार:** जिलाधिकारी ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों की वार्डन के साथ समीक्षा करते हुए विद्यालय में समस्याओं के बारे में जानकारी की। डीएम ने छात्राओं को अच्छी गुणवत्ता के साथ शिक्षित करने व हिंदी, संस्कृत और अंग्रेजी में प्रार्थना देने के निर्देश दिए।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की वार्डन ने बाउंड्री वॉल व जलभराव की समस्या के बारे में बताया। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कस्तूरा विद्यालय की जो भी समस्याएं हैं उनको शीघ्र ही निस्तारण करने का काम किया जाए। मिशन शिक्षण संवाद व्हाट्सएप ग्रुप को अधिकतर जॉइन करने को लेकर डीएम ने जानकारी प्राप्त की। इस दौरान सीडीओ व डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर कस्तूरबा बालिका विद्यालय रंजना राजपूत आदि मौजूद रहे।

# महिलाओं को दी घरेलू हिंसा के बारे में जानकारी

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी/बनियाठेर

**अमृत विचार :** मिशन शक्ति के तहत महिला व बाल विकास विभाग द्वारा घरेलू हिंसा व कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ उत्पीड़न निवारण प्रतिषेध व प्रतिशोध अधिनियम 2023 के बारे में कार्यक्रम का आयोजन बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव जनेटा में किया गया।

आकांक्षा समिति की अध्यक्ष संगीता भार्गव ने बताया कि घरेलू हिंसा वह है जो पीड़िता के परिवार के किसी सदस्य द्वारा की जाती है। कहा कि आज के बदलते जमाने में किसी भी महिला को किसी भी प्रकार की हिंसा या यौन उत्पीड़न सहने की जरुरत नहीं है। सरकार आपकी सहायता के लिए हमेशा तैयार है। इस अवसर पर संजीदा बी, तबस्सूम, रजिया, रबिया,



अकरौली में पंफलेट वितरण के दौरान एसआई रश्मि मलिक व महिलाएं।

हिना, कहकशा, रानी आदि मौजूद रहे। वहीं बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव अकरौली में थाना पुलिस द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा सहित अन्य जानकारी दी।

जिसमें मिशन शक्ति अभियान के तहत जारी किए गए हेल्प लाइन नंबरों, शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के विषय में बताया गया। थाना के महिला हेल्प डेस्क प्रभारी एसआई रश्मि मलिक ने कानूनों के प्रावधानों की जानकारी देकर पंफलेट वितरित किए। कार्यक्रम में बविता, प्रमोद गिर, सुषमा साहनी, निधि गौतम, आशा, पूनम, कमलेश, राजबाला, संगिनी, शक्ति, सरोज महिलाएं मौजूद रही।

**आयोजन** तीन दिवसीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का रंगारंग कार्यक्रमों के बीच हुआ समापन

# खेल प्रतियोगिता में किसान उपकारक इंटर कॉलेज बना विजेता

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** चन्दौसी इंटर कॉलेज में चल रही तीन दिवसीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का बुधवार को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच समापन हो गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला विद्यालय निरीक्षक वेदराम कौशल मौजूद रहे।

बुधवार को सीनियर बालक वर्ग की 400 मीटर दौड़ में फैजान ने प्रथम व टीटू यादव ने द्वितीय, जूनियर बालक वर्ग की 3 किलोमीटर वॉक दौड़ में हर्षित ने प्रथम, चंदन सिंह ने द्वितीय, सीनियर बालक वर्ग की 5 किलोमीटर वॉक दौड़ में हर्षित ने प्रथम, अनिकेत देवल ने द्वितीय, सीनियर बालिका वर्ग की 400 मीटर दौड़ में प्रीति ने प्रथम, शांति ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग की ओवरऑल



विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित करते अतिथि।

संकुल चैंपियनशिप पर तीनों वर्ग सीनियर, जूनियर व सब जूनियर में किसान उपकारक इंटर कॉलेज ने कब्जा किया। जबकि बालक वर्ग की व्यक्तिगत चैंपियनशिप में सीनियर वर्ग में जतिन कुमार, जूनियर वर्ग में गौरव कुमार ने बाजी मारी। बालिका वर्ग की ओवरऑल संकुल चैंपियनशिप पर भी किसान उपकारक इंटर कॉलेज का कब्जा रहा।

बालिका वर्ग की व्यक्तिगत चैंपियनशिप में सीनियर वर्ग में प्रियांशी बांगा चैंपियन बनी। विजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। समापन कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने नृत्य, गीत सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समा बांध दिया। इस अवसर पर प्रेम किशोर गुप्ता, जिला क्रीड़ा प्रभारी सीपी सिंह, सचिव मेजर शशिकांत गुप्ता, नरेंद्र कुमार, अंजू गुप्ता, राजेश गुप्ता, रितु, चंद्रकांत यादव, वेंकट कुमार, मुकेश बाबू वार्ष्णेय, संजीव कुमार, मनोज कुमार वार्ष्णेय, अश्वनी कुमार शर्मा, चंद्रकांत आदि मौजूद रहे।

### प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने दिखाया दम

**बहजोई, अमृत विचार :** रायपुर कला न्याय पंचायत की छात्र-छात्राओं के विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं ने अपना दम दिखाया और विजेता बने। जूनियर हाई स्कूल मझोला में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिताओं का आरंभ न्याय पंचायत रायपुर कला के प्रभारी रामराज सिंह व जूनियर हाई स्कूल मझोला के प्रधानाध्यापक सेवाराम दिवाकर ने किया। जूनियर स्तर बालिका वर्ग में 100 मीटर दौड़ में अलफिजा, 200 मीटर दौड़ में अरीबा, 400 मीटर दौड़ में रहनुमा प्रथम, 600 मीटर दौड़ में अरीबा जबकि चक्का फेंक में शिवानी प्रथम रही। लंबी कूद में अलफिजा प्रथम, ऊंची कूद में रेहनुमा प्रथम रही। जूनियर स्तर बालक वर्ग में हर्षित सुमित, जुनैद, फैसल नबी, दीपक, रीना, अक्शा, असद, आशीष अनस विजेता रहे। रामराज सिंह, सेवाराम दिवाकर, मधुर कुमार वार्ष्णेय, अशोक कुमार यादव, भूदेव सिंह, नीतू तोमर, राहुल गुप्ता, दीपक कुमार, दिनेश कुमार, धर्मपाल सिंह, नरेंद्र पाल सिंह, सुरेश पाल, चारू शर्मा, प्रगति वार्ष्णेय, रितु शर्मा, सुमित शर्मा आदि ने सहयोग किया।

# बहुजन एकता के जनक थे कांशीराम

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी संभल के तत्वावधान में बहुजन नेता कांशीराम की पुण्यतिथि मनायी गई। जिसमें उनके संघर्ष व सिद्धांतों को याद किया गया।

बहजोई रोड पर अजीत सिंह एनक्लेव में कार्यक्रम का आरंभ कांशीराम के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित करके किया गया। जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी ने कहा कि कांशीराम बहुजन एकता के जनक थे। उन्होंने सामाजिक और राजनीतिक रूप से दलित और पिछड़े वर्ग को उनका हक दिलाने के लिए जीवन भर संघर्ष किया। समाजवादी पार्टी उनके आदर्श सिद्धांत को लेकर पीडीए के माध्यम से समाज में दलित और पिछड़ों को उनका हक दिलाने के लिए कृत संकल्पित है। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के पूर्व प्रदेश कोऑर्डिनेटर सतीश प्रेमी



कांशीराम के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित करते सपाई। ● अमृत विचार

● **राजनीतिक रूप से दलित और पिछड़े वर्ग को उनका हक दिलाने के लिए जीवन भर संघर्ष किया**

ने कहा कि सामाजिक क्रांति के नायक कांशीराम ने संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के मिशन को पूरा करने तथा दलित,पिछड़ों को उनके राजनीतिक सामाजिक आर्थिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पूरा जीवन लगा दिया। इस अवसर पर विमलेश कुमारी, राजेश यादव, हरवीर यादव, दाताराम भारती, रोहन सिंह यादव एड,उमेश गुप्ता, भावना सक्सेना,कामरेड रेवाराम, नेत्रपाल यादव, गौरव आंबेडकर ने भी उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। इस दौरान नरौली चैयरमैन बिट्टन मलिक, नगराध्यक्ष संजय मदान, राजीव रस्तोगी, जावेद कुरेशी, जयवीर यादव, संजू यादव, नदीम खान, गुलशन राय, मास्टर आकिल आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### परिवहन विभाग ने ट्रैक्टर-ट्राली को किया सीज

**हसनपुर, अमृत विचार :** बुधवार को एआरटीओ प्रवर्तन महेश शर्मा ने चेकिंग अभियान के दौरान गजरौला मार्ग पर पेट्रोल पंप के निकट ईंटों से लदे ट्रैक्टर-ट्राली पकड़कर सीज कर दिया और उसे पुलिस के हवाले कर दिया। महेश शर्मा ने बताया कि ट्रैक्टर-ट्राली कृषि कार्य के लिए दर्ज की गई है, लेकिन इसका प्रयोग व्यवसायिक गतिविधियों में किया जा रहा है। जिसके चलते कार्रवाई की गई है।

### तीन दिन बाद भी पिकअप चोरी की रिपोर्ट दर्ज नहीं की

**हसनपुर, अमृत विचार :** मोहल्ला मक्का वाली कनेटा रोड निवासी मोहम्मद जीशान पुत्र बूंदु 6 अक्टूबर की शाम को अपनी पिकअप बोलेरो को फूलपुर मार्ग पर खड़ा कर सोने के लिए चला गया। रात में किसी समय पिकअप बोलेरो को चोरी कर लिया गया। सुबह जब पिकअप स्वामी वाहन को देखने के लिए पहुंचा तो वाहन वहां नहीं था। यह देखकर उसके पैरों के नीचे की जमीन खिसक गई। पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर चोरों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई थी। तीन दिन बाद भी पुलिस ने चोरी की घटना की रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

# उपचार न मिलने पर जच्चा-बच्चा की मौत

## सीएमओ ने कई खामियां मिलने पर निजी अस्पताल किया सील

संवाददाता, डिडौली (अमरोहा)

**अमृत विचार :** प्रसव के लिए निजी अस्पताल में भर्ती महिला की ऑपरेशन के दौरान हालत बिगड़ गई। इस पर चिकित्सक ने महिला को हायर सेंटर रेफर किया गया। जबकि बच्चा मृत पैदा हुआ था। मुरादाबाद ले जाते समय अधिक खून बहने से महिला की मौत हो गई। परिजनों ने अस्पताल पहुंचकर हंगामा किया। मौत की सूचना पर एसडीएम, सीएमओ सहित पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। अधिकारियों ने निजी अस्पताल को मौके पर कमियां मिलने पर सील कर दिया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव कालाखेड़ा उर्फ कलालखेड़ा निवासी कासिम पुत्र रहीस ने पत्नी शहनाज को प्रसव पीड़ा होने पर मंगलवार दोपहर जोया-सम्भल चौराहे पर डॉ. हफीज आलम के इकरा हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। जहां चिकित्सक ने ऑपरेशन किया था। इस दौरान शहनाज ने मृत बच्चे को जन्म दिया। लेकिन अधिक



मौके पर जांच करते एसडीएम सदर सुधीर कुमार सिंह व अन्य।

**कार्रवाई**

- प्रसव के बाद बिगड़ गई थी हालत, मृत बच्चे को दिया था जन्म
- मुरादाबाद ले जाते समय महिला ने तोड़ दिया था दम

रक्तस्राव होने पर चिकित्सक ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। मंगलवार देर शाम मुरादाबाद ले जाते समय महिला की रास्ते में मौत हो गई। इस पर परिजन महिला का शव लेकर बुधवार सुबह इकरा हॉस्पिटल पहुंचे और हंगामा करने लगे। सूचना पर डिडौली कोतवाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए और शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाने लगे लेकिन परिजनों ने पोस्टमार्टम से इंकार कर दिया। इसके बाद परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया। हंगामे की सूचना पर एसडीएम सदर सुधीर कुमार मौके पर पहुंच गए। बाद में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, नोडल अधिकारी शरद कुमार, नायब तहसीलदार योगेश कुमार भी मौके पर पहुंच गए और मृत महिला के परिजनों से बातचीत की। लेकिन परिजनों ने कानूनी कार्रवाई से इंकार कर दिया। तब अधिकारियों ने शव परिजनों को सौंप दिया। इसके बाद परिजनों ने शव को सुपुर्द खाक कर दिया।

वहीं, अधिकारियों ने डॉ. हफीज आलम के इकरा अस्पताल में जरूरी कागजात और उचित सुविधाएं न मिलने पर अस्पताल को सील कर दिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी एसपी सिंह ने बताया कि इकरा अस्पताल में गलत उपचार के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत हो गई। साथ ही कमियां मिलने पर निजी अस्पताल को सील कर दिया है। उन्होंने कहा कि अवैध अस्पतालों का संचालन नहीं होने दिया जाएगा।

### जिला अस्पताल की ओपीडी में बने 1758 पर्चे

**अमरोहा, अमृत विचार :** मच्छरों के बढ़ते प्रकोप और मौसम परिवर्तन के कारण बुखार से पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। बुखार पीड़ित मरीजों से निजी अस्पताल से लेकर जिला अस्पताल के वार्ड फुल हो गए हैं। जिला अस्पताल में 1758 मरीजों की ओपीडी हुई। जिसमें 160 बुखार के पीड़ित मिले।

जिला अस्पताल की सीएमएस प्रेमा पंत ने बताया कि मच्छरों के बढ़ते प्रकोप एवं मौसम में हो रहे परिवर्तन के कारण लोग बुखार से ग्रस्त हो रहे हैं। बुखार आने पर लोगों द्वारा समय पर इलाज नहीं किया जा रहा। जिस कारण वह मलेरिया और टाइफाइड से पीड़ित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को बुखार आने पर तुरंत चिकित्सक से दवा लेनी चाहिए और खान-पान पर विशेष ध्यान दें। सीएमएस ने कहा कि बुखार पीड़ित मरीज की जांच अस्पताल में कराई जा रही है। अभी तक डेंगू की पुष्टि नहीं हुई है। मलेरिया के मरीज तो मिले हैं। जिनका इलाज अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा बुधवार को जिला अस्पताल में 1758 मरीज आए। इसमें 160 मरीज बुखार से ग्रस्त थे। गंभीर मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।



पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय में एकत्र पथरा मुस्तकम के ग्रामीण।

# ग्रामीणों ने पुलिस पर ठीक से जांच न करने का लगाया आरोप

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** पथरा मुस्तकम के ग्रामीणों ने क्षेत्राधिकारी कार्यालय में शिकायती पत्र सौंपा। जिसमें कहा कि पुलिस ने आरोपी पिता-पुत्र को गलत जेल भेजा गया है। पुलिस द्वारा मामले में गहनता से जांच नहीं की गई है।

बुधवार को पथरा मुस्तकम के ग्रामीणों ने क्षेत्राधिकारी कार्यालय में दिए गए शिकायती पत्र में कहा कि मामले में एफआईआर दर्ज कर पुलिस ने प्रेमपाल तथा योगेंद्र को जेल भेजा है। पुलिस द्वारा मामले में गहनता से जांच नहीं हुई है।

पुलिस ने जल्दबाजी में रंजिश के आधार पर दोनों को जेल भेजा है। ग्रामीणों ने कहा कि न्याय हित में उक्त प्रकरण में सही जांच कर आरोपियों पर कार्रवाई हो। इस दौरान ग्रामीण रूप किशोर, विजयपाल सिंह, भगवत, अतर सिंह, विनोद, अमर सिंह, राजा, दौलतराम, भोजराम, प्रकाश आदि मौजूद रहे।

# कागजों में दफन है छात्रा के ताऊ की हत्या का राज

संवाददाता, रहरा (अमरोहा)

- 21 अप्रैल 2019 को हुई थी रहरा थाना क्षेत्र के गांव पथरा मुस्तकम में साहूकार राजेन्द्र सिंह की हत्या

**अमृत विचार :** दो दिन पहले रहरा थाना क्षेत्र के गांव पथरा मुस्तकम घर से अपहरण करने के बाद तेजाब डालकर की गई किशोरी की हत्या की गई थी। वहीं, उसके ताऊ साहूकार राजेंद्र की हत्या का खुलासा भी अब तक नहीं हो सका है। मामले में विवेचक बदलते रहे और साहूकार राजेंद्र की हत्या का राज कागजों में दफन होकर रह गया। जबकि परिजन दोनों मामलों को जोड़कर बता रहे हैं।

बता दें कि 21 अप्रैल 2019 को साहूकार राजेंद्र सिंह गांव के एक छोर पर स्थित अपने घर में सोए हुए थे। देर रात अज्ञात बदमाशों ने उनके सिर पर किसी धारदार हथियार से वार कर उन्हें मौत के घाट उतार दिया था। जिसके बाद उनके छोटे भाई प्रकाश सिंह ने अज्ञात लोगों के खिलाफ थाना आदमपुर में हत्या की रिपोर्ट कराई थी। घटना के समय आदमपुर थाना प्रभारी रहे अशोक कुमार शर्मा विवेचना कर रहे थे। प्रकाश सिंह के मुताबिक विवेचक व थाना प्रभारी अशोक कुमार शर्मा उन्हें अपने बड़े भाई व साहूकार राजेंद्र सिंह की हत्या में झूठा दोषी बनाने की फिराक में थे। प्रकाश सिंह को जब इस बारे में सुराग लगा तो उन्होंने पुलिस अधीक्षक से मिलकर अपने भाई की हत्या का राजफाश कराने को लेकर विवेचना को थाना आदमपुर से थाना रजबपुर स्थानांतरित करा लिया। जहां थाना अध्यक्ष रहे सत्येंद्र कुमार तोमर व उनके बाद प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र कुमार सिंह ने तथ्यों के आधार पर मामले की विवेचना। करीब आठ महीने बाद 30 दिसंबर को हत्या के साक्ष्य प्रमाणित न होने के कारण विवेचना में अंतिम रिपोर्ट लगा न्यायालय में पेश कर दिया गया। अब दो दिन पहले प्रकाश सिंह की बेटी को अगवा कर उस पर तेजाब डाल दिया गया था। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### काश, खुल जाता साहूकार राजेंद्र की हत्या का मामला

**रहरा, अमृत विचार :** बुधवार को जब अमृत विचार की टीम ने गांव पथरा मुस्तकम पहुंचकर मृत किशोरी के पिता प्रकाश सिंह से बातचीत कि तो उन्होंने बताया 5 वर्ष पहले राजेंद्र सिंह की हत्या का राज खुल जाता तो उनकी बेटी के साथ आरोपी दरिंदगी नहीं करते। उनकी बेटी यशोदा ने मेरठ जाते समय उन्हें बताया था कि पापा मुझे घर से दो लोग अपहरण करके गांव के बाहर पहले निजी स्कूल में ले गए। जहां चार लोग पहले से ही मौजूद थे। पहले उन्होंने मेरी पिटाई की। बाद में दो लोगों ने उसके ऊपर तेजाब डाला। पिता प्रकाश सिंह ने बताया कि पुलिस ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर दो लोगों को जेल भेज दिया गया है, लेकिन वह अभी पुलिस की कार्यवाई से संतुष्ट नहीं है। सभी दोषियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए। कहीं ऐसा न हो कि यह मामला भी मेरे भाई की हत्या की तरह कागजों में ही दफन हो जाए।

### मृतक किशोरी के घर पुलिस तैनात

**रहरा, अमृत विचार :** मामला किशोरी की हत्या से जुड़ने के करण देर रात तक पुलिस बल किशोरी के अंतिम संस्कार तक गांव में मौजूद रहा कि कोई अनहोनी घटना न हो जाए। इस वजह से बुधवार को भी रहरा पुलिस मृत किशोरी के घर पर तैनात थी।

# निदेशक के चुनाव के लिए उम्मीदवारों ने लखनऊ एवं दिल्ली में डाला डेरा

संवाददाता, रहरा

- दि किसान सहकारी चीनी मिल्स समिति गजरौला व हसनपुर के निदेशक के चुनाव के लिए नामांकन कल

**अमृत विचार :** चीनी मिल समिति के वर्ष 2015 में चुनाव हुए थे। वर्ष 2023 में चुनाव की चर्चा चली, लेकिन नहीं हो सके। किसान सहकारी चीनी मिल्स समिति गजरौला व हसनपुर की बात करें तो यहां प्रथम चरण में डेलीगेट के लिए होने वाला चुनाव संपन्न हो चुका है। जिसमें कुल 316 किसानों ने डेलीगेट पद के लिए आवेदन किया था। जांच के बाद जिनमें में कुल 122 नामांकन अस्वीकृत पाए गए तथा 6 पद रिक्त रहते हुए चीनी मिल्स समिति में कुल 194 डेलीगेट निर्विरोध निर्वाचित हुए। इन 194 डेलीगेट को ही चीनी मिल्स समिति का निदेशक तय करना है।

चीनी मिल्स समिति के डायरेक्टर (निदेशक) के चुनाव की बात करें तो शुक्रवार को चीनी मिल्स समिति में इनके लिए नामांकन की तिथि घोषित की हुई है। जिसका चुनाव परिणाम 17 अक्टूबर को जारी किया जाएगा। दि किसान सहकारी चीनी मिल्स गजरौला व हसनपुर की समिति में कुल 11 डायरेक्टर (निदेशक) चुने जाने हैं। चुनाव अधिकारी/ आरओ सलिल भारद्वाज के मुताबिक दो महिला, एक ओबीसी, एक आरक्षित व सात अनारक्षित जाति की सीटें हैं। चेयरमैन(अध्यक्ष) पद के लिए भाजपा द्वारा पहले ही भाजपा के जिला अध्यक्ष रहे रामकिशोर चौहान को प्रत्याशी घोषित किया जा चुका है।

समिति के निदेशक पद के लिए होने वाले चुनाव के कुछ प्रत्याशी तो धरातल पर डेलीगेट से संपर्क साधकर उठा पटक में जुटे हैं। वहीं कुछ अन्य निदेशक पद के प्रत्याशी जिनकी डेलिगेट से ताल नहीं बैठ रही है। उनमें से कुछ दिल्ली तो कुछ लखनऊ हाई कमान तक अपने को पार्टी का हितैषी बता प्रत्याशी घोषित करने के जुगत में लगे हैं। वहीं कुछ अन्य निदेशक पद के उम्मीदवार क्षेत्रीय प्रतिनिधियों से संपर्क कर अपने को पार्टी प्रत्याशी घोषित कराने की कोशिश कर रहे हैं।

### टंकी में एंगल लगाने को लेकर चले लाठी-डंडे

**रहरा, अमृत विचार :** पानी की टंकी में एंगल लगाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। जिसमें एक पक्ष की युवती घायल हो गई है।

घटना थाना क्षेत्र के गांव फूलपुर में मंगलवार शाम की है। गांव निवासी मुनिदेव सिंह के मुताबिक दो दिन पहले उनके पड़ोसी श्रीपाल व उनके लड़कों ने मकान की तरफ को पानी की टंकी लगवा दी। मंगलवार शाम आरोपी श्रीपाल व उसके लड़के जबरन उन टंकियां में लोहे का एंगल लगा रहे थे। जिसका मुनिदेव ने विरोध किया। इसी बात को लेकर आरोपी पक्ष आग बबूला हो गए और दोनों पक्षों में मारपीट होने लगी। इस दौरान मुनिदेव की 20 वर्षीय बेटी गुंजन के सिर में लग गई। परिजनों ने घायल युवती को रहरा सीएचसी में भर्ती कराया। सीएचसी से घायल युवती को निजी चिकित्सक के यहां रेफर कर दिया गया। थाना अध्यक्ष अलका चौधरी ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# दो बाइकों की टक्कर में एक युवक की मौत व एक घायल

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** नगर के अलीगढ़ मार्ग पर मंगलवार रात दो बाइकों की टक्कर में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना ग्रामीणों ने घायल के परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने एक को मृत घोषित कर दिया तथा एक घायल को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

रहरा थाना क्षेत्र के गांव बरतौरा निवासी कंछित पुत्र ब्रह्मराज सिंह 32 वर्ष मंगलवार रात अपने रिश्तेदार गांव घंसूरपुर निवासी अनूप के साथ बाइक से नगर से घर लौट रहा था। जैसे ही उनकी बाइक अलीगढ़ मार्ग स्थित घंसूरपुर मार्ग के सामने पहुंची तो गांव घंसूरपुर निवासी देवेंद्र अपने साथी के साथ बाइक से आ रहा था। दोनों बाइकों की आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार कंछित व उसका रिश्तेदार अनूप गंभीर रूप से घायल हो गए। इस पर देवेंद्र व उसका साथी बाइक को मौके पर छोड़कर फरार हो गए। ग्रामीणों ने हादसे की सूचना घायल के परिजनों को दी। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को लेकर सीएचसी पहुंचे।

जहां चिकित्सक ने कंछित को मृत घोषित कर दिया तथा अनूप की हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर किया गया। सड़क हादसे की सूचना पर कोतवाली पुलिस भी सीएचसी पहुंची और मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिवार में पत्नी रूपवती और तीन बेटे हैं। कोतवाली पुलिस ने मृतक के पिता ब्रह्मराज सिंह की तहरीर पर देवेंद्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।




बैठक में जानकारी देते चेयरमैन राजपाल सैनी एवं सभासद।

# हसनपुर पालिका आदर्श घोषित, विकास कार्य होंगे

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** नगर पालिका हसनपुर के आदर्श घोषित होने पर बोर्ड एवं स्टाफ में खुशी की लहर है। कई प्रस्तावों को हरी झंडी मिलने से नगर का विकास भी होगा।

मंगलवार को शासन ने हसनपुर पालिका परिषद को आदर्श पालिका घोषित कर दिया। बुधवार को पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी ने प्रेस वार्ता कर बताया कि नगर पालिका को आदर्श पालिका घोषित किया है। पुरानी तहसील में बाबू विश्वेश्वर दयाल अग्रवाल के नाम से पुस्तकालय बनेगा। पार्क का नाम भी बाबू विश्वेश्वर दयाल अग्रवाल के नाम पर रखा जायेगा। पालिका की 5000 वर्ग मीटर खाली जमीन पर 100 बेड का अस्पताल बनाने का प्रस्ताव भी भेजा है। इस अवसर पर संजय शर्मा, प्रशांत सैनी, इशांत सैनी, रवि शंकर शर्मा, राहुल सैनी, नितिन सैनी, जुनैद खान, मोहसिन खान, मुन्ना चौहान, जावेद जरताब, अलीमुद्दीन, शराफत मलिक, नौशाद आदि मौजूद थे।

### भाकियू ने छुट्टा पशओं को पकड़वाने की मांग की

**नौगांवा सादात, अमृत विचार :** तहसील परिसर में बुधवार को भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति की ओर से विभिन्न मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया गया। इसमें बिजली समेत अन्य समस्याओं के समाधान की मांग की गई। एसडीएम बृजपाल सिंह ने किसानों की समस्याएं को संज्ञान में लिया और जल्द निस्तारण करने को अधिकारियों से बात करने को कहा।

किसानों ने कहा कि बिजली विभाग चेकिंग के नाम पर किसानों का शोषण कर रहा है। उस पर रोक लगाई जाए एवं छुट्टा पशु खेत में फसलों का नुकसान कर रहे हैं। उन्हें पकड़कर गोशाला पहुंचाया जाए। राशन कार्ड से कटे हुए नाम फिर से जोड़े जाएं एवं पंचायत स्तर पर पालतू पशुओं के लिए अस्पताल में चिकित्सक की व्यवस्था की जाए। गजरौला क्षेत्र में फैक्ट्री के गंदे पानी के कारण बीमारी फैल रही है, उसकी रोकथाम की जाए। अमरोहा जिले की सभी गन्ना फैक्ट्री को 25 अक्टूबर तक शुरू किया जाए।

**निरीक्षण** बच्चों को विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के दिए निर्देश

# दूध की खराब गुणवत्ता पर डीएम नाराज

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी निधि गुप्ता ने संविलियन उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर घना का औचक निरीक्षण कर विद्यालय में पठन-पाठन की स्थिति, मिड डे मील, साफ-सफाई, अध्यापकों व छात्रों की उपस्थिति-अनुपस्थिति सहित अन्य व्यवस्थाओं को परखा। बच्चों के भाषा ज्ञान के परीक्षण के लिए हिंदी की किताब पढ़वाई। बोर्ड पर लिखे हिंदी के शब्दों के बारे में जानकारी ली। जिसमें कुछ बच्चों ने पढ़ने में असमर्थता जताई। जिलाधिकारी ने शिक्षक से सवाल जवाब कर बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के निर्देश दिए।

बुधवार को जिलाधिकारी गांव रामपुर घना के उच्च प्राथमिक विद्यालय पहुंचीं। उन्होंने किचन में बच्चों को दिए जाने वाले भोजन का



विद्यालय में तहरी की जांच करतीं जिलाधिकारी निधि गुप्ता।

भी परीक्षण किया। जिसमें तहरी और दूध की गणवत्ता खराब मिली। इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने उपस्थिति पंजिका में अध्यापकों की उपस्थिति को देखा। जिसमें सभी शिक्षक उपस्थित मिले। शिक्षकों को निर्देश दिए कि शिक्षा की गुणवत्ता ठीक नहीं है, बच्चे कमजोर हैं सुधार किया जाए। अध्यापक विषय को रुचि लेकर पढ़ाएं। बच्चों को भाषा, गणित व विज्ञान का अच्छा ज्ञान होना चाहिए। जिलाधिकारी ने यूनिफॉर्म व पाठ्य पुस्तक वितरण की स्थिति की भी जानकारी ली और सभी बच्चों को यूनिफॉर्म में आने के निर्देश दिये। उन्होंने शिक्षकों को निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित करें कि बिना ड्रेस के कोई भी बच्चा विद्यालय में न आए।

## सार संक्षेप




बाइक लांच करते पंकज गुप्ता व अन्य।

### सीएनजी बाइक से मिलेगा लोगों को लाभ : पंकज

**अमरोहा, अमृत विचार :** बजाज कंपनी ने अमरोहा में 125 सीसी की पहली सीएनजी बाइक को लांच किया है। जोया रोड पर बजाज शोरूम में दुपहिया वाहन निर्माता कंपनी बजाज ऑटो ने सीएनजी बाइक लॉन्च की। महालक्ष्मी बजाज के अध्यक्ष पंकज गुप्ता द्वारा कार्यक्रम का फीता काटकर उद्घाटन किया। जहां कंपनी ने सीएनजी बाइक को लांच किया। उन्होंने बताया कि बाइक की कीमत 95 हजार रुपये तय की गई है। कहा कि बाइक को कंप्यूटर से जोड़ा गया है। बाइक को पेट्रोल और सीएनजी दोनों से चलाया जा सकता है। इस मौके पर सेल्स मैनेजर सिमरवीर सिंह, एरिया मैनेजर सेल्स चटर्जी, एरिया सर्विस मैनेजर प्रणय कुमार आदि उपस्थित रहे।

### श्रीवासुदेव तीर्थ पर देवी मां के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**अमरोहा, अमृत विचार :** श्रीवासुदेव तीर्थ पर मां दुर्गा महोत्सव के सातवें दिन मां कालरात्रि की पूजा अर्चना की गई। दिन में भक्तों ने हवन पूजन किया और रात में माता का जगराता हुआ। जिसमें गायक कलाकारों ने माता रानी के भजन गाए। बुधवार को सातवें नवरात्र पर मां कालरात्रि की पूजा भी की गई। देवी मां के सातवें स्वरूप मां कालरात्रि का स्मरण कर उनके भजन गाए। श्री रामोतार मिश्र एंड पार्टी के नेतृत्व में कलाकारों ने माता का भजनों से गुणगान किया एवं आकर्षक झांकियों की प्रस्तुति दीं। झांकियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान वासुदेव मंदिर समिति अध्यक्ष शिव स्वरूप टंडन, अनिल टंडन, सचिन शर्मा, अनिल जगगा, गौरव वर्मा, मोनू सैनी, जोगेंद्र सैनी, ओमप्रकाश सारस्वत आदि मौजूद रहे।



झांकी प्रस्तुत करते कलाकार।

### जाटव सभा के शिविर की कार्यकारिणी गठित

**हसनपुर, अमृत विचार :** गंगा मेले में जाटव सभा द्वारा मां पुष्पावती पूठ गंगा घाट पर शिविर लगाया जाता है। बुधवार को नगर में जाटव सभा की बैठक हुई। बैठक में गंगा स्नान मेले के जाटव सभा के शिविर की कार्यकारिणी गठित हुई। बैठक में समिति का अध्यक्ष अरविंद अन्ना एवं कार्यकारिणी अध्यक्ष पंकज कुमार को नियुक्त किया। नवनियुक्त अध्यक्ष अरविंद अन्ना ने कहा कि शिविर लगाया जाएगा। बैठक में मास्टर रामवीर सिंह, अजब सिंह, जगत सिंह, अतर सिंह, विजय गौतम, मोनू सागर, मुकेश उर्फ मुखिया जाटव, अंकुर, डब्ल्यू उर्फ रोहताश भैया, लता सागर, मयंक प्रताप, शिवा जाटव, भोला जाटव, अमित हाली, अमरीश जाटव, दिनेश गौतम, शुभम सिंघानिया, दिनेश, विक्की बादशाह, लवी उर्फ विवेक सागर आदि मौजूद रहे।

### ग्रामीणों को आसपा की नीतियां बताईं

**हसनपुर, अमृत विचार :** रुखालू में बुधवार को भीम आर्मी की बैठक हुई। बैठक में जिला अध्यक्ष मोनू सागर ने कहा कि भीम आर्मी सर्व समाज की पार्टी है और उसकी नीतियां सभी वर्गों के लिए एक समान हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद चंद्रशेखर आजाद लगातार मजलूमों की लड़ाई संसद में लड़ रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों से पार्टी से जुड़ने का आह्वान किया। बैठक का संचालन तहसील संयोजक जोगिंदर सिंह जुगनू ने किया। बैठक में जिला अध्यक्ष मोनू सागर, बिकेश कुमार, सद्दाम हुसैन, सचिन,राजू खेवन, पिंकू, सचिन, विजय, हरि सिंह, जसवीर सिंह, दीपांशु गौतम आदि मौजूद रहे।



बच्चों को जानकारी देती महिला पुलिसकर्मी।

### गोया वर्ल्ड स्कूल में हेल्पलाइन नंबर बताए

**सैदनगली, अमृत विचार :** गोया वर्ल्ड स्कूल में महिला पुलिस टीम ने छात्राओं को मिशन शक्ति के अन्तर्गत जागरूक किया। छात्राओं को हेल्पलाइन के नंबरों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। छात्राओं एवं महिलाओं के साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम के लिए मिशन नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के दृष्टिगत सुरक्षा जागरूकता के संबंध में जानकारियां दी गई। उसके बाद सब इंसपेक्टर नितिन गौतम ने विभिन्न हेल्पलाइन नंबर, महिला हेल्प डेस्क, एंटी रोमियों स्क्वायड, यूपी-112, हेल्पलाइन-1090, साइबर सुरक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।



शिविर में मौजूद छात्राएं व शिक्षक।

### टेंट बनाने में कोयल टोली प्रथम, शेर टोली द्वितीय

**गजरौला, अमृत विचार :** शिव इंटर कॉलेज में बुधवार को तीन दिवसीय स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। जिसमें छात्र-छात्राओं को 10 टोलियों में बांटा गया था। इन टोलियों ने विद्यालय में टेंट बनाए। जिसका विद्यालय के प्रधानाचार्य गगन अग्रवाल ने निरीक्षण किया। कोयल टोली ने प्रथम, शेर टोली ने द्वितीय और गुलाब टोली ने त्रितीय स्थान प्राप्त किया। प्रशिक्षण पर पर्यवेक्षक पूजा रवि, नरेंद्र कुमार एवं स्काउट ट्रेनिंग काउन्सलर अमन कुमार उपस्थित रहे।

### तिगरी गंगा मेले में 300 कर्मचारियों की लगेगी ड्यूटी

**अमरोहा, अमृत विचार :** गंगा तिगरी मेले की तैयारी प्रशासन ने शुरू कर दी हैं। मेले की तैयारी में जिला पंचायत राज विभाग जुट गया हैं। मेले की तैयारी को लेकर जिला पंचायत राज अधिकारी पारुल सिसोदिया ने बताया कि गंगा मेले में विभाग द्वारा 300 कर्मचारी लगाए जाएंगे और श्रद्धालुओं के लिए मेले में 3900 शौचालय बनेंगे। जिला पंचायत राज अधिकारी पारुल सिसोदिया ने बताया कि तिगरी गंगा मेले की तैयारी विभाग द्वारा तेजी के साथ की जा रही है। उन्होंने बताया कि जिला पंचायत राज विभाग ने सभी ब्लॉक के अधिकारियों को गंगा मेले में कर्मचारियों को लगाने के लिए सूची बनाने के निर्देश जारी कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं के लिए गंगा मेले में 3900 शौचालय बनाए जाएंगे और सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखा जाएगा। शौचालय के लिए विभाग द्वारा बहुत जल्द टेंडर निकाला जाएगा और उसके बाद शौचालय बनाने का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इस बार तिगरी गंगा मेले में जिला पंचायत राज विभाग द्वारा अच्छी व्यवस्था की जाएगी।

## एक नजर

### छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा की दिलाई शपथ

**हसनपुर, अमृत विचार :** 2 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक चल रहे सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत बुधवार को झम्मन लाल पीजी कॉलेज में कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में महाविद्यालय के निदेशक गोपाल सक्सेना ने छात्र-छात्राओं को यातायात के नियमों के बारे में विस्तार से बताते हुए उनका पालन करने की सभी को शपथ दिलाई। इस मौके पर डॉ. हिरदेश कुमार, डॉ. गौरव शर्मा, डॉ. उर्वशी, डॉ. शिवा शर्मा, डॉ. स्वादेकीम शाहिद छात्र एवं छात्राएं मौजूद रहीं।

### तेंदुए ने दो पशुओं को बनाया निवाला

**गजरौला, अमृत विचार :** मंगलवार रात क्षेत्र के गांव बहलोलपुर में तेंदुए ने निजी स्कूल के पास दो छुट्टा पशुओं पर हमला कर दिया। बुधवार सुबह वहां से गुजर रहे ग्रामीणों ने दो पशुओं के शव और आसपास जमीन पर तेंदुए के पंजे के निशान देखे। दो पशुओं पर तेंदुए के हमले की जानकारी होने से ग्रामीणों में दहशत हो गई। पुलिस व वन अधिकारियों को भी इस बारे में सूचना दी गई। वन विभाग की टीम ने भी मौका मुआयना कर ग्रामीणों को अतिरिक्त सतर्कता बरतने का सुझाव दिया।

# राम ने शबरी के जूठे बेर खाए, सुग्रीव से की मित्रता

## केवट ने भगवान राम के पैर धोकर नदी पार कराई, बाली के वध पर लगे श्रीराम के जयकारे

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** श्रीरामलीला प्रबंध समिति के तहत रमाशंकर कौशिक स्मृति पार्क बस्ती में बुधवार रात सीता हरण, सुग्रीव मित्रता आदि लीलाओं का मंचन किया गया। मंचन में दिखाया कि श्रीराम और लक्ष्मण वनों में सीता को खोजते हुए मार्ग में शबरी से मिलते हैं। तब शबरी उन्हें दक्षिण दिशा में सीता को तलाश करने के लिए कहती हैं।

इसके बाद ऋष्यमूक पर्वत पर श्रीराम का हनुमान से मिलन और फिर सुग्रीव से मित्रता के बाद बाली वध की लीला का मंचन वृंदावन के कलाकारों ने किया। इस दौरान अध्यक्ष रामप्रकाश गर्ग, विपिन कौशिक, प्रबंधक डॉ. आशुतोष भूषण शर्मा, उपाध्यक्ष सोनू गर्ग, कोषाध्यक्ष डॉ. निरंजन प्रसाद गर्ग, जनार्दन कौशिक, संजय सिंघल, प्रमोद सिंघल, संजीव सिंघल, गौरव गोयल, राहुल गोयल, सुबोध सिंघल, देवेश शर्मा मौजूद रहे।


हसनपुर में रामलीला का मंचन करते कलाकार।


सैदनगली में रामलीला मंचन करते कलाकार।

### रामलीला मंचन देखकर श्रद्धालुओं की आंखें नम

**हसनपुर, अमृत विचार :** श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर के निकट रामलीला मैदान में वृंदावन के कलाकारों ने राम-निषाद मित्रता, राम केवट संवाद, सुमंत वापसी एवं दशरथ मरण का मंचन किया। मंचन में दिखाया गया कि श्रीराम ने गंगा तट पर नाव के साथ खड़े केवट से कहा कि वह पत्नी और भाई के साथ नदी को पार करना चाहते हैं। इस पर केवट संशय में पड़ जाते हैं। केवट ने कहा कि प्रभु आपके पांव से छूते ही पत्थर की शिला नारी बन गई थी। मैं परात में आपके पांव धोने के बाद ही नाव में बैठाऊंगा। अंत में केवट पांव धोते हैं और सभी को नदी पार करवाते हैं। मंचन के दौरान समिति प्रबंधक राकेश अग्रवाल, अध्यक्ष पुनीत अग्रवाल, योगेंद्र शर्मा, गिरधारी लाल सैनी, जयपाल सैनी, लोकेश अग्रवाल, अर्जुन यादव, बृजपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

### वनवास का मंचन देख भाव विभोर हुए दर्शक

**सैदनगली, अमृत विचार :** नवयुवक रामलीला संघ के तत्वावधान में चल रहे रामलीला मंचन में भगवान राम के 14 वर्ष के वनवास मंचन दिखाया गया। जिसमें दिखाया गया कि राम के वनवास जाते ही पूरे अयोध्या में मायूसी छा गई। रामलीला नवयुवक संघ के अध्यक्ष डॉ. पुनीत गुप्ता ने बताया कि रामलीला मंचन 1959 से निरंतर हो रहा है। रामलीला का मंचन मथुरा के कलाकारों द्वारा किया जा रहा है। रामलीला के कोषाध्यक्ष अतुल गुप्ता ने बताया कि सैदनगली में विजयदशमी के मेले का आयोजन 16 अक्तूबर होगा। इस अवसर पर अनिल गुप्ता, पंचु अग्रवाल, उमशंकर गर्ग, सोमी, अंकुर गुप्ता, सचिन गुप्ता, करुण गुप्ता, अंशुल वर्मा, धीरज गुप्ता, अनिकेत, अमन गुप्ता, पीयूष वर्मा, कुलदीप अग्रवाल, अनुराग अग्रवाल आदि लोग मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### लक्ष्मण ने काटी सूर्पणखा की नाक

**अमरोहा, अमृत विचार :** रामलीला ग्राउंड में बुधवार को नाककान काटना, खरदूषण वध, रावण मारीच संवाद, सीता हरण और सुग्रीव के राज्याभिषेक का मंचन हुआ। श्री दुर्गा सीनरी कला केंद्र मेरठ के कलाकारों के मंचन से सभी दर्शक भाव विभोर हो गए। आयोजन में संरक्षक रमेश कालू, रविराज सरन, अजय अग्रवाल, करुणेश गोयल, विनोद गुप्ता, विशाल गोयल, शार्दुल अग्रवाल, कुंवर विनीत अग्रवाल, संजीव सैनी, प्रेम रघुवंशी, अमित रस्तोगी, अजय चतुर्वेदी, रवि माहेश्वरी, आशीष गोयल, गजेंद्र पाल सिंह, दीपक बंसल, मनु कमल, मनुज गोयल, गौरव गोयल, दीपक सक्सेना, करण रघुवंशी, नितिन राजपूत, रमन रघुवंशी, संजीव गोयल, रवि कुशवाह, राहुल कुशवाह, अभय आर्य, वरुण गुप्ता, अनुज शर्मा, राघव नौटियाल उपस्थित रहे।

### उच्च प्राथमिक विद्यालय में हुई अभिभावक-अध्यापक बैठक

**छजलैट, अमृत विचार :** उच्च प्राथमिक विद्यालय राजीपुर खद्दर में अभिभावक-अध्यापक बैठक हुई। जिसमें विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में सहायक अध्यापक पुनीत कुमार विश्नोई ने मुख्य बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने अभिभावकों से शिक्षण कार्य में सहयोग का अनुरोध किया। सहायक अध्यापक अरुण कुमार ने निपुण भारत मिशन योजनाओं पर चर्चा की। सहायक अध्यापक शिवानी वशिष्ठ ने संचारी रोगों के बारे में जागरूक किया।

### ब्लू बड्र्स स्कूल में किया रावण के पुतले का दहन

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** ब्लू बड्र्स इंटरनेशनल स्कूल में रावण के पुतले का दहन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रबंधक राहुल अग्रवाल व प्रधानाचार्य अंजली दुबे ने भगवान श्रीराम, लक्ष्मण व हनुमान के स्वरूपों को तिलक कर पूजन किया। अंत में विद्यालय प्रांगण में रावण के पुतले का दहन किया गया। विद्यालय परिसर में श्री राम और माता सीता के नारों का उद्घोष होता रहा। इस दौरान प्रबंधक राहुल अग्रवाल, निर्देशिका राखी अग्रवाल, प्रधानाचार्या अंजली दुबे व छात्र छात्राओं सहित स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।


स्कूल में जलता रावण का पुतला।


भाजपा विधि प्रकोष्ठ ने बांटी मिठाई।

### हरियाणा में हैट्रिक लगाने वाली भाजपा पहली पार्टी

**हसनपुर, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुरमित कुमार गुप्त ने कहा विपक्ष कई बहाने बना रहा है और दूसरों पर आरोप लगा रहा है। लेकिन जनता ने भाजपा को तीसरी बार बहुमत दिया। उन्होंने जातिवाद से ऊपर उठकर विकास की राजनीति के लिए वोट दिया। इस अवसर पर नंदराम सिंह सागर, ऋषि पाल सिंह चौहान व दिनेश गुप्ता, अरविंद शर्मा, उप सचिव केशव राव प्रजापति, कपिल देव आदि मौजूद रहे।


मिठाई बांटते चेयरमैन व अन्य।

### हरियाणा में भाजपा की जीत पर मिठाई बांटी

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर कार्यकर्ताओं ने मिठाई का वितरण किया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष शरद गर्ग ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सबका साथ सबका विकास की पार्टी है। उसका नतीजा आपके सामने है, हरियाणा में पूर्ण बहुमत की सरकार बनी और सभी ने मोदी जी पर भरोसा जताया। चेयरमैन प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि मोदी जी देश ही नहीं बल्कि हरियाणा के भी सबसे लोकप्रिय और भरोसेमंद नेता है। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष शरद गर्ग, पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष गौरव अग्रवाल, जिला महामंत्री कुसुम अग्रवाल, रितेश अग्रवाल, नरेंद्र जाटव, राजीव उपाध्याय, सुनील प्रजापति, प्रत्यक्ष शर्मा, दुलीचंद गिहार, राजू बादशाह, मधुसूदन गोयल, जगत सैनी, परम सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### क्षेत्रीय सहायक प्रबंधक ने बसों में की चेकिंग

**अमरोहा, अमृत विचार :** परिवहन निगम को हो रहे नुकसान को रोकने के लिए अमरोहा डिपो के क्षेत्रीय सहायक प्रबंधक मोहम्मद शफी ने मंगलवार देर रात नेशनल हाईवे पर रोडवेज बसों की चेकिंग की। बसों में कम सवारी होने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए परिचालकों को 30 सवारी ले जाने के निर्देश दिए।

क्षेत्रीय सहायक प्रबंधक मोहम्मद शफी ने बताया कि शासन के निर्देश पर मंगलवार रात नेशनल हाईवे टोल प्लाजा पर रोडवेज बसों की चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान रोडवेज बसों में औसत से कम सवारियां मिलीं। उन्होंने बताया अधिकांश रोडवेज बसों में 11 से लेकर 20 सवारियां ही सवार मिलीं, इस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी परिचालकों को निर्देश दिए कि वह कम सवारी लेकर रोड पर न चलें। इससे परिवहन निगम को हर माह लाखों रुपये का नुकसान हो रहा हैं।

# मंदिरों और घरों में की मां कालरात्रि की पूजा

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** शारदीय नवरात्र के सातवें दिन मंदिरों में मां दुर्गा के सातवें स्वरूप मां कालरात्रि की पूजा अर्चना की गई। मां चामुंडा मंदिर के पुजारी पंडित सोमनाथ शर्मा ने बताया कि मां कालरात्रि सदैव अपने भक्तों पर कृपा करती हैं और शुभ फल प्रदान करती हैं। सृष्टि के संयोजन और संचालन मां काली की कृपा से ही होता है। देवी को शुभंकरी भी कहा जाता है।

बुधवार को मां चामुंडा मंदिर पर सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगनी शुरू हो गई थी। मां कालरात्रि की श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर मां से शक्ति और गृह बाधाओं को दूर करने का वर मांगा। साथ ही घरों व मंदिरों में भजन कीर्तन भी किए गए। घंटे-घड़ियाल के बीच श्रद्धालुओं ने माता रानी की पूजा-अर्चना की। शाम को मंदिरों में मां कालरात्रि की महाआरती की गई। मंदिर में मौजूद श्रद्धालुओं ने मां के जयकारे लगाए।


मंदिर में पूजा करतीं महिलाएं।

### महिलाओं ने किया हवन-कीर्तन

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** बुधवार को शारदीय नवरात्रि के सांतवें दिन श्रद्धालुओं द्वारा मां कालरात्रि की आराधना की गई। नगर के मोहल्ला महादेव स्थित नवदुर्गा मंदिर पर सुबह से ही पूजन के लिए श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया। श्रद्धालुओं द्वारा माता रानी के चरणों में नारियल, चुनरी, फूल, प्रसाद आदि चढ़ाकर परिवार में सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की गई। वही मंदिर परिसर में महिला श्रद्धालुओं ने हवन किया। जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुति देकर परिवार की मंगल कामना की। इसके पश्चात महिला श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में कीर्तन कर वातावरण भक्तिमय बना दिया। इस दौरान सीमा त्रिवेदी, कल्पना त्रिवेदी, मंजू त्रिवेदी, गीता शर्मा, स्वाति वर्मा, रोजी त्रिवेदी, अनीता वर्मा, सविता भटनागर सहित मौजूद रहे।

### वाराही माता मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़

**हसनपुर, अमृत विचार :** वाराही माता के मंदिर में प्रसाद चढ़ाने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी। मंदिर से दूर तक श्रद्धालुओं की लंबी कतार लग गई। बुधवार को श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर के निकट वाराही माता के मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। जिससे श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही। श्रद्धालुओं ने वाराही माता को प्रसाद चढ़कर परिवार में सुख शांति का आशीर्वाद प्राप्त किया। मेले में लगी चाट-पकौड़ी का श्रद्धालुओं ने लुफ्त लिया और खिलौने की खरीदारी की। मंदिर के सेवक मुनीश कुमार ने बताया कि यह मेला सैकड़ों वर्ष पुराना है। यह हर वर्ष शारदीय नवरात्र की सप्तमी, अष्टमी एवं नवमी को लगता है। इस मौके पर लोकेश कुमार, ललित कुमार, आदेश कुमार, बबलू, संजय कुमार, कैलाश, मनीष सागर, रोहित आदि मौजूद रहे।

### सड़कों को गड्ढा मुक्त करने में हो रही खानापूर्ति

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री के आदेश के बाद हाईवे समेत अन्य मार्गों को गड्ढा मुक्त करने का कार्य प्रारंभ हो गया है। इनको तारकोल और बजरी की मदद से भरा जा रहा है।

मुरादाबाद हाईवे पर जगह-जगह गड्ढे होने की वजह से वाहनों का चलना दूभर हो गया था। ऐसा ही हाल ठाकुरद्वारा सुरजन नगर मार्ग पर था। रतूपुरा मोड, रामनगर खागूवाला, शरीफ नगर में भायपुर मोड पर सड़क जर्जर हो गई थी। इसको लेकर जहां राहगीर परेशान थे, वहीं जनप्रतिनिधियों ने भी शासन तक शिकायत दर्ज कराई थी। नतीजा मुरादाबाद हाईवे और ठाकुरद्वारा-सुरजन नगर मार्ग पर गड्ढों को भरने का कार्य प्रारंभ हो गया है।

एनएचए के सहायक अभियंता शान्तनू कुमार ने 20--25 दिन में सड़क पर बने गड्ढों को भरकर रोड की मरम्मत का दावा किया है।

# डीआईओएस कार्यालय पर शिक्षकों ने किया प्रदर्शन

- जिला विद्यालय निरीक्षक को 13 सूत्रीय मांगपत्र सौंपा

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ ने लंबित मांगों को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर धरना देकर नारेबाजी की गई। इसके बाद मुख्यमंत्री को सम्बोधित 13 सूत्री मांगों का ज्ञापन जिला विद्यालय निरीक्षक को दिया गया।

बुधवार को जिले के अशासकीय विद्यालयों के शिक्षणेत्तर कर्मचारी डीआईओएस कार्यालय पर एकत्र हुए। यहां प्रदेश उपाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष सुधीर पाठक ने शासन स्तर पर हुई वार्ता का ब्यौरा धरने में उपस्थित कर्मचारियों को बताया। उन्होंने बताया कि कई मांगें ऐसी हैं जिन पर प्रस्ताव बन चुके हैं पर शासनादेश जारी नहीं किये जा रहे। जिससे कर्मचारियों में सरकार के प्रति बेहद नाराजगी है। कर्मचारियों ने नारेबाजी कर मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित 13 सूत्री मांगपत्र जिला विद्यालय निरीक्षक को सौंपते हुए लंबित शासनादेश जारी करने की मांग की। इनमें शिक्षक पदों पर पदोन्नति, पुरानी पेंशन योजना की बहाली, उपार्जित अवकाशों का नकदीकरण, लिपिक पद पर पदोन्नति में ट्रिपल सी की अनिवार्यता समाप्ती व एक वेतन वृद्धि का लाभ, प्रबंध समिति में भागेदारी, लम्बित अवशेष बिलों के समयबद्ध भुगतान आदि मांगें प्रमुख रूप से शामिल थीं। धरने में संगठन के जिलाध्यक्ष सुधीर पाठक, मंत्री कृपाल सिंह, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, अनिल गर्ग, रवि कुमार, प्रमोद कुमार, नवनीत प्रिंटि, आदित्य आर्य, दिनेश कुमार, अनिल शर्मा, हसन इमाम, पारस आदि रहे।

### घर लौट रहे कोल्ड स्टोर के मुंशी को बाइक ने मारी टक्कर

**हसनपुर, अमृत विचार :** बुधवार देर शाम भीकनपुर स्थित कोल्ड स्टोर से बुलेट से घर लौट रहे मुंशी को अलीगढ़ मार्ग पर बाइक ने टक्कर मार दी।

रहरा थाना क्षेत्र के गांव नबावपुरा खादर निवासी कुलवीर पुत्र राजेंद्र सिंह संभल मार्ग पर स्थित गांव भीकनपुर के नजदीक कोल्ड स्टोर पर मुंशी है। बुधवार देर शाम वह बुलेट से घर लौट रहा था। जैसे ही वह अलीगढ़ मार्ग पर कालका वाली डगरोली के नजदीक पहुंचा तो सामने से आ रही बाइक ने उसकी बुलेट में टक्कर मार दी। जिससे कुलवीर सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। सूचना पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए थे। वहीं, हादसे के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गया।

# सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** शहर के खादगूजर तिराहे के पास छुट्टा पशु से बचने के प्रयास में बाइक पर सवार दो युवक बजरपुट लदे डंपर की चपेट में आ गए। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि एक बच गया। घटना का पता चलते ही लोगों की भीड़ लग गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।


निक्की का फाइल फोटो।

बुधवार को साप्ताहिक बाजार इस कारण सड़क पर काफी भीड़ थी। मोहल्ला मायापुरी निवासी निक्की (25) मोहल्ले के निवासी लवी के साथ बाइक से भानपुर रेलवे फाटक से घर लौट रहा था। जब बाइक खादगूजर तिराहा चौक पर पहुंची तो तभी सड़क पर छुट्टा पशु घूम रहा था। छुट्टा पशु से बचने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर डंपर के पहियों के नीचे आ गई। हादसे में निक्की की मौके पर मौत हो गई, जबकि लवी बच गया। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई। निक्की के परिवार में पत्नी और दो बच्चे हैं। वह ई-रिक्शा आदि चलाकर परिवार का गुजारा करता था। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि डंपर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है, डंपर को भी पुलिस ने कब्जे में कर लिया है।

### पति पर मारपीट और जेठ पर छेड़छाड़ का आरोप

**कुंदरकी, अमृत विचार :** विवाहिता ने ससुराल पक्ष पर उत्पीड़न का आरोप लगाया है। विवाहिता का कहना है कि उसका विवाह 8 वर्ष पहले वरुण पुत्र राम भरोसे के साथ हुआ था। विवाहिता ने बीते 4 अक्टूबर की रात्रि को अपने पति वरुण और जेठ पर अपने साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। विवाहित ने जेठ पर मारपीट और छेड़छाड़ करने का भी आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**खोया-पाया**
मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2015 अनुक्रमांक 0670587 व इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2017 अनुक्रमांक 0493010 के प्रमाणपत्र सह अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गये हैं।
-अमित कुमार S/O नरेश कुमार, निवासी- रहटामाफी डिलारी, मुरादाबाद

**खोया-पाया**
मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2016 अनुक्रमांक 0801147 व इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2018 अनुक्रमांक 0626482 के प्रमाणपत्र सह अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गये हैं।
-नितिन चौधरी S/O विजय सिंह, ग्राम काफियाबाद, पो. इस्लामनगर (मुरा.)

**पुनः शोरे-गोगा**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री तेजपाल सिंह S/O स्व. बिहारी लाल ग्राम दौलतपुर थाना हयातनगर सम्भल दिनांक 22.07.22 से गुम हैं। तलाश करायें किसी को सूचना मिले तो निम्न नम्बर पर सूचित करें।



सम्पर्क नम्बर :- 8630420327, 9690178542

### विवाहिता को दहेज के लिए पीटकर घर से निकाला, रिपोर्ट दर्ज

**गजरौला, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला निवासी युवती का निकाह रजबपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक से हुआ था। आरोप है कि निकाह के कुछ माह बाद ही ससुराल वालों ने विवाहिता से दहेज में दस लाख रुपये व बाइक की मांग कर दी।

मांग पूरी नहीं होने पर विवाहिता को दहेज के लिए प्रताड़ित किया गया। आरोप है कि विवाहिता के दो देवरों ने उसके साथ छेड़छाड़ की तथा दुपट्टे से गला दबाकर हत्या करने की कोशिश भी की। शोर होने पर किसी तरह लोगों ने उसे बचाया। पीड़िता ने थाने में तहरीर दी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़िता ने इसके बाद एसपी से न्याय की गुहार लगाई। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार ने एसपी के आदेश पर विवाहिता के पति सद्दाम हुसैन व अन्य ससुराल वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किए जाने की बात कही।

# तीन दिन बाद भी लाखों की चोरी में पुलिस के हाथ खाली

- पीड़ित और ग्राम प्रधान ने पुलिस पर लगाए थे लापरवाही के आरोप

संवाददाता, रहरा

**अमृत विचार :** तीन दिन पहले मजदूर के यहां कूमल लगाकर दो लाख की नकदी समेत करीब 500 ग्राम चांदी के आभूषण की चोरी के मामले में अभी भी रहरा पुलिस के हाथ खाली है।

बताते चलें शनिवार देर रात रहरा थाना क्षेत्र के गांव फरौटा में मजदूर सुरेंद्र सिंह पुत्र रामचंद्र का घर है। जहां से चोरों ने कूमल लगाकर दो लाख की नकदी व 500 ग्राम चांदी के आभूषण चोरी किए थे। ग्राम प्रधान अनिल गुर्जर व पीड़ित सुरेंद्र का आरोप है कि सूचना देने के बाद भी थाना अध्यक्ष अलका चौधरी ने मौके पर पहुंचना उचित नहीं समझा। हल्का दरोगा व अन्य पुलिसकर्मियों ने पहुंचकर वीडियोग्राफी कर औपचारिकता पूरी की थी। पीड़ित द्वारा थाने में तहरीर देने के बाद रहरा पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की थी। तीन दिन बीतने के बाद भी रहरा पुलिस को चोरी की घटना में कोई सुराग तक नहीं मिला है।

### बेसमेंट से बाइक चोरी

**रहरा, अमृत विचार :** हसनपुर-अलीगढ़ मार्ग पर बुरावली में चोरों ने राहुल गुप्ता के बेसमेंट से स्प्लेंडर बाइक साफ कर दी। बाइक चोरी की पूरी घटना गृह स्वामी के मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। उस समय गृह स्वामी बच्चों के साथ मकान की पहली मंजिल पर सोए हुए थे। पीड़ित का आरोप है कि पुलिस को तहरीर व सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देने के बाद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। जबकि थाना अध्यक्ष अलका चौधरी ने कहा कि व्यस्तता के चलते अभी घटना का खुलासा नहीं हो पाया है।

**कार्यालय आदर्श नगर पंचायत केमरी जनपद-रामपुर**

पत्रांक : 682/न.पं.के./2024 **सार्वजनिक सूचना** दिनांक : 9.10.2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत केमरी, जनपद-रामपुर में राजकीय इण्टर कॉलेज के बराबर से स्थित पी.एम. स्वनिधि योजना के अन्तर्गत पी.एम. स्वनिधि गलियारा का निर्माण किया गया है। जिसमें लगभग 15 स्टॉल के लिए जगह निर्धारित की गई है, उक्त जगह को आवंटन करने हेतु पी.एम. स्वनिधि योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों से दिनांक 26.09.2024 की प्रात: 10:00 बजे दिनांक 05.10.2024 की सायं 3:00 बजे तक आवेदन फार्म कार्यालय में जमा कराने हेतु समाचार पत्र अमरउजाला व अमृत विचार में दिनांक 26.09.2024 को प्रकाशन कराया गया था। निर्धारित समय व्यतीत होने के उपरान्त भी कार्यालय में कोई भी आवेदन फार्म विक्रय नहीं हुआ। इस लिये पुन: आवेदन प्राप्त किये जाने हेतु लाभार्थी अपना आवेदन दिनांक 15.10.2024 की प्रात: 10:00 बजे से दिनांक 21.10.2024 की सायं 3:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवास कार्यालय में जमा कर सकते हैं। समस्त आवेदनों पत्रों की जाँ की जायेगी, जाँच उपरान्त वैध आवेदन पत्रों पर विचार कर दिनांक 28.10.2024 को अपरान्ह 3:00 बजे लकी ड्रा के माध्यम से आवंटन की कार्यवाही की जायेगी। पी.एम. स्वनिधि के लाभार्थी का केवल 01 ही वैध आवेदन पत्र मान्य होगा। आवेदन पत्र उक्त समयावधि में आवेदन फीस रू. 100.00 कार्यालय में जमा कर आवेदन फार्म प्राप्त कर जमा कर सकते हैं। अन्य नियम व शर्ते किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत केमरी
जनपद-रामपुर

अध्यक्ष
नगर पंचायत केमरी
जनपद-रामपुर

**रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी**
**बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली**
कोर्स
प्रवेश प्रारम्भ 2024-25
- डी.फार्मा (60), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
- बी.फार्मा (60), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
शेष सीटों के लिए सीधे प्रवेश
सम्पर्क सूत्र:- डॉ. आशीष शर्मा (9410088866)
डॉ. रिचा गुप्ता (9210550404)
E-mail: rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com | Website: www.biu.edu.in
पता:- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

**रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल**
**रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज**
**बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली**
कोर्स
प्रवेश प्रारम्भ 2024-25
- डिप्लोमा इन एक्स रे टेक्निशियन (30), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
- डिप्लोमा इन डायलिसिस टेक्निशियन (30), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
- डिप्लोमा इन एमआरआई टेक्निशियन (30), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
- डिप्लोमा इन एमरजेंसी एंड ट्रॉमा केयर (30), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
- सर्टिफिकेट इन सैनिटेशन (30), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
शेष सीटों के लिए सीधे प्रवेश
सम्पर्क सूत्र:- डॉ. आशीष शर्मा (9410088866)
डॉ. रिचा गुप्ता (9210550404)
E-mail: bareillyrcps@gmail.com | Website: www.biu.edu.in
पता:- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

### मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशक ने कानून व्यवस्था के पर सभी मण्डलायुक्तों, जिलाधिकारियों के साथ की बैठक

# भड़काऊ भाषण पर होगी सख्ती, साम्प्रदायिक सौहार्द न बिगड़े

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- त्योहारों के दृष्टिगत पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों का अवकाश स्वीकृत न किया जाए

**अमृत विचार :** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा है कि भड़काऊ भाषण देकर प्रदेश का माहौल खराब करने वाले व्यक्तियों से सख्ती से निपटा जाये। सोशल मीडिया पर लगातार नजर रखी जाये।

शरारती तत्वों द्वारा एक समुदाय की ओर से दूसरे समुदाय पर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी अथवा पुराने वीडियो पोस्ट कर जानबूझकर माहौल खराब करने तथा किसान संगठनों की ड्रेस पहनकर टोल फ्री कराने व कानून व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न करने की घटनायें प्रकाश में आ रही है, ऐसे लोगों को चिन्हित कर कठोरतम कार्रवाई हो। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह एवं पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग से सभी मण्डलायुक्तों, जिलाधिकारियों एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर कानून व्यवस्था पर निर्देश दिये।

इस दौरान मुख्य सचिव ने कहा कि किसी भी स्थिति में साम्प्रदायिक सौहार्द नहीं बिगड़ने देना है। बुधवार शाम से ही पुलिस और प्रशासन की उपस्थिति सार्वजनिक स्थलों पर दिखनी चाहिये। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा फ्लैग मार्च भी किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दृष्टिगत पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों का अवकाश स्वीकृत न किया जाये। यह भी कहा कि धर्मगुरुओं के साथ बैठक कर चर्चा की की जाये कि वह आपत्तिजनक टिप्पणी कर दूसरे धर्म की भावनाओं को आहत न करें। इसी प्रकार किसान संगठनों के पदाधिकारियों के साथ बैठक इस बारे में चर्चा की जाये। उन्होंने कहा कि विभागीय महिला व बालिका छात्रावासों तथा ऐसे स्थान जहां महिलायें व लड़कियां पढ़ने व नौकरी के लिये निवास कर रही हैं, की पड़ताल कर यह सुनिश्चित कराया जाये कि वहां पर सुरक्षा के समुचित प्रबंध हो।



लोकभवन में वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग से कानून व्यवस्था पर निर्देश देते मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह एवं पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार। ● अमृत विचार

**गर्ल्स हॉस्टल की सुरक्षा परखें: दीपक कुमार**

अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार ने कहा कि महिला पुलिस अधिकारी गर्ल्स हॉस्टल का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था की पड़ताल करें। वार्डन के सम्पर्क में रहें। अर्बन नक्सल पर भी इंटेलीजेन्स नजर रखे। वहीं, एडीजी ला एण्ड ऑर्डर अमिताभ यश ने कहा कि त्योहारों में नकबजनी व चोरी की घटनायें बढ़ जाती है। ऐसे स्थान जहां बीते वर्षों में चोरी व नकबजनी जैसे अपराध हुए हैं, वहां विशेष सतर्कता बरती जाये। अपराधियों की गतिविधियों पर नजर रखते हुए वान्टेड क्रिमिनल की गिरफ्तारी के लिये अभियान चलाया जाये। बैठक में सचिव गृह संजीव गुप्ता सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण आदि मौजूद रहे।

## सांसदों-विधायकों के सामने ऊंची कुर्सी पर नहीं बैठ सकेंगे अधिकारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सभी अधिकारियों को शासन ने निर्देश जारी किए

**अमृत विचार:** शासन स्तर पर और जिला मुख्यालयों में आयोजित होने वाली बैठकों में अधिकारी सांसदों व विधायकों के सामने सोफे या ऊंची कुर्सी पर नहीं बैठ सकेंगे। इस संबंध में विधानसभा की संसदीय अनुश्रवण समिति की सिफारिश पर सभी अधिकारियों को शासन ने निर्देश जारी कर दिए हैं।

कई विधायकों व सांसदों ने शिकायत की थी कि बैठकों में अधिकारी प्रोटोकाल का ध्यान नहीं रखते हैं, स्वयं ऊंची कुर्सियों या सोफे पर बैठते हैं, जबकि जनप्रतिनिधियों के बैठने के लिए सामान्य कुर्सी की व्यवस्था की जाती है। दरअसल, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने हाल ही में एक नई नियमावली की रूपरेखा तैयार की है. जिसके तहत जिलों में तैनात डीएम, एसपी, कमिश्नरों और पुलिस आयुक्तों को अब विधायकों, जनप्रतिनिधियों को बराबर का सम्मान देना होगा। जैसी कुर्सी पर अधिकारी विराजमान है ठीक उसी तरह की सुसज्जित कुर्सी उन्हें जनप्रतिनिधियों को भी देना ही होगा। संसदीय कार्य विभाग के प्रमुख सचिव जेपी सिंह द्वितीय ने इस संबंध में सभी अपर मुख्य सचिवों, प्रमुख सचिवों, डीएम और कमिश्नरों को पत्र भेज कर यह व्यवस्था लागू करने को कहा था।

## आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में शिक्षक गिरफ्तार

**बलिया, एजेंसी :** जिले के उभांव थाना क्षेत्र में स्थित डीएवी इंटर कॉलेज के एक शिक्षक को पढ़ाई के दौरान आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी है । पुलिस के अनुसार बिल्थरा रोड इलाके में स्थित डीएवी इंटर कालेज के प्रधानाचार्य ने शिक्षकों और कर्मचारियों के बीच सूचनाएं साझा करने के लिए व्हाट्सएप पर ग्रुप बनाया गया है, जिससे विद्यालय के सभी शिक्षक व कर्मचारी जुड़े हुए हैं। आरोप है कि सहायक अध्यापक मोहन राम ने मंगलवार को दोपहर में विद्यालय के इस व्हाट्सएप ग्रुप में एक ऑडियो क्लिप पोस्ट की, जिसमें वह छात्रों को पढ़ाते समय मां सीता और महिलाओं के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी कर रहे हैं। मंगलवार को यह ऑडियो क्लिप वायरल होते ही लोगों के बीच भारी आक्रोश व्याप्त हो गया और कई लोगों ने सोशल मीडिया मंचों 'एक्स' तथा फेसबुक पर इस मामले में शिक्षक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करते हुए कई पोस्ट कीं।

# कन्नौज में इंजीनियरिंग छात्र का शव हास्टल में लटकता मिला

### कॉलेज में कंप्यूटर साइंस में फाइनल इयर का छात्र था अश्वनी

संवाददाता, तिर्वा (कन्नौज)

**अमृत विचार :** इंजीनियरिंग कॉलेज के हास्टल में रह रहे छात्र का फंदे पर शव लटका मिला। शव लटका देखकर साथियों के साथ कॉलेज प्रशासन में हड़कंप मच गया। कॉलेज प्रशासन उसे मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कालेज प्रशासन ने परिजनों को सूचना दी है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

कोतवाली क्षेत्र के अहेर गांव के पास स्थित राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में पड़ोसी जनपद हरदोई के मल्लावां थाना क्षेत्र के भरवाराखेड़ा गांव के रहने वाले लालबहादुर का पुत्र अश्वनी (25) कंप्यूटर साइंस का फाइनल इयर का छात्र था। वह हास्टल में रह रहा था। बुधवार को दोपहर ढाई बजे से उसकी क्लास थी। करीब डेढ़ बजे उसके साथी उसे बुलाने के लिए कमरे में गए तो दरवाजा अंदर से बंद था। काफी देर तक खटखटाने के बाद भी दरवाजा नहीं खुला तो खिड़की से झांककर देखा तो उसका शव अंगौछे के फंदे पर लटक रहा था। साथी छात्रों की सूचना पर पहुंचे शिक्षकों ने किसी तरह दरवाजे को खुलवाया और अश्वनी को फंदे से उतारकर मेडिकल कालेज ले गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। कालेज प्रशासन ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने हास्टल में उसके कमरे की जांच की। सूचना पर पहुंचे परिजनो में कोहराम मच गया।

- हरदोई जनपद का रहने वाला था छात्र, पुलिस जांच में जुटी

**होनहार छात्र था अश्वनी, कभी कोई शिकायत नहीं**



इंजीनियरिंग कॉलेज की डायरेक्टर रचना अस्थाना ने कहा कि छात्र अश्वनी बहुत ही होशियार और होनहार था। उसकी कभी भी कोई शिकायत नहीं मिलती थी। अचानक पता नहीं क्या हुआ कि उसने यह कदम उठा लिया। डायरेक्टर रचना अस्थाना ने बताया कि अश्वनी फाइनल इयर का छात्र था और नौकरी के लिए फॉर्म भरता रहता था। दो दिन पहले एक सॉफ्टवेयर कंपनी में एचआर पद पर काम करने के लिए करीब नौ लाख रुपये का पैकेज भी मिला था। उसे पढ़ाई के साथ ही नौकरी मिल गई थी, जिससे वह काफी खुश था।

## अब रायबरेली में पटरी पर मिला सीमेंट से निर्मित स्लीपर

**रायबरेली,एजेंसी :** रायबरेली में रेल की पटरियों पर मिट्टी का ढेर मिलने के दो दिन बाद ऐसी ही एक और घटना में मालगाड़ी के रास्ते में पटरी पर सीमेंट से बना स्लीपर पाया गया। रेलवे के आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि यह घटना मंगलवार रात करीब 11 बजे रायबरेली-प्रयागराज रेल खंड पर लक्ष्मणपुर रेलवे स्टेशन के पास हुई। घटना के समय सतना (मध्य प्रदेश) से कुंदनगंज (रायबरेली) आ रही एक मालगाड़ी बेनीकामा के पास लक्ष्मणपुर और दरियापुर स्टेशनों के बीच पटरी पर रखे सीमेंट से निर्मित स्लीपर से टकरा गई। उन्होंने बताया कि मालगाड़ी चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोकने की कोशिश की लेकिन इसके बावजूद इंजन का कैटल गार्ड पटरी पर पड़े स्लीपर से टकरा गया। बहरहाल, घटना के बाद चालक ने इसकी सूचना नियंत्रण कक्ष को दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे रेलकर्मियों ने स्लीपर को पटरी से हटाया।

## दुर्घटना में 75 प्रतिशत विकलांग हो चुकी ढाई साल की बच्ची को 23 लाख मुआवजा देने का निर्देश

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 17 साल पुराने एक दुर्घटना मामले में 75 प्रतिशत विकलांग हो चुकी ढाई साल की बच्ची को 23 लाख मुआवजा देने का निर्देश देते हुए कहा कि दुर्घटना के समय नाबालिग बच्ची/अपीलकर्ता की विकलांगता ने उसके विवाह की संभावनाओं को काफी हद तक नुकसान पहुंचाया है। दावा न्यायाधिकरण ने इस बात पर विचार नहीं किया कि विकलांगता के कारण अपीलकर्ता के विवाह की संभावनाएं काफी हद तक क्षतिग्रस्त हो गई थीं और उसे हताशा और असुविधा का सामना करना पड़ रहा था।

उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति विपिन चंद्र दीक्षित की एकल पीठ ने कुमारी चीनू की तरफ से उसकी मां द्वारा दाखिल अपील स्वीकार करते हुए की। मामले के अनुसार 22 अगस्त 2005 में बुलंदशहर की दो वर्षीया बच्ची अपने माता-पिता के साथ कार से आगरा से बुलंदशहर के रास्ते जा रही थी, तभी तेज गति और लापरवाही से चलाई जा रही एक ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। दुर्घटना के कारण बच्ची 75 प्रतिशत तक स्थायी रूप से विकलांग हो गई। उसकी माँ ने मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण, बुलंदशहर के समक्ष 36,05,000 रुपये के मुआवजे का दावा करते हुए दावा याचिका दाखिल की। ट्रिब्यूनल ने 8 अगस्त, 2007 को अपने आदेश में दोनों ड्राइवरों को दुर्घटना के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि जिस कार में दावेदार बैठी थी, उसके ड्राइवर के पास वैध लाइसेंस नहीं था। अतः ट्रिब्यूनल ने कुल मुआवज़ा 2,17,715 रुपये निर्धारित किया। उक्त आदेश के खिलाफ मुआवजा राशि बढ़ाने के लिए बच्ची की ओर से उसकी मां ने हाईकोर्ट में वर्तमान अपील दाखिल की। मामले की स्थितियों पर विचार करते हुए कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि ट्रिब्यूनल ने दोनों वाहन चालकों की समग्र लापरवाही मानते हुए मुआवजे के निर्धारण में गलती की है। कोर्ट ने ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को आदेश से दो महीने के भीतर अपीलकर्ता को ब्याज सहित बढ़ी हुई राशि यानी 23 लाख 69 हजार 971 रुपये का भुगतान करने का निर्देश दिया। आदेश का पालन न करने की स्थिति में इंश्योरेंस कंपनी बढ़ी हुई राशि पर 10 प्रतिशत की दर से ब्याज का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी होगी।



- विकलांग होने से उसके विवाह की संभावनाओं को काफी हद तक नुकसान पहुंचा है: कोर्ट

## मेरठ में महिला हेड कांस्टेबल से छेड़छाड़, 3 गिरफ्तार

**मेरठ, एजेंसी :** लोहिया नगर क्षेत्र में आटो रिक्शा में सवार महिला हेड कांस्टेबल से छेड़छाड़ के आरोप में तीन युवकों को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया।

- पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र से आटो रिक्शा में घर लौट रही थी

पुलिस ने बताया कि एक महिला हेड कांस्टेबल ने मंगलवार शाम लोहिया नगर थाने में तहरीर दी थी जिसमें आरोप लगाया था कि कल शाम जब वह हापुड़ मार्ग पर स्थित पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र से आटो रिक्शा में सवार होकर घर लौट रही थी तभी रास्ते में हापुड़ चुंगी के पास मोटरसाइकिल सवार तीन लड़कों ने उससे अभद्रता की।

पुलिस के अनुसार महिला हेड कांस्टेबल का कहना है कि मोटरसाइकिल सवार शराब की बोतल लिये हुए थे और आटो रिक्शा के बगल से गुजरते समय उन्होंने उससे बदतमीजी की और अशोभनीय बातें कीं। उसने बताया कि जब उसने उन युवकों को पकड़ने की कोशिश की तो उन्होंने उसे धक्का दे दिया जिससे वह चोटिल हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पीड़िता ने आरोपियों की मोटरसाइकिल का नंबर पुलिस को दिया, जिसके आधार तीनों आरोपियों की पहचान मुजफ्फरनगर जनपद निवासी अजीम और सुहैल तथा मेरठ के लोहिया नगर थाना क्षेत्र निवासी साजिम के रूप में हुई।

## 8 वर्षों से पदोन्नति का इंतजार कर रहे 728 चकबंदी लेखपाल बने कानूनगो

**लखनऊ, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री ने चकबंदी लेखपालों को दीपावली पर बड़ी खुशखबरी दी है। 8 साल से पदोन्नति का इंतजार कर रहे 68 जिलों के 728 चकबंदी लेखपालों को चकबंदीकर्ता (कानूनगो) के पद पर प्रोमोट किया गया है।

चकबंदी आयुक्त भानु चन्द्र गोस्वामी ने बुधवार को बताया कि 2016 से विभिन्न जिलों में कानूनगो के कई पद रिक्त चल रहे थे, जिसके कारण चकबंदी प्रक्रिया में बाधाएं उत्पन्न हो रही थीं। इससे किसानों की भूमि से जुड़े विवादों के समाधान में देरी हो रही थी और भूमि सुधार के प्रयासों को भी नुकसान पहुंच रहा था। मुख्यमंत्री ने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए रिक्त पदों को भरने के निर्देश दिए थे। उनके निर्देश पर पदोन्नति समिति का गठन किया था।

## गोंडा में किशोरी से दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

**गोंडा,एजेंसी :** जिले में एक किशोरी से दुष्कर्म के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। थाना कोतवाली नगर के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पाठक ने बुधवार को बताया कि शहर के एक मोहल्ले की रहने वाली गरीब परिवार की किशोरी घरेलू सहायिका के तौर पर काम करती है। उन्होंने बताया कि मंगलवार की रात वह काम निपटाकर अपने घर जा रही थी, तभी रास्ते में अकेला देखकर पड़ोस में रहने वाले इश्तियाक (26) ने उसे रोक लिया और और कथित तौर पर दुष्कर्म किया। उन्होंने बताया कि किशोरी के शोर मचाने पर आसपास के लोग वहां पहुंचे और आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

# दंगे के 32 आरोपियों का मुकदमा खत्म होगा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- प्रभारी मंत्री सीसामऊ सुरेश खन्ना ने मुख्यमंत्री से की थी मांग
- दर्शनपुरवा में 2015 को मोहर्रम जुलूस के दौरान हुई थी हिंसा

**अमृत विचार :** फजलगंज थाना क्षेत्र के दर्शनपुरवा इलाके में 24 अक्टूबर 2015 को मोहर्रम जुलूस के दौरान धार्मिक पोस्टर फाड़ने के बाद भड़के दंगे के 32 आरोपियों पर से मुकदमा वापस लेने का आदेश शासन ने जारी किया है।

यह क्षेत्र सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र में आता है। यहां उप चुनाव की घोषणा के बाद प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना ने मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात कर 32 लोगों पर लगे मुकदमे को खत्म करने की मांग की थी। आरोप था कि तत्कालीन सपा विधायक इरफान सोलंकी ने इन लोगों पर मुकदमा दर्ज करवाकर जेल भिजवा दिया था।

भाजपा जिलाध्यक्ष दीपू पांडेय व भाजपा नेता अनुराग शर्मा ने बताया कि समाजवादी पार्टी की सरकार में वर्ष 2015 में मोहर्रम जुलूस में एक धर्म से जुड़े पोस्टर फाड़ने पर सांप्रदायिक हिंसा भड़क गई थी। पुलिस ने 32 लोगों के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि तत्कालीन सपा विधायक इरफान सोलंकी के इशारे पर 32 लोगों को झूठे मुकदमे में जेल भिजवा दिया गया था। इस मुद्दे को प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना ने मुख्यमंत्री के सामने रखा था।

उत्तर प्रदेश शासन के विशेष सचिव मुकेश कुमार सिंह ने जिला मजिस्ट्रेट न्याय अनुभाग 5 (फौजदारी) को पत्र जारी कर निर्देश दिया है कि फजलगंज में हुए दंगे में 32 आरोपियों पर दर्ज अभियोग की वापसी की जाए। भाजपा नेताओं ने बताया कि गुरुवार को मंत्री सुरेश खन्ना कानपुर पहुंचेंगे और मुकदमे के पीड़ित परिवारों से मिलेंगे।

## वर्ग पहेली-217

**बाएं से दाएं**

4. ढोलक बजाने वाला व्यक्ति, ढोलची, ढोलवादक।
8. एक रोग जिसमें पैर फूलकर हाथी के पैर की तरह हो जाता है, फीलपा।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. हींग 2. लाख 3. त्वचा पर का जन्मजात चिह्न।
2. 1. आकस्मिक, कभी-कभार होने वाला 2. अवसरपरक
3. 1. मंदिर में किसी देवी-देवता की मूर्ति का शृंगार करने वाला व्यक्ति 2. पुजारी।
5. 1. आमोद-प्रमोद 2. ख़ुशी का भाव, उल्लास।
6. 1. पूजने की क्रिया 2. देवी
7. 1. थोड़े समय के लिए कोई वस्तु दिखने की अवस्था या भाव 2. झलक 3. झांई 4. आंख के कोने से देखना, कनखी।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | ■ | 3 | ■ |
| | ■ | | ■ | | ■ |
| | ■ | | ■ | | ■ |
| ■ | 4 | | 5 | | ■ |
| 6 | ■ | ■ | | ■ | 7 |
| | ■ | 8 | | | |
| | ■ | ■ | ■ | ■ | |

**वर्ग पहेली -216 का हल**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 हु | 2 मा | यूँ | ■ | ■ | 3 शि |
| ■ | यू | ■ | 4 जी | ■ | ली |
| ■ | 5 स | रा | व | गी | ■ |
| ■ | ■ | ■ | लो | ■ | ■ |
| ■ | 6 घ | 7 म | क | ना | ■ |
| ■ | ■ | सू | ■ | ■ | 8 थो |
| 9 ओ | गा | र | ना | ■ | ड़ा |

**सुडोकू -130**

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | 2 |
| 6 | | 1 | | | | | 8 | |
| | | | 5 | | | 3 | | |
| | | 8 | | | 3 | | | |
| | 5 | 4 | | | | | | |
| | | | | | | 7 | | 9 |
| | | 5 | | | 9 | | | |
| | 3 | | 8 | | | 4 | | 6 |
| 2 | | | 7 | | | | 1 | |

**सुडोकू - 129 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 3 | 6 | 2 | 9 | 7 | 4 | 8 |
| 9 | 2 | 8 | 4 | 7 | 5 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 6 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 |
| 2 | 4 | 6 | 1 | 8 | 7 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 1 | 9 | 2 | 5 | 4 | 6 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 | 2 | 1 | 4 |
| 6 | 9 | 7 | 8 | 3 | 1 | 4 | 2 | 5 |
| 5 | 8 | 2 | 7 | 4 | 6 | 9 | 3 | 1 |
| 4 | 3 | 1 | 5 | 9 | 2 | 8 | 7 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 10 अक्टूबर गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-सप्तमी 12.31 तक तत्पश्चात अष्टमी।

**आज का पंचांग**




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाषाढ़ा 11 अक्टूबर 05.41 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

**मेष** - आज कुछ कठिन काम आसानी से अचानक बनने से मन प्रसन्न होगा। समाज में आपकी प्रशंसा होगी। आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। माता-पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। निजी समस्याओं का निराकरण होगा।

**वृष** - आज ऑफिस में अधीनस्थ कर्मचारियों पर नाराज हो सकते हैं। दूसरों के भले की सोचेंगे। पारिवारिक आयोजन किसी कारणवश टल सकते हैं। किसी के उकसावे में आकर काम न करें। अन्य दिनों की अपेक्षा दिन कुछ कमजोर रहेगा।

**मिथुन** - आज भोग-विलास का भरपूर आनंद उठाएंगे। आपका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा। व्यवसाय में सारी परिस्थितियां आपके अनुकूल रहेंगी। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। कोई भी बड़ा काम शुरू करने से पहले बड़ों की राय अवश्य लें।

**कर्क** - आज चुगलखोरी का शिकार हो सकते हैं। आपके व्यक्तित्व में तीव्र आकर्षण रहेगा। खर्च करने से पहले बजट का ध्यान अवश्य रखें। अनुसंधान संबंधी कार्यों में सफलता मिल सकती है। हितशत्रुओं से सावधान रहें।

**सिंह** - आज लोग आपकी बातों को काफी गंभीरता से लेंगे। बुद्धिमान लोगों से मुलाकात होगी। कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन काफी शानदार रहेगा। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। शाम के साथ मित्रों के साथ महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

**कन्या** - आज व्यर्थ में अपने शुभचिंतकों पर संदेह न करें। ज्यादा भागदौड़ करने से आपको बचना चाहिए। धन को लेकर दिक्कतें उत्पन्न हो सकती हैं। नई योजनाओं में सफलता देर से मिलेगी। मानसिक स्थिति नकारात्मक हो सकती है।

**तुला** - आज कारोबारी यात्राओं से आपको लाभ मिलेगा। उच्च अधिकारियों के साथ आपके संबंध काफी अच्छे रहेंगे। जीवनसाथी को दिया हुआ वादा आप पूरा कर सकते हैं। परिवार में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन के अवसर मिलेंगे।

**वृश्चिक** - आज आपके विनम्र व्यवहार से लोग आपसे आकर्षित रहेंगे। डिजाइनिंग का कोर्स कर रहे छात्रों को जॉब मिल सकती है। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें। विदेश में व्यापार कर रहे लोगों को कारोबार विस्तार के अवसर मिल सकते हैं।

**धनु** - आज किसी मांगलिक उत्सव में आप सम्मिलित होंगे। आपके कारोबार में निवेश करने के लिए बाहरी निवेशक आ सकते हैं। रुके हुए कार्य दोबारा से शुरू होंगे। छात्र पढ़ाई में बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे। बेरोजगार लोगों को नई जॉब मिल सकती है।

**मकर** - आज आपको धैर्य और संयम के साथ अपने काम पर ध्यान देना चाहिए। दूसरों की सलाह पर ज्यादा ध्यान न दें। यदि किसी से प्रेम निवेदन करना चाहते हैं, तो इससे बचें। आपकी भावनाओं का अनादर हो सकता है। नजदीकी लोगों के साथ आपके रिश्ते प्रभावित हो सकते हैं।

**कुंभ** - आज जीवनसाथी और बच्चों से आपको प्रेम और सम्मान दोनों ही प्राप्त होगा। आपके विचारों से लोग शीघ्र प्रभावित होंगे। कार्यक्षेत्र में आपको पदोन्नति दी जा सकती है। नई संपत्ति खरीदने के लिए बहुत शुभ समय है। संतान के विवाह में आ रही बाधा दूर होगी।

**मीन** - आज परिवार में उत्सव का माहौल रहेगा। लक्ष्य प्राप्ति के लिए दृढ़ संकल्पित रहेंगे। सहकर्मियों की तुलना में आपका प्रदर्शन विशेष और उत्कृष्ट हो सकता है। किसी बहूमूल्य वस्तु को खरीद सकते हैं। कच्चे माल के व्यापार में बेहतरीन धन लाभ हो सकता है।

## आज की फिल्में

B4U Movies
- प्यार के काबिल — सुबह : 10.13
- आओ प्यार करें — रात : 09.00

&pictures
- जब हैरी मेट सेजल — सुबह : 10.44
- सूर्यवंशी — रात : 07.30

Sony Pix
- गॉडजिला — दोपहर : 12.38
- ऐनाकोंडास — रात : 09.00

Zee Cinema
- चेन्नई वर्सेस चाइना — सुबह : 10.12
- पुलिस पावर — शाम : 05.01

Zee Action
- अखंडा — सुबह : 10.50
- गौली — रात : 07.30

**आज की सुपरहिट फिल्म**




एंड पिक्चर्स पर रात :07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक बूढ़ा बस की सीट पर अकेला बैठा था तभी उसके साथ एक बुढ़िया आकर बैठ गई।
बुढ़िया बोली अंकल जी आप कहां जा रहे हो?
बूढ़ा कुछ नहीं बोला और चुप बैठा रहा ...
बुढ़िया फिर बोली अंकल जी कहां जा रहे हो?
अब बूढ़े से चुप नहीं रहा गया और वह बोला, बेटी तुम बहुत सुंदर और जवान हो तेरे लिए लड़का देखने जा रहा हूं।

पति- आज खाना सासु मां ने बनाया है क्या ?
पत्नी- वाह कैसे पहचाना!
पति- जब तुम बनाती थी तो काले बाल निकलते थे, आज सफ़ेद निकला है।

## एक नजर

### चिकित्सा प्रौद्योगिकी के निर्यात में तेजी की उम्मीद

**नई दिल्ली।** वैश्विक अर्थव्यवस्था में सुस्ती के बावजूद चालू वित्त वर्ष में भारत के दवा और चिकित्सा प्रौद्योगिकी निर्यात में तेजी की उम्मीद है। फार्मा विभाग के सचिव अरुणीश चावला ने सीआईआई फार्मा और जीवन विज्ञान शिखर सम्मेलन में कहा कि भारत में दवा विकास के लिए सरकार का समर्थन बढ़ाने के साथ कैंसर, मधुमेह, एचआईवी और तपेदिक सहित कई चिकित्सीय क्षेत्रों के लिए 16 ब्लॉकबस्टर मोलेक्यूल के भारत में उत्पादन की योजना बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि हम हाल के आंकड़ों में निर्यात के रुझानों का विश्लेषण कर रहे हैं। भले ही वैश्विक स्तर पर निर्यात में सामान्य मंदी है, लेकिन पिछले साल की तुलना में भारतीय दवा, जैव-प्रौद्योगिकी और थोक दवा निर्यात में दोहरे अंकों में वृद्धि हुई है। चावला ने वैश्विक मंदी के बीच दवा उद्योग की निर्यात संभावनाओं को लेकर यह बात कही।

## मुरादाबाद मंडी

दालें: दाल चना : 75 से 78 रुपये मसूर : 60 से 68 रुपये मलका : 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द : 100 से 110 रुपये धोआ उड़द : 110 से 130 रुपये मूंग धोआ : 104 – 106 रुपये मूंग छिलका : 95 से105 रुपये मूंग साबुत : 90से105 रुपये चना देसी : 60से 70 रुपये चना कावली : 90 से 130 रुपये राजमा लाल : 130 से140 रुपये राजमा चित्ता : 125 से 130 रुपये लोबिया लाल : 90से 110 रुपये लोबिया सफेद : 80 से 100 रुपये ।

## मेंथा बाजार भाव

**रामपुर :** शिवालिक–955 फ्लैग–1060 डीएमओ–810 बोल्ड–1130
**चन्दौसी :** शिवालिक– 955 फ्लैग– 1075 बोल्ड– 1125 डीएमओ– 885

## सर्राफा

मुरादाबाद

| | |
| --- | --- |
| सोना 24 कैरेट | 77,700 |
| चांदी आभूषण | 91,000 |

# ऊंची ब्याज दर से आर्थिक वृद्धि पर असर नहीं पड़ेगा : दास

## आरबीआई गवर्नर ने चौथी द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा की पेश

- बोले- आर्थिक वृद्धि मजबूत है और निवेश के इरादे साफ दिख रहे हैं

मुंबई, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने बुधवार को कहा कि ब्याज की ऊंची दर वृद्धि को प्रभावित नहीं कर रही और आर्थिक गतिविधियां टिकाऊ बनी हुई हैं। उन्होंने पिछले 18 महीनों में मजबूत आर्थिक गतिविधियों का जिक्र किया। उसी समय आरबीआई ने नीतिगत दर के मोर्चे पर यथास्थिति बनाये रखने का विकल्प चुना था।

गवर्नर ने मौद्रिक नीति समीक्षा पेश करने के बाद कहा कि हमें उच्च ब्याज दर का वृद्धि पर असर पड़ने का कोई सबूत नहीं दिख रहा है। आर्थिक वृद्धि बहुत मजबूत बनी हुई है और निवेश के इरादे साफ दिख रहे हैं। वृद्धि को गति देने वाले कारकों में निजी पूंजीगत व्यय में वृद्धि के संकेत, कंपनियों के मजबूत बही-खाते, कृषि में मदद करने वाली बारिश, जलाशयों का स्तर और मिट्टी की नमी आदि शामिल है।


मुंबई में प्रेसवार्ता के दौरान आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास, डिप्टी गवर्नर माइकल देबब्रत पात्रा, एम. राजेश्वर राव, स्वामीनाथन जानकीरमन और टी. रबी शंकर।

### मौद्रिक नीति व्यावहारिक, ब्याज में कटौती की उम्मीद

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक के ब्याज दर यथावत रखने तथा तटस्थ मौद्रिक नीति रुख अपनाने का निर्णय व्यावहारिक है। आने वाले महीनों में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद है। आर्थिक क्षेत्र के विशेषज्ञों ने यह कहा। उद्योग मंडल एसोचैम ने आरबीआई की मौद्रिक नीति समीक्षा को यथार्थवादी और व्यावहारिक बताते हुए कहा कि उदार रुख वापस लेने और तटस्थ रुख अपनाना संकेत है कि कुछ तिमाहियों में ब्याज दर में गिरावट आएगी। एसोचैम के महासचिव दीपक सूद ने कहा कि रुख में बदलाव कर तटस्थ करने को सकारात्मक कदम के रूप में देखा जाना चाहिए। वित्तीय परामर्श कंपनी डेलॉयट इंडिया की अर्थशास्त्री रुमकी मजूमदार ने कहा कि सितंबर में फेडरल रिजर्व द्वारा नीतिगत दरों में कटौती के निर्णय से नीतिगत दरों में बदलाव के लिए कुछ गुंजाइश बनी है। हालांकि, जरूरत पड़ी तो आरबीआई दिसंबर में ब्याज दर घटा सकता है। बंधन बैंक के अर्थशास्त्री और शोध प्रमुख सिद्धार्थ सान्याल, एचडीएफसी बैंक के अर्थशास्त्री अभीक बरुआ, आनंद राठी शेयर्स एंड स्टोक ब्रोकर्स के मुख्य अर्थशास्त्री और कार्यकारी निदेशक सुजान हाजरा ने कहा कि नीतिगत दर रेपो को यथावत रखने और रुख को तटस्थ करने के आरबीआई का निर्णय अपेक्षा के अनुरूप है।

### दास ने चेताया, गलत तरीके अपनाकर आगे बढ़ने से बचें एनबीएफसी

**मुंबई।** शक्तिकान्त दास ने बुधवार को कहा कि ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जिनमें निवेशक कुछ गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को आक्रामक रूप से बढ़ने को प्रेरित कर रहे हैं, जिससे अनुचित कारोबारी को बढ़ावा मिल रहा है। खराब ग्राहक सेवा, संस्थाओं की वित्तीय स्थिति पर दबाव और ऐसी गतिविधियों से वित्तीय स्थिरता को नुकसान पहुंचने जैसे जोखिमों को रेखांकित करते हुए दास ने आगाह किया कि यदि वे ऐसी गतिविधियां जारी रखते हैं तो आरबीआई दोषी संस्थाओं पर कार्रवाई करने में हिचकिचाएगा नहीं।

### आरबीआई के रुख में बदलाव से नीतिगत दर में कटौती की आशा : रियल एस्टेट

**नई दिल्ली।** जमीन-जायदाद से जुड़ी कंपनियों ने बुधवार को रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समीक्षा में रुख बदलकर तटस्थ करने का स्वागत करते हुए कहा कि इससे नीतिगत दर में जल्द कटौती की उम्मीद है। रियल एस्टेट क्षेत्र का शीर्ष निकाय नेशनल रियल एस्टेट डेवलपमेंट काउंसिल (नारेडको) के अध्यक्ष जी. हरि बाबू ने कहा कि यह आर्थिक वृद्धि को बनाए रखने की दिशा में सकारात्मक कदम है। क्रेडाई के राष्ट्रीय अध्यक्ष बोमन ईरानी ने कहा कि इस समय दर में कटौती से उपभोक्ता मांग में तेजी में मदद मिलती। उम्मीद जतायी कि केंद्रीय बैंक अगली तिमाही में नीतिगत दर में कटौती करेगा।

# निफ्टी-50, सेंसेक्स : भारतीय अर्थव्यवस्था के सूचक

भारतीय शेयर बाजार में निफ्टी-50 और सेंसेक्स दो महत्वपूर्ण सूचकांक हैं, जो निवेशकों को बाजार की दिशा और स्थिरता का आभास कराते हैं। निफ्टी-50, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का प्रमुख सूचकांक है, जिसमें 50 कंपनियां शामिल हैं, जबकि सेंसेक्स, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का प्रमुख सूचकांक है, जिसमें 30 बड़ी कंपनियां होती हैं। दोनों सूचकांकों की गणना, प्रतिनिधित्व और संरचना में महत्वपूर्ण अंतर हैं, जो इन्हें अलग बनाते हैं। इस लेख में हम इन दोनों सूचकांकों के बीच के प्रमुख बिंदुओं की तुलना करेंगे। आइए इसके बारे में कुछ मत्वपूर्ण तथ्यों पर बात करें...

### स्टॉक एक्सचेंज

- **निफ्टी-50 :** यह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का प्रमुख सूचकांक है, जिसकी स्थापना 1992 में की गई है। इसकी शुरुआत 1996 में हुई थी।
- **सेंसेक्स :** यह बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का प्रमुख सूचकांक है, जो 1875 में स्थापित हुआ और दुनिया का सबसे पुराना स्टॉक एक्सचेंज है। इसकी शुरुआत 1986 में हुई थी।




### शेयरों की संख्या

- **निफ्टी-50 :** इसमें 50 कंपनियां शामिल होती हैं, जो विभिन्न सेक्टरों का प्रतिनिधित्व करती हैं।
- **सेंसेक्स :** इसमें 30 कंपनियां शामिल होती हैं, जो भारत की सबसे बड़ी और स्थिर कंपनियां हैं।

### गणना पद्धति

- दोनों सूचकांक फ्री फ्लोट मार्केट कैपिटलाइज़ेशन पद्धति का उपयोग करते हैं, लेकिन निफ्टी-50 में शामिल कंपनियों का अधिक विविध प्रतिनिधित्व होता है।

### प्रतिनिधित्व

- **निफ्टी-50 :** इसमें वित्तीय सेवाएं, आईटी, ऊर्जा, उपभोक्ता वस्तुएं, ऑटोमोबाइल आदि शामिल हैं।
- **सेंसेक्स :** इसमें बैंकिंग, ऊर्जा, आईटी, और उपभोक्ता वस्तुओं के क्षेत्र की कंपनियां शामिल हैं।

### सेक्टर का कवरेज

- **निफ्टी-50 :** विभिन्न क्षेत्रों का व्यापक कवरेज करता है।
- **सेंसेक्स :** कवरेज सीमित है, प्रमुख और स्थिर कंपनियों का प्रतिनिधित्व करता है।

### वोलेटिलिटी (अस्थिरता)

- **निफ्टी-50 :** अस्थिरता कम होती है, क्योंकि इसमें कई सेक्टर्स होते हैं।
- **सेंसेक्स :** अस्थिरता अधिक होती है, इसकी कंपनियां बड़ी और स्थिर होती हैं।

### निवेशकों का दृष्टिकोण

- **निफ्टी-50 :** दीर्घकालिक निवेश के लिए उपयुक्त माना जाता है।
- **सेंसेक्स :** स्थिर और भरोसेमंद कंपनियों में निवेश करने के लिए उपयुक्त होता है।

### 10. अंतरराष्ट्रीय निवेश

- **निफ्टी-50 :** वैश्विक निवेशकों के लिए विविधता का प्रतिनिधित्व करता है।
- **सेंसेक्स :** सबसे बड़ी और स्थिर कंपनियों में निवेश के लिए महत्वपूर्ण है।

निफ्टी-50 और सेंसेक्स दोनों बाजार की दिशा और स्थिरता को मापने में भूमिका निभाते हैं। निफ्टी में अधिक विविधता है, जबकि सेंसेक्स स्थिरता का प्रतीक है। दोनों निवेशकों के लिए बाजार की स्थिति को समझने में मदद करते हैं।

### आधार अंक

- **निफ्टी-50 :** इसका आधार अंक 1000 है।
- **सेंसेक्स :** इसका आधार अंक 100 है।

### ई-फाइलिंग पोर्टल पर 34.84 लाख लेखा परीक्षा रिपोर्ट दाखिल

नई दिल्ली। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि सात अक्टूबर तक ई-फाइलिंग पोर्टल पर आकलन वर्ष 2024-25 के लिए 34.09 लाख कर लेखा-परीक्षा रिपोर्ट (टीएआर) सहित 34.84 लाख से अधिक लेखा परीक्षा रिपोर्ट दाखिल की गई हैं। आयकर विभाग ने लेखा परीक्षा रिपोर्ट दाखिल करने की तारीख 30 सितंबर से बढ़ाकर सात अक्टूबर कर दी गई थी। आकलन वर्ष 2024-25 के लिए टीएआर दाखिल करने में सालाना आधार पर 4.8% की वृद्धि दर्ज की गई है। मंत्रालय ने कहा कि टीएआर और अन्य लेखा परीक्षा फॉर्म दाखिल करने के बारे में करदाताओं के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए आयकर पोर्टल पर ईमेल, एसएमएस, वेब गोष्ठी, सोशल मीडिया अभियान और संदेशों के जरिये व्यापक प्रचार कार्यक्रम आयोजित किए गए। मंत्रालय के मुताबिक, ई-फाइलिंग सहायता टीम ने सितंबर और अक्टूबर 2024 के दौरान करदाताओं के 1.23 लाख सवालों को संभाला और उन्हें सक्रिय रूप से मदद दी।

### वेदांता पर लगा 92.04 करोड़ का जुर्माना, 10 करोड़ का हर्जाना

**नई दिल्ली।** वेदांता पर सीमा शुल्क प्राधिकरण ने 92.04 करोड़ रुपये का जुर्माना और 10 करोड़ रुपये का हर्जाना लगाया है। वेदांता लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि यह आदेश उसे मंगलवार आठ अक्टूबर को मिला। कंपनी ने कहा कि कंपनी को तूतीकोरिन के सीमा शुल्क आयुक्त के कार्यालय से नोटिस मिला, जिसमें 92,03,85,745 रुपये के जुर्माने और 10,00,00,000 रुपये के हर्जाने के साथ सीमा शुल्क तथा लागू ब्याज की मांग की गई है।

### सोने में 600 रुपये की गिरावट चांदी 2,800 रुपये लुढ़की

**नई दिल्ली।** कमजोर घरेलू मांग के बीच बुधवार को सोने में लगातार दूसरे दिन गिरावट आई। सोना 600 रुपये गिरकर 77,700 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। मंगलवार को सोना 78,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत भी 2,800 रुपये लुढ़ककर 91,200 रुपये प्रति किलो रही जो एक दिन पहले 94,000 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी। 99.5% शुद्धता वाला सोना 600 रुपये गिरकर 77,300 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। कारोबारियों ने बताया कि घरेलू मांग में सुस्ती से सोने की कीमतों में गिरावट आई है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज के वायदा कारोबार में दिसंबर आपूर्ति वाले सोने के अनुबंध की कीमत 29 रुपये बढ़कर 75,190 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई।



## राष्ट्रीय

# बांटो और सत्ता पाओ के फार्मूले पर चली कांग्रेस : मोदी

## महाराष्ट्र में 7,600 करोड़ से अधिक लागत वाली परियोजनाओं की वीडियो कांफ्रेंस से प्रधानमंत्री ने रखी आधारशिला

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि मुसलमानों की बात आते ही कांग्रेस के मुंह पर ताला लग जाता है लेकिन हिंदू की बात आते ही वह चर्चा जाति से ही शुरू करती है क्योंकि वह जानती है कि हिंदू जितना बंटेगा, उतना उसका फायदा होगा। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस किसी भी तरीके से हिंदू समाज में आग लगाए रखना चाहती है और भारत में जहां भी चुनाव होते हैं, वह इसी फार्मूले को लागू करती है।

महाराष्ट्र में 7,600 करोड़ से अधिक लागत वाली कई विकास परियोजनाओं की वीडियो कांफ्रेंस से आधारशिला रखने के बाद मोदी ने विश्वास जताया कि समाज को तोड़ने की कोशिश को राज्य की जनता नाकाम करेगी। उन्होंने इस सरकारी कार्यक्रम में महाराष्ट्र के लोगों से देश के विकास को सर्वोपरि रखते हुए और एकजुट होकर भाजपा और उसके गठबंधन महायुति के पक्ष में मतदान करने की अपील की। हरियाणा के चुनाव परिणामों का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि इसने बता दिया है कि आज देश का मिजाज क्या है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस सांप्रदायिक और जातिवाद का चुनाव लड़ती है। हिंदू समाज को तोड़कर उसे अपनी जीत का फॉर्मूला बनाना, यही कांग्रेस की राजनीति का आधार है। कांग्रेस की नीति है, हिंदुओं की एक जाति को दूसरी से लड़ाओ। कांग्रेस जानती है कि जितना हिंदू बंटेगा, उतना उसका फायदा होगा। कांग्रेस किसी भी तरीके से हिंदू समाज में आग लगाए रखना चाहती है, ताकि वो राजनीतिक रोटियां सेंकती रहे।



### प्रधानमंत्री के राजनीतिक भाषण और विपक्ष पर हमले के लिए सरकारी कार्यक्रम का इस्तेमाल क्यों: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी के हमले पर पलटवार किया और आरोप लगाया कि वह राजनीति भाषण तथा विपक्ष पर हमला करने के लिए सरकारी कार्यक्रम का उपयोग करते हैं, जबकि इसके लिए वह भाजपा के मंच का इस्तेमाल कर सकते हैं। पार्टी के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि करदाताओं के पैसे का इस्तेमाल राजनीतिक भाषण देने के लिए नहीं किया जा सकता और न ही किया जाना चाहिए। खेड़ा ने यह बातें एक्स पर पोस्ट की। प्रधानमंत्री मोदी ने के मुसलमानों की जाति की बात आते ही कांग्रेस के मुंह पर ताला लग जाता है के बयान पर कांग्रेस ने पलटवार किया।

### नायब सिंह सैनी ने की मोदी से मुलाकात

**नई दिल्ली।** हरियाणा चुनाव में जीत के बाद भाजपा की सरकार के प्रमुख के रूप में शपथ ग्रहण से पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने सैनी को भाजपा की ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई दी और विश्वास जताया कि विकसित भारत के संकल्प में हरियाणा की भूमिका और महत्वपूर्ण होने जा रही है। सैनी ने गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा से भी मुलाकात की। मोदी ने एक्स पर मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए पोस्ट किया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिला और विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली जीत के लिए उन्हें बधाई दीं।

### राहुल की नागरिकता के मुद्दे पर दस्तावेज के लिए स्वामी को मिला समय

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को भाजपा के नेता सुब्रमण्यम स्वामी को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की नागरिकता के मुद्दे पर इलाहाबाद हाईकोर्ट में लंबित याचिका की एक प्रति दाखिल करने के लिए समय दे दिया। स्वामी ने अदालत को बताया कि उन्होंने याचिका की प्रति प्राप्त कर ली है और इस मामले में की गईं प्रार्थनाएं उनकी दलीलों से भिन्न हैं। मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने कहा कि वह पिछले आदेश के अनुपालन में दस्तावेज दाखिल करें तथा अगली सुनवाई छह नवंबर को तय की। स्वामी ने गृह मंत्रालय को राहुल गांधी की नागरिकता रद करने की मांग वाली याचिका पर निर्णय लेने का निर्देश देने का अनुरोध किया था।

# हरियाणा के नतीजों से आयोग को कराएंगे अवगत : राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजों को अप्रत्याशित करार देते हुए बुधवार को कहा कि अनेक विधानसभा क्षेत्रों से आ रही शिकायतों से चुनाव आयोग को अवगत कराया जाएगा।



कांग्रेस नेता ने कहा कि जम्मू कश्मीर में गठबंधन की जीत संविधान की जीत है। राहुल गांधी ने एक्स पर कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोगों का तहे दिल से शुक्रिया! जम्मू-कश्मीर में नेकां और कांग्रेस गठबंधन 48 सीट के साथ सरकार बनाने को तैयार है।

### नतीजों को अस्वीकार्य बताने वाले बयान कभी नहीं सुने : आयोग

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने बुधवार को कहा कि हरियाणा चुनाव के नतीजों को अस्वीकार्य बताने वाले कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के बयान इतिहास में पहले नहीं सुने गए और ये बोलने की स्वतंत्रता की वैधानिकता से भी परे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को लिखे पत्र में आयोग ने कहा कि पार्टी नेताओं जयराम रमेश और पवन खेड़ा की टिप्पणियां वैधानिक और चुनावी ढांचे को खारिज करने की ओर ले जाती हैं। खरगे और राहुल के बयानों पर गौर किया है, जिनमें हरियाणा के नतीजों को अनपेक्षित बताया और पार्टी ने शिकायतों के साथ आयोग से संपर्क का प्रस्ताव रखा है।

## एक नजर

### बिहार में सड़क दुर्घटना में आठ बौद्ध भिक्षु घायल

**जहांनाबाद।** बिहार के जहांनाबाद जिले के करौना इलाके में बुधवार को पर्यटक बस के सड़क किनारे तालाब में गिर जाने से आठ बौद्ध भिक्षु घायल हो गए। जहांनाबाद के एसपी अरविंद प्रताप सिंह ने बताया कि यह घटना पर्यटक बस चालक के अपने वाहन पर से नियंत्रण खो देने के कारण हुई। इस हादसे में घायल हुए आठ बौद्ध भिक्षुओं में से तीन को बेहतर इलाज के लिए पटना भेजा गया है, जबकि अन्य छह को नजदीक के एक अस्पताल में प्राथमिक उपचार किये जाने के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

### पांच किलो हेरोइन के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**अमृतसर।** पंजाब के अमृतसर के अजनाला में पुलिस ने पांच किलो हेरोइन के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया। पंजाब पुलिस के महानिदेशक गौरव यादव ने बुधवार को कहा कि पुलिस ने खुफिया जानकारी पर चलाए अभियान में सीमा पार के मादक पदार्थों के नेटवर्क को झटका दिया है।

### वांगचुक के प्रदर्शन पर पुलिस से जवाब तलब

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोनम वांगचुक और अन्य को जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन की अनुमति मांगने संबंधी याचिका पर बुधवार को दिल्ली पुलिस से जवाब मांगा। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम. सिंह और न्यायमूर्ति अमित शर्मा की पीठ ने एपेक्स बॉडी लेह की याचिका पर पुलिस और दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किया और उनसे जवाब मांगा।

# मानदंडों को पूरा न करने वाली दवाओं को वापस लिया जाए : दवा नियामक

नई दिल्ली, एजेंसी

- 45 दवाओं के निर्माताओं को वापसी और पांच नकली दवाओं के निर्माताओं पर हुई कार्रवाई

भारत के दवा नियामक ने बुधवार को कहा कि लगभग 45 दवाओं के निर्माताओं को गुणवत्ता मानदंडों को पूरा नहीं करने के कारण अपने उत्पादों को वापस लेने का आदेश दिया गया है, जबकि पांच नकली दवाओं के निर्माताओं के खिलाफ मामला दर्ज करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

यहां सीआईआई फार्मा एंड लाइफ साइंसेज सम्मेलन में भारत के औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) एवं केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) के प्रमुख राजीव सिंह रघुवंशी ने स्पष्ट किया कि 50 नकली दवाओं पर प्रतिबंध की हालिया खबरें गलत थीं। उन्होंने कहा कि वे नकली दवाएं नहीं हैं। वे मानक गुणवत्ता वाली दवाएं नहीं थीं। दोनों के बीच एक अंतर है। उनमें से केवल पांच नकली थीं, जिन्हें आप नकली कह सकते हैं। हर महीने सीडीएससीओ बाजार से 2,000 से अधिक नमूनों का परीक्षण करता है और उनमें से लगभग 40-50 नमूने एक या अधिक मानदंडों पर विफल होते हैं, जो बहुत मामूली मानदंड हो सकते हैं। इनमें से कोई भी स्वास्थ्य जोखिम नहीं होता है और हम उसकी जानकारी अपने पोर्टल पर देते हैं।

### पहला काम राज्य का दर्जा देने का प्रस्ताव पारित करना : उमर

**श्रीनगर।** नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि नये मंत्रिमंडल का पहला काम राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए प्रस्ताव पारित करना होना चाहिए। अब्दुल्ला ने कहा कि नए मुख्यमंत्री को प्रस्ताव लेकर दिल्ली जाना चाहिए और वरिष्ठ मंत्रियों से मिलकर उनसे अपना वादा पूरा करने के लिए कहना चाहिए। उन्होंने बताया कि सरकार सिर्फ नेकां या उसके गठबंधन की नहीं होगी, बल्कि सभी को शामिल करेगी, खास तौर पर उन इलाकों पर ध्यान दिया जाएगा, जहां गठबंधन के कम विधायक हैं। कई निर्दलीय विधायकों ने नेकां में शामिल होने की बात की है। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने संकेत दिया कि निर्वाचित सदस्यों की विधायक दल की बैठक गुरुवार को होने वाली है।



# आरोपी की डीएनए रिपोर्ट समेत 11 साक्ष्य सूचीबद्ध

## आरजी कर मामला

कोलकाता, एजेंसी

सीबीआई ने आरजी कर अस्पताल में महिला चिकित्सक से दुष्कर्म एवं हत्या के मामले में गिरफ्तार कोलकाता पुलिस के संजय रॉय को इकलौता आरोपी ठहराने के लिए आरोपपत्र में डीएनए और रक्त नमूनों की रिपोर्ट जैसे 11 साक्ष्य सूचीबद्ध किए हैं।

सीबीआई ने रॉय के खिलाफ सबूत के तौर पर मृतक चिकित्सक के शरीर में आरोपी के डीएनए की मौजूदगी, छोटे बाल, मृतका के खून के धब्बे, रॉय के शरीर पर चोटों, सीसीटीवी फुटेज और कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) के मुताबिक उसके मोबाइल फोन की लोकेशन का उल्लेख किया है। आरोपपत्र में कहा गया है कि रॉय को महिला चिकित्सक द्वारा प्रतिरोध/संघर्ष के निशान के तौर पर चोटें लगी थीं। कोलकाता पुलिस ने 10 अगस्त को रॉय को गिरफ्तार किया था। आरोपपत्र में कहा कि जहां अपराध हुआ, वहां आठ और नौ अगस्त की मध्यरात्रि को उसकी (रॉय की) मौजूदगी सीसीटीवी फुटेज से साबित हुई है।

### दो सरकारी अस्पतालों के डॉक्टरों ने दिया सामूहिक इस्तीफा

**कोलकाता।** आर जी कर मेडिकल कॉलेज के 50 सीनियर डॉक्टरों के अपने जूनियर डॉक्टरों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए इस्तीफा देने के बाद यहां के दो और सरकारी अस्पतालों कलकत्ता मेडिकल कॉलेज और अस्पताल तथा उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के डॉक्टरों ने बुधवार को सामूहिक रूप से इस्तीफा दे दिया। सभी डॉक्टर 10 मांगों को लेकर आमरण अनशन पर थे। कलकत्ता मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक ने बताया कि 68 वरिष्ठ डॉक्टरों और प्रोफेसरों ने इस्तीफा दे दिया है और इस्तीफे की प्रति राज्य स्वास्थ्य विभाग को ईमेल कर दी गई है। एनबीएमसीएच के करीब 50 डॉक्टरों ने सामूहिक इस्तीफा दे दिया और उत्तर बंगाल में अनशन पर बैठे दो जूनियर डॉक्टरों के साथ शामिल हो गए।

### नाबालिग से सूरत में सामूहिक बलात्कार

**सूरत।** गुजरात के सूरत जिले में नवरात्रि उत्सव के दौरान दोस्तों के साथ गई 17 वर्षीय लड़की से तीन लोगों ने दुष्कर्म किया। एसपी (ग्रामीण) हितेश जोयसर ने कहा कि मंगरोल तालुका में मोटा बोरसारा गांव के बाहरी हिस्से में नाबालिग लड़की के साथ मंगलवार रात 11 बजे दुष्कर्म हुआ। घटनास्थल कोसम्बा थाना क्षेत्र के तहत आता है। कुछ दिन पहले वडोदरा के बाहरी इलाके में एक अन्य लड़की के साथ सामूहिक बलात्कार किया गया था। उस वक्त वह भी अपने दोस्तों के साथ बाहर गई थी।

### पूर्व मंत्री के खिलाफ दुष्कर्म व अपहरण का मामला दर्ज

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के कांग्रेस विधायक एवं पूर्व मंत्री विनय कुलकर्णी के खिलाफ दुष्कर्म, अपहरण और धमकी के दो साल पुराने मामले में केस दर्ज हुआ है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि 34 वर्षीय सामाजिक कार्यकर्ता की ओर से संजय नगर थाने में शिकायत दर्ज कराने के बाद कार्रवाई हुई।

पीड़ित महिला ने आरोप लगाया कि वह 2022 में धारवाड़ विधायक से मिली थी और दोनों ने फोन और वीडियो कॉल से अक्सर बातचीत की थी। उसने दावा किया कि कुलकर्णी ने 24 अगस्त, 2022 को देवनहल्ली के केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास उसे जबरन एक सुनसान जगह पर ले गया उसे गलत ढंग से छुआ और अश्लील बातचीत की तथा एक वाहन के अंदर उसका यौन उत्पीड़न किया गया।

### अवैध गर्भपात मामले में छह लोगों को सजा

**भिंड।** मध्यप्रदेश के भिंड जिले में अवैध तरीके से युवती का गर्भपात कराने के मामले में कोर्ट ने युवती की मां व डाक्टर सहित छह लोगों को पांच व सात साल की सजा सुनाई है। अपर सत्र न्यायाधीश मनोज तिवारी ने सजा सनाते हुए हजारों रुपये का जुर्माना भी किया है। अभियोजक उत्तम सिंह राजपूत ने बताया कि कोतवाली पुलिस को 30 अगस्त 2016 को सूचना मिली कि वनखंडेश्वर मंदिर के पास गली में अवैध गर्भपात हो रहा है। पुलिस को एक मकान में दो महिलाएं, एक युवती व इंजेक्शन एवं दवाएं मिलीं।

# चुनाव परिणाम घोषित करवाने हैं तो पहले गंदगी साफ करें : दिल्ली उच्च न्यायालय

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली विवि में हुए चुनाव के बाद मतदान स्थल पर फैली गंदगी पर कोर्ट सख्त

दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) के उम्मीदवारों से कहा कि अगर वे मतगणना कराना चाहते हैं तो मतदान के दौरान परिसर में जहां भी गंदगी फैलायी गयी है, उसे साफ करें। कोर्ट ने 26 सितंबर को डूसू और कॉलेजों के चुनावों की मतगणना की घोषणा पर रोक लगा दी थी।

कोर्ट ने कहा कि उसका उद्देश्य चुनाव प्रक्रिया को बाधित करना नहीं बल्कि केवल यह संदेश देना था कि इस तरह का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने कहा कि आखिर आप गंदगी साफ क्यों नहीं करते। जिस दिन उस जगह की गंदगी साफ कर दी जाएगी उसके अगले ही दिन हम मतगणना की अनुमति दे देंगे। अदालत डीयू के दो कॉलेज में चुनाव लड़ने वाले दो उम्मीदवारों के आवेदन पर सुनवाई कर रही थी।



### राजद विधायक, उनके परिवार की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली।** ईडी ने बुधवार को कहा कि धनशोधन जांच के तहत राष्ट्रीय जनता दल (राजद) विधायक किरण देवी, उनके पति एवं पूर्व विधायक अरुण यादव और कुछ संबंधित संस्थाओं की 21 करोड़ से अधिक की संपत्ति कुर्क की है। धनशोधन निवारण अधिनियम के तहत आदेश जारी होने के बाद बिहार के भोजपुर जिले के ग्राम अगियांव और पटना के पॉश इलाकों में स्थित 46 अचल संपत्तियों के साथ दो करोड़ की बैंक राशि कुर्क हुई है। कुर्क संपत्ति की कीमत 21.38 करोड़ है।





## खेल मंत्री ने लिखा पत्र, दीपा के संन्यास से हैरान हूं

● कहा- आपके इस निर्णय का पूर्ण सम्मान करता हूं, आपकी आगे की यात्रा के लिए शुभकामनाएं



नई दिल्ली, एजेंसी

खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को जिम्नास्ट दीपा कर्माकर को पत्र लिखकर खेल से संन्यास लेने के उनके फैसले पर हैरानी जताई। ओलंपिक के लिये क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय महिला जिम्नास्ट बनी दीपा रियो ओलंपिक 2016 में चौथे स्थान पर रही थी। उन्होंने सोमवार को खेल को अलविदा कह दिया।

मांडविया ने दीपा को लिखे पत्र में कहा मुझे पता चला कि आपने जिम्नास्टिक से संन्यास ले लिया है। आपके फैसले पर मैं आश्चर्यचकित हूं लेकिन मुझे पूर्ण विश्वास है कि आपने जीवन की महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं और अनुभवों को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया होगा। मैं आपके इस निर्णय का पूर्ण सम्मान करता हूं। आपकी जिम्नास्टिक की यात्रा जो मात्र छह वर्ष की आयु से प्रारंभ हुई, अत्यंत ही प्रेरणादायक रही। आपने इस खेल में अनेक कठिनाइयों का सामना करते हुए सफलता के उच्च शिखरों को छुआ और गौरवान्वित किया।

### देश को सम्मान और गौरव के दिए हैं क्षण

आपका ओलंपिक में हिस्सा लेकर भारतीय जिम्नास्टिक्स में एक नया अध्याय जोड़ना और इस खेल में भाग लेने वाली प्रथम भारतीय महिला बनना न केवल आपके व्यक्तिगत परिश्रम का परिणाम बल्कि पूरे देश के लिये गर्व का विषय है। विशेष रूप से प्रोडुनोवा वॉल्ट में आपका प्रदर्शन अद्वितीय रहा है। आपकी उपलब्धियों ने न केवल खेलप्रेमियों को प्रेरित किया है बल्कि विशेष रूप से हमारी बेटियों को भी खेलों में अपने सपनों को साकार करने का साहस प्रदान किया है। उन्होंने कहा ओलंपिक के वह ऐतिहासिक क्षण जब आप मात्र 0.15 अंकों से पदक से चूक गई, फिर भी आपने अपने धैर्य और समर्पण से पूरे राष्ट्र का दिल जीत लिया। आपकी यह यात्रा देश के लिये अनमोल धरोहर है और मैं आशा करता हूं कि आप अपनी इस अद्वितीय प्रतिभा और अनुभव को आने वाली पीढी के साथ साझा करेंगी।

## सचिन इंटरनेशनल मास्टर्स लीग 2024 में होंगे भारत के कप्तान

**नई दिल्ली।** सचिन तेंदुलकर 17 नवंबर से आठ दिसंबर तक चलने वाली इंटरनेशनल मास्टर्स लीग 2024 में भारतीय क्रिकेट टीम की कप्तानी करेंगे। पहली बार आयोजित हो रहे इस क्रिकेट लीग में भारत, वेस्टइंडीज, श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका सहित छह टीमें हिस्सा ले रही हैं। टी-20 प्रारुप में होने वाली इस लीग के मुकाबले नवी मुंबई, लखनऊ और रायपुर में खेले जाएंगे।

इस लीग में क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी ब्रायन लारा, कुमार संगाकारा, शेन वॉटसन, इयोन मोर्गन और अपने समय के सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक जोंटी रोड्स अपनी-अपनी टीमों के कप्तानी करते नजर आएंगे। सचिन तेंदुलकर और सुनील गावस्कर के प्रयासों के बाद इंटरनेशनल मास्टर्स लीग को शुरू करने का विचार किया गया। इस टूर्नामेंट में 18 मुकाबले खेले जाएंगे जिसमें 90 से अधिक क्रिकेट से संन्यास ले चुके खिलाड़ी शामिल होंगे।

## पीसीबी में सीनियर पद पर काबिज हो सकते हैं अजहर

कराची, एजेंसी

पाकिस्तान के पूर्व टेस्ट कप्तान अजहर अली पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) में युवा विकास कार्यक्रम पर काम के लिए सीनियर पद पर नियुक्ति की दौड़ में सबसे आगे हैं। पीसीबी ने बुधवार को युवा क्रिकेट निदेशक के पद के लिए विज्ञापन दिया जिसमें उन्होंने इच्छुक उम्मीदवारों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर रखी है।

इच्छुक उम्मीदवारों का अपने देश के लिए कम से कम 50 टेस्ट मैच खेला होना अनिवार्य है। एक सूत्र के अनुसार अजहर इस पद की दौड़ में सबसे आगे हैं क्योंकि उन्होंने जूनियर स्तर के खिलाड़ियों के साथ काम करने और व्यवस्था को बेहतर बनाने में अपनी रुचि भी व्यक्त की है। सूत्र ने कहा एक अन्य पूर्व कप्तान मोहम्मद यूसुफ भी इस पद पर काम करने के इच्छुक हैं और यह एक कारण था कि उन्होंने राष्ट्रीय चयनकर्ता के पद से इस्तीफा दे दिया। पीसीबी ने यह सुनिश्चित करने के लिए नया पद बनाया है कि नियुक्त उम्मीदवार क्षेत्रीय कोच, अकादमियों और खिलाड़ियों के साथ अंडर-13 से अंडर-19 स्तर तक काम करेगा।

# गेंदबाजों के आगे प्रतिद्वंद्वी नतमस्तक, लहराया जीत का परचम

## भारत ने बांग्लादेश को 86 रनों से हराया



दूसरे टी-20 मुकाबले में जीत के बाद जश्न मनाते भारतीय टीम के खिलाड़ी।

● नीतिश ने खेली 74 रन की पारी लिए दो विकेट, टीम इंडिया को मिली तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त

नई दिल्ली, एजेंसी

नीतिश कुमार रेड्डी (74 रन/ दो विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन और रिंकू सिंह (53) के आतिशी अर्द्धशतकीय पारी की बदौलत भारत ने बुधवार को बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टी-20 मैच में 86 रनों से हरा दिया है। इसी के साथ भारत ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजये बढ़त बना ली है।

भारत ने नौ विकेट पर 221 रनों का विशाल स्कोर के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ही ओवर में परवेज हुसैन इमॉन (16) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद वॉशिंगटन ने कप्तान शान्तो (11) को भी पवेलियन भेज दिया। लिटन दास (14) को वरूण ने अपना शिकार बनाया। मो. तौहीद हृदोय (दो), मेहदी हसन मिराज (16), जाकेर अली (एक) और रिशाद हुसैन (नौ) रन बनाकर आउट हुये। नितीश कुमार रेड्डी ने तनजीम हसन साकिब (8) को आउट कर भारत को आठवीं सफलता दिलाई। इसके बाद नितीश ने महमुदउल्लाह (41) को पवेलियन का रास्ता दिखाया। बांग्लादेश की टीम निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 135 रन ही बना सकी और 86 रन से मुकाबला हार गई। भारत की ओर से वरुण चक्रवर्ती और नितीश कुमार रेड्डी को दो-दो विकेट लिए।

इससे पहले बांग्लादेश ने यहां अरुण जेटली स्टेडियम में टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी करने का मौका दिया। भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन (10) रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद कप्तान सूर्यकुमार और नीतिश ने पारी को आगे बढ़ाया लेकिन जल्द ही सूर्यकुमार को (08) के निजी स्कोर पर आउट कर दिया। नीतीश ने रिंकू सिंह के साथ मिलकर स्कोर के 221 तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।

### स्कोर बोर्ड

**भारत पारी: 221/9** (20 ओवर)

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| संजू सैमसन का शंटो बो तस्कीन | 10 | 7 | 2/0 |
| अभिषेक शर्मा बो तंजिम | 15 | 11 | 3/0 |
| सूर्यकुमार का शंटो बो मुस्तफिजूर | 8 | 10 | 1/0 |
| नीतिश रेड्डी का मिराज बो मुस्ताफिजुर | 74 | 34 | 4/7 |
| रिंकू सिंह का जाकेर बो तस्कीन | 53 | 29 | 5/3 |
| हार्दिक का मिराज बो रिशाद | 32 | 19 | 2/2 |
| रियान पराग का महमुदुल्लाह बो तंजिम | 15 | 6 | 0/2 |
| वॉशिंगटन सुंदर नाबाद | 0 | 0 | 0/0 |
| वरुण चक्रवर्ती का इमोन बो रिशाद | 0 | 2 | 0/0 |
| अर्शदीप सिंह का लिटन बो रिशाद | 6 | 2 | 0/1 |
| मयंक यादव नाबाद | 1 | 1 | 0/0 |

अतिरिक्त: 7, गेंदबाजी : मेहदी 3-0-46-0, तस्कीन 4-0-16-2, तंजिम हसन 4-0-50-2, मुस्तफिजूर रहमान 4-0-36-2, रिशाद हुसैन 4-0-55-3, महमुदल्लाह 1-0-15-0

**बांग्लादेश पारी: 135/9** (20 ओवर)

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| परवेज हुसैन इमोन बो अर्शदीप | 16 | 12 | 3/0 |
| लिटन दास बो चक्रवर्ती | 14 | 11 | 0/1 |
| नजमुल शंटो का हार्दिक बो वाशिंगटन | 11 | 7 | 2/0 |
| तौहिद हृदय बो अभिषेक | 2 | 6 | 0/0 |
| मेहदी का स्थानाप्पन (बिश्नोई) बो रियान | 16 | 16 | 1/0 |
| महमुदुल्लाह का रियान बो रेड्डी | 41 | 39 | 0/3 |
| जाकेल अली का वॉशिंगटन बो मयंक | 1 | 2 | 0/0 |
| रिशाद हुसैन का पंड्या बो चक्रवर्ती | 9 | 10 | 2/0 |
| तंजिम हसन का हार्दिक बो रेड्डी | 8 | 10 | 1/0 |
| तस्कीन अहमद नाबाद | 5 | 7 | 0/0 |
| मुस्तफिजूर रहमान नाबाद | 1 | 2 | 0/0 |

अतिरिक्त: 11, गेंदबाजी : अर्शदीप सिंह 3-0-26-1, नीतिश कुमार रेड्डी 4-0-23-2, वॉशिंगटन सुंदर 1-0-4-1, वरुण चक्रवर्ती 4-0-19-2, अभिषेक शर्मा 2-0-10-1, मयंक यादव 4-0-30-1, रियान पराग 2-0-16-1

## महिला टी-20 विश्वकप: भारत ने श्रीलंका को 82 रन से हराया

● कप्तान हरमनप्रीत और मंधाना ने खेलीं अर्धशतकीय पारियां, सोभना आशा और अरुंधति रेड्डी ने लिए तीन-तीन विकेट



श्रीलंका के खिलाफ जीत दर्ज करने के बाद भारतीय महिला टीम ने कुछ इस अंदाज में मनाया जश्न।

दुबई, एजेंसी

कप्तान हरमनप्रीत कौर के नाबाद (52) एवं स्मृति मंधाना के (50)अर्द्धशतकीय पारियों के बाद सोभना आशा और अरुंधति रेड्डी की बेहतरीन गेंदबाजी के दम भारत ने बुधवार को महिला टी-20 विश्वकप में श्रीलंका को 82 रनों से शिकस्त दी है। इसी के साथ रन रेट में सुधार होने के साथ ही भारत ग्रुप ए की तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है।

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर को उनकी (52) रनों की शानदार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। भारत के तीन विकेट पर 172 रनों के चुनौतीपूर्ण स्कोर के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने तीन ओवर में छह रन के स्कोर पर अपने तीन विकेट गवां कर संकट में पहुंच गई थी। विश्मी गुणारत्ने (शून्य),चमारी अटापट्टू (एक) और हर्षिता समाराविक्रमा (तीन) रन बनाकर आउट हुई। ऐसे समय में कविशा दिलहारी और अनुष्का संजीवनी ने पारी को संभाला। आठवें ओवर में सोभना आशा ने अनुष्का संजीवनी (20) को आउट कर इस बढ़ रही साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद अरुधंति ने कविशा दिलहारी (21) को भी पवेलियन भेज दिया। नीलाक्षी डिसिल्वा (आठ), अमा कंचना (19), सुगंधिका कुमारी (एक), इनोशी प्रियदर्शिनी (सात) रन बनाकर आउट हुई। 19.5 ओवर में दीप्ति शर्मा ने उदेशिका प्रबोधनी (9) को आउट कर श्रीलंका की पारी को 90 के स्कोर पर समेट दिया। भारत की ओर से सोभना आशा और अरुंधति रेड्डी ने तीन-तीन विकेट लिये। रेणुका सिंह को दो विकेट मिले। श्रेयंका पाटिल और दीप्ति शर्मा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

### स्कोर बोर्ड

**भारत महिला: 172/3** (20 ओवर)

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| शेफाली का गुणारत्ने बो चामरी | 43 | 40 | 4/0 |
| स्मृति मंधाना रन आउट | 50 | 38 | 4/1 |
| हरमनप्रीत कौर नाबाद | 52 | 27 | 8/1 |
| जेमिमा रोड्रिग्स का प्रबोधिनी को कंचना | 16 | 10 | 2/0 |
| रिचा घोष नाबाद | 6 | 6 | 0/0 |

अतिरिक्त: 5, गेंदबाजी : प्रियदर्शिनी 2-0-11-0, सुगंदिका 3-0-29-0, प्रबोधिनी 3-0-32-0, कविशा 2-0-11-0, रणवीरा 3-0-26-0, चामरी 4-0-34-1, कंचना 3-0-29-1

**श्रीलंका महिला: 90/10** (19.5 ओवर)

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| विश्मी गुणारत्ने का स्थानापन्न बो रेणुका | 0 | 2 | 0/0 |
| चामरी अटापट्टू का दीप्ति बो श्रेयंका | 1 | 3 | 0/0 |
| हर्षिता समरविक्रम का रिचा बो रेणुका | 3 | 7 | 0/0 |
| कविशा दिलहारी का रेणुका बो अरुंधति | 21 | 22 | 1/0 |
| अनुष्का संजीवनी स्टं रिचा बो आशा | 20 | 22 | 2/0 |
| निलाक्षिका सिल्वा का शेफाली बो अरुंधति | 8 | 13 | 1/0 |
| ऐमा कंचना बो स्थानापन्न बो अरुंधति | 19 | 22 | 2/0 |
| सुगंदिका कुमारी का रिचा बो आशा | 1 | 4 | 0/0 |
| इनोशी प्रियदर्शिनी का बो आशा | 1 | 2 | 0/0 |
| उदेशिका प्रबोधिनी का स्मृति बो दीप्ति | 9 | 17 | 0/0 |
| इनोका रणवीर नाबाद | 2 | 5 | 0/0 |

अतिरिक्त: 5, गेंदबाजी : रेणुका 4-0-16-2, श्रेयंका 4-0-15-1, दीप्ति 3 .5-0-16-1, अरुंधति 4-0-19-3, आशा 4-0-19-3

## खेल डायरी

### आलमैन दिल्ली हाफ मैराथन के अंतर्राष्ट्रीय इवेंट दूत

**नई दिल्ली।** दो बार की ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अमेरिकी चक्काफेंक खिलाड़ी वालेरी आलमैन को 20 अक्टूबर को दिल्ली में होने वाली वेदांता हाफ मैराथन का अंतर्राष्ट्रीय इवेंट दूत चुना गया है। आलमैन ने पेरिस ओलंपिक में 69 .50 मीटर का थ्रो फेंककर नया अमेरिकी रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता था। तोक्यो ओलंपिक में उन्होंने 68 .98 मीटर के साथ पहला स्थान हासिल किया था। हाफ मैराथन में पेरिस ओलंपिक 10000 मीटर चैम्पियन युगांडा के जोशुआ चेप्टेगइ और कीनिया की पूर्व विश्व रिकॉर्डधारी पेरेस जे पुरूष और महिला वर्ग में आकर्षण का केंद्र होंगे। दिल्ली हाफ मैराथन में ईनामी राशि 260000 डॉलर है।

### राष्ट्रीय खेल अगले साल 28 जनवरी से उत्तराखंड में

**नई दिल्ली।** 38वें राष्ट्रीय खेल अगले साल 28 जनवरी से 14 फरवरी तक उत्तराखंड में आयोजित किये जाएंगे। भारतीय ओलंपिक संघ ने बुधवार को यह घोषणा करते हुए कहा कि इस महीने के आखिर में होने वाली आमसभा में इसके कार्यक्रम को मंजूरी मिलना बाकी है। आईओए की आमसभा की बैठक 25 अक्टूबर को यहां होगी। आईओए अध्यक्ष पी टी उषा ने कहा राष्ट्रीय खेलों का उत्तराखंड में आयोजन करने को लेकर हम काफी रोमांचित है। ये खेल देश भर के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिये मंच प्रदान करते हैं ताकि भविष्य में वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कामयाब हो सकें। इसमें 38 खेलों में 10000 से अधिक खिलाड़ी, अधिकारी और कोचों के भाग लेने की उम्मीद है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा हम विश्व स्तरीय खेल अनुभव देने का वादा करते हैं ।

### एशियाई टेटे चैंपियनशिप में महिलाओं ने जीता पहला पदक

**अस्ताना (कजाखस्तान)।** भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ियों ने यहां एशियाई टेबल टेनिस चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीता जो इस स्पर्धा में उनका पहला पदक है। भारतीय टीम को सेमीफाइनल में जापान ने 3-1 से हराया था। एशियाई चैंपियनशिप में महिला टीम स्पर्धा में भारत का यह पहला पदक है। भारत की अयहिका मुखर्जी ने जापान की मिवा हरीमोतो को कड़ी टक्कर दी लेकिन 8-11, 11-9, 8-11, 13-11, 7-11 से हार गई। वहीं मनिका बत्रा ने सत्सुकी ओडो को दूसरे मैच में 11-6, 11-5, 11-8 से हराया। अगले मैच में सुतीर्था मुखर्जी को जापान की मिमा इतो ने 9-11, 11-4, 15-13 से शिकस्त दी। मनिका निर्णायक मुकाबले में हरिमोतो से 3-11, 11-6, 2-11, 3-11 से हार गई।

### इंग्लैंड के लिए सबसे अधिक रन बनाने वाले बने रूट

**मुल्तान।** पाकिस्तान के साथ खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच में 77 रन बनाकर जो रुट इंग्लैंड के लिए सबसे जयादा टेस्ट रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए है। रूट ने हमवतन पूर्व कप्तान सर एलिस्टेयर कुक को पीछे छोड़ते हुए इंग्लैंड के लिए अब तक के सबसे अधिक टेस्ट रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। रूट ने मुल्तान में पाकिस्तान के खिलाफ खेले जा रहे पहले टेस्ट के तीसरे दिन 71 रन बनाकर कुक के 12,472 टेस्ट रनों के आंकड़े को पीछे छोड़ दिया। 33 वर्षीय रूट अपना 147वां टेस्ट खेल रहे हैं। उन्होंने कुक से 14 टेस्ट कम खेलकर यह कारनामा किया है और अब वह सर्वकालिक सूची में पांचवें स्थान पर हैं। उन्होंने 2012 में नागपुर में भारत के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था और तब से अब तक 34 टेस्ट शतक लगा चुके हैं जिसमें पाकिस्तान के खिलाफ सर्वोच्च स्कोर 254 रन रहा है। 200 टेस्ट मैच खेलने वाले महान बल्लेबाज भारत के सचिन तेंदुलकर 15,921 रनों के साथ इस सूची में शीर्ष पर हैं लेकिन रूट अगले कुछ वर्षों में इसी तरह का प्रदर्शन जारी रखते हैं तो वह इस आंकड़े को पार कर सकते हैं।

## लक्ष्य आर्कटिक ओपन के दूसरे दौर में, मालविका भी आगे बढ़ीं

● सिंधू जल्दी हारकर हुई बाहर, प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंची बंसोड

वांता (फिनलैंड), एजेंसी

भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने आर्कटिक ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट पुरूष एकल के अंतिम 16 में प्रवेश कर लिया जब उनके प्रतिद्वंद्वी रास्मस गेमके ने पहले दौर से नाम वापिस ले लिया।

पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक के मुकाबले में पराजय का सामना करने वाले सेन का सामना चीनी ताइपै के सातवीं वरीयता प्राप्त चोउ तियेन चेन और फ्रांस के क्वालीफायर अर्नाल्ड मेर्केल के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। क्वालीफायर किरण जॉर्ज की टक्कर चीनी ताइपै के जू वेइ वांग से होगी। इससे पहले कल दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू जल्दी हारकर बाहर हो गई लेकिन उदीयमान खिलाड़ी मालविका बंसोड ने अपना शानदार फॉर्म जारी रखते हुए दुनिया की 23वें नंबर की खिलाड़ी चीनी ताइपै की सुंग शुओ युन को हराकर महिला एकल के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। छठी वरीयता प्राप्त सिंधू को कनाडा की मिशेले ली ने अंतिम 32 के मैच में 21-16, 21-10 से हराया। वहीं फरवरी में अजरबैजान इंटरनेशनल जीतने वाली बंसोड ने 21-19, 24-22 से जीत दर्ज की थी।

### ग्लोबल शतरंज लीग

## फाइनल से एक जीत दूर पीबीजी अलास्कन नाइट्स

**लंदन।** पीबीजी अलास्कन नाइट्स 18 मैच अंक की एकल बढ़त के साथ शीर्ष स्थान पर पहुंच गया है और ग्लोबल शतरंज लीग (जीसीएल) के फाइनल में जगह पक्की करने से केवल एक जीत दूर है।

पीबीजी ने अब तक खेले अपने सात में से छह मुकाबलों में जीत दर्ज की हैं और वह त्रिवेणी और अल्पाइन एसजी पाइपर्स से छह अंक आगे है। नॉकआउट चरण से पहले तीन मैच शेष रहते हुए पीबीजी फाइनल दौर में स्थान सुनिश्चित करने की मजबूत स्थिति में हैं।

## भारत अंडर-19 टीम ने जीती श्रृंखला

● दूसरे टेस्ट में भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को पारी और 120 रन से हराया



‹‹ विकेट लेने के बाद अनमोलजीत सिंह के साथ जश्न मनाते साथी।

चेन्नई, एजेंसी

अनमोलजीत सिंह (नौ विकेट) और मोहम्मद एनान (सात विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत भारत की अंडर-19 टीम ने चार दिवसीय दूसरे टेस्ट मैच में बुधवार को ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 277 पर समेटने के बाद उसे दूसरी पारी में 95 रन पर ढ़ेर कर मुकाबला पारी और 120 से जीता और श्रृंखला पर कब्जा जमाया।

ऑस्ट्रेलिया ने कल के तीन विकेट पर 142 रन से आगे खेलना शुरु किया। ऑस्ट्रेलिया का चौथा विकेट पर 208 के स्कोर पर ली यंग (66) के रूप में गिरा। यंग को अनमोलजीत ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद क्रिश्चियन होवे (4) पर रनआउट हो गये। ऐडन ओ''कॉनर (18) को समर्थ नागराज ने अपना शिकार बनाया। इस दौरान कप्तान ऑलिवर पिक ने अपना शतक पूरा किया। ऑलिवर को अनमोलजीत ने बोल्ड आउट किया। ऑलिवर ने 199 गेंदो में 16 चौके और एक छक्का लगाते हुए (117) रन बनाये। ओली पैटरसन (12), एल रानाल्डो (2), विश्व रामकुमार (4) रन बनाकर आउट हुए। ऑस्ट्रेलिया की पूरी टीम पहली पारी 80.2 ओवर में 277 रन पर सिमट गई। भारत की ओर से अनमोलजीत सिंह और मोहम्मद एनान ने चार-चार विकेट लिये। समर्थ नागराज ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

## बॉलीवुड हलचल



### 250 करोड़ के क्लब में शामिल हुई देवरा-पार्ट 1

**मुंबई।** मैन ऑफ मासेस जूनियर एनटीआर की फिल्म देवरा-पार्ट 1 ने भारतीय बाजार में 250 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर ली है। निर्देशक कोराटाला शिवा की एक्शन थ्रिलर फिल्म देवरा-पार्ट 1, 27 सितंबर को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज की गई। इस फिल्म में जूनियर एनटीआर, जाह्नवी कपूर और सैफ अली खान ने मुख्य भूमिका निभाई। इस फिल्म में जूनियर एनटीआर डबल रोल में हैं। उन्होंने पिता-पुत्र की दोहरी भूमिका निभाई है। फिल्म देवरा-पार्ट 1 ने 12 दिनों में भारतीय बाजार में 250 करोड़ रुपये का आंकड़ा छू लिया है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म देवरा पार्ट 1 ने 12 दिनों में 252 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर ली है।

### फिल्म ऊंचाई ने मुझे नई ऊंचाईयों पर पहुंचाया : सूरज बड़जात्या



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार सूरज बड़जात्या का कहना है कि फिल्म उंचाई ने उन्हें नई ऊंचाईयों पर पहुंचाया है। 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में सूरज बड़जात्या को फिल्म उंचाई के लिये सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार मिला है। राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने पर सूरज बड़जात्या ने खुशी जताई है। सूरज बड़जात्या ने कहा ऊंचाई उस तरह की फिल्म नहीं थी जिसकी लोग मुझसे उम्मीद करते थे। इसमें मेरे पिछले कामों जैसी भव्यता नहीं थी, लेकिन यह विषय मेरे दिल से आया था। मैंने उंचाई को नहीं चुना, बल्कि ऊंचाई ने मुझे चुना।यह पुरस्कार उस यात्रा की सही पराकाष्ठा है। इस फिल्म ने मुझे शाब्दिक और रचनात्मक दोनों तरह से नई ऊंचाइयों पर पहुँचाया।ऊंचाई के निर्माण के दौरान मेरी पूरी कास्ट मेरी रीढ़ थी। मुझ पर और फिल्म पर उनका विश्वास और ऐसी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों को सहने की, उनकी इच्छा ने, इस यात्रा को अविस्मरणीय बना दिया।मैंने अभी तक काम पूरा नहीं किया है . कहने के लिए और भी कई कहानियां हैं और पहुंचने के लिए और भी कई ऊंचाईयां हैं। मैं यह पुरस्कार राजश्री प्रोडक्शंस को समर्पित करता हूं, जो अपनी 75वीं वर्षगांठ मना रहा है।

### बादशाह ने इंडियन आइडल 15 से वापस लिया नाम



**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने रैपर-गायक बादशाह के इंडियन आइडल 15 से अपना नाम वापस लिए जाने की चर्चा है। इंडियन आइडल अपने सीजन 15 के साथ वापसी करने के लिए तैयार है। इस सीजन की शुरुआत एक बड़े ट्विस्ट के साथ हुई, क्योंकि रैपर बादशाह ने जजिंग पैनल पर कुमार सानू की जगह ली। बादशाह के अलावा, श्रेया घोषाल और विशाल ददलानी भी जज के रूप में शामिल किए गए। जैसे ही बादशाह के शो में जज बनने की खबर सामने आई, उन्हें जमकर आलोचनाओं का सामना करना पड़ा और उन्हें शो को जज करने के लिए अयोग्य भी करार दिया गया। चर्चा है कि बादशाह ने शो से अपना नाम वापस ले लिया है। कहा जा रहा है कि ट्रोल्स से उन्हें काफी बुरा महसूस हुआ जो उन्हें जज के रूप में अयोग्य बता रहे थे।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

